दैनिक सच्चाई की जंग

लोकमित्र

वर्ष : 30 | अंक :133
प्रतापगढ़ | शुक्रवार , 15 मार्च-2024
पृष्ठ : 8 | मूल्य : 3 रुपये

प्रतापगढ़,लखनऊ, कौशाम्बी, एवं प्रयागराज से एक साथ प्रकाशित

R.N.I. No. : 71870/94

संस्थापक : श्रद्धेय स्व. रामनिरंजन भगवन

प्रतिदिन की खबरों के लिए देखें www.dailylokmitra.com

ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू चुनाव आयुक्त नियुक्त

अधीर रंजन चौधरी ने जताई असहमति

नई दिल्ली,(आरएनएस)। ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू को देश का अगला चुनाव आयुक्त नियुक्त किया गया है। चुनाव आयोग की तरफ से इन दो नामों की अभी आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है इससे पहले कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अधीर रंजन चौधरी ने गुरुवार को मीडिया को इस फैसले के बारे में जानकारी दी और इस फैसले पर अपनी असहमति जताई। बैठक से बाहर निकलकर मीडिया से मुखातिब होते हुए अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू के नाम पर चयन समिति ने मुहर लगा दी है।चुनाव आयुक्त के चयन के लिए चयन समिति की बैठक के बाद कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा, उनके (सरकार) पास (चुनाव आयुक्त की नियुक्ति करने वाली समिति में) बहुमत है। उन्होंने मुझे बुधवार की देर रात पहले 212 नाम दिए थे, लेकिन बैठक के दौरान नियुक्ति से 10 मिनट पहले सिर्फ छह नाम दिए गए। मुझे जानकारी है कि सीजेआई वहां नहीं हैं। सरकार ने ऐसा कानून बनाया है कि सीजेआई बाहर रहे और वहां अंदर बैठकर सरकार अपने बहुमत की वजह से अपने पंसदीदा नाम का चयन कर सके।बता दें कि दोनों नौकरशाहों को चुनाव आयुक्त बनाने का निर्णय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नीत पैनल ने लिया है। पीएम मोदी के अलावा इस पैनल में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी भी थे। अधीर रंजन चौधरी ने चयन समिति में सीजेआई की जगह एक केंद्रीय मंत्री को शामिल करने वाले कानून को लेकर केंद्र सरकार पर हमला बोला।उन्होंने कहा कि इस समिति में भारत के चीफ जस्टिस को भी शामिल होना चाहिए था। अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि जिस पैनल ने चुनाव आयुक्त का नाम तय किया गया है, उसमें सरकार बहुमत में है। ऐसे में वह जो चाहते हैं वही फैसला होता है।

कैप्टन अमरिंदर की पत्नी परनीत कौर बीजेपी में शामिल

लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस को झटका

नई दिल्ली(आरएनएस)। लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है. पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह की पत्नी और कांग्रेस सांसद परनीत कौर भाजपा में शामिल हो गई हैं. दिल्ली स्थित बीजेपी हेडक्वार्टर में बीजेपी के उच्च पदाधिकारियों ने उन्हें भाजपा की सदस्यता दिलाई. माना जा रहा है कि भाजपा उन्हें पटियाला सीट से आने वाले लोकसभा चुनावों के लिए मैदान में उतार सकती है. हालांकि, इस बारे में अभी कोई जानकारी सामने नहीं आई है. बता दें कि पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में कांग्रेस ने परनीत कौर को 3 फरवरी 2023 को 6 साल के लिए निलंबित कर दिया था. हालांकि, लोकसभा की सदस्यता न जाए, इस

वजह से परनीत कौर ने पार्टी से इस्तीफा नहीं दिया था. परनीत कौर पर आरोप लगे थे कि वह लगातार भाजपा के कार्यक्रमों में जा रही हैं. यही नहीं परनीत कौर पंजाब में निकाली राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में भी शामिल नहीं हुई थीं.सबसे पहले वह 1999 में पटियाला से लोकसभा चुनाव जीती थीं और इसके बाद 2004, 2009 और फिर 2019 में फिर से चुनी गई. इस दौरान केंद्र में यूपीए सरकार के कार्यकाल में परनीत कौर 2009 से 2012 तक विदेश राज्य मंत्री भी रही हैं. गौरतलब है कि कैप्टन अमरिंदर सिंह ने सितंबर 2022 में भाजपा का दामन थाम लिया था. कैप्टन अमरिंदर सिंह ने कांग्रेस से इस्तीफा देने के बाद अपने बेटे रणइंद्र सिंह व बेटी जयइंद्र कौर के साथ बीजेपी में शामिल हो गए थे. कैप्टन अमरिंदर सिंह ने अपनी पार्टी का विलय भी भाजपा में कर दिया था।

ईडी ने संदेशखाली में कई स्थानों पर की छापेमारी

राशन वितरण घोटाला मामला

कोलकाता,(आरएनएस)। पश्चिम बंगाल में राशन वितरण घोटाला मामले में ईडी ने गुरुवार को संदेशखाली में कई जगहों पर छापेमारी की. सूत्रों ने कहा कि राशन वितरण मामले के अलावा, मछली उत्पादों के निर्यात में शामिल संदेशखाली-स्थित एक इकाई भी केंद्रीय एजेंसी के रडार पर है. इस यूनिट का मालिक शेख शाहजहां है. इस मामले में ईडी अधिकारी सीएपीएफ अधिकारी की भारी सुरक्षा-व्यवस्था के बीच संदेशखाली के धमखाली के मछली बाजार में छापेमारी करने पहुंचे.ईडी के अधिकारियों की एक छोटी टीम मछली बाजार के स्वामित्व में भागीदार नशीरुद्दीन मोल्ला के आवास पर है. जिस बाजार में छापेमारी और तलाशी अभियान चल रहा है, वह झींगा के थोक व्यापार के केंद्र के रूप में लोकप्रिय है. नशीरुद्दीन मोल्ला, शेख शाहजहां के मछली निर्यात व्यवसाय में भी सक्रिय सहयोगी है, जो राशन वितरण मामले के साथ-साथ 5 जनवरी को संदेशखली में ईडी और सीएपीएफ कर्मियों पर हमले में भी आरोपी है.

ईडी की मौजूदा छापेमारी और तलाशी अभियान उनके अधिकारियों द्वारा हासिल किए गए विशेष इनपुट पर आधारित है कि राशन वितरण मामले में अवैध कमाई का एक बड़ा हिस्सा शाहजहां के स्वामित्व वाले मछली-व्यापार व्यवसायों में निवेश किया गया था. ईडी और सीएपीएफ अधिकारियों पर हमला करने के मामले में शाहजहां को जिला न्यायालय में पेश किया जाएगा, जहां से उसे हिरासत में भेज दिया जाएगा.

सुधा मूर्ति ने ली राज्यसभा सदस्य की शपथ,राष्ट्रपति ने किया है मनोनीत

नईदिल्ली,(आरएनएस)। मशहूर बिजनेसमैन और इंफोसिस के को-फाउंडर नारायण मूर्ति की पत्नी सुधा मूर्ति को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राज्य सभा के लिए मनोनीत किया है. मूर्ति ने आज भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की मौजूदगी में राज्यसभा सदस्य की शपथ ली. इस दौरान उनके पति नारायण मूर्ति ,केंद्रीय मंत्री पियूष गोयल मौजूद थे.बता दे कि, सुधा मूर्ति इंफोसिस फाउंडेशन की अध्यक्ष होने के साथ-साथ एक टीचर और राइटर भी हैं. उन्होंने कई किताबें लिखी हैं. उनका जन्म 19 अगस्त 1950 को शिगांव में हुआ. उन्होंने इनंफोसिस के को-फाउंडर नारायण मूर्ति से साल 1978 में शादी की. उनकी एक बेटी अक्षरा मूर्ति हैं जो ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक की पत्नी हैं. सुधा मूर्ति के बेटे का नाम रोहन मूर्ति है.

रामलीला मैदान में किसानों की महापंचायत- मध्य दिल्ली में पुलिस तैनात

सरकार को संदेश मिला कि देश के किसान एकजुट है-राकेश टिकैत

नयी दिल्ली,(आरएनएस)। दिल्ली के रामलीला मैदान में संयुक्त किसान मोर्चा ने किसान महापंचायत का आयोजन किया है। कृषि समस्याओं और किसान विरोधी नियमों से निपटने के लिए किसान दिल्ली के रामलीला मैदान में इक्ट्ठा हुए है। दिल्ली के रामलीला मैदान में हुई इस महापंचायत के दौरान किसान हजारों की संख्या में रामलीला मैदान में जुटे।दोपहर तक जारी रही इस महापंचायत में दिल्ली पुलिस ने सुरक्षा के भी कड़े इंतजाम किए हुए थे। दिल्ली पुलिस ने इस महापंचायत को आयोजित करने के लिए कड़ी शर्तों के साथ ही मंजूरी दी थी। पुलिस ने इस रैली में किसानों को ही हिस्सा लेने की अनुमति दी थी, मगर किसान ट्रैक्टर नहीं ला सकते थे। ना ही किसानों को मार्च करने की भी अनुमति दी गई थी। वहीं किसानों के इस महापंचायत को देखते हुए स्थानीय पुलिस के अलावा बड़ी संख्या में अर्धसैनिक बलों की तैनाती की गई है। इस दौरान सुरक्षा के लिए ड्रोन से भी नजर रखी गई है।बता दें कि किसान केंद्र को अपनी मांगों को स्वीकार करने के लिए मजबूर करने के लिए किसान बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। कृषि संगठन न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी देने वाले कानून पर जोर देते हैं, यह एक शर्त 2021 में स्थापित की गई थी जब वे अब निरस्त किए गए कृषि कानूनों के खिलाफ अपने आंदोलन को रोकने के लिए सहमत हुए थे। इसके अतिरिक्त, किसान स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू करने, किसानों और खेत मजदूरों दोनों के लिए पेंशन और कृषि ऋणों की माफी के लिए दबाव डाल रहे हैं। किसानों की यह भी मांग है कि केंद्र लखीमपुर खीरी हिंसा से प्रभावित लोगों को न्याय मिलना चाहिए।वहीं किसानों की महापंचायत को देखते हुए गुरुवार को राष्ट्रीय राजधानी के रामलीला मैदान में भारी भीड़ के बीच भारतीय किसान यूनियन के नेता राकेश टिकैत ने कहा कि यहां एक बैठक हुई और सरकार को संदेश मिला कि देश के किसान एकजुट है। सरकार को बातचीत से मसला सुलझाना चाहिए क्योंकि बीना बातचीत के ये आंदोलन ख़त्म होने वाला नहीं है। बता दें कि हजारों किसानों का पंजाब-हरियाणा सीमाओं पर विरोध जारी है, जहां वे 13 फरवरी से डेरा डाले हुए हैं। इन सभी किसानों को दिल्ली मार्च करने के दौरान हरियाणा पुलिस और अर्धसैनिक बलों ने रोक दिया था। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच कई दौर की झड़प भी हुई थी।

अगर विपक्षी गठबंधन इंडिया सत्ता में आया तो यह किसानों की आवाज़ बनेगा: राहुल

नासिक(आरएनएस)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को कहा कि विपक्षी दलों का गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) अगर सत्ता में आता है तो वह किसानों की आवाज़ बनेगा और ऐसी नीतियां बनाएगा जो उनकी सुरक्षा कर सकें.वह कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के तहत राकांपा (एसपी) प्रमुख शरद पवार और शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत के साथ महाराष्ट्र के नासिक जिले के चंदवाड में एक किसान रैली को संबोधित कर रहे थे. गांधी ने कहा, विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की सरकार किसानों की आवाज बनेगी और उनके हितों की रक्षा के लिए काम करेगी. उन्होंने किसानों के लिए ऋण माफी, किसानों को लाभ पहुंचाने के लिए फसल बीमा योजना के पुनर्गठन, निर्यात आयात नीतियों के निर्माण में फसल की कीमतों की रक्षा करने और कृषि को जीएसटी से बाहर करने की कोशिश और सिर्फ एक कर पर काम करने वादा किया. वायनाड से लोकसभा सदस्य राहुल गांधी ने स्वामीनाथन समिति की रिपोर्ट के अनुसार, न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को कानूनी गारंटी देने के कांग्रेस के वादे को भी दोहराया.

पूर्व मंत्री गायत्री प्रजापति के ठिकानों पर ईडी की छापेमारी

अमेठी,(आरएनएस)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) यूपी के पूर्व कैबिनेट मंत्री गायत्री प्रजापति से संबंधित चल रहे रेत खनन मामले में कई स्थानों पर छापेमारी कर रहा है. छापेमारी के दौरान ईडी के कई अधिकारी मौजूद हैं. घर के बाहर सुरक्षा बल तैनात है. गायत्री प्रजापति की पत्नी महाराजी देवी और बेटा भी घर के अंदर मौजूद हैं. छापेमारी के दौरान भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद है. सूत्रों ने बताया कि गायत्री प्रजापति के करीबी के यहां भी ये छापेमारी हुई है. अमेठी के आवास विकास कॉलोनी और गंगागंज मोहल्ले में ईडी की ये छापेमारी चल रही है.

बताया जा रहा है कि इसके अलावा लखनऊ में एक महिला के घर पर भी रेड चल रही है. तलाशी में गायत्री प्रजापति, उनकी पत्नी और बेटों के आवास शामिल थेराजधानी लखनऊ स्थित गायत्री प्रजापति के आवास पर भी ईडी की टीम सुबह से छापेमारी की कार्रवाई कर रही है. गायत्री के कथित महिला मित्र गुड्डा देवी के घर पर भी ईडी की छापेमारी के बाद कई प्रकार के कयास लगाए जा रहे हैं.

सपा सरकार में कैबनेट मंत्री रहे गायत्री प्रसाद प्रजापति की मुश्किलें कम होने का नाम नही ले रही हैं. जहां एक तरफ गायत्री प्रसाद प्रजापति जेल में हैं, वहीं अवैध खनन के मामले में प्रवर्तन निदेशालय की टीम उनके घर पर छापेमारी कर रही है. ईडी की तरफ से इस मामले में अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है.

ईडी के एडिशनल डायरेक्टर सहित अन्य को भेजा समन

रांची, (आरएनएस)। झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की ओर से एससी-एसटी एक्ट के तहत दर्ज कराई गई एफआईआर पर रांची पुलिस ने ईडी के एडिशनल डायरेक्टर कपिल राज, देवव्रत झा, अनुपम कुमार एवं अमन पटेल को समन भेजा है.पुलिस ने इन्हें सीआरपीसी की धारा 41ए के तहत भेजे गए समन में 21 मार्च को उपस्थित होकर पक्ष रखने को कहा है.

19 वेबसाइट, 10 एप्स और 57 सोशल मीडिया अकाउंट पर सरकार ने लगाया बैन

परोस रहे थे अश्लील कंटेंट

नईदिल्ली,(आरएनएस)। सरकार ने सोशल मीडिया अकाउंट, ओटीटी और कई वेबसाइट पर बड़ी कार्रवाई की है। सूचना एवं ब्रॉडकास्ट मंत्रालय ने 18 ओटीटी, 19 वेबसाइट, 10 एप्स और 57 सोशल मीडिया हैंड्ल को ब्लॉक किया है। इन सभी पर अश्लील कटेंट परोसने का आरोप है। सरकार की ओर से इन्हें कई बार चेतावनी भी दी गई थी लेकिन इनकी कानों में जूं तक नहीं रेंग रहे थे। जिन सोशल मीडिया अकाउंट को ब्लॉक किया गया है उनमें 12 फेसबुक के, 17 एक्स के, 16 इंस्टाग्राम और 12 यूट्यूब के अकाउंट शामिल हैं।इन प्लेटफॉर्म, अकाउंट, एप्स और वेबसाइट पर आईटी अधिनियम, भारतीय दंड संहिता और अशोभनीय प्रतिनिधित्व का उल्लंघन करने वाली सामग्री महिला (निषेध) अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। जिन एप्स पर कार्रवाई हुई है उनमें से 7 गूगल प्ले-स्टोर पर थे और 3 एपल के एप स्टोर पर थे। सभी 57 सोशल मीडिया अकाउंट को डिसेबल कर दिया गया है।

रामनाथ कोविंद पैनल ने एक देश, एक चुनाव पर सौंपी रिपोर्ट

नईदिल्ली(आरएनएस)। लोकसभा और राज्यों की विधानसभा के सहित विभिन्न निकायों के एक साथ चुनाव कराने के मुद्दे पर पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली उच्च स्तरीय समिति ने आज 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' पर अपनी रिपोर्ट सौंपी। यह रिपोर्ट राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंपी गई है।रामनाथ कोविंद की अगुवाई वाली समिति ने राष्ट्रपति भवन में द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। इस दौरान गृह मंत्री अमित शाह भी मौजूद रहे। समित ने 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' पर अपनी रिपोर्ट राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंपी। रिपोर्ट 18,626 पन्नों की है। इसमें पिछले 191 दिनों के हितधारकों, विशेषज्ञों और अनुसंधान कार्य के साथ व्यापक परामर्श का नतीजा शामिल है। एक साथ चुनाव कराने संबंधी उच्चस्तरीय समिति ने एक साथ चुनाव कराने के लिए दो चरणों वाले दृष्टिकोण की सिफारिश की है। समिति की रिपोर्ट में कहा गया है कि पहले चरण के रूप में, लोकसभा और विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव कराए जा सकते हैं। इसके बाद 100 दिन के अंदर दूसरे चरण में स्थानीय निकायों के चुनाव कराए जा सकते हैं।समिति ने एक साथ चुनाव कराने के लिए उपकरणों, कर्मचारियों और सुरक्षा बलों संबंधी जरूरतों के लिए पहले से योजना बनाने की सिफारिश की। इसके साथ ही निर्वाचन आयोग लोकसभा, विधानसभा, स्थानीय निकाय चुनावों के लिए राज्य चुनाव अधिकारियों के परामर्श से एकल मतदाता सूची, मतदाता पहचान पत्र तैयार करेगा।इससे पहले, समिति के एक सदस्य ने नाम न छापने की शर्त पर इस बात की पुष्टि की थी कि समिति 2029 में एक साथ चुनाव कराने का सुझाव देगी। साथ ही इससे संबंधित प्रक्रियात्मक और तार्किक मुद्दों पर चर्चा करेगी.समिति के एक दूसरे सदस्य ने अनुरोध करते हुए कहा कि समिति का मानना है कि उसकी सभी सिफारिशें सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध होनी चाहिए, लेकिन यह सरकार पर निर्भर है कि वह उन्हें स्वीकार या अस्वीकार करे।

दूसरे सदस्य ने यह भी कहा कि रिपोर्ट में 15वें वित्त आयोग के अध्यक्ष एनके सिंह और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष की प्राची मिश्रा द्वारा एक साथ चुनावों की आर्थिक व्यवहार्यता पर एक पेपर शामिल है। रिपोर्ट में एक साथ चुनाव कराने के लिए आवश्यक वित्तीय और प्रशासनिक संसाधनों का भी उल्लेख किया जाएगा। आयोग ने अपनी वेबसाइट के माध्यम से और पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्तों सहित विभिन्न हितधारकों से प्राप्त फीडबैक पर विचार किया है।रिपोर्ट के अनुसार, रिपोर्ट में 1951-52 और 1967 के बीच तीन चुनावों के डाटा का इस्तेमाल किया गया है। यहां यह तर्क दिया गया है कि एक पहले की तरह अब भी एक साथ चुनाव करना संभव है। बताया गया कि एक साथ चुनाव कराना तब बंद हो गया था जब कुछ राज्य सरकारें अपना कार्यकाल पूरा करने से पहले ही गिर गई थीं या उन्हें बर्खास्त कर दिया गया था, जिससे नए सिरे से चुनाव कराने की आवश्यकता पड़ी। 'एक देश, एक चुनाव' वाली कोविंद समिति देश में एक साथ चुनाव कराने के लिए संविधान के अंतिम पांच अनुच्छेदों में संशोधन की सिफारिश कर सकती है। प्रस्तावित रिपोर्ट लोकसभा, राज्य विधानसभा और स्थानीय निकाय चुनाव कराने के लिए एक एकल मतदाता सूची पर भी ध्यान केंद्रित करेगी। पिछले सितंबर में गठित समिति को मौजूदा संवैधानिक ढांचे को ध्यान में रखते हुए लोकसभा, राज्य विधानसभाओं, नगर पालिकाओं और पंचायतों के लिए एक साथ चुनाव कराने के लिए संभावनाएं तलाशने और सिफारिशें करने का काम सौंपा गया है। सरकारी अधिसूचना में कहा गया था कि समिति तुरंत काम करना शुरू करेगी और जल्द से जल्द सिफारिशें करेगी, लेकिन रिपोर्ट जमा करने के लिए कोई समय-सीमा निर्दिष्ट नहीं की गई थी। पूर्व राष्ट्रपति कोविंद की अध्यक्षता में एक समिति गठित करने के फैसले ने विपक्षी गुट इंडिया को आश्चर्यचकित कर दिया था और एक सितंबर को मुंबई में अपना सम्मेलन आयोजित किया था।विपक्षी गठबंधन ने इस फैसले को देश के संघीय ढांचे के लिए खतरा करार दिया था। समिति में लोकसभा के पूर्व महासचिव सुभाष सी कश्यप, वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे और पूर्व मुख्य सतर्कता आयुक्त संजय कोठारी भी सदस्य हैं। विधि मंत्री अर्जुन राम मेघवाल समिति की बैठकों में विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में शामिल हुए, जबकि विधि सचिव नितेन चंद्रा समिति के सचिव हैं। समिति संविधान, जनप्रतिनिधित्व कानून और किसी भी अन्य कानून और नियमों में विशिष्ट संशोधनों की जांच और सिफारिश करेगी, जिसमें एक साथ चुनाव कराने के उद्देश्य से संशोधन की आवश्यकता होगी।

उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश ने किया डिजिटल लीगल लाइब्रेरी का उद्घाटन

डिजिटल सेंटर और एक्यूप्रेशर उपचार केंद्र का भी शुभारंभ

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन, इलाहाबाद में आज स्व0 पं0 अम्बरीष कुमार शर्मा एस0सी0सी0 डिजिटल लीगल लाइब्रेरी, वरिष्ठ अधिवक्ता स्व0 रविकान्त मेमोरियल डिजिटल सेंटर व स्व0 लव श्रीवास्तव एक्यूप्रेशर उपचार केन्द्र का शुभारम्भ मुख्य न्यायमूर्ति अरुण भंसाली के कर-कमलों द्वारा सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह व संचालन महासचिव नितिन शर्मा ने किया। कार्यक्रम में न्यायमूर्तिगण महेश चन्द्र त्रिपाठी, विवेक कुमार बिरला, सिद्धार्थ वर्मा एवं वरिष्ठ अधिवक्ता वी0पी0 श्रीवास्तव की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य न्यायमूर्ति अरुण भंसाली ने स्व0 पं0 अम्बरीष कुमार शर्मा के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 'पं0 अम्बरीष कुमार शर्मा एक कुशल विधिवेत्ता थे, वह इलाहाबाद उच्च न्यायालय के साथ ही पूरे प्रदेश में अधिवक्ताओं के बीच अत्यन्त लोकप्रिय थे। वह अत्यन्त प्रख्यात नेता थे और बहुत ही युवा अवस्था में उन्हें हाईकोर्ट बार एसोसिएशन, इलाहाबाद का लगातार दो बार भूषनात्मक महासचिव पद पर निर्वाचित होने का गौरव हासिल हुआ। वह हाईकोर्ट बार एसोसिएशन, इलाहाबाद के 150 वर्षों के इतिहास में अब तक के सबसे युवा महासचिव रहे। उनका व्यक्तित्व व कृतित्व युवा अधिवक्ताओं के लिए प्रेरणास्रोत है।अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह ने बताया कि ''स्व0 रविकान्त इलाहाबाद उच्च न्यायालय के प्रख्यात अधिवक्ता थे। अधिवक्ता के रूप में 55 वर्षों के लम्बे कालखण्ड में संविधान विशेषज्ञ के रूप में उनकी ख्याति विधि जगत में सर्वविदित थी। महासचिव नितिन शर्मा ने बताया कि ''स्व0 लव श्रीवास्तव एक सक्षम अधिवक्ता थे। वे वैधानिक मानकों का सख्ती से पालन करते थे जिस कारण न्यायालय परिसर में अलग ही सम्मानित स्थान था।

वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री अमित कुमार श्रीवास्तव ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि आज का यह दिन अत्यन्त गौरवशाली है कि हाईकोर्ट बार एसोसिएशन, इलाहाबाद परिसर में तीनों विभूतियों की स्मृति में अधिवक्ता हित में स्मारक के तौर पर उनके नाम से डिजिटल लीगल लाइब्रेरी, डिजिटल सेंटर और एक्यूप्रेशर उपचार केन्द्र की स्थापना हो रही है।

उक्त कार्यक्रम में अमित के0 श्रीवास्तव (वरिष्ठ उपाध्यक्ष), आशुतोष पाण्डेय, अशोक कुमार त्रिपाठी, अजय कुमार मिश्र ''अजय जय हिन्द'', अरविन्द कुमार श्रीवास्तव, स्वर्णलता सुमन (उपाध्यक्षगण), सर्वेश कुमार दुबे (संयुक्त सचिव प्रशासन), अजय सिंह (संयुक्त सचिव लाइब्रेरी), अमरेन्दु सिंह (संयुक्त सचिव प्रेस), अंजना चुतर्वेदी (संयुक्त सचिव महिला), प्रीति द्विवेदी, श्रीमती सरिता सिंह, अभ्युदय त्रिपाठी, विनोद राय, अमित कुमार पाण्डेय, ओम प्रकाश विश्वकर्मा, अरविन्द कुमार सिंह, अरुण कुमार त्रिपाठी, आशुतोष मिश्र (नगरहा), सुधीर कुमार केसरवानी, साइमा सहेर, अनिरूद्ध ओझा, अनिल कुमार मिश्र, गुलाब सिंह यादव एवं अनिल प्रताप सिंह (कार्यकारिणी सदस्यगण) सहित काफी संख्या में अधिवक्तागण उपस्थित रहे। उपरोक्त समस्त जानकारी कार्यकारिणी सदस्य अभ्युदय त्रिपाठी ने उपलब्ध कराई।

क्रिकेटर आलोक सिंह को पितृ शोक

प्रयागराज। इलाहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन की सीनियर चयन समिति के सदस्य और रेलवे में कार्यरत पूर्व क्रिकेटर आलोक सिंह के पिता सूर्य प्रताप सिंह (70) का गुरुवार को उनके फूलपुर तहसील के रहिमापुर स्थित गांव में निधन हो गया। वह कई दिनों से बीमार रहे। अपने पीछे वह दो पुत्र एवं दो पुत्री को छोड़कर गए हैं। दोपहर बाद झूंसी के छतनाग घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया।

उनके निधन पर इलाहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन के निदेशक ताहिर हसन की अध्यक्षता में शोक सभा हुई, जिसमें दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना हुई। शोक सभा में आरपी भटनागर, डॉ. सुरेश द्विवेदी, एसडी कौटिल्य, यासर हसन, डॉ. जूली ओझा, राघव द्विवेदी, सत्यव्रत सहाय, अनुराग श्रीवास्तव, उत्पल दास, सलीम अहमद, एलबी काला, सोमेश्वर पांडेय, शिशिर मेहरोत्रा, प्रितेश सोनकर, अंकित पांडेय आदि ने खेद व्यक्त करते हुए सांत्वना प्रकट की।

कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव की तैयारियों की बनाई रणनीति

प्रयागराज। लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने का दिन जैसे - जैसे करीब आ रहा है कांग्रेस अपनी तैयारियों को दुरुस्त कर रही है। इसी क्रम आज अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त लोकसभा कोऑर्डिनेटरों ने आज शहर कांग्रेस कमेटी कार्यालय में चुनाव तैयारियों की समीक्षा की।लोकसभा क्षेत्र प्रयागराज के कोऑर्डिनेटर विश्वविजय सिंह और फूलपुर लोकसभा के कोऑर्डिनेटर वसीम अंसारी ने विधानसभावार तैयारियां परखीं और नेताओं - कार्यकर्ताओं से बूथ लेबल प्रबंधन को दुरुस्त रखने को सर्वाधिक प्राथमिकता देने का अनुरोध किया। दोनो कांग्रेस कोऑर्डिनेटर ने संयुक्त रूप से कहा कि अभी दोनो ही सीटों पर प्रत्याशी घोषित नहीं हुए हैं लेकिन चुनाव संगठन और कार्यकर्ताओं के कंधों पर होता है इसलिए हमें अपनी तैयारियां दुरुस्त रखनी हैं। उन्होंने इंडिया गंठबंधन के प्रत्यशियों के जनअभियान चलाने का भी निर्देश दिया।

इस अवसर पर शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रदीप मिश्र अंशुमन ने कहा कि भाजपा की अलोकतांत्रिक और जनविरोधी मोदी सरकार के खिलाफ इस चुनाव को कांग्रेस युद्ध की तरह संचालित करेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पांच न्याय देश के सभी वर्गों के हितों को सुनिश्चित करने का आधार बनेंगे जिससे देश और समाज मे समृद्धि के साथ युवाओं को रोजगार मिलेगा और मध्यमवर्गीय लोग मंहगाई से मुक्ति पाएंगे।बैठक में मुख्य रूप से प्रदीप कुमार मिश्र अंशुमन, विश्व विजय सिंह, वसीम अंसारी, तस्लीमुद्दीन, मानस शुक्ला, जावेद उर्फी, दिवाकर भारतीय, परवेज अख्तर अंसारी, नयन कुशवाहा, जिया उबैद, परवेज सिद्दीकी, विनय पांडेय, विवेक पांडे, प्रवीण सिंह भोले, अनूप सिंह, सतीश केसरवानी, अनूप त्रिपाठी, राम मनोरथ सरोज, अरशद अर्शी, इश्तियाक अहमद, सौरभ श्रीवास्तव, पूनम यादव, राकेश पाठक, जीशान कमर, हसीन अहमद, इरशाद उल्ला, शकील अहमद, सुशील मिश्र, श्याम जी शुक्ला आदि लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

अल्पसंख्यक कांग्रेस ने पूर्व विधायक नदीम जावेद की मां को दी खिराजे अकीदत

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। शहर अल्पसंख्यक कांग्रेस ने करेली स्थित क्षेत्रीय कार्यालय पर पूर्व प्रदेश महासचिव एवं पीसीसी सदस्य फुजैल हाशमी जी की अध्यक्षता में बैठक करते हुए पूर्व विधायक जौनपुर पूर्व अल्पसंख्यक कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष एंव राष्ट्रीय सचिव नदीम जावेद की माता मसरूरा खातून के निधन पर दुःख जताया का बुधवार की सुबह उनके पैतृक निवास जोनपुर में निधन हो गया। वह 76 वर्ष की थी उनके निधन सूचना से पूरा कांग्रेसजनों ने दुःख जताया इस मौके पर अल्पसंख्यक कांग्रेस के लोगो ने दुआखानी करते हुए उन्हें खिराजे अकीदत पेश की और अल्लाह से उनके मगफरत की दुआ मांगी। इस मौके शहर अध्यक्ष अरशद अली, पूर्व प्रदेश महासचिव एवं पीसीसी सदस्य फुजैल हाशमी, शहर उपाध्यक्ष परवेज सिद्दीकी, जिला प्रवक्ता हसीब अहमद, हाजी सरताज, मो हसीन, पूर्व पार्षद गजाली खान, तालिब अहमद, महफूज़ अहमद, मो शकील, जाहिद नेता,फैज इलाहाबादी, मो मोबिन,मुख्तार अहमद गुलाम वारिस आदि मौजूद रहे।

इलाहाबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय के समाजवादी छात्र सभा की कार्यकारणी घोषित

विश्वविद्यालय के छात्रों ने सभी पदाधिकारियों का किया भव्य स्वागत



लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। इलाहाबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय में समाजवादी छात्र सभा की इकाई कार्यकारिणी घोषित की गई। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आदेश पर समाजवादी छात्र सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ इमरान ने इलाहाबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय की इकाई कार्यकरणीय घोषित की। इलाहाबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय की इकाई अध्यक्ष गौरव गोड और इकाई महासचिव आशुतोष मौर्य को बनाया गया है। इसी प्रकार चौधरी महादेव प्रसाद डिग्री कॉलेज की इकाई अध्यक्ष अभिषेक यादव, इकाई महासचिव शिवम वर्मा, ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज की इकाई अध्यक्ष इष्ट देव तथा इकाई महासचिव विपिन निषाद, इलाहाबाद डिग्री कॉलेज की इकाई अध्यक्ष आलोक तिवारी एवं इकाई महासचिव रणवीर यादव के साथ ही श्यामा प्रसाद मुखर्जी डिग्री कॉलेज की इकाई अध्यक्ष देव सिंह यादव और इकाई महासचिव तनु सिंह मनोनीत हुई। इलाहाबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय छात्रसंघ भवन पर शहीद लाल पदमधर को माल्यार्पण करके सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का इलाहाबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय के छात्रों ने भव्य स्वागत किया इस मौके पर समाजवादी छात्र सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अजय सम्राट ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को माला पहनकर स्वागत किया और कहा समाजवादी पार्टी के विचारधारा को इलाहाबाद विश्वविद्यालय से लेकर प्रदेश के कोने-कोने तक छात्र छात्राओं को जोड़ने का काम करेंगे।

इस मौके पर इस मौके पर समाजवादी छात्र सभा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सुधीर क्रांतिकारी, अभिषेक यादव, विकास यादव अनुराग, विनय गौतम, प्रभात कुमार, शेरा यादव , विभोज, विक्की सिंह, अनिल, सर्वेश, उत्पल, हिरेंद्र पटेल, आर्यन, अनूप, प्रियांशु, अभिषेक, शिवम वर्मा, हरिशंकर, नितेश सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

वामपंथियों को उखाड़ फेंका अब बंगाल में ममता की बारी है- रवि शंकर प्रसाद

प्रयागराज। भाजपा कार्यालय सिविल लाइन में कौशांबी एवं प्रतापगढ़ लोकसभा कलस्टर की बैठक आयोजित की गई।इस अवसर पर बैठक के मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री, सांसद रवि शंकर प्रसाद ने कार्यकर्ताओं से कहा कि आगामी लोकसभा के चुनाव में हमारा जीतना तय है लेकिन जीत का आंकड़ा हमें 400 सीटों के पार करना होगा। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं गृहमंत्री अमित शाह ने भाजपा को एक नई ऊंचाई प्रदान की है जिसमें कार्यकर्ताओं की कमर तोड़ परिश्रम रही है। उन्होंने कहा कि आज हमने असम और नागालैंड में अपनी सरकार बनाई है और त्रिपुरा से वामपंथी सरकार को उखाड़ कर फेंक दिया है और पश्चिम बंगाल से ममता बनर्जी को उखाड़ फेंकने की तैयारी है। इसके पूर्व प्रयागराज के क्लस्टर प्रभारी एवं उत्तर प्रदेश के मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में भारत और सनातन धर्म स्वावलंबन के साथ आगे बढ़ रहा है। कहा कि पिछले लोकसभा के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने उत्तर प्रदेश में सपा बसपा कांग्रेस को बुरी तरह से पराजित किया था और इस बार हम उन्हें मिट्टी में मिला देंगे।बैठक की अध्यक्षता क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप सिंह पटेल ने की एवं सांसद संगम लाल, विधायक राजेंद्र कुमार, कौशांबी जिला अध्यक्ष धर्मराज मौर्य एवं प्रतापगढ़ जिला अध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव ने मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री रवि शंकर प्रसाद एवं विशिष्ट अतिथि क्लस्टर प्रभारी एवं प्रदेश मंत्री अनिल राजभर को राम दरबार का स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं वंदे मातरम गीत के साथ किया गया।

कार्यक्रम का संचालन रणजीत सिंह ने किया। बैठक में क्षेत्रीय उपाध्यक्ष एवं कौशांबी प्रभारी अवधेश चंद्र गुप्ता, कौशलेंद्र सिंह पटेल, महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा, जिला अध्यक्ष गंगापार कविता सिंह पटेल, मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी एवं लोकसभा प्रभारी एवं संयोजक, विधानसभा प्रभारी एवं संयोजक और कोर कमेटी चुनाव प्रबंधन समिति एवं पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

धूमधाम से निकली श्री खाटू श्याम जी की निशान शोभायात्रा

प्रयागराज। विगत 16 वर्षों की भांति इस वर्ष भी श्री खाटू श्याम जी, राजस्थान को निशान अर्पण करने के लिए प्रयागराज से श्रद्धालुओं का एक जत्था खाटू श्याम राजस्थान के लिए आज प्रस्थान कर रहा है जिसकी शोभायात्रा का नगर भ्रमण गुरुवार को खाटू श्याम मंदिर रामबाग से कोठा पारचा, बहादुरगंज, चमेली बाई धर्मशाला होते हुए रामबाग में संपन्न हुई।शोभायात्रा में नगर वासियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया बाबा श्याम जी की भव्य झांकी भी प्रस्तुत की गई, डीजे ढोल ताशे की धुन पर श्रद्धालु झूमते नाचते शोभायात्रा में सम्मिलित हुए। शोभायात्रा का स्वागत नगर भ्रमण के दौरान बहादुरगंज में राजेश सिंघानिया, मानसरोवर पर अनिल नारिया, चमेली बाई धर्मशाला पर सुरेन्द्र बंसल, प्रमोद बंसल, साउथ मलाका में विनोद अग्रवाल, श्याम मंदिर रामबाग पर योगेश गोयल द्वारा किया गया। शोभायात्रा हर वर्ग के लोगों ने बाबा श्याम की निशान ले के पदयात्रा की। निशान यात्रा श्री श्याम सेवा ट्रस्ट वा श्याम मंडल के तत्वाधान में आयोजित हुई। शोभायात्रा में मनीष रुंगटा, विजय कान्त शर्मा, विनोद अग्रवाल वेद प्रकाश जी गोयल, गौपाल जी अग्रवाल, राजेश सिंघानिया, अनिल नर्सारिया, ` प्रकाश अग्रवाल, मनोज देवडा, सुरेंद्र बंसल, सुनील सराफ, गौरव खेमका, आशीष अग्रवाल आदि बहुत सारे श्रद्धालु उपस्थित हुए।

जमुना और फाफामऊ क्लब सेमीफाइनल में

प्रयागराज। अंकित यादव के अर्धशतक (60 रन, 29 गेंद, पांच चौके, पांच छक्के) से जमुना क्रिकेट क्लब ने फाफामऊ क्रिकेट क्लब को दो रन से हराकर रामबाबू पाल एवं मनोज यादव स्मृति %प्रयागराज कप% टी-20 कैशमनी क्रिकेट प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। हार के बावजूद फाफामऊ क्लब की टीम भी ग्रुप %ए% की अंक तालिका में शीर्ष पर होने से अंतिम चार में पहुंच गई है।डीएवी कॉलेज मैदान पर गुरुवार को खेले गए मैच में जमुना क्लब ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 183 रन (अंकित यादव 60, निखिल शर्मा 43 नाबाद, पीयूष मिश्र 33, विशाल यादव 2/40, गुलशन वर्मा, दीपक यादव व सौरभ त्रिपाठी एक-एक विकेट) बनाये। जवाब में फाफामऊ क्लब की टीम 15 ओवर में 181 रन (यादवेंद्र सिंह यादव 61, सौरभ प्रताप सिंह 34, अभिषेक यादव 28, सौरभ त्रिपाठी 20, सार्थक केसरवानी 2/23, आर्यन 2/25, आदेश शर्मा 2/40) पर सिमट गई।अंकित यादव को पूर्व रणजी क्रिकेटर रज़ा अली ने जस्टिस ग्रुप आफ इलाहाबाद की ओर से मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया। मैच में तौसीफ शेख व अरुण कुमार ने अंपायरिंग एवं खुर्शीद अहमद ने स्कोरिंग की। सेमीफाइनल मुकाबले 20 मार्च से होंगे।

आजाद जी के सपनों का विकसित भारत का निर्माण करना है- रवि शंकर प्रसाद

पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद ने क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद को श्रद्धांजलि अर्पित की

प्रयागराज। भाजपा महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा की अगुवाई में प्रयागराज प्रवास के दौरान पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद रविशंकर प्रसाद एवं प्रदेश सरकार के मंत्री अनिल राजभर चंद्रशेखर आजाद पार्क भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचकर भारत माता के अमर क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद जी के चरणों में पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए और कहा स्वाधीन भारत के लिए चंद्रशेखर आजाद जी ने अपने प्राणों की आहुति दे दी। अब हमें आजाद जी के सपनों का विकसित भारत का निर्माण करना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी यहां पर आए थे और आजाद जी को नमन करते हुए उनके सपनों का विकसित भारत बनाने के लिए संकल्प लिया है। इस संकल्प को हमें सिद्धि तक पहुंचाना है।मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि इसके पूर्व पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद एवं कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर संगम तट पर पहुंचकर मां गंगा जी एवं बंधवा मंदिर हनुमान जी का दर्शन किया एवं आरती की और कार्यकर्ताओं के साथ चाय पी।श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में विधायक गुरु प्रसाद मौर्य, महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा, अश्वनी पटेल, राजेश केसरवानी, प्रशांत शुक्ला, आनंद जायसवाल, अभिषेक जायसवाल, राकेश भारती, राकेश त्यागी, पुष्पराज सिंह, राजेश गोंड, संजय श्रीवास्तव, परवेश केसरवानी, आनंद वैश्य सुदर्शन, कुलदीप मिश्रा, दीप द्विवेदी आदि अन्य कार्यकर्ता रहे।

नदियों के लिए अंतर्राष्ट्रीय कार्रवाई दिवस पर चलाया स्वच्छता अभियान

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। आज नदियों के लिए अंतर्राष्ट्रीय कार्रवाई दिवस के अवसर पर जिला गंगा समिति प्रयागराज एवं नगर निगम के सयुक्त प्रयास रसूलाबाद घाट पर जन जागरूकता एवं स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सुश्री एषा सिंह, जिला परियोजना अधिकारी नमामि गंगे ने बताया की नदियां प्रकृति की ओर से मनुष्य को दिया गया एक अमूल्य उपहार है। ये हमारे सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक जीवन का बेहद अमूल्य अंग है। जिसका संरक्षण करना न केवल हमारी नैतिक जिम्मेदारी है बल्कि ये सम्पूर्ण मानव जाति के अस्तित्व के लिए भी अति-आवश्यकद्य इसके बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए हर साल 14 मार्च को नदियों के लिए अंतर्राष्ट्रीय कार्रवाई दिवस मनाया जाता है।

आज नदियों के लिए 26वां वार्षिक अंतर्राष्ट्रीय कार्रवाई दिवस के अवसर पर रसूलाबाद घाट पर सफाई अभियान के दौरान नगर निगम एवं नमामि गंगे टीम ने गंगा तट का भ्रमण किया ।उसके बाद बृहद सफाई अभियान चला कर पॉलिथीन , माला फूल, पुरानी पड़ी मूर्तियां , प्लास्टिक बॉटल इत्यादि को नदी तट से साफ किया तथा स्थल पर मौजूद जनता एवं नाविक लोगो को नदियो को स्वच्छ रखने हेतु स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया।

इस दौरान नगर निगम प्रयागराज और श्रृष्टि वेस्ट मैनेजमेंट सर्विस आई ई सी प्रमुख कृष्ण कुमार मौर्य ने कहा कि नदियाँ और अन्य मीठे पानी के पारिस्थितिकी तंत्र सिंचाई और पीने के लिए स्वच्छ पानी के महत्वपूर्ण स्रोत हैं। और इसके संरक्षण के लिए सभी को जिम्मेदारी लेनी होगी। कार्यक्रम का समापन गंगा स्वच्छता शपथ लेकर किया गया।

इस दौरान नगर निगम के एस एफ आई वी सी पटेल, परियोजना अधिकारी विजय बहादुर सिंह, रोहित चंदेल, इत्यादि लोग मौजूद रहे।

वृक्क कल्प क्रानिक किडनी डिसीजेज में अत्यन्त लाभकारी - डॉ तोमर

प्रयागराज। किडनी के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए सबसे पहले साल 2006 में 66 देशों ने एक साथ मिलकर विश्व किडनी दिवस मनाया था। जिसके बाद दो सालों के भीतर ही 66 देशों की यह संख्या बढ़कर 88 हो गई। यह जानकारी प्रख्यात आयुर्वेद चिकित्सकडॉ जी एस तोमर ने दी।उन्होंने बताया कि वर्ल्ड किडनी डे इंटरनेशनल सोसाइटी ऑफ नेफ्रोलॉजी और इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ किडनी फाउंडेशन की एक संयुक्त पहल है। ये खास दिन हर साल मार्च महीने के दूसरे गुरुवार को मनाया जाता है। यानी इस साल, 14 मार्च को विश्व किडनी दिवस मनाया जा रहा है। डॉ तोमर ने कहा कि किडनी हमारे शरीर के सबसे महत्वपूर्ण अंगों में से एक है, जो रक्त से विषाक्त पदार्थों को हटाने और इन्हें छानकर मूत्र के रास्ते बाहर निकालने का काम करती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों की मानें तो मानव शरीर में मौजूद दोनों किडनी (वृक्क /गुर्दे) मिलकर हर 24 घंटे में लगभग 200 लीटर तरल पदार्थ छानती हैं।

वहीं, अगर ये सही ढंग से काम करना बंद कर दें, तो शरीर के निर्विषीकरण (डिटॉक्सीफिकेसन) की प्रक्रिया बाधित हो जाती है और कई बीमारियां व्यक्ति को घेर सकती हैं। इसी कड़ी में शरीर के इस जरूरी अंग के बारे में लोगों के बीच जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से हर साल विश्व किडनी दिवस (वर्ल्ड किडनी डे) मनाया जाता है। उन्होंने गुर्दों की सेहत का ख्याल रखने के बारे में कुछ आसान तरीका भी बताए।

उन्होंने कहा कि आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में लोगों की जीवनशैली और खाने-पीने की आदतें बिगड़ गई हैं। पोषक तत्वों से भरपूर आहार न लेने, पर्याप्त पानी न पीने और व्यायाम की कमी के चलते बॉडी में विषाक्त पदार्थ बढ़ने लगते हैं। चूँकि हमारी किडनी रक्त से विषाक्त पदार्थों को हटाने और इन्हें छानकर मूत्र के रास्ते बाहर निकालने का काम करती हैं। हालांकि, अधिक मात्रा में शरीर में जमा टॉक्सिन किडनी का काम प्रभावित करने लगते हैं, जिससे समय के साथ गुर्दों से जुड़ी बीमारियों का खतरा भी अधिक बढ़ जाता है। ऐसे में किडनी को स्वस्थ रखने के लिए एक्टिव लाइफस्टाइल और खानपान का सही होना बेहद जरूरी है।

जीआईएस तकनीक के क्षेत्र में कैरियर एवम शोध में मिलेगा लाभ- डॉ. आशिमा घोष

प्रयागराज। जगत तारन गर्ल्स पी जी कॉलेज के भूगोल विभाग मे भौगोलिक सूचना प्रणाली पर आठ सप्ताह के सर्टिफिकेट कार्यक्रम का समापन आज हुआ।

कार्यक्रम समन्वयक डॉ दर्शन कुमार झा ने इस की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया कि प्रतिभागी छात्राओं को इस कोर्स में महाविद्यालय, इलाहाबाद विश्वविद्यालय एवं मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान के विशेषज्ञों द्वारा जी आई एस सॉफ्टवेयर पर व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया। प्राचार्या डॉ आशिमा घोष ने अपने संबोधन में कहा कि इससे छात्राओं को जी0आई0एस0 तकनीक के क्षेत्र में कैरियर एवम शोध में महत्वपूर्ण लाभ मिलेगा। उन्होंने छात्राओं से अन्य सर्टिफिकेट कोर्स के माध्यम से अपने कौशल में वृद्धि करने को कहा तथा यह आश्वासन दिया कि भविष्य में महाविद्यालय इस कोर्स का संचालन और बेहतर तरीके से करने का प्रयास करेगा।

इस सर्टिफिकेट प्रोग्राम मे प्रथम् स्थान एम ए चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा जाह्नवी सिंह, दूसरा स्थान शोध छात्रा साक्षी सिंह और शोध छात्रा प्रियंका भारती तथा तृतीय स्थान पर एम ए चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा स्मृति त्रिपाठी, कृति यादव, राधा सैनी ने प्राप्त किया। संचालन सुश्री भावना शर्मा तथा धन्यवाद ज्ञापन भूगोल विभाग की संयोजिका डॉ अर्चना पॉल ने किया। इस अवसर पर डॉ नीलिमा मिश्रा, डॉ आशीष मिश्रा, डॉ विजयलक्ष्मी, डॉ रूपम मिश्रा, डॉ निर्मला गुप्ता एवं श्रीमती रश्मि श्रीवास्तव ने भी उपस्थिति दर्ज की।

बिना पंजीयन चल रहे दर्जनों कोचिंग सेंटर

लोकमित्र ब्यूरो

लेड़ियारी(प्रयागराज)। क्षेत्र व इलाके मे छोटे-छोटे कमरों शिक्षा का व्यापार किया जा रहा है। अप्रशिक्षित शिक्षकों के भरोसे चलने वाले इस कारोबार से छात्र - छात्राओं का जमकर दोहन किया जा रहा है । बिना रजिस्ट्रेशन के चलाए जा रहे इन संस्थानों द्वारा टैक्स एवं जीएसटी चोरी कर राजस्व को भी चूना लगाया जा रहा है ।

लेड़ियारी बाजार सहित आसपास स्थित कोरांव - नारीबारी स्टेट राजमार्ग कोरांव व कस्बे के विभिन्न स्थानों पर दर्जनों की संख्या मे चल रहे कोचिंग संस्थान संचालित हो रहे है । अलावा हाईस्कूल, इंटर मीडिएट , बीए, बीएससी, बीकॉम , जूनियर हाईस्कूल आदि की कक्षाओं मे पढ़ने वाले अधिकांश छात्र - छात्राएं विद्यालयों मे पढ़ाई के साथ ही कोचिंग क्लासेज भी करते है । इलाके मे संचालित हो रहे कोचिंग संस्थान मे कोई फर्राटेदार अंग्रेजी सिखाने व कम्प्यूटर मास्टर बनने का दावा करता है, तो कोई आईएएस, पीसीएस क्वालीफाई कराने को दम भरता है । छात्र - छात्राओं को सुनहरे सपने दिखाकर अप्रशिक्षित शिक्षकों के भरोसे संचालित होने वाले इन कोचिंग संचालकों द्वारा मोटी रकम वसूली जा रही है ।बताया जाता है कि इलाके मे चलने वाले इन कोचिंग संस्थानों मे महज एक -दो का ही माध्यमिक शिक्षा विभाग से पंजीयन है ।

मनमाना फीस लेने के बावजूद छोटे - छोटे कमरों मे चलने वाले अधिकांश कोचिंग सेंटरों मे पेयजल से लेकर टायलेट तक की व्यवस्था नही है । इस संबंध मे कोरांव एसडीएम अविनाश यादव को फोन किया लेकिन रिसीव नही किये।

जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने जनपद स्तरीय शान्ति समिति के साथ की बैठक

द्वारा आगामी त्यौहार को सौहार्दपूर्ण एवं सकुशल सम्पन्न कराये जाने के दिए निर्देश

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। जिलाधिकारी राजेश कुमार राय एवं पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा उदयन सभागार में आगामी पर्व होली,गुड फ्राइडे एवं रमजान आदि त्यौहार को सौहार्दपूर्ण एवं सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए जनपद स्तरीय शान्ति समिति की बैठक की गई। बैठक में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी उप जिलाधिकारियों, क्षेत्राधिकारियों एवं थाना प्रभारियों से होली,गुड फ्राइडे एवं रमजान आदि त्यौहार को शान्तिपूर्ण व सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए अब तक गई कार्यवाही-पीस कमेटी की बैठक, पाबन्द की कार्यवाही व होलिका दहन स्थलों का भ्रमण आदि की जानकारी प्राप्त की गई। उन्होंने सम्भ्रान्त नागरिकों से उनकी समस्याओं, सुझावों को प्राप्त करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को समस्याओं को तत्काल निस्तारित करने के निर्देश दियें। उन्होंने कहा कि होली,गुड फ्राइडे एवं रमजान त्यौहार को आपसी सौहार्द एवं भाईचारा के साथ मनाया जाय। सम्भ्रान्त नागरिकों ने कहा कि त्यौहार को शान्तिपूर्ण एवं आपसी सौहार्द के साथ मनाया जायेंगा तथा कोई भी अप्रिय घटना नहीं होने दी जायेंगी।

जिलाधिकारी ने सभी थाना प्रभारियों से कहा कि होलिका दहन स्थलों का भ्रमण कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कर लिया जाय। उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियों एवं क्षेत्राधिकारियों से कहा कि सम्वेदनशील स्थलां पर विशेष निगरानी रखी जाय, ताकि कोई अप्रिय घटना न होने पाये। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति शान्ति एवं कानून व्यवस्था बिगाड़ने का प्रयास करता है तो उसके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि हुड़दंग करने वालों के विरूद्ध भी सख्त कार्यवाही की जाय। उन्होंने सभी ईओ को अपने-अपने निकायां में साफ-सफाई एवं पेयजल की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि कहीं से भी कोई शिकायत न आने पाये। इसके साथ ही उन्होंने खराब स्ट्रीट लाइटों को भी ठीक कराने के निर्देश दियें। उन्होंने डीपीआरओं को ग्रामीण क्षेत्रां में साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दियें। उन्होंने अधिशासी अभियंता, विद्युत को आवश्यकतानुसार विद्युत तारों को ऊँचा कराने एवं जेई की थानावार, पावर हाउसवार ड्यूटी लगाकर तथा मुख्य चिकित्साधिकारी को चिकित्सकों की ड्यूटी लगाकर सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दियें। उन्होंने अधिशासी अभियंता,जल निगम को निर्देशित किया कि हर-घर नल से जल योजना के तहत पाइपलाइन बिछाने के दौरान तोड़ी गई सड़क को समय से ठीक करवाना सुनिश्चित किया जाय। पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित सम्भ्रान्त नागरिकों से कहा कि त्यौहार आपसी सौहार्द के साथ मनाया जाय तथा किसी भी प्रकार की समस्या हो तो उन्हें तत्काल अवगत करायें। उन्होंने सभी क्षेत्राधिकारियों एवं थाना प्रभारियां को त्यौहार रजिस्टर का अध्ययन करने एवं त्यौहार के दिन एलर्ट रहने तथा भ्रमणशील रहकर शान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के निर्देश दियें। उन्हांने कहा कि कोई भी व्यक्ति शान्ति एवं कानून व्यवस्था बिगाड़ने का प्रयास करता है तो उसके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाय। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी अरूण कुमार गोंड, प्रबुद्ध सिंह, सभी उप जिलाधिकारीगण, सभी क्षेत्राधिकारीगण एवं मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सुष्पेन्द्र कुमार सहित सम्बन्धित अधिकारीगण तथा सम्भ्रान्त नागरिकगण प्रेम चौधरी एवं नूरूल इस्लाम आदि गणमान्य उपस्थित रहें।

सराय अकिल में निकाली गई विशाल खाटू श्याम शोभा यात्रा

शिव शक्ति धाम में विशाल भंडारे का हुआ आयोजन

शोभा यात्रा में नगर अध्यक्ष हुए शामिल

लोकमित्र ब्यूरो

सराय अकिल, कौशाम्बी। नगर पंचायत सराय अकिल कस्बे में बृहस्पतिवार को करन चौराहे से भव्य शोभायात्रा खाटू श्याम जी की निकाली गई जो पूरे कस्बे में घुमाया जाएगा शिव शक्ति धाम में भंडारे का आयोजन किया गया है।

बता दें,सराय अकिल कस्बे में स्थित करन चौराहे से आज सुबह 10 बजे विशाल खाटू श्याम जी की शोभायात्रा छेदीलाल केसरवानी के निवास से निकाली गई राजेश केसरवानी श्याम केशरवानी जल वाले ने बताया कि पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी 14 तारीख दिन बृहस्पतिवार को शोभा यात्रा करन चौराहा से सब्जी मंडी भगवती गंज फकीराबाद बड़े हनुमान मंदिर से होते हुए पटेल चौराहा से होकर शिव शक्ति धाम मंदिर प्रांगण में समापन हुआ शाम को शिव शक्ति धाम प्रांगण में भगवती जागरण का आयोजन किया गया ,

शोभायात्रा में हजारों लोग शामिल हुए, भक्त माता बहिने बुजुर्ग युवा बच्चे शामिल हुए , शोभा यात्रा समापन होते ही सब्जी मंडी शिव शक्ति धाम में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया ,पूरे कस्बे में खाटू श्याम के जयकारे गूंजे लगे, हारे का सहारा खाटू श्याम हमारा कस्बा के भक्तों ने जगह-जगह खाटू श्याम की शोभायात्रा में जलपान कराया इंस्पेक्टर विनीत सिंह ने जगह-जगह पुलिस फोर्स लगाए तथा शोभा यात्रा में शामिल रहे कस्बा इंचार्ज भानु प्रताप सिंह शोभा यात्रा में साथ रहे, जिसमें राजेश केसरवानी श्याम केशरवानी जल वाले छेदीलाल केसरवानी नगर अध्यक्ष अनूप सिंह वरिष्ठ पत्रकार नरोत्तम दास अग्रहरि घोसिया ग्राम प्रधान कमलेश कुशवाहा डॉ आशीष श्रीवास्तव कृष्ण नारायण रस्तोगी पूर्व न्यायिक सदस्य शिव बाबू केसरवानी गौरी शंकर मोदनवाल मोतीलाल स्वर्णकार समाजसेवी कपिल पांडे रीमिक्स अग्रहरि द्वारिका केसरवानी राहुल केसरवानी दीपक अग्रहरि आदि हजारों लोग शामिल रहे।

चोरों ने दो घरों में सेंधमारी कर पार किए नकदी व जेवरात

लोकमित्र ब्यूरो

सिराथू, कौशाम्बी। पईसा थाना क्षेत्र के एक गांव में बीती रात चोरों ने तीन घरों में सेंधमारी कर दो घरों से नकदी , जेवरात व गृहस्थी का सामान पार कर दिया , गुरुवार की सुबह गृह स्वामियों ने घर का नजारा देखा तो दंग रह गए। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है , सूचना पर पहुंची पुलिस छानबीन में जुट गई है।पईसा थाना क्षेत्र के अनेठा गांव में बीती रात चोरों ने गांव के मो मुस्तफा पुत्र इस्लाम के घर के पीछे से सेंधमारी कर घर के अंदर रखा नकदी व सोने , चांदी के जेवरात सहित घर की गृहस्थी पार कर दिया , दूसरी घटना पड़ोस के शीतल प्रसाद पुत्र गणेश के घर का ताला तोड़कर घर की गृहस्थी पर हाथ साफ कर दिया , तीसरी घटना पुरुषोत्तम पुत्र घूरे के घर में सेंधमारी कर चोरी का प्रयास किया लेकिन सफल नहीं हो सके, वही चोरी की वारदात के बाद गृहस्वामी के घर मो कोहराम मचा है , मामले की सूचना पर पहुंची पुलिस छानबीन में जुटी है।

हमारा वर्तमान और भविष्य पर आधारित रहा मेहता महाविद्यालय के शिविर का छठा दिन

लोकमित्र ब्यूरो

भरवारी, कौशाम्बी। भवंस मेहता महाविद्यालय, भरवारी में राष्ट्रीय सेवा योजना की सात दिवसीय विशेष शिविर के छठे दिन का प्रथम -सत्र मारा वर्तमान और भविष्य तथा द्वितीय सत्र सोशल मीडिया और समाज के लिए समर्पित रहा। कार्यक्रम का प्रारंभ प्रत्येक दिन की भांति परिसर की साफ सफाई करके किया गया उसके पश्चात स्वयंसेवकों द्वारा लक्ष्य गीत गाकर के कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया।इसके उपरांत प्रथम सत्र को संबोधित करते हुए प्रोफेसर विवेक कुमार त्रिपाठी ने कहा कि हम आज जो करते हैं वही हमारे भविष्य को आकार देता है। आज हम जो कदम उठाएंगे, वही तय करेंगे कि हमारा भविष्य कैसा होगा।

उन्होंने आगे बोलते हुए कहा कि भविष्य के बारे में हमारा दृष्टिकोण हमारे वर्तमान को कैसे आकार देता है। बड़ा बदलाव बढ़ते प्रदर्शन का दबाव पैदा कर रहा है जो हममें से अधिक से अधिक लोगों को भविष्य के बारे में खतरे पर आधारित दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित कर रहा है विरोधाभास यह है कि प्रदर्शन का दबाव बढ़ाने वाली वही ताकतें तेजी से विस्तार के अवसर भी पैदा कर रही हैं। हम कुछ दशक पहले की कल्पना से कहीं अधिक मूल्य, कहीं अधिक तेजी से और बहुत कम संसाधनों के साथ पैदा कर सकते हैं। चुनौती यह है कि, यदि आज हम डर से प्रेरित हैं, तो हम उन अवसरों को कभी देख ही नहीं पाएंगे, उनका पीछा करने की प्रेरणा तो दूर की बात है। हम वर्तमान में कैसे कार्य करते हैं, यह भविष्य के प्रति हमारे दृष्टिकोण पर गहराई से निर्भर करता है। आइए भविष्य के बारे में एक बिल्कुल अलग दृष्टिकोण विकसित करने के लिए एक साथ आएं।इसके उपरांत द्वितीय सत्र को डॉ0 सतीश चंद्र तिवारी ने संबोधित किया। उन्होंने सोशल मीडिया और समाज विषय पर बोलते हुए कहा कि वाक् एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता लोकतंत्र का एक अहम पहलू है। इस अधिकार के उपयोग के लिये सोशल मीडिया ने जो अवसर नागरिकों को दिये हैं, एक दशक पूर्व उनकी कल्पना भी किसी ने नहीं की होगी। दरअसल, इस मंच के जरिये समाज में बदलाव की बयार लाई जा सकती है।

लेकिन, चिंता का विषय है कि मौजूदा वक्त में सोशल मीडिया अपनी आलोचनाओं के लिये चर्चा में रहता है। दरअसल, सोशल मीडिया की भूमिका सामाजिक समरसता को बिगाड़ने और सकारात्मक सोच की जगह समाज को बाँटने वाली सोच को बढ़ावा देने वाली हो गई है। इनके उपरांत उन्होंने सोशल मीडिया, उसके सकारात्मक और नकारात्मक प्रभाव, भारत में स्थिति, सोशल मीडिया व निजता के अधिकार में संतुलन और सोशल मीडिया के विनियमन पर विस्तृत रूप से चर्चा की। कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 धर्मेन्द्र कुमार अग्रहरि ने भी स्वयंसेवकों को संबोधित किया। इस दौरान बच्चों ने कई कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये।

दयानंद कालेज में प्रतिभावान छात्रों का हुआ सम्मान

लोकमित्र ब्यूरो

अजुहा, कौशाम्बी। अजुहा कस्बे में स्थित दयानन्द सरस्वती इंटर कालेज मे गुरुवार को विद्यालय के विभिन्न आयोजन विज्ञान प्रदर्शनी , रंगोली प्रतियोगिता , सड़क सुरक्षा , मेरा स्वच्छ भारत मे अपने प्रदर्शन से विद्यालय का नाम रोशन करने वाले छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया । कार्यक्रम की शुरुवात माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया मुख्य अतिथि सभासद प्रतिनिधि व समाजसेवी फूल चंद्र केसरवानी ने बच्चों को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया । बच्चों ने भी आये हुए अतिथियों व अभिवावकों पर पुष्प वर्षा कर आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रमेश प्रसाद केसरवानी ने किया विद्यालय के प्रधानाचार्य डा.रमेश चंद्र केसरवानी ने आये हुए अभिवावकों का आभार व्यक्त किया ।कार्यक्रम का संचालन राम प्रसाद ने किया कार्यक्रम मे मुख्य रूप से वेद प्रकाश केसरवानी, चंद्रपाल सिंह, शिवप्रकाश केसरवानी,दुर्गेश टंडन, शेर बहादुर सिंह, रामानंद, देवेश कुमार, अश्वनी दुबे , सुंदर लाल , शेर बहादुर सिंह , दीपक , विक्रम सिंह , दिवेश चौधरी सहित छात्र मौजूद रहे।

दो वारण्टी आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। थाना कोखराज पुलिस उपनिरीक्षक किशन कुमार बिन्द मय हमराह पुलिस बल द्वारा वारंटी रवि उर्फ रजत कुमार निवासी ग्राम सहजादपुर थाना कोखराज को गिरफ्तार किया गया। थाना मंझनपुर पुलिस उपनिरीक्षक अरविन्द कुमार दुबेमय हमराह पुलिस बल द्वारा वारंटी पूरन नि0 गौरा डेरा थाना मंझनपुरजनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया।

अवैध शराब के साथ पांच गिरफ्तार

कौशाम्बी। थाना करारी पुलिस उ0नि0 धार्मेन्द्र कुमार मय हमराह पुलिस बल द्वारा राज नारायण निवासी अंसारगंज थाना करारी को 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। थाना महेवाघाट पुलिस उपनिरीक्षक अनुराग सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा फूलचन्द्र निषाद निवासी मुबारकपुर थाना महेवघाट को 18 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। थाना कड़ाधाम पुलिस उपनिरीक्षक समरजीत वर्मा मय हमराह पुलिस बल द्वारा लालमती निवासी अलीपुरजीता थाना कडाधाम को 12 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। थाना सराय अकिल पुलिस उ0नि0 सुनील कुमार यादव मय हमराह पुलिस बल द्वारा शुभम अग्रहरि उर्फ गोरे निवासी पड़रिया सुकवारा थाना कोखराज को 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। थाना पश्चिम शरीरा पुलिस उपनिरीक्षक अमित कुमार सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा छोटे लाल निवासी ग्राम व थाना पश्चिम शरीरा को 25 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।

मुख्य विकास अधिकारी ने विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनान्तर्गत लाभार्थियों को किया टूलकिट वितरित

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी ने विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए जिला उद्योग केन्द्र में आयोजित कार्यक्रम में दर्जी, बढ़ई, लोहार, कुम्हार, नाई एवं हलवाई ट्रेड के प्रशिक्षित प्रशिक्षार्थियों यथा-दर्जी ट्रेड के 175, हलवाई ट्रेड के 75, नाई ट्रेड के 25, लोहार ट्रेड के 50, बढ़ई ट्रेड के 100 एवं कुम्हार ट्रेड के 25 लाभार्थियों को टूलकिट वितरित किया। उपायुक्त उद्योग के0के0 अमर द्वारा प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के बारे में लाभार्थियों को विस्तार से जानकारी दी गई। जिला अग्रणी बैंक प्रबन्धक जितेन्द्र कुमार चौधरी ने बैंको से ऋण उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य आईटीआई के0के0 राम सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

27वीं अन्तर्जनपदीय पुलिस बॉलीबॉल कलस्टर प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। 27वीं अन्तर्जनपदीय पुलिस बॉलीबॉल कलस्टर प्रतियोगिता प्रयागराज जोन प्रयागराज का आयोजन स्पोर्ट्स स्टेडियम में 14 मार्च, 2024 से 16 मार्च, 2024 तक किया जायेगा। प्रतियोगिता का शुभारम्भ पुलिस अधीक्षक द्वारा किया गया। एसपी द्वारा प्रतिभाग करने वाले खिलाडियों से हाथ मिलाकर उनका परिचय प्राप्त किया गया तथा सम्बोधन कर उत्साहवर्धन किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रयागराज जोन के 06 जनपदोंद्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है। इस दौरान क्षेत्राधिकारी कौशाम्बी लाइन अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

वाहन चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

कौशाम्बी। जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई, चेकिंग के दौरान दो-पहिया चार पहिया वाहनों को चेक किया गया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 142 वाहनों का ई-चालान किया गया।

निरोधात्मक कार्यवाही मे 19 गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में (थाना मंझनपुर से 02, थाना पश्चिम शरीरा से 02, थाना महेवाघाट से 02, थाना कोखराज से 01, थाना सैनी से 09, थाना मो0पुर पइंसा से 03) कुल 19 आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान किया गया।

बेहतर प्रदर्शन करने पर शिक्षकों ने छात्रा को जिला पंचायत अध्यक्ष ने किया सम्मानित

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। मंझनपुर में हुए जिला स्तरीय विज्ञान आविष्कार प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त कर नेवादा के रसूलपुर विद्यालय का नाम रोशन करने वाली छात्रा साक्षी दिवाकर पुत्र शिव बली दिवाकर को जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना सोनकर व स्कूल के प्रधानाध्यापक मनोज कुंवर सिंह ने छात्रा को पुरस्कृत करते हुए सम्मानित कर प्रोत्साहित किया व अन्य बच्चों को प्रेरित किया।इसके साथ ही छात्रा के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विद्यालय के अन्य शिक्षक विकास सिंह, शिवांगी सहित समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।

आज भरवारी में सुबह 10 बजे से शाम 06 बजे तक नही होगी विद्युत आपूर्ति

भरवारी, कौशाम्बी। भरवारी नगर पालिका परिषद अंतर्गत भरवारी मेहता रोड स्तिथ पावर हाउस में आज शुक्रवार को विद्युत उप केंद्र भरवारी में 33.11 के वी का नया पैनल बदला जाना सुनिश्चित किए गया हैं जिसके चलते भरवारी उपखंड भरवारी में सुबह 10 बजे से शाम 06 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उक्त आशय की जानकारी उपखंड अधिकारी कृष्ण लाल एवम अवर अभियंता नन्हे लाल ने दी।

प्रधान संघ ने पांच सूत्रीय मांगो को लेकर आयुक्त ग्राम्य विकास के नाम सौंपा ज्ञापन

कौशाम्बी। मनरेगा योजना अंतर्गत कराए गए कार्यों के भुगतान के लिए अखिल भारतीय प्रधान संगठन के तत्वधान में अखिल भारतीय प्रधान संगठन के जिलाध्यक्ष दीप नारायण त्रिपाठी की अगुवाई में संगठन के लोगो ने गुरुवार को आयुक्त ग्राम्य विकास उप्र के नाम का ज्ञापन उपायुक्त श्रम रोजगार कौशांबी को पांच सूत्रीय मांगो को लेकर ज्ञापन सौंपा । सौपे गए ज्ञापन के हवाले से संगठन के लोगो ने बताया की शासन की शीर्ष प्राथमिकता वाले कार्य जिनमे अमृत सरोवर तालाब का निर्माण , अन्नपूर्णा भवन , रेन वाटर , आंगनबाड़ी निर्माण , शिलाफलम, खेल मैदान आदि के निर्माण के कार्यों के भुगतान पर लगी रोक को हटाते हुए अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी व खंड विकास अधिकारियो को भुगतान के लिए निर्देश दिए जाए साथ ही श्रमिको की मजदूरी का भुगतान कराया जाए । कम से कम 20 श्रमिको को ऑनलाइन हाजिरी से छूट दिए जाने आदि की मांग करते हुए समस्या का निस्तारण न होने पर धरने के लिए बाध्य होंगे ।

अदालत के मुकदमा दर्ज करने के आदेश को नहीं मानती सरायअकिल पुलिस

आदेश के बाद भी नहीं दर्ज किया एससी एसटी एक्ट की रिपोर्ट

लोकमित्र ब्यूरो

नेवादा, कौशाम्बी। एक महीना पहले मारपीट के मामले में अदालत के मुकदमा दर्ज करने के आदेश को सरायअकिल पुलिस ने दरकिनार कर दिया। पखवाड़े भर पहले हुए आदेश के बाद भी अभी तक उसने मुकदमा दर्ज नहीं किया है। इससे आरोपियों के हौसले बुलंद हैं। वह आए दिन गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं।

जवाहरगंज गांव निवासी अर्जुन पासी राजमिस्त्री है।वह 11 फरवरी 2024 को गांव के ही अरविंद सिंह के घर की दीवार पक्की ईंट से बना रहा था। इसी दौरान गांव के ही छरू दबंग लाठी-डंडा लेकर वहां पहुंचे और गाली गलौच करते हुए दीवार बनाने से मना कर दिया। अर्जुन के मना करने पर कि वह राजगीर है। अपना काम कर रहा है। इसी बात से नाराज होकर दबंगों ने दीवार गिराकर उस पर हमला कर दिया। दबंगों ने उसकी जमकर पिटाई कर दी। इससे वह बेहोश होकर गिर गया। घटना को अंजाम देने के बाद दबंग मौके से फरार हो गए। मौके पर जुटे लोगों ने घायल को उठाकर इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। हालत में सुधार होने के बाद घायल ने थाने जाकर आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी। तहरीर देने के बाद भी पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज नहीं किया।

पीड़ित अर्जुन ने 15 फरवरी को मामले की शिकायत डाक के माध्यम से अधिकारियों से करते हुए न्याय की गुहार लगाई। इसके बाद भी आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। थक हार कर पीड़ित ने अदालत की शरण ली। दो मार्च को अदालत ने सभी आरोपी अनुज अग्रहरि, अमित अग्रहरि, राज, गोलू, सौरभ, रामबाबू, रविकान्त और राना के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। पखवाड़ा भर बीत जाने के बाद भी सरायअकिल पुलिस ने अभी तक मुकदमा दर्ज नहीं किया है। इससे दबंगों के हौसले बुलंद हैं। वह आए दिन गाली गलोच कर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं।

मारपीट के तीन आरोपियों को 03-03 वर्ष सश्रम कारावास तथा 03-03 हजार रुपये के अर्थ दण्ड की दिलाई गई सजा

कौशाम्बी। 12 जून, 2008 को थाना मंझनपुर पर वादिनी द्वारा सूचना दी गयी कि बच्चों के विवाद को लेकर आरोपियों द्वारा उनके पति को लाठी-डण्डे से पीट-कर घायल कर दिया गया। इस सम्बन्ध मेंथाना स्थानीय पर अभियोग पंजीकृत किया गया था। जिससे छोटे, कमलेश, सम्भारे निवासीगण कोड़र दक्षिण थाना मंझनपुर को न्यायालय एएसजे एफटीसी-प्रथम द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर गम्भीर एवं जघन्य अपराधों में पैरवी कर आरोपियों को सजा दिलाने के क्रम में पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी के निर्देशन में मानिटरिंग सेल के माध्यम से प्रभावी पैरवी कराते हुए प्रत्येक आरोपी को 03-03 वर्ष सश्रमकारावास तथा 03-03 हजार रू0 के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया। अर्थ दण्ड न अदा करने पर 45-45 दिवस के अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई गयी।

कम्पोजिट विद्यालय परसरा में धूमधाम से मानाया गया वार्षिकोत्सव एवं माता उन्मुखी कार्यक्रम

लोकमित्र ब्यूरो

भरवारी, कौशाम्बी। कम्पोजिट विद्यालय परसरा में 14 मार्च को वार्षिकोत्सव एवं माता उन्मुखीकरण कार्यक्रम मनाया गया जिसमें सभी बच्चों के माता को आमंत्रित किया गया तथा जो बच्चे निपुण हो गये हैं उनको निपुण प्रमाण पत्र वितरित किया गया। प्रधानाध्यापक रविंद्र मिश्र ने माताओं से अपील किया कि वे अपने बच्चों को नियमित स्कूल भेजे साथ ही बच्चों की हर गतिविधियों पर नजर भी रखें और अपने बच्चों को घर में प्रतिदिन विद्यालय का सह कार्य अध्ययन के लिये प्रेरित करें। साथ ही कक्षा 8 वाले बच्चों का विदाई समारोह एवं वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में बच्चों ने खूब धमाल मचाया। विद्यालय की तरफ से कक्षा 8 वाले बच्चों को पुरुष्कर प्रदान किया गया। इस अवसर पर सह अध्यापक नीतू सक्सेना, अध्यक्ष विद्यालय प्रबन्ध समिति अरुण कुमार, सह अध्यापक धीरज सिंह, सरिता चौधरी, प्रगति गुप्ता, सुचित्रा विश्वकर्मा, जिम्मी करवरिया, नैना, नागेंद्र कुमार, लवकुश तथा बच्चों के अभिभावक इस दौरान उपस्थित रहे हैं।

बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे ले जाये और उन्हें नई-नई तकनीकी जानकारी दें-जिलाधिकारी

तुलसीसदन में जनपद स्तरीय निपुण विद्यालय सम्मान समारोह एवं राष्ट्रीय अविष्कार अभियान कार्यक्रम का किया गया आयोजन

निपुण विद्यालयों के 129 प्रधानाचार्यो को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर किया गया सम्मानित

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। तुलसीसदन (हादीहाल) में जनपद स्तरीय निपुण विद्यालय सम्मान समारोह एवं राष्ट्रीय अविष्कार अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी संजीव रंजन ने दीप प्रज्जवलित एवं माँ सरस्वती के चित्र माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। तुलसीसदन परिसर में प्राथमिक विद्यालय के बच्चों द्वारा राष्ट्रीय अविष्कार अभियान की प्रदर्शनी का अवलोकन जिलाधिकारी संजीव रंजन, मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहारा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र सिंह, समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारियों व अध्यापकों द्वारा किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने बच्चों द्वारा लगायी गयी विज्ञान प्रदर्शनी के सम्बन्ध में जानकारी भी प्राप्त की।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाचार्यो/अध्यापकों से कहा कि बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में और आगे ले जाये और उन्हें नई-नई तकनीकी जानकारी दें जिससे वे आगे बढ़कर देश व प्रदेश का नाम रोशन कर सके। उन्होने कहा कि जनपद में 129 विद्यालय निपुण हुये है और अवशेष विद्यालय एवं बच्चों को भी शत् प्रतिशत निपुण बनाया जाये तभी इस अभियान को पूर्ण माना जायेगा। हर एक विकास खण्ड के प्राथमिक विद्यालय को कायाकल्प के माध्यम से बेहतर बनाया जा रहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा बेहतर कार्य किये जा रहे है और जनपद के 99 प्रतिशत विद्यालय कायाकल्प के तहत कार्य पूर्ण कर लिया गया है। कायाकल्प के तहत छूटे हुये विद्यालयों का सौन्दर्यीकरण करा लिया जाये जिससे हमारे जनपद का कोई भी विद्यालय खण्डहर न रहे और बच्चों को अच्छी से अच्छी शिक्षा मिल सके। उन्होने कहा कि जिन विद्यालयों में खेल के मैदान नही है वहां पर खेल के मैदान बनाया जाये। उन्होने कहा कि जितने भी विद्यालय है उनमें सोलर पैनल लगवाने की व्यवस्था सुनिश्चित करा लें। उन्होने अध्यापकों से कहा कि विद्यालयों में बच्चों के साथ अच्छा व्यवहार करें जिससे बच्चे अपनी बात बिना किसी डर के रख सके। उन्होने कहा कि आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन में जिन अध्यापकों की ड्यूटी लगी है वह अपनी ड्यूटी कटवाने के चक्कर में न रहे, लोकसभा सामान्य निर्वाचन को निष्पक्ष, शान्तिपूर्ण एवं सकुशल ढंग से सम्पन्न कराने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभायें।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहारा ने कहा कि निपुण भारत योजना के साथ-साथ अन्य योजनाओं का लाभ छात्र-छात्राओं को दिया जाये और शिक्षा के साथ-साथ बच्चों का मनोबल भी बढ़ाया जाये जिससे बच्चे शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य कर सके। जनपद के जो भी विद्यालय निपुण नही हुये है उन्हें निपुण की श्रेणी में लाया जाये। उन्होने अध्यापकों से कहा कि आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन में दिये जाने वाले प्रशिक्षण को अच्छी तरीक से सीखे जिससे निर्वाचन को सकुशल सम्पन्न कराने में किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। इस दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र सिंह ने आये हुये अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किया और बेसिक शिक्षा विभाग के अन्तर्गत संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। बेसिक शिक्षा विभाग के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुति भी की गयी।

कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी ने निपुण विद्यालयों के 09 प्रधानाचार्यो को प्रशस्त्रि पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया तथा अन्य 120 निपुण विद्यालयों के प्रधानाचार्यो को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी व अन्य अतिथियों ने प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के अन्त में विज्ञान प्रदर्शनी के 94 बच्चों को बैग, जमेटरी बाक्स, सेलो पानी का बॉटल, कापी देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान जिला समन्वयक प्रशिक्षण योगेन्द्र सिंह, जिला समन्वयक निर्माण प्रदीप यादव, विद्यालयों के प्रधानाचार्य, समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी व अन्य सम्बन्धित उपस्थित रहे।

धूमधाम से निकाली गयी भगवान वासुदेव की शोभा यात्रा, लगे जयकारे

लोकमित्र ब्यूरो

लालगंज, प्रतापगढ़। रामपुर बावली क्षेत्र के शुकुलपुर में श्रीमद्भागवत कथा को लेकर गुरूवार को भगवान वासुदेव की शोभा यात्रा निकाली गयी। जिसमें सिर पर आस्था का कलश लिए सैकडो की संख्या में महिला व पुरूष श्रद्धालु शामिल हुए। कलश यात्रा में डीजे पर बज रहे भक्ति गीतों के बीच अबीर गुलाल उड़ाते व नृत्य करते श्रद्धालु राधा कृष्ण की भक्ति में रमे दिखे। कथा व्यास धनंजय दास जी महराज की अगुवाई में कथा स्थल से शुरू हुई कलश शोभा यात्रा रामपुर बावली, पूरे हृदय, इलाकों से भ्रमण करते हुए काली माता मंदिर पहुंची। यहां पर श्रद्धालुओं ने दर्शन पूजन किया। इसके बाद कलश यात्रा वापस कथा स्थल पर समाप्त हुई। शोभा यात्रा का संयोजन प्रवीण शुक्ल उर्फ पिंटू व नितिन कुमार शुक्ल उर्फ रिंकू ने संयुक्त रूप से किया। मुख्य आयोजक केसरी प्रसाद शुक्ल ने श्रद्धालुओं का स्वागत व प्रभावती देवी ने आभार जताया। इस मौके पर सुधीर मिश्र, महन्थ द्विवेदी, पवन पाण्डेय, श्रीशचंद्र पाण्डेय, विनोद द्विवेदी, नरेन्द्र शुक्ल, विनय द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

दुर्घटना में वृद्ध की मौत पर अज्ञात टेम्पो चालक के खिलाफ केस दर्ज

लालगंज, प्रतापगढ़। टेम्पो की टक्कर से वृद्ध की हुई मौत की घटना को लेकर पुलिस ने अज्ञात टेम्पो चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के हरिहरपुर अलीपुर निवासी दयाराम पटेल ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती बुधवार की शाम उसके पिता माताबदल घर से रानीगंज कैथौला जा रहे थे। कैथौला बाजार के समीप टेम्पो ने जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे उसके पिता माताबदल की मौत हो गयी। कोतवाल अवन दीक्षित का कहना है कि मामले में अज्ञात टेम्पो चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

विकास का मजबूत वातावरण बनाये जाने में संसाधनों की दिखेगी सुसज्जा-मोना

राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी व विधायक मोना ने रामपुर संग्रामगढ़ ब्लाक मुख्यालय को दी सौगातें, खिले पंचायत प्रतिनिधियों के चेहरे

लोकमित्र ब्यूरो

लालगंज, प्रतापगढ़। क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना तथा राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी के द्वारा ब्लाक मुख्यालय की सुसज्जीकरण को लेकर पंचायत प्रतिनिधियों ने खुशी जतायी है। रामपुर संग्रामगढ़ ब्लाक मुख्यालय पर विधायक आराधना मिश्रा मोना तथा राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने भव्य प्रवेश द्वार तथा अमृत सरोवर में आकर्षक फव्वारे व कार्यालय के नवीनीकरण समेत जनता की सुविधा के लिए सीसी रोड के चौडीकरण की समारोहपूर्वक सौगात दी है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विधायक मोना ने कहा कि रामपुर संग्रामगढ़ विकास योजनाओं में जिले में आदर्श ब्लाक का दर्जा रखता है। ऐसे में अब यहां भव्य इन्दिरा गांधी प्रवेश द्वार तथा अमृत सरोवर में आकर्षक फव्वारे व लोगों के आवागमन की सुविधा के लिए सीसी रोड के चौडीकरण से विकास का वातावरण और मजबूत होगा।

बतौर मुख्य अतिथि राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने प्रधानो तथा क्षेत्र पंचायत सदस्यों से ब्लाक स्तरीय ग्रामीण विकास से जुडी योजनाओं के संचालन मे प्रभावी योगदान पर जोर दिया। कार्यक्रम में महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए विधायक मोना द्वारा नारी शक्ति केन्द्र के संचालन कराए जाने को लेकर भी खुशी देखी गयी। खण्ड विकास अधिकारी अश्विनी सोनकर ने शासन की विकास योजनाओं तथा कल्याणकारी नीतियों पर प्रकाश डाला।

संचालन राकेश चतुर्वेदी ने किया। संयोजन पूर्व उपप्रमुख भुवनेश्वर शुक्ल ने किया। इस मौके पर जिपंस लालजी यादव, जिपंस रघुनाथ सरोज, अवधेश सिंह, डॉ. नन्हें लाल यादव, रविशंकर शुक्ल, लालजी पटेल, आशीष सिंह आदि रहे। आभार प्रदर्शन एडीओ आजाद सिंह ने किया।

विवेकवान नेतृत्व विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

कटरा गुलाब सिंह,प्रतापगढ़।तीसरी सरकार अभियान के अंतर्गत ÷ पंच परमेश्वर विद्यापीठ ÷ के तत्वावधान में आयोजित विवेकवान नेतृत्व विकास का तीन दिवसीय अन्तरराज्यीय प्रशिक्षण 15 से 17 मार्च को कटरा गुलाब सिंह के निकट बाबूपुर गांव में स्थित आशा पैलेस, कालिका सदन में सम्पन्न होगा। इसमें देश के सात राज्यों से 35 प्रतिभागी सम्मिलित हो रहें हैं। कार्यक्रम में प्रशिक्षक के रूप में डॉ चन्द्रशेखर प्राण , अरुण तिवारी तथा अनिल उदय तिवारी हैं ।यह जानकारी तीसरी सरकार अभियान के कार्यक्रम समन्वयक अमन कुमार वर्मा द्वारा दी गयी। तीसरी सरकार अभियान पंचायतों के संस्थागत विकास और सशक्तीकरण हेतु जनसहयोग से संचालित एक लोक अभियान है।श्री अमन ने बताया कि पंच परमेश्वर विद्यापीठ, विवेकवान नेतृत्व विकास हेतु समर्पित एक संस्थान है। इसके अन्तर्गत देश के सात राज्यों में 20 प्रशिक्षण एवं संसाधन केन्द्र शुरू किए गए हैं।

न्याय दिलाने में अधिवक्ताओं का योगदान है महत्वपूर्ण-एसडीएम

लोकमित्र ब्यूरो

लालगंज, प्रतापगढ़।तहसील सभागार में गुरूवार को हुई बार एवं बेंच की बैठक में वादों के निस्तारण कराए जाने में परस्पर सहयोग का संकल्प जताया गया। बैठक को संबोधित करते हुए एसडीएम प्रवीण द्विवेदी ने कहा कि वादो के निस्तारण में अधिवक्ताओ की भूमिका सदैव प्रभावी रही है। उन्होने कहा कि तहसील मे आने वाले फरियादियों की शिकायतों के निस्तारण कराए जाने मे भी अधिवक्ताओ को प्रभावी योगदान देना चाहिए। उन्होने मतदाता जागरूकता अभियान में भी अधिवक्ताओं से सहयोग मांगा। एसडीएम न्यायिक नैंसी सिंह ने कहा कि वादकारी को सही समय पर न्याय दिलाया जाना ही सम्पूर्ण न्याय की संकल्पना को साकार किया करता है। तहसीलदार धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने भी बार और बेंच के रचनात्मक सहयोग से जनता की उम्मीदों को साकार बनाये जाने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। बैठक की अध्यक्षता संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश व संचालन पूर्व अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने किया।

वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेन्द्र चतुर्वेदी ने स्वागत भाषण तथा उपाध्यक्ष लाल विनोद प्रताप सिंह ने आभार जताया। पूर्व अध्यक्ष देवी प्रसाद मिश्र, ऐल्डर कमेटी के अध्यक्ष राजेन्द्र मिश्र, पूर्व अध्यक्ष टीपी यादव, विकास मिश्र, लाल राजेन्द्र सिंह, कालिका प्रसाद पाण्डेय, बेनीलाल शुक्ल ने भी न्यायिक वातावरण की सुचिता पर जोर दिया। इस मौके पर घनश्याम मिश्र, संतोष पाण्डेय, कमलेश त्रिपाठी, शैलेन्द्र सिंह, विनय शुक्ल, विपिन शुक्ल, कमाल अहमद, राजेश तिवारी, शैलेन्द्र मिश्र, आशीष तिवारी, दीपेन्द्र तिवारी, मो. असलम, मस्तराम पाल, सुरेश मिश्र मदन, सूर्यकांत मिश्र, हरिश्चंद्र पाण्डेय, प्रमोद सिंह, मनीष तिवारी, सुधाकर मिश्र, केके शुक्ला, सुशील शुक्ल, रामकुमार पाण्डेय, प्रदीप सिंह, अखिलेश द्विवेदी आदि अधिवक्ता रहे।

संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत, कोहराम

लोकमित्र ब्यूरो

लालगंज, प्रतापगढ़। संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। हालांकि मृतका के मायके पक्ष के लोग विवाहिता की मौत को लेकर ससुरालीजनों पर हत्या की आशंका में देखे गये। लालगंज कोतवाली के भोगापुर भटनी में विनोद सरोज की पत्नी अनीता 30 का शव गुरूवार की सुबह उसकी दस वर्षीया बेटी ने फंदे से लटकता देखा। मां को फंदे पर लटकता देख मृतका की पुत्री मोहिनी ने शोर मचाया तो परिजन आवाक रह गये। अनीता का शव बंद कमरे में लटक रहा था। सुबह मोहिनी सो कर उठी तो मां को काफी देर तक बाहर न देखकर कमरे के समीप गयी। वहां कमरा अंदर से बंद था। आवाज देने के बावजूद भी अंदर से कोई आवाज न आयी तो मोहिनी ने खिड़की से झांका तो उसकी मां फंदे पर झूलती दिखी। बेटी ने शोर मचाया तो परिजन भी परेशान हो उठे। सूचना मिलने पर लालगंज पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया। अनीता अपने पीछे पुत्री मोहिनी 10 के अलावा पुत्र मोहित 06 तथा कार्तिक 03 को छोड़ गयी है। मृतका का पति विनोद राजस्थान में ईंट भटठे पर काम करता है। प्रभारी निरीक्षक अवन दीक्षित का कहना है कि शव पीएम के लिए भेजा गया है। अभी कोई तहरीर नही मिली है, पीएम रिपोर्ट आने के बाद विधिक कार्रवाई की जाएगी। इधर मां की मौत को लेकर बच्चे बिलखते दिखे। परिजनों में भी कोहराम मचा देखा गया।

सशक्तीकरण के लिए जागरूकता आवश्यक-अपर जिला जज

लोकमित्र ब्यूरो

लालगंज, प्रतापगढ़।स्थानीय ब्लाक सभागार में गुरूवार को ग्रामीण महिला सशक्तीकरण के तहत महिलाओं को स्थानीय स्वशासन प्रणाली की जागरूकता दी गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ अपर जिला जज नीरज कुमार बरनवाल ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। समारोह को संबोधित करते हुए अपर जिला जज नीरज बरनवाल ने कहा कि इस समय महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए देश ने संवैधानिक उपबन्धों के जरिए अधिकारों को मजबूती प्रदान की है। उन्होने कहा कि महिलाओं को शासन की योजनाओं में सहभागिता के अवसर की भी विधिक महत्वता सशक्तीकरण के लिए दिशाबोधक है। उन्होने कहा कि महिलाओं के अधिकारों की संरक्षा के लिए कानून के अन्तर्गत ऐसी व्यवस्था है कि लिंग के आधार पर किसी भी महिला के साथ कोई भी भेदभाव नही किया जाएगा। सीओ रामसूरत सोनकर ने महिला हेल्पलाइन एवं साइबर क्राइम को लेकर सम्मेलन में आयीं महिलाओं को जागरूकता दी। खण्ड विकास अधिकारी इंदुप्रकाश श्रीवास्तव ने विषय प्रवर्तन रखा। कार्यक्रम का संचालन पीएलवी रामप्रकाश पाण्डेय ने किया। इस मौके पर नायब तहसीलदार पंकज कुमार, वरिष्ठ अधिवक्ता विश्वनाथ त्रिपाठी, प्रधान हरिकेश वर्मा, नीलेश तिवारी, मीना, अखिलेश, अफसरून, सरिता, रीना आदि रहे।

आरोपी के खिलाफ अपहरण, दुष्कर्म व मारपीट का मुकदमा दर्ज

लालगंज, प्रतापगढ़। लालगंज कोतवाली के एक गांव की पीडिता की तहरीर पर पुलिस ने एक आरोपी के खिलाफ अपहरण दुष्कर्म व मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है। गांव की पीडिता के अनुसार बीते वर्ष पन्द्रह अगस्त को सुबह उसकी सोलह वर्षीया पुत्री को सराय चौबाहिन लालगंज निवासी मुकेश पटेल पुत्र नन्हें लाल बहलाफुसला कर भगा ले गया। आरोपी ने किशोरी के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। आरोपी ने पीड़िता को कहीं शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी और उसके साथ मारपीट भी किया। कोतवाल अवन दीक्षित का कहना है कि घटना की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

वार्षिकोत्सव में बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने किया मंत्रमुग्ध

लालगंज, प्रतापगढ़। विद्यालय में हुए वार्षिकोत्सव समारोह में स्कूल के बच्चों ने अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के जरिए लोगों को मंत्रमुग्ध किया। नारायणी पब्लिक स्कूल कमयनपुर का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि घनश्याम बहादुर सिंह ने कहा कि शिक्षकों के साथ ही अभिवावकों को भी बच्चों की शिक्षा व संस्कार के प्रति गंभीर बने रहना होगा। शिक्षकों और अभिवावकों के संयुक्त प्रयास से बच्चों का सर्वागीण विकास सम्भव है। विशिष्ट अतिथि इंद्रेश पाण्डेय ने भी बच्चों की शिक्षा पर अपने विचार रखे। इसके पूर्व स्कूल के बच्चों ने गीत, नृत्य आदि की प्रस्तुतियों से लोगों को मंत्रमुग्ध किया। अध्यक्षता वरिष्ठ कवि अंजनी अमोघ ने किया। स्वागत विद्यालय के प्रबन्धक कमलेश मिश्र राजा व संरक्षक रामजी मिश्र ने अतिथियों के प्रति आभार जताया। इस मौके पर विशाल मिश्र, रामआसरे पटेल, अनिल वर्मा, प्रियांक मिश्र, श्रीकांत पाण्डेय, लालजी मिश्र आदि मौजूद रहे।

संदिग्ध परिस्थितियों में जीप में लगी आग बीस लाख की थार जलकर राख

सूचना पर मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड पुलिस ने आग पर पाया काबू

दिलीपपुर थाना क्षेत्र के गोई गांव के पास भोर मे हुई घटना

लोकमित्र ब्यूरो

बीरापुर –रायबरेली जनपद के सलवन थाना क्षेत्र के गजियापुर गांव के रहने वाले हसनैन खान पुत्र अकरम खान पट्टी कोतवाली क्षेत्र के कंजा सराय गुलामी गांव के रहने वाले सदाफ के घर जा रहे थे। इस दौरान पट्टी रानीगंज मार्ग पर गोंई गांव के समीप वाहन पहुंचा था कि अचानक वाहन के सामने नीलगाय आ गई। जिसे बचाने के चक्कर में वाहन चालक थार जीप लेकर सामने पार्किंग में खड़ी ट्रक से जा टकराया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वाहन के परखच्चे उड़ गए। वाहन चालक ने किसी तरह से वाहन से कूद कर अपनी जान बचाई। घटना की सूचना पर मौके पर डायल 112 पुलिस के साथ ही दिलीपपुर थाने की पुलिस पहुंची और फायर कर्मियों को बुलाकर किसी तरह से आग पर काबू पाया। इस दौरान आग की चपेट में आने से पूरा वाहन जलकर राख हो गया।स्थानीय लोगों की माने तो घटनास्थल पर एक्सीडेंट जैसी कोई वारदात नहीं हुई है। और वाहन संदिग्ध परिस्थितियों में जलकर राख हुआ है। घटनास्थल के पास से शराब की बोतल भी मिली है। जिससे मामला संदिग्ध लगता है। जांच के बाद ही घटना का खुलासा संभव हो सकता है।

सुहागिनों ने अवसान माता की विधि विधान से किया पूजन-अर्चन

लोकमित्र ब्यूरो

लालगंज, प्रतापगढ़। लालगंज क्षेत्र के बेलहा गंभीराबाद गांव में कृष्णदत्त शुक्ल के आयोजकत्व में विशाल अवसान माता पूजन कार्यक्रम में पहुंची सुहागिन महिलाओं ने शामिल होकर विधि विधान से अवसान माता का पूजन अर्चन किया। इस बीच महिलाओं द्वारा अवसान मैया का जयकारा भी लगाया गया। पूजन अर्चन के बाद प्रत्येक समूह की एक-एक महिला ने अन्य महिलाओं को अवसान माता की कथा सुनाई। दुरदुरिया में शामिल महिलाओं ने पूजन अर्चन कर परिवार की सुख समृद्धि की मंगलकामना भी की। कार्यक्रम की बतौर मुख्य अतिथि चेयरपर्सन लालगंज अनीता द्विवेदी रहीं। पूजन उत्सव का संचालन सरला शुक्ला ने किया। इस मौके पर रश्मि शुक्ला, आशा सिंह, सुनीता शुक्ला, उमा शुक्ला, कुसुम, फूलमति देवी, मीरा सिंह, धर्मा देवी, सुशीला गुप्ता, कमला यादव, चमेला देवी, सुषमा देवी, रत्ना, प्रीतिका आदि रहीं। कार्यक्रम को सफल बनाने मे अतुल शुक्ल, अभिनव शुक्ल, रामअभिलाष यादव, आलोक शुक्ल, अवशेष शुक्ल, ऋषभ शुक्ल, रिशेष शुक्ल आदि का सराहनीय योगदान दिखा।

किसान की गला रेतकर हत्या, देवरी गांव में हुई घटना

देवस्थान के पास मिला रक्तरंजित शव ननिहाल में मिली प्रापर्टी विवाद माना जा रहा हत्या कारण

लोकमित्र ब्यूरो

पश्चिम शरीरा, कौशाम्बी। पश्चिम शरीरा कोतवाली के देवरी गांव में बुधवार की रात किसान की चाकू से गला रेतकर हत्या कर दी गई। गुरूवार की सुबह गांव से बाहर देवस्थान के पास रक्तरंजित शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक के गले, सीने और सिर पर चोट के निशान थे। हत्या का कारण ननिहाल में मिली प्रापर्टी का विवाद बताया जा रहा है। पुलिस घटना की छानबीन कर रही है।

देवरी गांव निवासी रामसूरत यादव (55) खेती-किसानी कर परिवार का गुजारा करता था। बुधवार रात वह अपने बेटे धर्मेंद्र और अंकित के साथ खेत में फसल की सिंचाई करने गया था। इसके बाद रात करीब दस बजे बेटों ने उसे घर भेज दिया। इसी दौरान किसान की चाकू से गलारेतकर हत्या कर दी गई। खेत की सिंचाई करने के बाद बेटे घर पहुंचे तो रामसूरत नहीं मिला। गुरूवार की सुबह गांव के बाहर भैरमबाबा डेरा के पास रामसूरत का शव खून से लथपथ पड़ा मिला। मृतक के सीने, गले और सिर पर चाकू से चोट के निशान मिले है। किसान की निर्मम हत्या से इलाके में सनसनी फैल गई। हत्या की जानकारी परिजनों को चली तो कोहराम मच गया। सूचना के बाद एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव, सीओ कौशाम्बी अभिषेक सिंह पश्चिमशरीरा और महेवाघाट कोतवाली पुलिस व फील्ड यूनिट के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। पुलिस ने जांच पड़ताल करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के बेटे धर्मेन्द्र ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि मंझनपुर कोतवाली के भेलखा गांव में पिता रामसूरत का ननिहाल है उसे वहां पर एक बीघे जमीन मिली थी। इसे लेकर उसका विवाद चल रहा है। मामला एडीएम न्यायिक की अदालत में विचाराधीन है। सीओ ने बताया कि घटना की छानबीन की जा रही है। मृतक की पत्नी प्रभा देवी की तहरीर पर भेलखा गांव के हरिश्चंद्र व मूलचंद्र के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की तहकीकात की जा रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

नशेड़ी पति पत्नी के साथ मारपीट कर नकदी जेवरात लेकर फरार

सिराथू, कौशाम्बी। सैनी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक विवाहिता ने नशेड़ी पति पर मारपीट कर नकदी व जेवरात लेकर फरार हो जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है। सैनी कोतवाली क्षेत्र के निदुरा का मजरा चौरा निवासी रामा देवी पत्नी सुरेंद्र कुमार ने गुरुवार को सैनी पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया की उसकी शादी लगभग दस वर्ष पहले फिरोजाबाद में हुई थी उसका अपने पति से दो पुत्रियां है , विवाहिता का आरोप है की उसका पति नशे की हालत में आए दीन मारपीट करता है और घर से भगाता है जिससे आजिज आकार लगभग एक माह से मायके में रह रही थी , पीड़िता रामा देवी के मुताबिक उसका पति दो दिन पहले घर आया था जहां बक्शे का ताला तोड़कर नकदी , मोबाइल व जेवरात लेकर फरार हो गया

देश के मतदाता है वोट देना आता है- लवकुश मौर्य

सौरई खुर्द गांव में रैली निकाल मतदाताओं को किया जागरुक

लोकमित्र ब्यूरो

सिराथू, कौशाम्बी। लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान को लेकर गुरुवार को सिराथू ब्लॉक के सौरई खुर्द गांव मे जागरूकता रैली निकाली गई। स्कूली बच्चों के साथ प्रमुख प्रतिनिधि लवकुश मौर्य व अधिकारी शामिल रहे। ग्राम पंचायत का भ्रमण कर अधिकारियों ने वोटरों को मतदान के प्रति वचनबद्ध किया। रैली मे शामिल जिला पंचायत राज अधिकारी रवि शंकर त्रिवेदी ने कहा की प्रत्येक भारतीय का वोट देना परम कर्तव्य है आपके एक मत से लोकतंत्र को मजबूती मिलेगी जिससे स्वच्छ छवि की सरकार बन कर देश का विकास कर सकेगी। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि लवकुश मौर्य ने मतदान का महत्व बताते हुए इस बार के चुनाव में शत प्रतिशत वोटिंग करने की अपील की ।

खंड विकास अधिकारी भवेश कुमार शुक्ल ने नए मतदाताओं से आवाहन करते हुए कहा पहली बार मिले इस अधिकार का उपयोग करके लोकतंत्र को मजबूत करने में अपना अहम योगदान करें।

इस दौरान रैली ने पूरे गांव का भ्रमण किया और मतदाताओं से वोटिंग के बाद जलपान करने का संकल्प लिया। भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने मतदान के प्रति जागरुक करते हुए कहा भारत के संविधान में सरकार बनाने का अधिकार प्रत्येक नागरिक को दिया गया है। जिसका उपयोग करके हमें देश व क्षेत्र के विकास के लिए स्वच्छ ईमानदार छवि के जनप्रतिनिधि का चयन करना चाहिए। इस मौके पर जिला पूर्ति अधिकारी अमित तिवारी, ग्राम प्रधान रावेंद्र प्रताप सिंह , धर्मेंद्र सिंह , एडीओ पंचायत विश्व बंधु, ग्राम पंचायत सचिव अमित साहू, प्रधानाध्यापक धीरज बाजपेई व स्कूल के छात्र-छात्रा शामिल है।

अनियंत्रित डीसीएम की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल

लोकमित्र ब्यूरो

मनौरी, कौशाम्बी। पिपरी कोतवाली क्षेत्र के गुंगवा का बाग के समीप गुरुवार की सुबह बाइक से मनौरी बाजार सामान लेने के लिए जा रहे बाइक सवार युवकों को अनियंत्रित डीसीएम ने टक्कर मार दिया। हादसे के बाद दोनों युवक बाइक समेत सड़क पर गिरकर घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने भागकर दोनों को उठाया और पास के निजी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया।

गिरिया खालसा गांव निवासी दिनेश कुमार (35) पुत्र दशरथ लाल अपने साथी श्रीनाथ (40) पुत्र सजीवन के साथ बाइक से मनौरी बाजार सामान लेने के लिए जा रहा था।इसी दौरान गुंगवा का बाग के समीप सामने से आ रही अनियंत्रित डीसीएम ने बाइक में टक्कर मार दिया। टक्कर लगते ही दोनों बाइक समेत सड़क पर गिरकर घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने भागकर उन्हें उठाया और इलाज के लिए पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। घटना की जानकारी मिलने के बाद घायलों के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए।

मनौरी के आठ वर्षीय अरमान और सात वर्षीय जाहिरा ने रखा पहला रोजा

लोकमित्र ब्यूरो

चायल, कौशाम्बी। रमजान में बड़ों के साथ-साथ मासूम बच्चे भी रोजा रख कर खुदा की इबादत कर रहे हैं। रोजा रख रहे मासूम बच्चों ने बताया कि परिजनों से प्रेरित होकर उन्होंने रोजा रखने का मन बनाया। रोजा रखकर वह लोग खुदा की इबादत में लग गए। धूप और गर्मी की परवाह किए बिना नन्हें मुन्ने बच्चों का भी रोजा चल रहा है। अल्लाह और उसके रसूल की रजा हासिल करने के लिए भूख और प्यास की शिद्दत बर्दाश्त कर रहे हैं।

पुरामुफ्ती के मनौरी गांव निवासी नासिर अली के आठ वर्षीय बेटे अरमान अली और कुर्बान अली की सात वर्षीय बेटी जाहिरा बानो ने बुधवार को पहला रोजा रखा। दोनों बच्चे पिछले कई महीने से रमजानुल मुबारक के महीने का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। रोजा रखने के साथ-साथ

अरमान और जाहिरा अपने परिजनों के साथ नमाज भी अदा करते हैं। अरमान और जाहिरा ने बताया कि खुदा की खुशनूदी हासिल करने के लिए भूख और प्यास को बर्दाश्त किया। उनके रोजा रखने पर घर में खुशी का माहौल है। इसके अलावा भी इलाके में ऐसे अनेक बच्चे हैं, जिन्होंने जिंदगी का पहला रोजा रखा। बच्चों के रोजा रखने पर परिजनों ने घर में अच्छे अच्छे पकवान बच्चों के लिए बनाए थे। रोजा खोलने के बाद बच्चों ने घर वालों के लिए रिज्क और देश में अमन-चौन के लिए दुआ मांगी।

बस से निकली बेटी पोती लापता

सिराथू, कौशाम्बी। सैनी कोतवाली क्षेत्र के स्थानीय बस अड्डे से चौडगरा के लिए निकली बेटी पोती चौबीस घंटे बीतने के बाद घर नहीं पहुंची अनहोनी की आशंका जताते हुए पिता ने मामले की सूचना पुलिस को दी जिसके बाद पुलिस जांच में जुट गई है। कोखराज थाना क्षेत्र के जमालमऊ निवासी सत्तीदीन पटेल पुत्र जगन्नाथ ने गुरुवार को सैनी पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया की उसकी 21 वर्षीय बेटी सुभद्रा व तीन वर्षीय पोती काव्या को बुधवार की सुबह सैनी में स्थित बस अड्डे से फतेहपुर जनपद के चौडगरा के लिए बैठाया था जिसके बाद अब तक घर नहीं पहुंची । पिता ने अनहोनी की आशंका जताते हुए पुलिस को लिखित सूचना दी जिसके बाद पुलिस जांच पड़ताल ने जुट गई है।

अनियंत्रित कार की टक्कर से ई रिक्शा सवार 8 लोग घायल

लोकमित्र ब्यूरो

कसेंदा, कौशाम्बी। एयरपोर्ट थानाक्षेत्र के फनगांव कादिलपुर के समीप गुरुवार की दोपहर अनियंत्रित कार ने ई रिक्शा में टक्कर मार दी।हादसे में महिलाओं समेत आठ लोग घायल हो गये। मौके पर पहुंचे लोगों ने कार चालक को पुलिस के सुपुर्द कर घायलों को इलाज के लिए मेडिकल अस्पताल में भेज दिया। सूचना पाकर घायलों के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए।कादिलपुर गांव निवासी रामकुमार ई रिक्शा चालक है।उसके अनुसार गुरुवार को कादिलपुर गांव से सवारियां लेकर उनको मरीज दिखाने के लिए प्रयागराज स्थित एक अस्पताल गया था। दोपहर के समय वह उन सभी के साथ लौट रहा था।इसी दौरान फनगांव कादिलपुर के समीप सामने से आ रही अनियंत्रित कार ने उसके ई रिक्शा में टक्कर मार दी।हादसे में प्रदुम्न कुमार,अनीता देवी,पिंकी देवी,सविता देवी, पप्पू और पुष्पा देवी समेत आठ लोग घायल हो गये। मौके पर पहुंचे लोगों ने कार चालक को पकड़कर पुलिस के सुपुर्द कर एम्बुलेंस की सहायता से घायलों को इलाज के लिए मेडिकल अस्पताल भेज दिया। घटना की जानकारी पाकर घायलों के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए।

अपना दल एस की हुई मासिक बैठक

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। अपना दल एस मंझनपुर विधानसभा की मासिक बैठक नगर पंचायत करारी जोन कार्यालय में संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष अश्वनी सिंह पटेल ने किया मुख्य अतिथि के रूप में जवाहर लाल सिंह पटेल उर्फ बादशाह राष्ट्रीय सचिव पंचायत मंच व विशिष्ट अतिथि जिला उपाध्यक्ष वेद प्रकाश शुक्ला व जिला उपाध्यक्ष डॉ0 चंद्र भवन पाल रहे। कार्यक्रम का संचालन भारत कुमार वर्मा विधानसभा महासचिव के द्वारा किया गया। बैठक में निम्न बिंदुओं चर्चा हुई मुख्य अतिथि जवाहर सिंह पटेल ने राष्ट्रीय सचिव ने अपने संबोधन में कहा कि आगामी लोकसभा के चुनाव में एनडीए और अपना दल एस के गठबंधन से जो भी प्रत्याशी मैदान में आएगा उसे हम अपने गठबंधन धर्म को निभाते हुए अपने संसदीय क्षेत्र से जिताकर दिल्ली भेजने का काम करेंगे और अपनी बहन अनुप्रिया पटेल जी के हाथों को मजबूत करेंगे इस अवसर पर पार्टी से नवनियुक्त हुए पदाधिकारियों को विशिष्ट अतिथि डॉक्टर चंद्र भवन पाल व वेद प्रकाश शुक्ला के कर कमलों द्वारा वितरित किया गया तथा डॉक्टर पाल ने अपने संबोधन में कहा कार्यकर्ता किसी के बहकावे में ना आ कर अपने कर्तव्य का निर्वहन करें और खास कर मैं अपने पाल समाज से अपील करता हूं कि अपने समाज में संगठित होकर एनडीए और अद गठबंधन को ही समर्थन करें बैठक में सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कलीम हाशमी जिला अध्यक्ष श्रमिक मंच जीशान वारसी अल्पसंख्यक मंच, रामदुलारी प्रजापति मंझनपुर विधानसभा अध्यक्ष महिला मंच, प्रहलाद सिंह पटेल विधानसभा उपाध्यक्ष, रवींद्र कुमार पाल जिला उपाध्यक्ष श्रमिक मंच, विजय कुमार सिंह पटेल जिला उपाध्यक्ष, राजेंद्र कुमार पाल कोषाध्यक्ष, कौशल यादव सेक्टर अध्यक्ष, कृष्ण प्रकाश पाल उत्तरी महासचिव, संदीप कुमार यादव, विनोद कुमार पाल, कुलदीप वर्मा विधानसभा अध्यक्ष, रमेश कुमार सरोज जिला सचिव, सीमा सिंह, पूजा देवी, हंसराज पाल जिला सचिव, शिवकुमार पाल राकेश कुमार गुप्ता आदि पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

सैनी पुलिस ने पैरामिलिट्री फोर्स के साथ अजुहा क्षेत्र में किया गश्त

लोकमित्र ब्यूरो

अजुहा, कौशाम्बी। आगामी लोकसभा चुनाव व त्योहारों के मद्देनजर एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में गुरुवार को सैनी पुलिस द्वारा अजुहा क्षेत्र में पैरामिलिट्री फोर्स के साथ ड्रोन कैमरे के जरिए एरिया डोमिनेशन किया जहां सशस्त्र पुलिस बल कंपनी कमांडर सुग्रीव सिंह का नवीन मंडी समिति प्रांगण में सैनी कोतवाली के अतिरिक्त निरीक्षक अयोध्या प्रसाद व अजुहा चौकी इंचार्ज अरुण कुमार मौर्य ने माल्यार्पण कर स्वागत किया ।

जिसके बाद सशस्त्र सीमा बल के जवानों के साथ सैनी कोतवाली पुलिस ने राष्ट्रीय राजमार्ग होते हुए ड्रोन कैमरे के जरिए सनई मंडी, सब्जी मंडी , गुड़ मंडी , लाई मंडी होते हुए पुलिस चौकी पहुंची वहां से काफिला धुमाई, सांखा क्षेत्र का डोमिनेशन करते हुए चेतावनी दी गई कि अगर किसी ने चुनाव में व्यवधान पहुंचाने की कोशिश की तो उसकी खैर नहीं जवानों ने मतदाताओं से कहा कि पुलिस प्रशासन उनकी रक्षा और सुरक्षा के लिए तैयार खड़ा है निर्भीक होकर मतदान केंद्र पर जाएं आप लोग और मतदान करें इस दौरान अतिरिक्त निरीक्षक अयोध्या प्रसाद , चौकी इंचार्ज अरुण कुमार मौर्य एवं पैरा मिलिट्री फोर्स के जवान मौजूद रहे।

गुवारा में चल रही श्रीराम कथा के पांचवे दिन राम विवाह का हुआ वर्णन

लोकमित्र ब्यूरो

करारी, कौशाम्बी। गुवारा गांव में चल रही श्रीराम चरित्र मानस कथा के पाँचवे दिन कथा वाचिका अनुपमा रामायणी ने बताया कि महर्षि विश्वामित्र के आश्रम में जनकपुर से सीता स्वयंवर का आमंत्रण लेकर महाराज जनक का दूत आया। जिसे विश्वामित्र जी ने आश्वासन दिया कि वे राम और लक्ष्मण सहित अवश्य पधारेंगे। जनकपुर जाते समय श्री राम, देवी अहिल्या का उद्धार करते हैं। जनकपुर पहुंचकर मुनि विश्वामित्र राम और लक्ष्मण का महाराज जनक से परिचय कराते हैं। दोनों राजकुमारों की छवि देखकर महाराज जनक अति प्रसन्न हो जाते हैं। इसके बाद राम और लक्ष्मण पुष्पवाटिका का भ्रमण करने पहुंचते हैं ,जहां माता सीता उन्हें देखती हैं।

भगवान राम स्वयंवर में जैसे ही प्रवेश करते हैं सब उनके मनमोहक रूप को देखकर मोहित हो उठते हैं। स्वयंवर में महाराजा जनक घोषणा करते हुए कहते हैं कि जो भी राजा धनुष का खंडन करेगा उस राजा से अपनी पुत्री सीता का विवाह करेंगे । राजा जनक की घोषणा को सुनकर संसार के विभिन्न राज्यों से आए

राजाओं ने एक-एक करके धनुष को खंडन करने का प्रयास किया लेकिन सभी राजा विफल रहे। धनुष का खंडन तो दूर कोई भी राजा धनुष को हिला तक नहीं पाए।

यह सब देखकर महाराजा जनक भरी सभा में एलान करते हैं कि विश्व में कोई भी वीर नहीं बचा जो इस धनुष का खंडन करेगा। उनकी बात को सुनकर भगवान राम के साथ मौजूद उनके भाई लक्ष्मण क्रोधित होते है। लक्ष्मण को क्रोधित होता देख भगवान राम ने उनको शांत किया। यह सब देखकर मुनि विश्वामित्र ने भगवान श्रीराम को आदेश दिया कि वह धनुष का खंडन करें ।भगवान श्री राम गुरु का आदेश का पालन करते हुए धनुष को तिनके के समान उठा कर उसका खंडन कर देते है। भगवान श्री राम के द्वारा धनुष का खंडन करते ही देवताओं के द्वारा पुष्प वर्षा के के साथ अभिनंदन किया जाता है। धनुष तोड़ने के बाद सीता ने भगवान राम के गले में जयमाला डाल दी। सभी देवी देवताओं ने पुष्प वर्षा कर दोनों को आशीर्वाद दिया।इस मौके पर हरिश्चंद्र मौर्य,कौशलेंद्र,उमेश,नत्थू केशवानी,अयोध्या प्रसाद, अमर सिंह,मोहित यादव सहित सैकड़ों श्रोता उपस्थित रहे।

जन आंदोलन से दूर होगा कुपोषण- ज्योति गुप्ता

विकास खण्ड मूरतगंज में मनाया गया पोषण पखवाड़ा कार्यशाला

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। बाल विकास परियोजना मूरतगंज में विकासखंड परिसर में पोषण पखवाड़ा कार्यशाला का आयोजन किया गया। पार्षद ज्योति गुप्ता द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। रेनू वर्मा बाल विकास परियोजना अधिकारी द्वारा बताया गया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 9 मार्च से 23 मार्च तक बाल विकास विभाग द्वारा पोषण पखवाड़ा मनाया जा रहा है जिसका उद्देश्य जन आंदोलन के माध्यम से पोषण संबंधी व्यवहार के व्यापक प्रचार प्रसार से महिलाओं एवं बच्चों के पोषण स्तर में सुधार लाना है। इस वर्ष पोषण माह की मुख्य तीन थीम निर्धारित की गई है। पोषण भी पढ़ाई भी, पारंपरिक व स्थानीय आहार प्रथाओं पर केंद्रित पोषण के प्रति संवेदनशीलता पर ध्यान केंद्रित किया जाना, गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य व आईवाईसीएफ के प्रति जागरूकता। कार्यक्रम में उपस्थित सहायक विकास अधिकारी आईएसबी, सहायक विकास अधिकारी पंचायत,चिकित्सा अधिकारी मूरतगंज व डबल्यूएचओ प्रतिनिधि द्वारा भी स्वास्थ्य व पोषण के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं की गोद भराई 6 माह पूरे कर चुके बच्चों का अन्नप्राशन तथा स्वस्थ बच्चों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। सुपरवाइजर गीता देवी द्वारा ऊपरी आहार पर चर्चा की गई तथा केसरी यादव द्वारा मंच संचालन करते हुए उपस्थित लोगों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

युवक ने पत्नी के मायके चले जाने पर ट्रेन से कटकर जान दी

चायल, कौशाम्बी। संदीपन घाट थानाक्षेत्र के केसी का पूरा गांव के सामने बुधवार की रात पत्नी के मायके चले जाने से निराश होकर युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। जानकारी मिलने के बाद परिजन रोते बिलखते घटनास्थल पर पहुंचे। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।चरवा कस्बा के उत्तर थोक निवासी झुरई रैदास मजदूरी कर परिवार का गुजारा करता है। उसने अपने बेटे दिनेश रैदास (25) की शादी एक साल पहले की थी। लोगों के अनुसार कुछ दिनों से दंपति के बीच में कुछ विवाद चल रहा था। मंगलवार को पत्नी अपने मायके चली गई। परिजनों के अनुसार पत्नी के मायके जाने के बाद वह गुमसुम रहने लगा। बुधवार रात संदीपन घाट थाने के केसी का पूरा गांव के सामने युवक ने रेलवे ट्रैक पर पहुंचकर ट्रेन के सामने कूदकर जान दे दी। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजन रोते बिलखते घटनास्थल पर पहुंचे। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। एसओ भुवनेश चौबे का कहना है कि शव कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया गया है।

युवक ने नशीली मिठाई खिलाकर बच्चों संग महिला को किया अगवा

लोकमित्र ब्यूरो

चायल, कौशाम्बी। संदीपन घाट थानाक्षेत्र के एक गांव की महिला ने युवक पर मिठाई में नशीला पदार्थ मिलाकर खिलाने के बाद बच्चों के साथ अगवा करने का आरोप लगाया है। छह दिन तक उसे कमरे में बंद कर जबरन दुष्कर्म करने और कोर्ट मैरिज कराने का भी आरोप है। गुरुवार को महिला ने पति के साथ जाकर मामले की शिकायत एसपी से करते हुए जांच कराकर न्याय की गुहार लगाई है। एसपी ने एसओ को मामले की जांच कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

क्षेत्र के एक गांव का युवक मजदूरी कर परिवार का गुजारा करता है। छह मार्च को वह काम करने के लिए गया था। रात में वह वापस नहीं लौटा। घर पर उसकी पत्नी अपने तीन बच्चों के साथ थी। महिला के अनुसार रात में गांव का ही एक युवक उसके घर नशीली मिठाई लेकर आया और उसे जबरन खिला दिया। मिठाई के खाते ही महिला का दिमागी संतुलन बिगड़ गया। मिठाई खिलाने के बाद वह अपने घर चला गया। सात मार्च की भोर में आकर वह महिला और उसके बच्चों को अगवा कर ले जाकर कार में बैठा दिया। कार में पहले से मौजूद चालक वाहन लेकर चल दिया। युवक महिला और उसके बच्चों को मथुरा ले गया। वहां एक कमरा किराए पर लेकर उसे वहीं रख दिया। इस दौरान कई दिन तक उसने जबरन उसके साथ दुष्कर्म किया। वहीं उसने जबरन कोर्ट मैरिज करा लिया। कोर्ट मैरिज कराने के बाद युवक सोमवार को उसे चरवा थाना इलाके के एक गांव में अपनी बहन के घर ले गया। एक दिल वहां रखने के बाद मंगलवार को गांव लेकर पहुंच गया। महिला ने अपने घर पहुंचकर पति को घटना की जानकारी दी। जानकारी मिलने के बाद पति के होश उड़ गए। उसने पत्नी के साथ थाने जाकर आरोपी युवक के खिलाफ तहरीर दी। आरोप है कि थाना मे मौजूद कांस्टेबल ने उसे थाने से भगा दिया। गुरुवार को महिला ने पति के साथ मामले की शिकायत एसपी से करते हुए जांच कराकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई। एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने एसओ भुवनेश चौबे को मामले की जांच कराकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई।

मेरा प्रयास है कि सभी वार्डों में सडकों का जाल बिछाया- कविता पासी

भरवारी, कौशाम्बी। नगर पालिका परिषद भरवारी के वार्ड नंबर 8 लियाकत अली नगर (मुरादपुर रोही) में नवनिर्मित इंटरलॉकिंग सड़क एवं कवर्ड नाली निर्माण कार्य हुआ। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष कविता पासी ने फीता काटकर उद्घाटन कर जनमानस को समर्पित किया। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष कविता पासी ने कहा कि मेरा प्रयास है कि नगर पालिका परिषद भरवारी के सभी वार्डों में सड़कों का जाल बिछाया जाए ताकि नगर पालिका परिषद नगर वासियों को किसी भी तरह की समस्याओं का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर सम्मानित सभासद प्रतिनिधि आसिफ अधिशासी अधिकारी राम सिंह एवं लेखा लिपिक बब्लू गौतम भी मौजूद रहें।

शैक्षिक भ्रमण में दिव्यांग बच्चों ने जाना कौशांबी का इतिहास

बीएसए ने दिखाई हरी झंडी

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। समेकित शिक्षा के अंतर्गत दिव्यांग बच्चों के एक्सपोजर विजिट ध् शैक्षिक भ्रमण कराए जाने को लेकर गुरुवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कमलेंद्र कुमार कुशवाहा ने बस को हरी झंडी दिखाकर विजिट को रवाना किया। विजिट में अस्थि दिव्यांग, दृष्टि दिव्यांग व मुक बधिर बच्चों व मानसिक मंदित बच्चों को गौतम बुद्ध की तपोस्थली कौशांबी ले जाकर अशोक की लाट,कौशांबी का किला, श्वेतांबर जैन मंदिर, कंबोडिया बौद्ध मंदिर और प्रभास गिरी व जैन मंदिर का भ्रमण कराने के पश्चात शैक्षिक संस्थान राजेंद्र सिंह राम भजन सिंह इंटर कॉलेज का भ्रमण कराया गया और इन ऐतिहासिक और धार्मिक स्थानों के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। बच्चे भी उत्साहपूर्वक जानकारी प्राप्त किए। उसके बाद बच्चों को भोजन व जलपान कराया गयाद्य विजिट में जिला समन्वयक बीरेंद्र कुमार, समेकित शिक्षा राम बहादुर कुशवाहा, पुष्पेंद्र सिंह, शारदा कुमार सिंह, पुष्पेंद्र कुमार द्विवेदी, अभिषेक सिंह,कृष्ण कुमार तिवारी,श्रद्धा सिंह व फिजियोथैरेपिस्ट पंकज साहू आदि रहे।

सम्पादकीय

चुनाव से ठीक पहले

सीएए को सिर्फ सीमित चुनावी नजरिए से देखना उचित नहीं होगा। बल्कि यह भाजपा की वैचारिक परियोजना का एक महत्त्वपूर्ण हिस्सा है। इसके जरिए भारतीय नागरिकता को तय करने वाली कसौटियों में अब धर्म एक पहलू बन गया है।केंद्र सरकार ने नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) को लागू कर दिया है। इसके लिए जरूरी नियम जारी कर दिए गए हैं। जाहिर है, ये कदम 18वें आम चुनाव से ठीक पहले उठाया गया है। खबरों के मुताबिक हफ्ते भर के अंदर चुनाव कार्यक्रम की घोषणा होने वाली है। उस पृष्ठभूमि में इसे सरकार और सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी के एक चुनावी कदम के रूप में देखा जा सकता है। महजबी आधार पर ध्रुवीकरण भाजपा की एक प्रमुख राजनीतिक ताकत है।अगर चार साल पहले की घटनाओं पर- जब सीएए पारित हुआ था- गौर करें, तो तब इस कानून के खिलाफ एक बड़ा आंदोलन हुआ था, जिसमें मुस्लिम समुदाय ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। उसी सिलसिले में दिल्ली में दंगा भी हुआ। इससे सांप्रदायिक ध्रुवीकरण को हवा मिली थी। कानून लागू होने के साथ उन सारी घटनाएं की याद ताजा हो सकती है। इसके अलावा अगर फिर से इस कानून का विरोध हुआ, तो ऐसा माहौल और अधिक गरमा सकता है। बहरहाल, इस कानून को सिर्फ इस सीमित नजरिए से देखना उचित नहीं होगा। बल्कि यह भाजपा की वैचारिक परियोजना का एक महत्त्वपूर्ण हिस्सा है।इसके जरिए भारतीय नागरिकता को तय करने वाली कसौटियों में अब धर्म एक पहलू बन गया है। इस कानून के तहत अफगानिस्तान, पाकिस्तान और बांग्लादेश से भारत आने वाले गैर-मुस्लिम व्यक्ति भारतीय नागरिकता के लिए अर्जी दे सकेंगे। इस तरह मजहब नागरिकता तय करने की एक कसौटी बन जाएगा। समझा जा सकता है कि यही व्यवस्था करना इस कानून का मुख्य मकसद है।वरना, अगर उद्देश्य पड़ोसी देशों में उत्पीड़ित व्यक्तियों को राहत देना होता, तो फिर इस कानून के दायरे में श्रीलंका और म्यांमार को भी शामिल किया जाता- जहां अधिकतर उत्पीड़ित व्यक्ति हिंदू धर्म को मानने वाले होते हैं। जाहिर है, कानून उत्पीड़ित शरणार्थियों को राहत देने के लिए नहीं, बल्कि भारतीय राज्य के मूलभूत स्वरूप में परिवर्तन के लिए बनाया गया है। भाजपा का हमेशा से यह एक वैचारिक उद्देश्य रहा है। इस बीच चूंकि सुप्रीम कोर्ट ने इसके खिलाफ दायरे याचिकाओं को लटका रखा है, इसलिए सरकार के इस ओर बढ़ने का मार्ग प्रशस्त हो गया है।

मेष राशि-आज आपके जीवन में कुछ नए बदलाव हो सकते हैं। कारोबार में कोई शुभ समाचार मिल सकता है। जीवनसाथी के साथ आप कहीं घूमने का प्लान बना सकते हैं। रिश्तें बेहतर बने रहेंगे। आपकी किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है। आपको अपना ध्यान अपने लक्ष्य पर बनाए रखना चाहिए। किसी की मदद मिलने से आप जीवन में आगे बढ़ सकते हैं।

वृष राशि-आज आपका दिन खास रहेगा। सोचे हुए सभी काम पूरे हो जाएंगे। बिजनेस में पैसा लगाना आपके लिए फायदेमंद रहेगा। विवाहितों के लिए भी आज का दिन बढ़िया है। काम के लिए आपकी ऊर्जा बनी रहेगी। शिक्षा से जुड़ी आपकी सभी मनोकामनाएं पूरी होंगी। साथ ही मेडिकल कॉम्पिटीशन की तैयारी कर रहे छात्रों को जल्द ही अपनी मेहनत का फल मिल सकता है। इनकम के एक्स्ट्रा सोर्स मिलने से आपका बैंक बैलेंस मजबूत होगा।

मिथुन राशि -आज आपका दिन शानदार रहेगा। आपको कुछ अच्छे मौके मिल सकते हैं। किसी तरह की नई प्लानिंग को लेकर आप कोई बड़ा फैसला लें सकते हैं। संतान की ओर से भी आपको अच्छी खुशखबरी मिल सकती है। पारिवारिक सुख-शांति बनी रहेगी। दफ्तर में कोई उलझा हुआ मामला सुलझ सकता है। ऑफिस के किसी काम से आपको यात्रा करनी पड़ सकती है।

कर्क राशि-आज किसी काम के लिए आपके मन में कोई विचार आ सकता है। काम अधिक होने से आपका तनाव भी थोड़ा बढ़ सकता है। शाम को बच्चों के साथ समय बिताने पर आप राहत महसूस करेंगे। प्रॉपर्टी के लिए आपको कोई अच्छी डील मिल सकती है। ऑफिस के काम को जल्दबाजी में करने से आपको बचना चाहिए। आपसे कुछ गलतियां होने की संभावना हो सकती हैं। पति-पत्नी एक-दूसरे के साथ अच्छा समय बिताएंगे।

सिंह राशि-आज आपका दिन सामान्य रहेगा। वित्तीय मामलों में समझदारी से काम लेना आपके लिए बेहतर रहेगा। जीवनसाथी की सलाह फायदेमंद हो सकती है। बिजनेस में नई परियोजनाओं को लागू करने से आपको फायदा हो सकता है। ऑफिस में किसी सहकर्मी के साथ बहस करने से आपको बचना चाहिए। आपको पैसों से जुड़े बड़े फैसले सोच-समझकर लेने चाहिए।

कन्या राशि-आज आपका दिन उत्तम रहेगा। कामकाज के मामले में परिस्थिति अच्छी रहेगी। आप खुद को सेहतमंद महसूस करेंगे। जीवनसाथी के साथ किसी धार्मिक स्थल की यात्रा पर जा सकते हैं, इससे आपके संबंधों की मजबूती बरकरार रहेगी। आपकी आर्थिक स्थिति भी मजबूत होगी। माता-पिता आपकी मेहनत से खुश रहेंगे। आपको सभी काम में उनका सपोर्ट भी मिलेगा। बेहतर परिणाम के लिए टीचर्स भी आपके साथ खड़े रहेंगे। व्यापार को बढ़ाने के मामले में आपकी मेहनत सफल रहेगी।

तुला राशि-आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। बिजनेस के सिलसिले में आपको यात्रा करनी पड़ सकती है। किसी से बात करते समय आपको विनम्र स्वभाव का प्रयोग करना चाहिए। इससे लोग आपसे प्रभावित रहेंगे। इस राशि के बिल्डर्स को किसी नए प्रोजेक्ट से लाभ हो सकता है। आप थोड़े सोच-विचार में रह सकते हैं। आपकी आर्थिक स्थिति सामान्य बनी रहेगी। आप खुद को थकान से भरा महसूस कर सकते हैं। आपको अपनी जीवनशैली में बदलाव करने की और खान-पान पर ध्यान देने की जरूरत है। अपने मस्तक पर चंदन का तिलक लगाएं, आपका स्वास्थ्य बेहतर रहेगा।

वृश्चिक राशि-आज आपका दिन पहले की अपेक्षा अच्छा रहेगा। खुद की मेहनत से आप परिवार की अपेक्षाओं पर खरे उतरने में कामयाब हो सकते हैं। किसी जरूरी काम में आपको सफलता मिल सकती है। इस राशि के मीडिया से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा। ऑफिस में आपके काम को लेकर बॉस आपकी प्रशंसा कर सकते हैं। लवमेट के साथ आपके संबंध अच्छे रहेंगे। साथ में बाहर घूमने का प्लान बना सकते हैं।

धनु राशि-आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आपका बढ़ा हुआ मनोबल आपको किसी जरूरी काम में सफलता दिलाएगा। माता-पिता के सहयोग से कारोबार के क्षेत्र में वृद्धि होगी। आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। आज आपको कुछ मनोरंजन का मौका मिल सकता है। शिक्षा के क्षेत्र में आपको कामयाबी हासिल होगी। आप अपने कार्यों में सफल रहेंगे।

मकर राशि-आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आपको दूसरों से अपनी पर्सनल बात शेयर करने से बचना चाहिए। किस्मत का साथ मिलने में थोड़ी परेशानी आ सकती है। अगर आप कुछ सामाजिक मामलों में हाथ बढ़ाएंगे, तो आपका मान-सम्मान बढ़ सकता है। इस राशि के छात्रों को कोई बड़ी खुशखबरी मिल सकती है। पढ़ाई के प्रति आपकी रुचि बढ़ सकती है। कार्यस्थल पर उच्च अधिकारी आपकी तारीफ कर सकते हैं, लेकिन आर्थिक रूप से आज आपका दिन उतार-चढ़ाव वाला रहेगा।

कुंभ राशि-आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आपको किस्मत का पूरा-पूरा सहयोग प्राप्त होगा। साथ ही कारोबार में आपको धन लाभ होगा। आपकी किसी ऐसे व्यक्ति से मुलाकात हो सकती है, जो भविष्य में आपको काफी फायदा दिलाएगा। आपकी क्रिएटिविटी से लोग प्रभावित होंगे। आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी । आपके रिश्तेदार आपका पूरा सहयोग करेंगे। वैवाहिक जीवन वालों के लिए परिस्थितियां ज्यादा अनुकूल रहेंगी।

मीन राशि-आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आप आत्मविश्वास से भरे रहेंगे। किसी अधूरे काम में हाथ लगाने से वह जल्द ही पूरा हो सकता है। कार्यक्षेत्र में बढ़ोत्तरी के लिए आपको नया मौका मिल सकता है। इस राशि के छात्र अगर योजना बनाकर तैयारी करेंगे, तो करियर में उन्नति के नए रास्ते खुल सकते हैं। परिवार वालों के साथ समय बिताने से रिश्तों में मधुरता बढ़ेगी।

अखिलेश का 'एमवाई' खेल खराब करेगा मायावती का 'डीएम'

संजय सक्सेना,लखनऊ

समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव बहुजन समाज पार्टी और उसकी सुप्रीमों मायावती के खिलाफ लगातार 'जहर' उगल रहे थे,जिसे बहनजी चुपचाप इकठा करती जा रही थीं,शायद वह सही समय का इंतजार कर रही होंगी। आज भले ही बसपा का जनाधार काफी घट गया है लेकिन इसका यह मतलब कतई नहीं है कि बसपा समाप्त पार्टी बन गई है। मायावती की राजनैतिक सूझबूझ की आज भी कोई बराबरी नहीं है,जिन मायवती का पूर्व सपा प्रमुख मुलायम सिंह यादव से वर्षो तक 36 का आकड़ा रहा,कई बार मुलायम को मायावती ने सियासी मैदान पर धूल चटाई थी,उन मायावती को अखिलेश कभी हल्के में नहीं लेते यदि समाजवादी पार्टी का पुराना इतिहास वह पढ़ लेते। इंडी गठबंधन में बसपा को नहीं शामिल करने के लिये जमीन-आसमान एक किये हुए अखिलेश यादव को मायावती ने उन्हीं की पिच पर पटकनी देने का मन बना लिया है। यह पिच मुस्लिम वोट बैंक की है जिस पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव को काफी नाज है,लेकिन बसपा ने लोकसभा चुनाव के लिये सात में से पांच सीटों पर मुस्लिम प्रत्याशी उतार कर समाजवादी पार्टी के एमवाई(मुस्लिम-यादव)वोट बैंक में सेंधमारी की तैयारी कर ली है।बता दें आज भले ही सपा-बसपा में भारी अदावत नजर आ रही हो लेकिन 2019 के लोकसभा चुनाव दोनों मिलकर लड़े थे। 2019 में संसद पहुंचने वाले उसके 10 सांसदों में तीन मुस्लिम थे। इस बार बसपा की रणनीति सपा-कांग्रेस गठबंधन को नुकसान पहुंचाने के संकेत दे रही है।बसपा सुप्रीमों की एक चाल ने 'सौ सुनार की, एक लुहार की' वाली कहावत चरितार्थ कर दी है।

दरअसल,पश्चिमी यूपी की मुस्लिम बाहुल्य सीटों पर पार्टी ने इसी रणनीति के तहत प्रत्याशियों की घोषणा करनी शुरू कर दी है। अब तक घोषित किए गए उसके सात प्रत्याशियों में से पांच मुस्लिम हैं। हैरानी की बात यह है कि बसपा अपने किसी भी मौजूदा सांसद को टिकट देने के मूड में नहीं दिख रही है। फिलहाल पार्टी के साथ अपनी आस्था जताने वाले बिजनौर से सांसद मलूक नागर की जगह विजेंद्र सिंह को प्रत्याशी घोषित किया गया है। उनका मुकाबला रालोद के चंदन चौहान से होगा। यानी यहां जाट और गुर्जर मैदान में हैं, कांग्रेस-सपा का प्रत्याशी घोषित होना बाकी है। उधर,कांग्रेस के खेमे में जा रहे अमरोहा के सांसद दानिश अली की जगह डॉ. मुजाहिद हुसैन को प्रत्याशी बनाया गया है। सहारनपुर के बसपा सांसद हाजी फजलुर्रहमान को कांग्रेस टिकट दे सकती है, लिहाजा बसपा ने माजिद अली को प्रत्याशी घोषित कर दिया है। वहीं, पश्चिमी यूपी की मुजफ्फरनगर सीट पर दारा सिंह प्रजापति को बसपा ने प्रत्याशी घोषित किया है। इसी तरह मुरादाबाद में इरफान सैफी को, तो पीलीभीत में अनीस अहमद खां को प्रत्याशी घोषित

किया गया है। कन्नौज सीट पर अकील अहमद पट्टा को प्रत्याशी बनाया गया है। इस सीट पर भाजपा के सुब्रत पाठक मैदान में हैं, जबकि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के भी यहां से चुनाव लड़ने की चर्चा है,जो उनके लिये खतरे की घंटी से कम नहीं है।

इतना ही नहीं बसपा एनडीए में भी सेंधमारी कर रही है,जिससे लोकदल को बड़ा झटका लगा है।दरअसल रालोद के राष्ट्रीय महासचिव चौधरी विजेंद्र सिंह ने अचानक से पार्टी को लोकसभा चुनाव 2024 से पहले छोड़ कर सबको हैरान कर दिया है। इससे पहले वह लोकदल के प्रसार में जुटे हुए थे। उन्होंने लोकदल को छोड़कर बसपा को ज्वाइन कर लिया है। उन्होंने मंगलवार को बीएसपी में शामिल होने की घोषणा बिजनौर के कार्यकर्ता सम्मेलन में की। इस कार्यकर्ता सम्मलेन में बीएसपी के पश्चिम उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड प्रभारी शमशुद्दीन राइन ने चौधरी विजेंद्र सिंह के बीएसपी की सदस्यता लेने की घोषणा की। मायावती ने चौधरी विजेंद्र सिंह को बिजनौर लोकसभा प्रत्याशी बनाए जाने की घोषणा की है। उन्होंने आगे कहा कि बहन जी सबसे पहले बिजनौर सीट से जीत दर्ज करके संसद पहुंची थी। चौधरी विजेंद्र सिंह ने अपने अस्पतालों व शिक्षण संस्थानों के माध्यम से जनता की सेवा की है। जिसको देखते हुए बहन मायावती ने उन्हें बिजनौर लोकसभा प्रत्याशी बनाने का फैसला लिया है। एक दो दिन में बीएसपी चौधरी विजेंद्र सिंह को बिजनौर सीट से लोकसभा सीट का टिकट देने की घोषणा कर सकती है। बिजनौर के जिलाध्यक्ष दलीप कुमार ने यह जानकारी दी थी कि एक दो दिन में पार्टी प्रमुख बहन मायावती उन्हें लोकसभा टिकट दे देंगी। वहीं चौधरी विजेंद्र सिंह ने कहा कि किसान, मजदूर, गरीब सभी पिछड़ी जातियों समेत शोषित और वंचितों को उनका हक दिलाने का कार्य करेंगे।

चौधरी के बसपा की सदस्यता ग्रहण करने से पहले यहां बीजेपी-आएलडी गठबंधन की जीत पक्की समझी जा रही थी। दोनों ने गठबंधन के तहत रालोद विधायक चंदन चौहान को बिजनौर सीट से प्रत्याशी घोषित किया गया था। चौधरी विजेंद्र सिंह की नजर भी जाट वोटों को साधने की थी, जो कि लोकदल को जीत दिलाने के मकसद से कार्य कर रहे थे। लेकिन भाजपा के साथ गठबंधन के बाद इस सीट का समीकरण बदल जाने के कारण चौधरी विजेंद्र सिंह ने अपनी राह बदल ली और बीएसपी को ज्वाइन कर लिया। अब जब बीएसपी ने चौधरी विजेंद्र सिंह को बिजनौर सीट से प्रत्याशी बना दिया है तो वहां भाजपा-आरएलडी गठबंधन और बीएसपी के बीच चुनावी घमासान होने की संभावना है।

कुल मिलाकर मायावती के मुस्लिम प्रत्याशी को टिकट देने से बसपा को भले ही कोई फायदा न हो लेकिन इससे सपा को जरूर नुकसान हो सकता है। आजमगढ़ लोकसभा सीट के बीते उपचुनाव को देखें तो सपा के प्रत्याशी रहे धर्मेन्द्र यादव को केवल इसीलिए हार का सामना करना पड़ा था क्योंकि उनके सामने बसपा के मुस्लिम प्रत्याशी गुड्डू जमाली को टिकट मिल गया था। इस उपचुनाव में बीजेपी के प्रत्याशी की जीत हुई थी।अब जरूर जमाली सपा में हैं और पार्टी ने उन्हें विधान परिषद सदस्य के लिये चुन लिया है।

बता दें कई चुनावों में ये देखने को मिलता रहा है कि बसपा के मुस्लिम प्रत्याशी उतारने से सपा का एम-वाई फार्मूला कहीं हद तक असफल हो जाता है। बसपा के मुस्लिम प्रत्याशी सपा की जीत के लिए एक बड़ा रोड़ा बन जाते है। मायावती अपनी रणनीति के अनुसार मुस्लिमों पर फोकस करती रही हैं. वो लगतार ये समझाने का प्रयास करती हैं, कि दलित और मुस्लिम एक साथ आजाएं तो बीजेपी को हराया जा सकता है। पिछले विधानसभा चुनाव की बात करें तो बसपा का सिर्फ एक ही प्रत्याशी जीता था। साल 2022 के विधानसभा चुनाव में बलिया जिले की रसड़ा सीट से उमाशंकर सिंह ने जीत हासिल की थी। अन्य सभी विधानसभा सीटों पर बसपा को हार का सामना करना पड़ा था। अब इस लोकसभा चुनाव में मुस्लिम चेहरों पर मायावती ने एक बार फिर दांव लगाया है। 2024 के आगामी लोकसभा चुनाव में ये देखना दिलचस्प होगा कि मायावती की रणनीति कितनी कामयाब होती है। ऐसा लगता है कि बसपा सुप्रीमों मायावती ने यह तय कर लिया है कि समाजवादी पार्टी के एमवाई(मुस्लिम-यादव) वोटबैंक को धाराशायी करने के लिये उन्हें डीएम(दलित-मुस्लिम) को मजबूत करना ही पड़ेगा। दलित तो बसपा के साथ हैं ही,मुसलमानों को लुभाने के लिये ही मायावती बड़े पैमाने पर मुस्लिम प्रत्याशी मैदान में उतारने की रणनीति बना रही हैं।

कांग्रेस से हो रहा है लगातार पलायन -पार्टी के आला नेता किंकर्तव्यविमूढ़?

अशोक भाटिया

देश में नेताओं का दलबदल करना कोई नई बात नहीं है, लेकिन अगर एक ही पार्टी के पाले में सारे नेता जाने लगे, अगर अचानक से हर किसी को एक ही पार्टी पसंद आने लगे, तब पैटर्न कुछ खटकता है, मन में सवाल भी उठते हैं। अब देश की जो वर्तमान स्थिति चल रही है, वहां पर तो एक पार्टी पलायन का अड्डा बनी हुई है तो दूसरी पार्टी उन्हीं पलायन करने वाले नेताओं की सियासी 'धर्मशाला'।एडीआर ने एक रिपोर्ट तैयार की जिसमें 2014 से लेकर 2021 तक का डेटा विश्लेषण किया गया है। उस रिपोर्ट में बताया गया है कि पिछले सात सालों में 426 नेताओं ने अपनी पार्टी छोड़कर भाजपा का दामन थाम लिया। ये सारे विधायक और सांसद स्तर के नेता थे। वही अगर बात 2021 से 2024 की करें तो 200 नेताओं ने भाजपा ज्वाइन कर ली, सबसे बड़ा खेल महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और गुजरात में देखने को मिला।अब अगर कई दलबदलू भाजपा में शामिल हो रहे थे, दूसरी तरफ फुल स्पीड से कांग्रेस से उनका पलायन भी हो रहा था। आंकड़े बताते हैं कि पिछले सात सालों में कांग्रेस से 399 नेताओं का मोह भंग हुआ, यहां भी विधायक, सांसद और तो और मुख्यमंत्री पद के नेता भी रहे। हाशिए पर चल रही मायावती की बसपा को भी 170 नेताओं ने छोड़ दिया। भाजपा के भी कुछ नेताओं ने पाला बदल दूसरी पार्टियों में पलायन किया, लेकिन वो आंकड़ा सिर्फ 144 का बैठता है। ऐसे में भाजपा में जाने वाले नेताओं की लिस्ट ज्यादा लंबी है।अब एक सवाल ये उठता है कि आखिर ज्यादातर विपक्षी नेता भाजपा का दामन क्यों थाम रहा है। विपक्ष के पास तो इसका एक सीधा-साधा जवाब है- ईडी-सीबीआई का डर दिखाकर पार्टियों को तोड़ा जा रहा है, भाजपा लॉजिक दे रही है कि प्रधानमंत्री मोदी की लोकप्रियता को देखकर, उनके काम से प्रभावित होकर ये निर्णय लिए जा रहे हैं। लेकिन इससे अलग अगर इस पूरी स्थिति को समझने की कोशिश की जाए तो पता चलता है कि जिन कारणों से पार्टी को छोड़ा जाता है, भाजपा उन्हीं कारणों को दूर करने की कोशिश करती दिख जाती है।इसका सबसे बड़ा उदाहरण हिमंता बिस्वा सरमा हैं जो एक समय कांग्रेस के वरिष्ठ नेता थे, साल 2001 में असम की राजनीति में सक्रिय हुए और फिर लगातार सरकारों में मंत्री पद भी संभाला। लेकिन 2015 में उनका कांग्रेस से मोह भंग हुआ और उन्होंने भाजपा का दामन थाम लिया। अब माना जाता है कि हेमंत बिस्वा सरमा ने कांग्रेस को छोड़ने का फैसला राहुल गांधी के रवैये की वजह से लिया था। वे खुद ही इस किस्से को कई बार बता चुके हैं। उन्होंने कहा था कि असम के एक जरूरी मुद्दे पर राहुल से बात करने गए, लेकिन वे अपने कुत्ते को खिलाने में व्यस्त चल रहे थे। जब मीटिंग शुरू भी हुई, बार-बार वो कुत्ता बीच में आ जाता।यानी कि संदेश ये दिया गया कि राहुल गांधी गंभीर मुद्दों पर चर्चा करने से बच रहे थे और उनका सारा ध्यान सिर्फ अपने कुत्ते पर था। अब ये बोलकर हिमंता तो कांग्रेस से अलग हो गए, लेकिन उन्होंने भाजपा का दामन थाम वो हासिल कर लिया जो कई सालों तक नहीं कर पाए। वे असम राज्य के मुख्यमंत्री बन गए, नॉर्थ ईस्ट में भाजपा का सबसे बड़ा चेहरा बने और पूर्वोत्तर में पार्टी की सरकार बनाने में अपनी सक्रिय भूमिका अदा की।लिस्ट यही खत्म नहीं हो रही है।शुभेंदू अधिकारी कौन थे? ममता बनर्जी के दायाँ हाथ , लेफ्ट सरकार के खिलाफ जितने आंदोलन किएज्वे सबसे बड़े रणनीतिकार थे। भाजपा को पता था, बंगाल में संगठन खड़ा करना है तो अधिकारी का साथ होना जरूरी है। अब आज ममता के खिलाफ सबसे बुलंद आवाज शुभेंदू की है, भाजपा की पिच से बैटिंग कर रहे हैं, नेता प्रतिपक्ष का पद भी मिला हुआ है, यानी कि पहचान मिल गई इनाम मिल गयाज और क्या चाहिए। अब इसी इनाम की चाह बोल लीजिए या कुछ औरज. कांग्रेस से कई और नेताओं का पलायन हुआ हैज्बोलने की जरूरत नहींज सब भाजपा में शामिल हुए हैं।

गांधी परिवार के वफादार एके एंटनी के बेटे अनिल एंटनी का कांग्रेस से बाहर जाना 2014 में चुनावी हार के बाद पार्टी की बार-बार वापसी में विफलता को लेकर विशेषाधिकार प्राप्त युवा नेताओं के बीच बढ़ती बेचैनी को दर्शाता है।इनमें से कुछ प्रमुख हैं चौधरी बीरेंद्र सिंह, कैप्टन अमरिंदर सिंह, राव इंद्रजीत सिंह, नारायण राणे, एसएम कृष्णा, ज्योतिरादित्य सिंधिया, जितिन प्रसाद, आरपीएन सिंह, अशोक तंवर, प्रियंका चतुर्वेदी, सुष्मिता देव, किरण कुमार रेड्डी, हार्दिक पटेल, सुनील जाखड़, टॉम वडक्कन और जयवीर शेरगिल।उनमें से, बीरेंद्र सिंह 2014 से 2019 तक केंद्रीय मंत्री थे और 2019 में अपने बेटे के लोकसभा के लिए चुने जाने के बाद उन्होंने राज्यसभा से इस्तीफा दे दिया। वह अब हरियाणा की राजनीति में किनारे कर दिए गए हैं, जबकि राव इंद्रजीत लगातार निचले पायदान पर हैं। -प्रोफ़ाइल केंद्रीय मंत्री.मार्च 2020 में मध्य प्रदेश में कांग्रेस सरकार को गिराने के इनाम के रूप में सिंधिया को केंद्रीय मंत्री (जुलाई 2021) बनने के लिए एक साल से अधिक समय तक इंतजार करना पड़ा। उनके पास नागरिक उड्डयन विभाग है। उन्हें मध्य प्रदेश में पार्टी के भविष्य के रूप में पेश करने के प्रयासों का स्थानीय नेतृत्व ने कड़ा विरोध किया।राणे सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) के प्रभारी केंद्रीय मंत्री भी हैं, जिनकी महाराष्ट्र की राजनीति में कोई सक्रिय भूमिका नहीं है।उत्तर प्रदेश में मंत्री के रूप में प्रसाद की नियुक्ति का श्रेय व्यापक रूप से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ उनकी निकटता को दिया जाता है, जबकि उनके पूर्व सहयोगी आरपीएन सिंह अभी भी पुनर्वास का इंतजार कर रहे हैं। गुजरात के युवा पाटीदार नेता हार्दिक पटेल भी ऐसे ही हैं।पंजाब में, कैप्टन अमरिन्दर सिंह को एक ख़त्म हो चुकी ताकत माना जाता है, और मुख्यमंत्री के रूप में अपने पिछले कार्यकाल के दौरान उन्हें पद से हटाने और उसके बाद 2022 के विधानसभा चुनावों में अपमानजनक हार के बाद जनता के साथ उनका भारी अलगाव हो गया था। पंजाब की राजनीति में उनका दबदबा कम होता दिख रहा है.81 साल की उम्र में, कैप्टन अमरिन्दर सिंह मौजूदा भाजपा नेतृत्व द्वारा अपने सदस्यों के लिए पार्टी या सरकार में कोई भी पद संभालने या कोई चुनाव लड़ने के लिए निर्धारित 75 वर्ष की आयु सीमा को पहले ही पार कर चुके हैं।उन्हें पंजाब कांग्रेस के पूर्व प्रमुख सुनील जाखड़ के साथ भाजपा की 83 सदस्यीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी में जगह दी गई है। शेरगिल अब भाजपा के प्रवक्ता हैं और वह कांग्रेस में भी इस पद पर थे।कैप्टन अमरिंदर सिंह की तरह, आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री किरण कुमार रेड्डी राज्य में कोई राजनीतिक दिग्गज नहीं हैं।

आंध्र प्रदेश से अलग होकर तेलंगाना बनने के तुरंत बाद, उन्होंने कांग्रेस छोड़ दी और अपना खुद का संगठन, जय समैक्यांध्र पार्टी बनाई, जो 2014 के विधानसभा चुनावों में एक भी सीट जीतने में विफल रही।

2018 में वह वापस कांग्रेस में चले गए। पूर्व विदेश मंत्री एसएम कृष्णा राजनीतिक गुमनामी में चले गए हैं और कर्नाटक की राजनीति में शायद ही सक्रिय हों।अप्रैल 2020 में वडक्कन का भाजपा में शामिल होना एक बड़ा मीडिया कार्यक्रम बन गया और टीवी चैनलों ने उन्हें पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी का करीबी सहयोगी बताया। वह अब भाजपा के प्रवक्ता और राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य हैं, लेकिन उन्हें आधिकारिक मंच से विभिन्न मुद्दों पर पार्टी का रुख स्पष्ट करते हुए कम ही देखा जाता है।

लोकमित्र का रंग कवियों के संग

मैं तुझसे नाराज नहीं जिन्दगी

टमटमाते हैं सितारें
अंधेरे में खूबसूरत जिन्दगी
दर्द वेदना सब सहती
फिर भी मुस्कुराती जिन्दगी।।
मैं तुझसे नाराज नही जिंदगी .....
रौशनी के इंतजार में ,
कई लम्हे चुप यूंही बिताए
खिड़कियों से झांकती
कितनी गुमनाम रही जिन्दगी।।
मैं तुझसे नाराज नहीं जिन्दगी.....
अब जब तुम मिल ही गई
तो ये जाना समझा और माना
बीते पलों में कितनी उदासीन थी
दिल के मानने तक एकाकी जिन्दगी।।
मैं तुझसे नाराज नहीं जिन्दगी.....
आज दिन नई शुरुवात का हैं,
हर दिशा में बहती हवा सी तुम
हस्ती खेलती संवरती खुशनुमा हो ,
बदलने से कितना बदली हो जिन्दगी।।
मैं तुझसे नाराज नहीं जिन्दगी
.....

आशी प्रतिभा दुबे (स्वतंत्र लेखिका)
मध्य प्रदेश

कुंडलियाँ लोकतंत्र की मंशा

देना मत अति सोच कर, राष्ट्र प्रेम रख ध्यान।
लोक तंत्र मंशा यही,समझो सकल विधान।
समझो सकल विधान,मिले जनता को सत्ता।
सार्थक हो मतदान,कटे भ्रष्टों का पत्ता।
नहीं कभी मत मूल्य, भूल से तुम कुछ लेना।
नेता का लख काज,उचित को ही मत देना।।
चर्चा चली चुनाव की,नेता सब तैयार।
लोक तंत्र का पर्व दे,सबको नव आधार।
होता जब मतदान,खुशी जनता में छाए।
चुनने को सरकार,सोच कर मत बरसाए।
कहता कविवर ओम,नहीं चाहे वह खर्चा।
धर्म जाति को त्याग,करे वादों पर चर्चा।।
उन्नत जीवन के लिए,चुनो सही सरकार।
धर्म जाति सब त्याग कर,जन हित हो आधार।
जनहित हो आधार, राष्ट्र की नव उन्नति हो।
बहे ज्ञान की धार,जीविका में सत गति हो।
विनती करता ओम,पूर्ण हो मेरी मन्नत।
पाए सत्ता हाथ,भाव जिसका हो उन्नत।।

ओम प्रकाश श्रीवास्तव ओम
तिलसहरी कानपुर नगर

मन मोहक मुस्कान तुम्हारी

तुम हो सुषमा का मृदु मधुवन,
भाती है लय तान तुम्हारी।
अधर खिलें पाटल-कलिका सम ,
मनमोहक मुस्कान तुम्हारी।।
तुम प्राणों में बसी हुई प्रिय,
तुम्हे देखकर ही जीता हूँ।
तुम ही हो हमसफ़र सुहानी,
बिना तुम्हारे मैं रीता हूँ।।
मेरे मन को अच्छी लगती,
मुझको ये तस्वीर तुम्हारी।
अधर खिले पाटल -कलिका सम,
मनमोहक मुस्कान तुम्हारी।1।
स्पर्श तुम्हारा लगता प्यारा,
संग तुम्हारा है मन -भावन।
बिन तेरे तो लगे उमड़ने,
इन नैनों से नित ही सावन।।
सदा कामना मेरे मन में,
तुमको अपने अंग लगा लूँ।
मेरे मन - मन्दिर में सजनी,
तेरी ही तस्वीर सजा लूँ।।
प्यार हमारा अजर अमर है,
जग गायेगा प्रीत हमारी।।
अधर खिलें पाटल -कलिका सम
मनमोहक मुस्कान तुम्हारी।2।
बरजोरी करता है यौवन,
दिल पर रूप कुठार चलाता।
सुघड़ सलौना बदन तुम्हारा,
विषय वासना को भड़काता।।
ड़िम्पल पड़ते गाल तुम्हारे,
सजी हुई अधरों पर लाली।
छुईमुई सी कंचन काया,
तेरी चाल बड़ी मतवाली।।
हर लेती है तपन विरह की,
आ जाती जब याद तुम्हारी।
अधर खिलें पाटल -कलिका सम,
मनमोहक मुस्कान तुम्हारी।3।
सिहरन सी होती है तन में,
जब-जब भी तुम मुस्काती हो।
कहर ढ़हाती मेरे दिल पर,
मेरे ख़्वाबों में आती हो।।
बज उठते हैं साज़ -बाज़ सब,
मधुर रागिनी बजती मन में
हृदय तुम्हारा उत्सुक रहता,
हर क्षण मधुर मिलन की धुन में।।
हँसी रहे सदा अधरों पर,
चाह मिलन की रहे हमारी।
अधर खिलें पाटल कलिका सम,
मनमोहक मुस्कान तुम्हारी।4।।

सुभाष शर्मा चन्द्र
रामेश्वर धाम मुरलीपुरा
जयपुर (राजस्थान)

कंचन काया रहते

हे राम, आप माता, पिता के दुलारे हो।
सन्त कहते हैं आप,सभी के सहारे हो।
आपके श्रीचरणों में भक्त का स्थान है।
जहाँ जहाँ चरण पडे, अयोध्या धाम है।
हे राम कर्म पथ का ,बोध कराते रहना।
अज्ञान बालक हूँ,ज्ञान का पाठ पढाना।
अपने कर्म पथों से, मैं भटक ना जाऊँ।
ईसलिए दिव्य ज्योत हमें,देते हीं रहना।
पावन वसुन्धरा में,नर हो चाहे हो नारी।
पिता पितामह के जैसे हीं, हो संस्कारी।
माता-पिता गुरु आज्ञा पालन करते रहे।
चाहे संकट सामने आए,कर्म करते रहे।
भाई से भाई का प्रेम,हृदय में हो अमर।
जबतक जान है,धर्म पथ में करे सफर।
पुकार रही है देवन्ती,हे राम दर्शन देना।
कंचन काया रहते धरती से बुला लेना।

श्रीमती देवन्ती देवी चंद्रवंशी
धनबाद झारखंड

प्रतापगढ़ के प्रताप - सई नदी , पहला पुल

जनपद प्रतापगढ़ के सबसे पुरानें सड़क मार्ग पुल को गिराया जा सकता है

बेल्हा घाट, राष्ट्रीय राजमार्ग पर बनेगा डबल लेन का नया पुल आगमन गमन के लिए अलग अलग रोड पर हो जायेगें तब दो पुल

(डा0विनोद त्रिपाठी, बेल्हा, प्रतापगढ़)

प्रतापगढ़। प्रत्येक राष्ट्र को समाज के सुधार और सेवा से संबंधित सभी प्रकार की गतिविधियों को करने के लिए बुनियादी ढांचे की आवश्यकता होती है। परिवहन प्रणाली दो गंतव्यों के बीच समुद्री, भूमि या हवाई तरीकों का उपयोग करके सामाजिक और आर्थिक गतिविधि के लिए एक लिंक बनाने के कारण बुनियादी ढांचे का हिस्सा बन गये हैं। नदियों, घाटियों और

सड़कों को पार करने के लिए पुलों का व्यापक रूप से उपयोग किया जाता है, जो प्राचीन काल से आधुनिकता तक भूमि के अन्य हिस्सों के साथ एक मार्ग प्रदान करते हैं।

प्रत्येक संरचना को कवर करने के लिए अलग-अलग आवश्यकताएं होती हैं, जैसे कि स्पैन क्लीयरेंस, यातायात प्रवाह, ज्यामिति और निर्माण के स्थान की विशेषता, विभिन्न प्रकार के पुल विकसित किए जा सकते हैं। निर्माण में उपयोग की जाने वाली सामान्य सामग्री संरचनात्मक स्टील, प्रबलित कंक्रीट, पूर्व-तनावग्रस्त कंक्रीट, या पोस्ट-तनावयुक्त कंक्रीट हैं । प्रत्येक प्रकार के पुल के संरचनात्मक व्यवहार के आधार पर, कवर करने के लिए अधिकतम स्पष्ट अवधि होगी, जो सीधे परियोजना के बजट पर निर्भर करती है। विभिन्न प्रकार के भार और पर्यावरणीय स्थितियाँ हैं जिनका नई और मौजूदा संरचना को प्रभावी ढंग से समर्थन करने की आवश्यकता है। जिसमें प्रभावी संरचनात्मक डिजाइन प्रक्रिया और तकनीकों का उपयोग करके मृत भार, यातायात, बारिश, हवा, बाढ़ और भूकंपीय घटनाएं शामिल हैं। दूसरी ओर जंग, घिसाव और थकान जैसी दीर्घकालिक गिरावट की प्रक्रिया होती है, जिसे अतिरिक्त लागत, कई नुकसान और भयावह विफलताओं से बचने के लिए रखरखाव प्रक्रिया पर विचार किया जाना चाहिए। क्षरण प्रक्रिया की रोकथाम और नियंत्रण पेंट, कोटिंग और कैथोडिक सुरक्षा जैसी सुरक्षा प्रौद्योगिकी को लागू करके प्रभावी रखरखाव विधियों द्वारा प्राप्त किया जाता है। इस अध्याय का उद्देश्य डिजाइन, सामग्री चयन, निर्माण और रखरखाव की प्रक्रिया सहित प्राचीन और आधुनिक पुलों की एक संक्षिप्त समीक्षा दिखाना है।

जनपद की जीवनदायिनी सई नदी

सई नदी के किनारे स्थित बेल्हा देवी मंदिर या प्रतापगढ़ सदर से चिलबिला जाने वाले मार्ग पर सई नदी के ऊपर बना यह यह पुल जो कई वर्ष पुराना है जो कि अपनी आखिरी स्थित में है या फिर ये कहे कि यह पुल अब बूढ़ा हो गया है यह बोझ ढोने के काबिल नहीं है इसलिए इस पुल पर आवागमन पूर्ण रूप से बंद है। पर बहुत से लोग है जिनका इस पुल से बहुत सी यादें जुड़ी हुई है जो उन्होंने अपने बचपन में या युवा अवस्था में इस पुल पर बिताई है जैसे कि बचपन में साइकिल, इक्का या गाड़ी से इसी पुल पर घंटाघर से नबाबगंज (चिलबिला), माधोगंज (महुली) , पट्टी-चांदा, ढकवा, जौनपुर, सुल्तानपुर, अयोध्या व अमेठी लखनऊ जाने के लिए इसी पुल का प्रयोग किया जाता था। 'जनपद का सबसे पुराना पुल' जैसे जैसे समय बीतता गया है यह पुल भी बूढ़ा होता गया और वह अंतिम स्थित में जा पहुंचा। वर्ष 1980-82 की भीषण बाढ ने अस्सी वर्षीय सड़क पुल को हिला कर दिया था और लोक निर्माण विभाग के अभियन्ता टीम ने परीक्षण किया तो कमजोर पाया, इधर लोगो ने उसका त्याग कर दिया। और लोनिवि , प्रतापगढ़ ने दीवार खड़ी करके अधिग्रहण कर लिया। और यह पुल धीरे धीरे अपने अंतिम गिनती की ओर है। अयोध्या -प्रयागराज मार्ग पर जनपद मुख्यालय की सई नदी पर जस्ट उसी के बगल 1988-89 में बने वर्तमान प्रयुक्त पुल के साथ गुजार रहा है। हम सब जब भी नए पुल से गुजरते है तो एक बार इस पुराने पुल पर नजर जरूर जाती है यह पुल अब बस एक दर्शनीय स्थल का काम कर रहा है । एक तरह से ये भी कहा जा सकता है की यह पुल प्रतापगढ़ का ऐतिहासिक पुल व सबसे पुराना पुल है।

ब्रिटिश शासन काल में वर्ष 1912 में निर्मित पुल लोहे का बना हुआ पुल था। दो सपोर्टर और नदी पर बने चार खम्भे खालिश ईटों की सुर्खी-चूना और गोंद के मसाले से जोडे गयें है।बेल्हा घाट के पुरानी आबकारी इलाके में रेलवे लाइन के किनारे कुंवर सुखदेव सिंह का बड़ा सा अहाता है, जिसके सामने सुर्खी चूना पीसने की कार्यशाला और ईटभट्ठा चलता था। पुराने पुल के गर्डरों में पूरी तरह से जंग लग चुका है और रेलिंग की ईटे झरने लगी है, इसके ऊपर खूब बड़ी बड़ी घास एवं छोटे - छोटे पेड़ पौधे उग गए है।

पुल, एक समन्वयक, सूत्रधार

हम मानते हैं कि सभी संरचनाएँ बुनियादी ढांचे का हिस्सा हैं, जो एक साथ काम करती है। घाटियों, नदियों, झीलों और चट्टानों को पार करते हुए दो अलग-अलग बिंदुओं को जोड़ने के अपने कार्य के कारण पुल एक विशेष भूमिका निभाते हैं।भूमि परिवहन बुनियादी ढांचे पर पुलों की आवश्यकता होती है क्योंकि वे विभिन्न बिंदुओं को जोड़ते हैं जो आमतौर पर दुर्गम हो सकते हैं। यदि हम नदी को पार करने वाले एक पुल का विश्लेषण करें, तो इसमें प्रत्येक व्यक्ति के दृष्टिकोण के आधार पर कई दृश्य हो सकते हैं । शहर में रहने वाला व्यक्ति पुल को स्कूलों, पार्कों और थिएटरों तक आसान पहुंच या परिवार के किसी सदस्य से मिलने के आसान रास्ते के रूप में देख सकता है।एक इंजीनियर या वास्तुकार पुल की कल्पना सड़क को शहर के दो बिंदुओं, जैसे अस्पताल या फायर स्टेशन से जोड़ने के एक तरीके के रूप में करता है।व्यापारिक समुदाय से, पुल को व्यापार, वस्तुओं और सेवाओं के वितरण के लिए विभिन्न क्षेत्रों तक पहुंच के रूप में देखा जा सकता है।समाज की जरूरतों के आधार पर भी पुल महत्वपूर्ण है। एक पुल जो कम यातायात प्रवाह वाले मनोरंजक पार्कों के लिए एक त्वरित लिंक के रूप में कार्य करता है, उस पर एक बड़ी नदी को पार करने वाले और उच्च यातायात प्रवाह वाले शहर के दो बिंदुओं को जोड़ने वाले पुल की तुलना में कम प्रभाव पड़ेगा।उपरोक्त वाक्य को ध्यान में रखते हुए हम महसूस कर सकते हैं कि पुलों का निर्माण मनमाने ढंग से नहीं किया जाता है । संरचनाओं के डिजाइन, निर्माण, संचालन और रखरखाव सहित पूरी योजना बनाई जानी चाहिए। इसलिए, परिवहन प्रणाली के लिए पुल एक प्रमुख तत्व है । पुलों को अपने जीवन काल के दौरान यातायात प्रवाह आवश्यकताओं का अनुपालन करना चाहिए।

यदि किसी पुल का संकीर्ण आकार या खघ्राब स्थान हैं, तो संरचना निरंतर वाहनों के प्रवाह को बनाए नहीं रख सकती है। पुलों को अपने जीवन काल के दौरान आवश्यक भार का अनुपालन करना पड़ता है। इसका मतलब यह है कि विश्लेषण और संरचनात्मक डिजाइन में उन सभी भारों को ध्यान में रखा जाना चाहिए जिन्हें पुल को झेलना होगा। उदाहरण के लिए, यदि संरचना एक अंतरराज्यीय राजमार्ग पर स्थित है और भारी ट्रक भार का समर्थन करने के लिए डिजाइन नहीं की गई है, तो इसमें सीमित वाहन यातायात होगा और वे ट्रक पुल का उपयोग करने में सक्षम नहीं होंगे, इसलिए, इन ट्रकों को वैकल्पिक मार्ग की योजना बनानी होगी।संपूर्ण सड़क प्रणाली के लिए उच्च लागत पुल निर्माण में लगती है। यदि हम किसी सड़क की निर्माण प्रक्रिया का विश्लेषण करें और प्रति इकाई दूरी की लागत को मापें, तो राजमार्ग की तुलना में पुल बहुत महंगे दर पर बनते हैं। विभिन्न ब्रिज ज्यामितियों के लिए , पुल भूमि के बुनियादी ढांचे का हिस्सा हैं और एकल सड़कों या राजमार्गों का उपयोग करके कठिन पहुंच वाले दो स्थानों के बीच लिंक के रूप में उपयोग किए जाते हैं। यदि एकल सड़कों से तुलना की जाए तो इस प्रकार की संरचनाओं की निर्माण लागत प्रति मील अधिक होती हैय इसलिए, परियोजना को विकसित करने के लिए एक पूरी योजना होनी चाहिए, जिसमें यातायात प्रवाह, वाहन भार, साइट, ज्यामितीय और बजट आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए आवश्यक लाइनों की संख्या शामिल होनी चाहिए।बड़े पुल सैकड़ों साल पहले से अस्तित्व में हैं, जहां इसका उपयोग निर्माण सामग्री पत्थर और लकड़ी के रूप में यात्रियों के लिए जलसेतुओं, गाड़ियों और सड़क कनेक्टर्स तक ही सीमित था। संरचनात्मक इस्पात और पोर्टलैंड सीमेंट, आधुनिक पुलों के विकास के साथ उद्योग में ट्रेन और वाहनों की शुरूआत हुई, जिससे भार क्षमता और कवर करने के लिए अवधि की लंबाई में वृद्धि हुई।

लोक निर्माण विभाग के अभियंता वी.के.सिंह का कहना है कि पुलों का सबसे अच्छा विकल्प चुनने के लिए कोई विशिष्ट फॉर्मूला नहीं है, क्योंकि बड़ी संख्या में कारक संरचना पर निर्भर करते हैं, जैसे पुल की ज्यामिति, निर्माण कंपनियों का अनुभव, सामग्री, किए जाने वाले भार, उपलब्ध श्रम, बजट और स्थानीय साइट प्रतिबंध, एक पूरी प्रक्रिया जिसमें संरचना की योजना, डिजाइन, निर्माण और रखरखाव शामिल है, स्थापित की जानी चाहिए। एक पुल के लिए सबसे अच्छा किफायती विकल्प मुख्य संरचना के रूप में तनाव तत्वों का लाभ उठाते हुए, ज्यामिति और सामग्री की कुशल बातचीत का संयोजन है।

नींव के आधार स्तम्भ

सौ साल से अधिक पुराने पुल की नींव एवं मजबूती का परीक्षण राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा जारी है। जिसके लिए इंजीनियर्स टीम ने जेसीबी मशीन से दक्षिणी छोर के प्रथम सपोर्टर दीवाल की जमीन एवं नींव के बगल 12- 15 फिट गहरान में खोदाई कराई। नीचे उतरे तो तकनीक का चमत्कार देख दंग रह गये - जिसमें सूर्खी, चूना, गिट्टी और गोंद के मिश्रण का मसाला बनाया गया था। मिट्टी के नीचे के ईटों की चमक, सीढीघ् नुमा जोडाई का आधार स्तम्भ मजबूती से बनाया गया था। विशेषज्ञ का कहना है कि इसी पुराने पुल के स्थान पर नया पुल डबल लेन का बनेगा। जिससे आगमन और गमन के अलग अलग दो पुल प्रयुक्त किये जायेंगे। इस पुराने अंग्रेजी जमाने के पुल के लिए दो लाइनो में यह भी कहा जा सकता है कि जब यह वक्त के थपेड़ों से लड़ते लड़ते बूढ़ा हो गया तब इसे इसके अंतिम सांसों तक ध्वस्त होने के लिए छोड़ दिया गया।

मेधावी छात्रा का सैनिक स्कूल में हुआ चयन, खुशी

लोकमित्र ब्यूरो

लालगंज, प्रतापगढ़। सैनिक स्कूल की प्रवेश परीक्षा में ग्रामीण क्षेत्र के मेधावी ने सफलता का परचम लहराया है। मेधावी की इस उपलब्धि पर विद्यालय तथा परिवार व क्षेत्र में खुशी का माहौल देखा गया। खजुरी वर्मा नगर स्थित रामप्यारी प्राथमिक विद्यालय की छात्रा श्रेजल यादव निवासी पूरे गंगादीन देवापुर का सैनिक स्कूल की प्रवेश परीक्षा में चयन हुआ। मेधावी की उपलब्धि पर विद्यालय के संस्थापक व पूर्व प्राचार्य दयाशंकर पाण्डेय, प्रबंधक संजय पाण्डेय ने छात्रा श्रेजल का मुंह मीठा कराकर खुशी जतायी और उसके मंगलमय भविष्य की कामना किया। छात्रा ने सफलता का श्रेय अपने गुरूजनों व विशेष रूप से शिक्षक रमेशचंद्र पाण्डेय व शिवम मिश्र को दिया है। मेधावी की सफलता पर विद्यालय के शिक्षक सौरव मिश्र, सत्य प्रकाश मिश्र, संतोष सिंह, विनोद शुक्ल, पवन, महेश, अतुल, अनुपम, किरण, ज्योति आदि ने खुशी जतायी है।

महाराष्ट्र राज्य हिन्दी साहित्य अकादमी ने डॉ0 रामबोध पाण्डेय को किया सम्मानित

लोकमित्र ब्यूरो

लालगंज, प्रतापगढ़। महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी द्वारा उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ साहित्यकार डॉ0 रामबोध पाण्डेय को वर्ष 2023-24 के लिए डॉ0 राममनोहर त्रिपाठी अखिल भारतीय हिंदी सेवा पुरस्कार से विभूषित किया गया 7 चर्च गेट मुम्बई के पास स्थित जय सिंह महाविद्यालय के रमेश पामा थाडवानी सभागार में 11 मार्च को आयोजित समारोह में अकादमी के कार्याध्यक्ष डॉ0 शीतला प्रसाद दूबे एवं उपाध्यक्ष श्रीमती मंजू लोढा द्वारा डॉ0 रामबोध पाण्डेय को हिंदी साहित्य की सेवा के लिए एक लाख रूपए की पुरस्कार राशि के साथ स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्रम से विभूषित कर सम्मानित किया गया 7 उक्त सम्मान समारोह की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार डॉ0 दिवाकर मिश्र एवं संचालन अकादमी के सदस्य आनन्द सिंह द्वारा किया गया 7 डा0 रामबोध पांडेय को उनके उत्कृष्टतम

साहित्यिक अवदान के लिए महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी मुंबई द्वारा अकादमी के सर्वोच्च अलंकरण ÷डा0 राममनोहर त्रिपाठी अखिल भारतीय हिंदी सेवा पुरस्कार÷ से सम्मानित कर समूचे अवध क्षेत्र का सम्मानवर्धन किया गया है। ज्ञातव्य है कि अभी पिछले 19 फरवरी को अकादमी द्वारा प्रकाशित उनके महाकाव्य ÷छत्रपति शिवाजी महाराज÷ का विमोचन/लोकार्पण संपन्न करने के साथ उन्हें सम्मानित भी किया गया था।डा0 रामबोध पांडेय को महाराष्ट्र अकादमी द्वारा सम्मानित किए जाने पर पर साहित्यप्रेमियों द्वारा खुशी जाहिर की तथा उन्हें लगातार बधाइयां दी जा रही हैं। श्याम नारायण मिश्र %श्याम%, डा0 डी0पी0 ओझा, डा0 दयाराम मौर्य %रत्न%, ट्रस्टी आनन्द मोहन ओझा, राजीव कुमार आर्य, सुनील कुमार सिंह, राकेश कुमार कनौजिया, अशोक कुमार शर्मा, रोशनलाल उमरवैश्य, अनिल कुमार %निलय%, श्रीनाथ मौर्य %सरस%, शारदा संगीत महाविद्यालय की प्राचार्य बीना श्रीवास्तव तथा राधेश्याम मौर्य समेत अनेक गणमान्य साहित्यिक हस्तियों ने अपनी शुभकामनाएं दी

चोरी की बाइक समेत दो गिरफतार

प्रतापगढ़ -पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में जनपद के थाना कोतवाली देहात से उ0नि0 सूर्य प्रताप सिंह ने मय हमराह क्षेत्र चेकिंग के दौरान थानाक्षेत्र कोतवाली देहात के सराय खण्डेराय की बाग के पास से थाना स्थानीय के मु0अ0सं0 77/2024 धारा 379 भादवि से सम्बन्धित 02 अभियुक्तों शिवम मौर्या पुत्र विजय मौर्या नि0ग्राम विवेक नगर थाना कोतवाली नगर एवं मयंक सिंह पुत्र विनोद कुमार सिंह नि0 पल्टन बाजार थाना कोतवाली नगर को चोरी की एक अदद सुपर स्पेलेण्डर मोटर साइकिल के साथ गिरफ्तार किया । उक्त बरामदगी के आधार पर अभियोग उपरोक्त में धारा 411 भादवि की बढ़ोत्तरी की गई है।

चौकी के निकट मिली लावारिस बोलेरो, दो दिन से थी खड़ी

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। भंगवा चुंगी चौकी के निकट एक बोलेरो लावारिश हालत में पुलिस को मिली है। बताया जाता है कि यह पिछले दो दिनों से खड़ी थी। चौकी के पुलिस कर्मियों को इसकी भनक तक नहीं। बुधवार को इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल पर वायरल होने के पुलिस महकमा सक्रिय हुआ।जानकारी के अनुसार पुलिस चौकी चौराहे से बलीपुर रोड पर एक कोचिंग सेंटर के सामने यूपी 25 एजे425 नम्बर प्लेट की एक बुलेरो दो दिन से खड़ी है। गैर जिले की बुलेरो खड़ी है। इसको देखने वाला कोई नहीं है। ऐसे में चौराहे पर खड़े ट्रैफिक सिपाही और भंगवा चौकी पुलिस किसी की नजर भी उस पर नहीं पड़ी। दिन भर पैसे की वसूली के लिए वाहनों के पीछे भागने वालों को लावारिश बुलेरों नहीं दिखाई दी। शाम को दीन दयाल नाम का ट्रैफिक सिपाही ड्यूटी पर आया। उसकी नजर बुलेरो पर पड़ी। उसे कुछ शक हुआ। आसपास पूछा गाड़ी के बारे में किसी को कुछ पता नहीं था। उसने अपने अफसरों को फोन कर दिया। कंट्रोल की सूचना पाकर कोतवाली पुलिस सक्रिय हुई। गाड़ी को उठाकर कोतवाली लाया गया है। जांच पड़ताल हो रही है। कोतवाल का कहना है कि गाड़ी की पड़ताल चल रही है। मालिक को ढूंढा जा रहा है।

भंगवा क्रासिंग ब्रिज का श्रेय लेने से नहीं चूके सांसद

ग्रामीणों के सालों साल चले संघर्ष और मांग को किया दरकिनार सांसद बोले किसी ने नहीं मांगा था, उन्होंने दिया है

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। भंगवा रेलवे क्रासिंग 81 बी पर बनने वाले ओवर ब्रिज का श्रेय लेने से भी सांसद संगम लाल गुप्ता नहीं चूके। रेलवे स्टेशन पर गत दिनों हुए कार्यक्रम में उन्होंने कहा है कि किसी व्यक्ति ने इस पुल की डिमांड नहीं की थी। उन्होंने स्वयं से इसे लेकर दिया है। उनका यह वीडियो वायरल हुआ है। ऐसा कहकर उन्होंने भंगवा और उससे जुड़े दो दर्जन से अधिक गांव के ग्रामीणों की कई सालों की मेहनत और किए गए संघर्ष पानी फेरने का

काम किया है। उनके इस बयान को ग्रामीणों और आंदोलन से जुड़े लोगों में खासी नाराजगी देखी जा रही है।बता दें कि भंगवा चुंगी से मालगोदाम जाने वाली सड़क पर रेलवे क्रासिंग है। इसके ऊपर ब्रिज बनाने की मांग काफी समय से चल रही थी। तत्कालीन अब दिवंगत प्रधान दीनानाथ ने ग्रामीणों को लेकर इसके लिए आंदोलन किए। कई बार लखनऊ में डीआरएम से मिले। स्टेशन पर धरना प्रदर्शन,ज्ञापन दिया। जनप्रतिनिधियों से भी गुहार लगाई जाती रही। उनके साथ भंगवा, खजुरनी समेत कई प्रधान इस संघर्ष का हिस्सा रहे। यह मामला ऊपर तक पहुंचा। तब जाकर ब्रिज बनाने की पहल हुई। रोहित, संजय, मोहन, संतोष तिवारी,अफजल आदि ग्रामीणों का कहना है कि माना कि सांसद संगम लाल ने इसके लिए प्रयास किया है। लेकिन यह उनके अकेले के बस की बात नहीं थी। ग्रामीणों की मांग पर ही उन्होंने मुद्दा बनाया। जिसका उन्हें भी फायदा हुआ।

ग्रामीणों के संघर्ष को भुलाया नहीं जा सकता

सांसद का विडियो देखने के बाद ब्रिज के निर्माण आंदोलन से जुड़े रहे समाज सेवी विनोद दुबे भी उनसे इत्तेफाक नहीं रखते हैं। उनका कहना है कि ग्रामीणों के सालों सालों साल के आंदोलन का नतीजा है कि नेताओं को पुल बनाने पर मजबूर कर दिया। इसमें ग्रामीणों की भी मेहनत है।

वोट बैंक की मजबूरी है

भंगवा गांव के समाज सेवी और पूर्व प्रत्याशी रहे विशाल तिवारी का कहना है कि वे और उनके साथी ब्रिज के लिए आंदोलन किए। सांसद के अकेले का प्रयास नहीं कहा जा सकता है।बिना मांग के कुछ मिलता है क्या।यह वोट बैंक की मजबूरी हो सकती है।

आवश्यकता है

हिन्दी दैनिक समाचार पत्र लोकमित्र को जनपद प्रतापगढ़ की सभी तहसीलों, ब्लॉक मुख्यालयों और प्रमुख बाजारों में संवाददाताओं की आवश्यकता है। समाचारों की समझ रखने वाले युवा और उत्साही लोग समाचार पत्र के विवेकनगर (प्रतापगढ़) स्थित कार्यालय में या नीचे दिए गए फोन नंबरों पर किसी भी कार्य दिवस में दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे के बीच सम्पर्क कर सकते हैं।

9839665450
7007509037

चोरी की मोटर साइकिल दो अभियुक्त गिरफ्तार मुकदमा दर्ज गए जेल

लोकमित्र ब्यूरो

लीलापुर-प्रतापगढ़। चोरी की मोटर साइकिल के साथ दो अभियुक्त लगें पुलिस के हाथ अभियुक्तों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज भेजे गए जेल।पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में चौदह मार्च को जनपद के थाना कोतवाली देहात थाना अध्यक्ष विनीत कुमार उपाध्याय के कुशल नेतृत्व में उ0नि0 सूर्य प्रताप सिंह मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान थानाक्षेत्र कोतवाली देहात के सराय खण्डेराय की बाग के पास से थाना स्थानीय के मु0अ0सं0 77/2024 धारा 379 भादवि से सम्बन्धित अभियुक्त शिवम मौर्या पुत्र विजय मौर्या नि0ग्राम विवेक नगर थाना कोतवाली नगर जनपद प्रतापगढ़ व मयंक सिंह पुत्र विनोद कुमार सिंह नि0 पल्टन बाजार थाना कोतवाली नगर जनपद प्रतापगढ को चोरी की एक अदद सुपर स्पेलेण्डर मोटर साइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त बरामदगी के आधार पर अभियोग उपरोक्त में धारा 411 भादवि की बढ़ोत्तरी की गई है। इस संदर्भ में थाना अध्यक्ष विनीत कुमार उपाध्याय ने बताया कि चोरी की मोटर साइकिल के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है और आरोपियों को जेल भेजा जा रहा है।

निर्माणाधीन परियोजनाओं के कार्यो को तेजी से पूर्ण करायें-जिलाधिकारी

जिलाधिकारी ने 50 लाख रूपये से अधिक कार्यो/परियोजनाओं की समीक्षा की, जिलाधिकारी ने सेतु निर्माण के रजिस्ट्री कार्य में लापरवाही पर निर्माण खण्ड-2 के अधिशासी अभियन्ता को लगायी कड़ी फटकार

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। जिलाधिकारी संजीव रंजन ने कैम्प कार्यालय के सभागार में 50 लाख रूपये से अधिक की लागत के कार्यो/परियोजनाओं की समीक्षा की। आई0टी0आई0 कालेज जरियारी रानीगंज के निर्माण कार्यो के सम्बन्ध में जानकारी ली गयी तो बताया गया कि विद्युत एवं पानी का कार्य बाकी है जो इसी माह के अन्त तक पूर्ण कर लिया जाये। 100 बेडेड संयुक्त चिकित्सालय शिवसत के निर्माण कार्य के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया तीव्र गति से कार्य को पूर्ण कराया जाये। थाना लीलापुर व थाना दिलीपपुर के निर्माण कार्य मे तेजी लाने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने आवास विकास के अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया कि जिन परियोजनाओं का निर्माण कार्य इस माह में पूर्ण कर लिया जाये उन्हें हैण्डओवर कर दिया जाये तथा जिन परियोजनाओं का निर्माण कार्य चल रहा है उसमें तेजी लायी जाये। सेतु निर्माण की समीक्षा में पाया गया कि सेतु निर्माण के पहुँच मार्ग

में काश्तकारों के जमीन की रजिस्ट्री कार्य में लोक निर्माण विभाग निर्माण खण्ड-2 द्वारा लगातार कई महीनों से लापरवाही बरती जा रही है जिस पर जिलाधिकारी ने निर्माण खण्ड-2 के अधिशासी अभियन्ता को कड़ी फटकार लगायी और जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी को निर्देशित किया कि निर्माण खण्ड-2 के अधिशासी अभियन्ता के खिलाफचार्ज शीट तैयार की जाये। उन्होने यह भी निर्देशित किया कि सेतु निर्माण के जितने भी रजिस्ट्री के कार्य है उन्हें माह मार्च 2024 तक अवश्य पूर्ण कर लिया जाये।पर्यटन निर्माण कार्यो के सम्बन्ध में पर्यटन अधिकारी को निर्देशित किया कि जो भी पर्यटन से सम्बन्धित कार्य कराये जा रहे है उसमें तेजी लायी जाये और यह भी निर्देश दिया कि जब तक भूमि की उपलब्धता पूर्ण रूप से सुनिश्चित न हो जाये तब तक सम्बन्धित कार्य का इस्टीमेट न भेज जाये। बैठक में पर्यटन अधिकारी ने कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड की शिकायत की जिस पर जिलाधिकारी ने कहा कि लिखित में अवगत कराया जाये जिससे सम्बन्धित के खिलाफ कार्यवाही की जा सके। किसान कल्याण केन्द्र की समीक्षा में बताया गया कि 03 किसान कल्याण केन्द्र का निर्माण कार्य यूपीआरएनएसएस प्रयागराज द्वारा पूर्ण कर लिया गया जिस पर जिलाधिकारी ने उप कृषि निदेशक को निर्देशित किया कि किसान कल्याण केन्द्र की गुणवत्ता की जांच की जाये। गो संरक्षण केन्द्र के निर्माण कार्य की धीमी प्रगति होने पर जिलाधिकारी ने यूपीआरएनएसएस प्रयागराज के अभियन्ता को कड़ी फटकार लगायी और निर्देशित किया कि यूपीआरएनएसएस प्रयागराज के अधिशासी अभियन्ता के खिलाफ कार्रवाई हेतु पत्र प्रेषित किया जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि गो संरक्षण केन्द्र शासन की महत्वपूर्ण योजना है इसको प्राथमिकता से कराया जाये जिससे गो संरक्षण केन्द्र के निर्माण होने से गोवंशों को उसमें संरक्षित किया जा सके। इसी प्रकार उन्होने डिग्री कालेज, अधिवक्ता शेड, नवीन नगर पंचायत भवन, आवासीय एवं अनावसीय भवनों के निर्माण, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, निर्माणाधीन सड़कों आदि की समीक्षा की। अन्त में जिलाधिकारी ने समस्त सम्बन्धित जनपद स्तरीय अधिकारियों व कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया कि जनपद स्तरीय अधिकारी अपने विभाग द्वारा निर्माणाधीन परियोजनाओं/कार्य की प्रगति एवं गुणवत्ता का नियमित अनुश्रवण करना सुनिश्चित करें। निर्माणपरक कार्यो में गुणवत्ता से कोई समझौता न किया जाये। यदि किसी भी स्तर पर गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं पायी जाती है तो सम्बन्धित अधिकारी का उत्तरदायित्व निर्धारित कर उनके विरूद्ध नियमानुसार दण्डात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की जायेगी। सभी परियोजनाओं का कार्य शासन द्वारा निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत गुणवत्ता सहित पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। निर्माणाधीन परियोजनाओं के कार्यो को तेजी से पूर्ण करायें। उन्होने निर्देशित किया कि जिन परियोजनाओं का कार्य पूर्ण हो गया है उन्हें सम्बन्धित विभाग को हैण्डओवर कर दिया जाये। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि यदि किसी विभाग द्वारा शासन से धनराशि प्राप्त होने के बाद यदि धनराशि वापस भेजी जायेगी तो सम्बन्धित अधिकारी के जिम्मेदारी तय की जायेगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहारा, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी राजेश कुमार सिंह व सम्बन्धित जनपद स्तरीय अधिकारी व कार्यदायी संस्था के अधिशासी अभियन्ता/प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

चार देसी बम समेत गिरफ्तार

प्रतापगढ़ - थाना कोतवाली नगर के उ0नि0 अंकित श्रीवास्तव ने मय हमराह चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर थानाक्षेत्र कोतवाली नगर के भगवा को जाने वाली सड़क रेलवे फाटक के पास से भगत सिंह पुत्र नरेन्द्र सिंह नि0ग्राम पुरवा थाना कोतवाली देहात को 04 अदद देसी बम के साथ गिरफ्तार किया । उक्त बरामदगी के संबंध में *थाना कोतवाली नगर में मु0अ0सं0 117/2024 धारा 4/5 विस्फोटक अधिनियिम का अभियोग पंजीकृत

आग से बचने के लिए बच्चों को किया गया प्रशिक्षित

बीरापुर-रानीगंज तहसील क्षेत्र के बिकास खंड गौरा अंतर्गत एबी पब्लिक स्कूल एन्ड कॉलेज कैलीडीह में अग्नि समन विभाग रानीगंज प्रतापगढ़ की टीम द्वारा बच्चो को गैस सिलेंडर में आग लगने पर क्या क्या उपाय है आग बुझाने का डेमो को दिखाया गया,अग्नि समन अधिकारी सदा शिव यादव ,प्रबंधक डॉ बृजेश यादव ,प्रधानाचार्य सशि श्रीवास्तव विद्यालय के अध्यापक,अध्यपिका आदि लोग उपस्थित रहे!

आज से वितरण होगा खाद्यान्न

लोकमित्र ब्यूरो

कुंडा प्रतापगढ़।सरकारी सस्ते गल्ले की दूकान पर मार्च माह में 15 मार्च से कार्डधारकों को निःशुल्क खाद्यान्न के साथ रियायती दर पर नमक,वासिंगपाउडर,कपड़ा का साबुन , तथा चाय की पत्ती भी वितरित की जाएगी।यह जानकारी आपूर्ति निरीक्षक कुंडा शिव कुमार मिश्रा द्वारा दी गई।

उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

खुली ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **12.04.2024** को **15:00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे यदि कोई मैनुयल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदाकर्ता निविदा फार्म का मूल्य व धरोहर राशि का भुगतान केवल ireps पोर्टल पर उपलब्ध आनलाईन भुगतान प्रणाली में नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड इत्यादि किया जायेगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपाजिट रसीद एफ डी आर द्वारा भुगतान स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

	निविदा सूचना संख्या	**02102024 दिनांक 13.03.2024**
1	**कार्य का नाम :**	**1.** सहायक मंडल इंजीनियर राय बरैली के अधीन लेवल क्रासिंग नंबर 96 और 97 पर नई ड्यूटी हट का निर्माण कार्य। **2.** सहायक मंडल इंजीनियर राय बरैली के अधीन अमेठी स्टेशन पर नया पावर हाउस के निर्माण का कार्य।
2	**अनुमानित लागत**	**1.** Rs. 45,18,549.39 **2.** Rs. 24,31,110.47
3	**धरोहर राशि**	**1.** Rs. 90,400.00 **2.** Rs. 48,600.00
4	**कार्य समापन की अवधि**	**1.** स्वीकृत पत्र की तिथि से 06 माह **2.** स्वीकृत पत्र की तिथि से 04 माह
4	**निविदा डालने का प्रारंभ**	29.03.2024
6	**निविदा बंद होने की तिथि एवं समय**	12.04.2024 15:00 बजे
7	**वेबसाईट**	**www.ireps.gov.in**

निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। **813/2024**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक 15.04.2024 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुअल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

1	निविदा सूचना संख्या	02202024 दिनांक 13.03.2024
2	निविदा सख्या	01/ Sr. DEN-V/LKO/2024-25, 02/ Sr.DEN-V/LKO/2024-25, 03/ Sr.DEN-V/LKO/2024-25, 04/ Sr.DEN-V/LKO/2024-25
3	कार्य का नाम	**1.** सहायक मण्डल इंजीनियर/द्वितीय/लखनऊ के अधीन लखनऊ-कानपुर : प्रोजेक्ट 'मिशन रफ्तार' के तहत समपार संख्या 3/A और 8/C (मानक नगर-पिपरसण्ड) के बदले सड़क अधोमार्गी पुल (RUB) का प्रावधान/(दोहरी पैकेट प्रणाली) **2.** सहायक मण्डल इंजीनियर/द्वितीय/लखनऊ के अधीन लखनऊ-कानपुर : प्रोजेक्ट 'मिशन रफ्तार' के तहत समपार संख्या 19/C और 25/C (जैतीपुर-सोनिक) के बदले सड़क अधोमार्गी पुल (RUB) का प्रावधान/(दोहरी पैकेट प्रणाली) **3.** सहायक मण्डल इंजीनियर/द्वितीय/लखनऊ के अधीन लखनऊ-कानपुर : प्रोजेक्ट 'मिशन रफ्तार' के तहत समपार संख्या 30/C और 32/C (सोनिक-उन्नाव) के बदले सड़क अधोमार्गी पुल (RUB) का प्रावधान/(दोहरी पैकेट प्रणाली) **4.** सहायक मण्डल इंजीनियर/द्वितीय/लखनऊ के अधीन लखनऊ-कानपुर : प्रोजेक्ट 'मिशन रफ्तार' के तहत समपार संख्या 37/C (उन्नाव–मगरवारा) के बदले सड़क अधोमार्गी पुल (RUB) का प्रावधान/(दोहरी पैकेट प्रणाली)
4	अनुमानित लागत	**1.** Rs. 181292383.70 **2.** Rs. 181292383.70 **3.** Rs. 181208069.98 **4.** Rs. 90362910.52
5	धरोहर राशि	**1.** Rs. 1056500.00 **2.** Rs. 1056500.00 **3.** Rs. 1056100.00 **4.** Rs. 601800.00
6	कार्य की समापन अवधि	क्रम सं. 1 से 4 तक के लिए: स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से छः माह।
7	निविदा डालने का प्रारंभ	01.04.2024
8	निविदा बंद होने की तिथि एवं समय	15.04.2024 15:00 बजे
9	वेबसाइट	**www.ireps.gov.in**

नोट : निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। **822/24**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

ई– ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से सम्बंधित सूचना।

एडमिन यूनिट / जोन	लखनऊ–उ०रे०–मण्डल–वाणिज्य / उ०रे०
नीलामी सूची सं० / लॉट सं० /	**PnU-LKO-AYC-WRL-69-24-1 (Pay and Use-Lounges/Waiting/ Retiring/Cloak Rooms)**
कार्य का नाम	Management and Operation of cloak Rooms
नीलामी सूची प्रकाशन तिथि	08.03.2024
नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट)	23.03.2024 समय 10:00 बजे
नीलामी बन्द करने की तिथि व समय	23.03.2024 समय 10:30 बजे
नीलामी सूची सं० / लॉट सं० /	**PnU-LKO-AY-WRL-65-23-2 (Pay and Use- Lounges/Waiting/ Retiring/Cloak Rooms)**
कार्य का नाम	Management and Operation of cloak Rooms
नीलामी सूची प्रकाशन तिथि	08.03.2024
नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट)	23.03.2024 समय 10:00 बजे
नीलामी बन्द करने की तिथि व समय	23.03.2024 समय 10:40 बजे
वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है	**E- Auction Module of www.ireps.gov.in**

No: Va-Vi/Cloak Room AY/23/PK Dt:- 13.03.2024 **811/2024**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

ई–ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

एडमिन यूनिट / जोन	लखनऊ–उ0रे0–मण्डल–वाणिज्य / उ0रे0
नीलामी सूची सं0 / लॉट सं0	**Parking-LKO-JNH-TW-11-24-1 (Parking-Two Wheeler)**
नीलामी सूची प्रकाशन तिथि	08.03.2024
नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट)	25.03.2024 समय 10:00 बजे
नीलामी बन्द करने की तिथि व समय	25.03.2024 समय 10:30 बजे
नीलामी सूची सं0 / लॉट सं0	**Parking-LKO-RDL-MX-90-24-2 (Parking-Mixed)**
नीलामी सूची प्रकाशन तिथि	08.03.2024
नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट)	25.03.2024 समय 10:00 बजे
नीलामी बन्द करने की तिथि व समय	25.03.2024 समय 10:40 बजे
नीलामी सूची सं0 / लॉट सं0	**Parking-LKO-ZBD-MX-107-24-1 (Parking-Mixed)**
नीलामी सूची प्रकाशन तिथि	08.03.2024
नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट)	25.03.2024 समय 10:00 बजे
नीलामी बन्द करने की तिथि व समय	25.03.2024 समय 10:50 बजे
नीलामी का प्रकार	Close Ended
वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है।	E-Auction Module of **www.ireps.gov.in**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ **828/2024**

संविधान में मिला है समानता का अधिकार - अपर जिला जज

महिला सशक्तिकरण पर विधिक साक्षरता शिविर आयोजित

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़ । जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रतापगढ़ और लोकप्रिय जनहित सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में महिला सशक्तिकरण और महिला सुरक्षा से सम्बन्धित विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर नीरज कुमार बरनवाल अपर जिला जज/ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस अवसर पर सरस्वती मां की प्रतिमा पर अपर जिला जज नीरज कुमार बरनवाल सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने पुष्प अर्पित करते हुए दीप प्रज्ज्वलित किया । इस अवसर पर अपर जिला जज ने महिलाओं के अधिकारों पर चर्चा करते हुए कहा कि कानून के अंतर्गत ऐसी व्यवस्था है कि लिंग के आधार पर किसी भी महिला के साथ कोई भेदभाव नहीं किया जाएगा, लिंग परीक्षण के संदर्भ में उन्होंने बताया कि यदि इस कार्य में लिप्त कोई पाए गए तो प्रथम बार पकड़े जाने पर 3 वर्ष की सजा एवं आर्थिक दंड एवं द्वितीय

बार पर 5 वर्ष की सजा एवं आर्थिक दंड का प्रावधान किया गया है, पास्को एक्ट पर चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि इसके लिए विशेष न्यायालय का प्रावधान किया गया है। पीड़ित व्यक्ति की पहचान गुप्त रखी जाती है एवं अपराधी को इसके लिए गंभीर सजा का प्रावधान किया गया है। उन्होंने बताया कि संविधान में समानता का अधिकार मिला है महिला पुरुष के बीच कोई भेदभाव नहीं है । घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम पर चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि घरेलू हिंसा से पीड़ित महिला को उसी घर में निवास का अधिकार है। कार्यस्थल पर महिलाओं के लिए लैंगिक उत्पीड़न से बचाने के लिए कानून बनाए गये है। उन्होंने कहा कि संपत्ति में महिलाओं को बराबरी का अधिकार प्राप्त है। सीनियर सिटीजन एक्ट के अंतर्गत जिले में वृद्धावस्था आश्रम की व्यवस्था के संदर्भ में लोगों को जानकारी दिया। उन्होंने बताया कि नारी संघ की महिलाएं लोगों को उनके अधिकारों के बारे मे जागरूक करेंगी ताकि लोग शोषण से बच सकें । अधिवक्ता ज्ञान प्रकाश शुक्ला ने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्रों में आगे आ रही है उन्होंने नेशनल लीगल एड हेल्पलाइन नंबर 15100 के बारे में जानकारी दिया , सिविल जज दिवानी लालगंज अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि आज शिक्षा प्राप्त कर प्रत्येक क्षेत्रों में लड़कियां नाम रोशन कर रही हैं ।महिलाओं के शिक्षित होने से परिवार, समाज एवं देश आगे बढ़ेगा । इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता जेल विजिटर विश्वनाथ प्रसाद त्रिपाठी जी ने कहा कि महिलाओं को वैवाहिक विवादों में जहां मध्यस्थता के माध्यम से समाधान कराने का अधिकार है वही अलगाव की स्थिति में उन्हें गुजारा भत्ता पाने का अधिकार प्राप्त है ।उन्होंने प्री लिटिगेशन प्रक्रिया और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित कार्यक्रमों के संबन्ध में विस्तार से जानकारी दिया ।इस अवसर पर नारी संघ की लीडर रुकशाना ने नारी संघ के गठन का उद्देश्य बताया और संगठन गीत प्रस्तुत किया गया । इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी इन्दू प्रकाश श्रीवास्तव ने ज़न कल्याणकारी योजनाओं के बारे मे विस्तार से बताया । इस अवसर पर पुलिस क्षेत्राधिकारी राम सूरत सोनकर ने महिला हेल्प लाइन और साइबर क्राइम के बारे मे विस्तार से जानकारी दिया ।

कार्यक्रम का संचालन पी एल वी राम प्रकाश पांडेय ने किया, आभार पीएलवी अधिवक्ता निरंजन प्रकाश तिवारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर नायाब तहसीलदार लालगंज, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली लालगंज, नीलेश तिवारी पैनल एडवोकेट जिला , मीना, अखिलेश, अफसरून, सरिता आदि लोग मौजूद रहे।

मस्जिद से उतारा हुआ लाउडस्पीकर नही वापस दे रही पुलिस, जिलाधिकारी से शिकायत

दुर्गागंज प्रतापगढ़। माइनारटीज बेलफेयर सोसाइटी प्रतापगढ़ ने गुरुवार को जिलाधिकारी प्रतापगढ़ को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया कि दिसम्बर माह में पुलिस द्वारा बिना किसी जब्ती लेटर के मस्जिद में लगे लाउडस्पीकर व साउंड बॉक्स को उतरवा कर उठा ले गई। मस्जिद के इमाम द्वारा मांगने पर पुलिस द्वारा दान में दे देना का बहाना बता कर वापस कर दिया जाता है।जिसकी शिकायत माइनारटीज बेलफेयर सोसाइटी प्रतापगढ़ जिलाधिकारी से कर लाउडस्पीकर वापस दिलाने की मांग किया।इस मौके पर माइनारटीज सचिव जफरूल हसन,मोहम्मद अफरोज, इसरार खान,सहित अन्य लोगों की उपस्थिति रही।

अवैध शराब के साथ तीन महिला आरोपी गिरफ्तार

चित्रकूटः पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में चित्रकूट पुलिस ने 3 महिला आरोपियों के कब्जे से 1 क्विंटल लहन व 35 लीटर कच्ची शराब बरामद की गयी।

मऊ थाना प्रभारी निरीक्षक अजीत कुमार पाण्डेय ने बताया कि उप निरीक्षक इन्द्रजीत गौमत तथा आरक्षी राहुल पाण्डेय, महिला आरक्षी शानू द्विवेदी एवं आबकारी की टीम द्वारा दुवसिया निवासी घुरेहटा को 1 क्विंटल लहन व 15 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। इसी प्रकार सरधुवा थाना प्रभारी निरीक्षक आशुतोष त्रिपाठी ने बताया कि उप निरीक्षक मुन्नीलाल तथा आरक्षी ललित सोनी, महिला आरक्षी रचना प्रजापति द्वारा आरती देवी व गायत्री देवी निवासीगण बक्टा खुर्द को 10-10 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के विरुद्ध थाना सरधुवा में आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किये गये।

पुलिस चौकी गाजी के बाग रानीगंज का पुलिस अधीक्षक ने किया उदघाटन

लोकमित्र ब्यूरो

रानीगंज, प्रतापगढ़ । शासन की मंशा के अनुरूप अपराध और अपराधियो पर अंकुश लगाने की नियत से किया गया सुल्तानपुर चौकी व गाजी बाग चेक पोस्ट का उदघाटन बताते चलें कि शासन की मंशा के अनुरूप कानून को दिनों दिन सशक्त करने की मंशा के अनुरूप पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल द्वारा सुल्तानपुर चौकी जो की कोतवाली रानीगंज के अंर्तगत उपस्थित है का फीता काट कर उदघाटन किया गया। पूरे विधि विधान से पूजा पाठ करा कर चौकी इंचार्ज अश्वनी पटेल के सुपुर्द की गई चौकी की व्योस्था। इस मौके पर पूर्व विधायक धीरज ओझा पूर्व विधायक राम शिरोमणि शुक्ला नगर पंचायत रानीगंज प्रतिनिधि बद्री गुप्ता तहसीलदार रानीगंज अरबिंद कुमार वरिष्ठ अधिवक्ता अजय उपाध्याय अधिवक्ता सी. पी. सिंह बब्लू पाण्डेय विनोद शुक्ला व्यापार मंडल रामापुर अध्यक्ष संजय मिश्र सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग इस मौके पर उपस्थित रहे। लोक प्रिय पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल द्वारा इस मौके पर कहा गया कि उत्तर प्रदेश पुलिस जनता की सुरक्षा के लिए चौबीस घंटे तैयार है। पूर्व विधायक धीरज ओझा द्वारा कहा गया कि डबल इंजन की भाजपा सरकार जनता की खुश हाली और सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध और हर क्षेत्र में नित्य नए आयाम स्थापित कर रही है। भाजपा गरीबों और कमजोर वर्ग को मजबूती प्रदान करने के लिए कार्य करती है। इसके पहले जनता की ऐसी हितैशी सरकार पहले कभी नही रही।

मानवता ही जीवन का है नियम

लोकमित्र ब्यूरो

रानीगंज, प्रतापगढ़ । रानीगंज तहसील के बगल स्थित स्वामी करपात्री जी इंटरमीडिएट कॉलेज मे चल रहे 24 कुंडली राष्ट्र जागरण अभियान गायत्री महायज्ञ मार्गदर्शन शांतिकुंज हरिद्वार के नेतृत्व में मानव में देवत्व का उदय एवं धरती पर स्वर्ग के÷हेतु पूरे विश्व में एक महा अभियान प्रारंभ किया गया है अपने राष्ट्र भारत वर्ष में यज्ञों की एक श्रृंखला राष्ट्र जागरण हेतु चलाए जा रहा है ऐसे ही आयोजन शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में रानीगंज में संपन्न हो रहा है कथा व्यास रमेश चंद्र केहरिया ने कहा कि परोपकार ही मानव का परम कर्तव्य है ईश्वर अच्छे कर्मों का फल प्रदान करता है स्वस्थ रहने के लिए व्यायाम भी जरूरी है जिस प्रकार व्यायाम करने से शरीर स्वस्थ रहता है ठीक उसी प्रकार ईश्वर का ध्यान करने के लिए ध्यान योग प्राणायाम गायत्री यज्ञ एवं संस्कार होना बहुत जरूरी है अपने कर्तव्यों को मानव को करने के साथ-साथ ईश्वर को भी ध्यान देना चाहिए और धन्यवाद देना चाहिए कि मानव जन्म देकर बिना भेदभाव के इस शरीर को उन्होंने प्रदान किया है साथ ही दूसरों की भलाई करनी चाहिए जिससे राज्य एवं देश का विकास होता है हवन करने से वातावरण शुद्ध हो जाता है ईश्वर के प्रति लगाव भी हो जाता है इस दौरान लक्ष्मी पांडेय, गणपति वैष्णवी, देशबंधु तिवारी संगठन प्रमुख ,कार्यक्रम संरक्षक मीरा गुप्ता पति बद्री प्रसाद गुप्ता, आयोजन करता अनंत बहादुर, कोषाध्यक्ष राजेंद्र प्रताप, राजेश पांडेय, अवनि चंद्र उपाध्याय ,भगवान केशरवानी, गोपाल जयसवाल, दिनेश साहू, नन्हे विश्वकर्मा ,विद्यासागर समेत काफी संख्या में लोग रहे मौजूद

सार्वजनिक सूचना

मैंने अपने पुत्र जावेद अहमद को अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य, कार्य अथवा लेनदेन से मेरा व मेरी संपत्ति का कोई लेना देना नहीं होगा।

राजिया बेगम
पत्नी स्व मोबीन
निवासी ग्राम ताला, थाना कंधई,
जनपद प्रतापगढ़।

सूचना

सार्वजनिक सूचना सर्वसाधारण को सूचना सूचित किया जाता है कि मेरी जीवन बीमा पॉलिसी संख्या 312146386 में श्री सूरत वर्मा पुत्र रामकरन वर्मा दर्ज हो गया है। जबकि मेरा नाम रामसूरत वर्मा पुत्र रामकरन वर्मा निवासी ग्राम पहाड़ मुरार पट्टी तहसील पट्टी जनपद प्रतापगढ़ अन्य सभी अभिलेखों में दर्ज है। उक्त दोनों नाम मेरे ही हैं।

सूचना

ग्रामोपयोगी शिक्षा प्रचारिणी समिति बाकरगंज गोराजू कौशांबी की साधारण सभा के सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि उक्त समिति द्वारा संचालित श्री दिलीप सिंह इंटर कॉलेज बाकरगंज गोराजू कौशांबी के प्रबंध समिति के निर्वाचन/ गठन हेतु दिनांक 17.03.2024 को नामांकन इत्यादि एवं दिनांक 31. 03. 2024 को मतदान समिति द्वारा संचालित विद्यालय श्री दिलीप सिंह इंटर कॉलेज बाकरगंज गोराजू कौशांबी में संपन्न होगा निर्वाचन संबंधी किसी भी जानकारी हेतु निर्वाचन अधिकारी श्री शिव सिंह से संपर्क किया जा सकता है उक्त जानकारी प्रबंधक श्री अवधेश सिंह ने दी है श्री शिव सिंह निर्वाचन अधिकारी का मोबाइल नंबर है 9936066793

शिक्षा के माध्यम से ही समाज को सजाना व संवारना संभव -अयोध्या प्रसाद

लोक मित्र ब्यूरो

कुंडा प्रतापगढ़। शिक्षा के माध्यम से ही समाज को सजाया व संवारा जा सकता है। शिक्षा से ही समाज की तस्वीर बदल सकती है। सभी अभिभावक अपने वालक व बालिकाओं को अनिवार्य रूप से शिक्षा दिलाने का कार्य करे। यह बातें बाघराय के लोसनापुर गांव में कुंवरबहादुर मेमोरियल पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव के मौके पर सेवानिवृत्त प्राथमिक शिक्षक अयोद्धाप्रसाद यादव ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित करने के बाद मौजूद लोगों के बीच कही। उन्होंने कहा कि आज देश प्रगति के पथ पर अग्रसर हो रहा है। जिसमें शिक्षा का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। प्रबंधक अजय यादव ने छात्र छात्राओं को अच्छी शिक्षा दिलाने वाले शिक्षक सुरेन्द्र प्रताप लालबहादुर अमित कुमार शीला यादव सचिन महेंद्र प्रताप नेहा प्रीती का माल्यार्पण कर स्वागत किया। छात्र व छात्राओं में प्रमुख रूप से जान्हवी आर्या अंजली लवली वर्तिका सोनाक्षी सत्यम शातनू प्रियांशु गौरव सुप्रिया अनामिका आदि ने सरस्वती वंदना व नृत्य प्रतियोगिता व अशिक्षा वालविवाह पर नाटक मंचन व देशभक्ति गीत प्रस्तुत कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। अध्यक्षता भानुमति यादव व संचालन मोहित यादव ने किया।

पुलिस ने पिकअप समेत पशु तस्करों को पकड़ा

लोक मित्र ब्यूरो

कुंडा प्रतापगढ़।नगर पंचायत हीरागंज बाजार के वार्ड नं 6 जगापुर मे बुधवार की रात पशु तस्करों द्वारा एक पिकअप चार पहिया वाहन से लगभग आधा दर्जन गोवंशो को लाद कर ले जाया जा रहा था। नगर वासियों द्वारा इसकी सूचना महेशगंज पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने पशुओं को लाद रहे दो लोगों को दौड़ाकर पकड़ लिया। जबकि चालक पिकअप छोड़कर भाग निकला। पुलिस ने पिकअप से गौवंशों को उतरवाकर मुक्त कर पशु तस्कर सहित गाड़ी को थाने ले आये। सुबह से पशु तस्करो को छुड़ाने के लिए थाना के इर्द-गिर्द पशु तस्करों के सहयोगी चक्कर लगाते रहे। ज्ञात हो कि विगत कुछ माह से महेशगंज थाना क्षेत्र में पशु तस्करों के हौसले बुलंद हैं,। इस संबंध में थाना अध्यक्ष श्रवण कुमार से बात करने पर बताया कि एक पिकअप गाड़ी मे लगभग आधा दर्जन गोवंश लादे गए थे।गोवंशो को मुक्त कर गाड़ी सहित दो लोगों को पकड़ कर थाने पर पूछताछ की जा रही है।

पीपीएस चयनित जयंत को सीएम ने सौंपा नियुक्ति पत्र

कुंडा-प्रतापगढ़। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा फरवरी माह में पुलिस उपाधीक्षक के पद पर चयनित गुंडा नगर के पुरानी बाजार निवासी जयंत यादव पुत्र चंद्र प्रकाश यादव को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोक भवन लखनऊ में नियुक्ति पत्र सौंपा। साथ ही शासकीय सेवा में सराहनीय व बेहतर कार्य करने के लिए शुभकामनाएं दी। नियुक्तिपत्र प्राप्त करने के बाद घर पहुंचने पर परिजनों ने मुंह मीठा करा कर आरती उतारी तथा जानकारी पर नगर वासियों ने उनके आवास पर पहुंचकर बधाई व शुभकामनाएं दी।

अटेवा ने प्रदेश सम्प्रेक्षक का किया स्वागत

प्रतापगढ़ - पट्टी के पंचायत भवन सैफाबाद मे अटेवा पट्टी तहसील की मार्च माह की मासिक बैठक की गयी।जिसकी अध्यक्षता करुणा शंकर यादव अध्यक्ष पट्टी तथा संचालन डा.सुशील कुमार महामंत्री पट्टी ने किया।बैठक मे मुख्य अतिथि के रुप मे पहुंचे उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ उत्तर प्रदेश के नवनिर्वाचित प्रदेश सम्प्रेक्षक अयोध्या यादव का स्वागत किया गया।

मुख्य अतिथि अयोध्या यादव ने अपने संबोधन मे कहा कि यह जीत प्रत्येक कर्मचारियों की जीत है।मै पूरी निष्ठा के साथ सफाई कर्मचारी भाइयों और बहनो की आवाज उठाता रहूंगा।पुरानी पेंशन के लिए सभी कर्मचारियों से अटेवा के कंधे से कंधा मिला कर चलने का आह्वान किया।जिलामंत्री राजेन्द्र वर्मा मे बताया कि अटेवा मार्च माह मे मतदाता पेंशन जागरूकता अभियान चलाएगा।

उमेश चन्द्र तिवारी कोषाध्यक्ष आसपुर देवसरा ने कहा कि हमे अटेवा को तन मन धन से मजबूत करना है। अध्यक्षता कर रहे करुणा शंकर यादव ने कहा कि हमें हर स्तर से पुरानी पेंशन बहाली के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बन्धुजी के कारवां को आगे बढाना है।बैठक में अटेवा तहसील पट्टी के सभी ब्लाक पट्टी, आसपुर देवसरा, मंगरौरा, बाबा बेलखरनाथ के तेजश्वी प्रताप मीडिया प्रभारी,अमित कुमार, दिलीप, गीता,रेनू यादव,श्रीकांत विश्वकर्मा,ओम प्रकाश पटेल, वीरेन्द्र वर्मा,जियालाल, सुरेश कुमार,विश्वजीत, रमेश सहित सैकड़ोंशिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

9452526750, 9839665450,8565970115

दैनिक लोकमित्र

121, विवेक नगर प्रतापगढ़

सम्मन प्रकाशन दर 1000 रू0 एक नाम तक अतिरिक्त प्रति व्यक्ति 10.00 रूपया पैनल विज्ञापन 5 से.मी. प्रति कालम 500/–प्रतिमाह

प्रथम पृष्ठ पर 100% अतिरिक्त

E-mail-lokmitra2005@gmail.com

प्रकाशक,मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्रणालय, विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित एवं लोकमित्र कार्यालय पल्टन बाजार प्रतापगढ़ से प्रकाशित

8738029050 सम्पादकः संतोष भगवन

मेनका गांधी के टिकट पर अटकलें बरकार

2014 से मां-बेटे ने खिला रखा है बीजेपी का कमल

सुलतानपुर। लोकसभा चुनाव 2024 की भाजपा की दूसरी सूची आने के बाद जहां यूपी को मायूसी हाथ लगी है वही सुल्तानपुर को भी निराश होना पड़ा है। वर्तमान सांसद मेनका गांधी के टिकट पर अटकलें फिर बरकार हैं। राम मंदिर लहर के बाद डेढ़ दशक बाद यहां मां-बेटे ने बीजेपी का कमल खिला रखा है।

2019 के चुनाव में भाजपा ने मेनका गांधी और वरुण गांधी की सीटें बदली थी या फिर मां-बेटे ने स्थान बदले थे ये राज तो राज रह गया। लेकिन सुल्तानपुर और पीलीभीत पर कब्जा मां-बेटे का ही रहा। मेनका गांधी ने जहां कम समय में एक-एक गांव जाकर वोट मांगे और अंततः 14 हजार से जीत हार का फैसला हुआ। वही 2014 में वरुण गांधी ने लाखों मतों से विजय दर्ज कराया था। सुल्तानपुर से सांसद रहते हुए वरुण गांधी अपने संसदीय क्षेत्र में आए तो कम लेकिन विकास कार्य जमकर किया। उन्होंने साल 2018 में सवा करोड़ की लागत से जिला अस्पताल में इमरजेंसी व दो दर्जन के आसपास गरीबों को अपने वेतन से एक-एक लाख रुपए का मकान दिया था। यही नहीं पासपोर्ट ऑफिस की सौगात जिले में वरुण गांधी ने ही दिया था। इसके बाद मेनका गांधी जिले में पहुंची। ये अलग बात है वे जीती भले ही कम मतों से हो लेकिन उन्होंने जिले भर में जमकर विकास कार्य कराए। धोपाप धाम की जहां उन्होंने कायाकल्प कराया वही कृषि विज्ञान केंद्र व नवोदय जैसा शिक्षा केंद्र उन्होंने खुलवाया। यही नहीं कई प्रमुख मार्गों का जीर्णोद्धार आए मेनका गांधी की ही देन है। अक्सर वे मंच से ये कहती रही कि हमने जाति-धर्म नहीं देखा, जिसने वोट दिया या नहीं दिया जो आया हमने उसका कार्य किया।

यही वजह है कि आज हर वर्ग में मेनका गांधी के फालोवर्स हैं। यही नहीं जिले के आसपास क्या यूपी और देश भर में वे एक ऐसी इकलौती सांसद रही जो पांच वर्षों में हर महीने तीन से चार दिनों के लिए संसदीय क्षेत्र में आती और जनता दरबार लगाकर लोगों की फरियादें सुनकर उसका निस्तारण कराती। यही कारण है कि अब जैसे ही लोकसभा प्रत्याशियों की सूची जारी हो रही तो लोग टकटकी लगाए देख रहे कि उनकी सांसद का नाम आया या नहीं।

जगद्गुरु शंकराचार्य धार्मिक आकाश के चमकते सितारे- द्वारिका नाथ

एमएलकेपीजी कॉलेज में जगतगुरु शंकराचार्य पर व्याख्यान कार्यक्रम संपन्न

बलरामपुर। गुरुवार को एम एल के पी जी कॉलेज सभागार में भारतीय भाषा समिति शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार से अनुदानित एम एल के पी जी कॉलेज व महाविद्यालय के बीएड एवं शिक्षाशास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वावधान में एकदिवसीय जगद्गुरू शंकराचार्य व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। व्याख्यान माला में वक्ताओं ने जगद्गुरू शंकराचार्य के दर्शन एवं जीवन कार्य मे संस्कृत एव भारतीय भाषाओं की भूमिका पर विस्तृत जानकारी दी।

व्याख्यान माला का शुभारंभ मुख्य व्याख्याता प्रो0 द्वारकानाथ वरिष्ठ आचार्य एव पूर्व विभागाध्यक्ष दर्शनशास्त्र विभाग दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय ,पूर्व अध्यक्ष संस्कृत विभाग एम एल के कॉलेज डॉ माधवराज द्विवेदी ,डॉ श्रीनिवास मिश्र सहायक आचार्य दर्शनशास्त्र देवरिया, कार्यक्रम अध्यक्ष प्राचार्य प्रो0 जे पी पाण्डेय, आई क्यू ए सी समन्वयक प्रो0 तबस्सुम फरखी, संयोजक प्रो0 राघवेंद्र सिंह,सह संयोजक डॉ दिनेश मौर्य, आयोजन सचिव प्रो0 श्रीप्रकाश मिश्र ने दीप प्रज्वलित एव मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करके किया। इसके बाद बीएड की छात्राओं ने सरस्वती वंदना व स्वागत गीत प्रस्तुत कर व्याख्यान माला की औपचारिक शुरुआत की। उपस्थित छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए प्रो द्वारकानाथ ने जगद्गुरू श्री शंकराचार्य के आध्यात्मिक एवं भाषाई एकता के वाहक विषय के उद्देश्य को बताते हुए कहा कि ईश्वर सर्वत्र है, वह सभी मे व्याप्त है। शंकराचार्य धार्मिक आकाश के चमकते सितारे होने के साथ साथ विश्वमानव थे।आदि शंकराचार्य ने मात्र 32 वर्ष की अल्पायु में संपूर्ण भारतवर्ष का तीन बार पैदल भ्रमण कर बखूबी समझा और सतत साधना के बल पर प्रत्यक्ष अनुभव किया था। कदाचित यही कारण रहा कि वे राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता के स्थाई, मान्य एवं व्यावहारिक सूत्र देने में सफल रहे। पूरब से पश्चिम तथा उत्तर से दक्षिण तक राष्ट्र को एकता एवं अखंडता के सूत्र में पिरोने में उन्हें अभूतपूर्व सफलता मिली। डॉ माधवराज द्विवेदी ने भारत की एकता और एकात्मता में जगद्गुरू श्री शंकराचार्य के योगदान को बताया। डॉ श्रीनिवास मिश्र ने एकात्म मानववाद को समझाते हुए कहा कि मानव अभेद नहीं है। भारतीय ज्ञान परम्परा वैश्विक परंपरा है, एकत्व व अखंड परंपरा है। अद्वैतवाद पर ही चलकर विश्वगुरू बना जा सकता है। व्याख्यान माला के अध्यक्ष प्राचार्य प्रो0 पाण्डेय ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि भारत की संप्रभुता जन में निहित है। यह राज्य (स्टेट) में न होकर धर्म, समाज और संस्कृति में है। ध्यान रहे कि भारत के लिए धर्म कर्त्तव्य-बोध या आचरणगत सदाचार है। एकता एवं अखंडता के सूत्र व तत्त्व हमने राज्य एवं राजनीति में नहीं, अपितु धर्म, अध्यात्म एवं संस्कृति में खोजे और पाए हैं। धर्म एवं संस्कृति ही हमारी चेतना को झंकृत करती है। वही हमारी प्रेरणा के अजस्र स्रोत हैं। इसीलिए हमारे यहां आम धारणा है कि धर्म व संस्कृति जोड़ती हैं, राजनीति तोड़ती है। आयोजन सचिव प्रो0 श्रीप्रकाश मिश्र ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। सह आयोजन सचिव डॉ राम रहीस ने संक्षिप्त रिपोर्ट प्रस्तुत किया। व्याख्यान माला का संचालन समन्वय सह सचिव महाविद्यालय के एसोसिएट एन सी सी ऑफिसर लेफ्टिनेंट(डॉ) देवेन्द्र कुमार चौहान ने किया। इसके पूर्व प्राचार्य ,संयोजक व आयोजन सचिव के द्वारा अतिथियों को स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्र भेटकर सम्मानित किया गया। समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

इस अवसर पर प्रो0 अरुण कुमार सिंह, प्रो0 पी सी गिरि, प्रो0 मोहिउद्दीन अंसारी,प्रो0 वीणा सिंह,प्रो0 रेखा विश्वकर्मा,डॉ विमल प्रकाश,डॉ तारिक कबीर,डॉ प्रखर त्रिपाठी,डॉ आज़ाद प्रताप सिंह, डॉ सद्गुरु प्रकाश,डॉ आलोक शुक्ल, डॉ आशीष लाल,डॉ एस के त्रिपाठी, डॉ अनुज सिंह, सीमा सिन्हा, प्रतीची सिंह, श्रीनारायण सिंह,सीमा श्रीवास्तव, सीमा पांडेय,अविनाश मिश्र सहित कई लोग मौजूद रहे।

प्रधान करें विद्यालयों का कायाकल्प लाएं शिक्षा गुणवत्ता में सुधार-विनोद सिंह

लोकमित्र ब्यूरो

सुलतानपुर। कायाकल्प योजना के तहत प्रधान प्राथमिक विद्यालयों का विकास करें और हर संभव संसाधन मुहैया कराने में जनप्रतिनिधि के रूप में सहयोग दें। विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष और प्रधानाचार्य मिलकर शिक्षा की गुणवत्ता सुधारें और प्राथमिक विद्यालय में बच्चों को लाने विकास में सहभागी बनाएं। आप सभी मिलकर वातावरण सृजन का कार्यक्रम सफल करने में आगे आएं। यह बातें विधायक एवं पूर्व मंत्री विनोद सिंह ने कही। वे शहर से सटे दुबेपुर ब्लॉक मुख्यालय पर उन्मुखीकरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

बेसिक शिक्षा अधिकारी दीपिका चतुर्वेदी की मौजूदगी में शिक्षक प्रधानाचार्य और विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष कार्यक्रम में शामिल हुए। विधायक विनोद सिंह ने प्राथमिक विद्यालय में शिक्षा के गुणवत्ता सुधारने और बच्चों को एक बेहतर वातावरण देने के लिए तीनों प्रमुख सहयोगियों को एक कड़ी में जुटकर कार्य करने का आवाहन किया। वे बोले कि बीएसए समेत अन्य अधिकारियों की तरफ से चल रहे सुधार कार्यक्रम काबिले तारीफ हैं। बेसिक शिक्षा अधिकारी दीपिका चतुर्वेदी ने कहा कि हर संभव प्रयास किया जा रहा है कि बच्चों को बेहतर से बेहतर शिक्षा और सरकार द्वारा योजनाओं का लाभ दिया जाए। इस अवसर पर उदयराज मौर्य खंड शिक्षा अधिकारी भदैंया, अपेक्षा त्रिपाठी डीसी, दिलीप पांडेय, सुशील पांडेय सहित शिक्षक व जनप्रतिनिधि उपस्थिति रहे।

दीपक त्रिपाठी बने किसान कांग्रेस के नेशनल ज्वाइंट कोऑर्डिनेटर

लोकमित्र ब्यूरो

सुल्तानपुर। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने पूरे देश में किसान कांग्रेस के कोऑर्डिनेटर, ज्वाइंट कोऑर्डिनेटर की सूची जारी की है। सुल्तानपुर के कादीपुर के सरायरानी के रहने वाले दीपक त्रिपाठी पुत्र कृष्ण देव त्रिपाठी को कांग्रेस पार्टी ने किसान कांग्रेस का ज्वाइंट कोऑर्डिनेटर बनाकर भरोसा जताया है। लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर कांग्रेस अब गंभीर दिखाई देने लगी है। पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा और रोजगार की गारंटी और किसानों के हित में किए जा रहे वादों को लेकर देश का करोडो युवा व किसान कांग्रेस

की ओर आशा भरी नजरों से देख रहा है। वहीं सुल्तानपुर के एक युवा को बड़ी जिम्मेदारी मिलने पर कांग्रेसियों में जश्न का माहौल है । किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश सिंह व जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह ने संगठन की ओर से दीपक त्रिपाठी का राष्ट्रीय ज्वाइंट कोऑर्डिनेटर बनाए जाने पर खुशी जताई है। कादीपुर जयसिंहपुर सुल्तानपुर इसौली व लंभुआ के कांग्रेसी दीपक त्रिपाठी के मनोनयन से खुश दिखाई दे रहे हैं। युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष विपिन कनौजिया दिलीप मिश्रा राजदेव शुक्ल सईद खालिद सब्बू अवधेश गौतम नितिन मिश्रा शक्ति प्रसाद तिवारी सुरेंद्र प्रताप मिश्रा अबरार अहमद इकरार अहमद इदरीसी शुभम रावत श्रीनाथ मिश्रा मनोज तिवारी रामसूरत रावत आदि ने खुशी जताई है।

वन माफियाओं के विरूध मुकदमा पंजीकृत

धनपतगंज/सुल्तानपुर। सदर रेंज में होने वाली गतिविधियों का नतीजा स्पष्ट दिख रहा है। शायद यही कारण है कि रेंज क्षेत्र में आए दिन फलदार वृक्षों की कटाई बड़ी ढ़िठाई के साथ हो रही है। हालात इतने बेकाबू हो गए है कि मनबढ़ वन माफिआओं द्वारा जहां जब चाहते है फलदार वृक्ष धाराशाही कर रहे है। बीते दिन आम व महुआ के कई वृक्ष चोरी से काट दिए गए थे। मामले की जानकारी डीएफओ अमित सिंह तक पहुंचते विभाग ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्यवाही शुरू की, तो वही तेज तर्रार एसडीओ डीके सिंह के द्वारा मामले में सदर रेंजर को सख्त निर्देश देते हुए स्वयं जाज करके आख्या प्रस्तुत करने का आदेश देते ही रेंजर आरके मौर्या मौके पर पहुंचकर अवैध रूप से वृक्ष काटने वालों पर मुकदमा पंजीकृत करने की तहरीर देने के लिए वन दरोगा वीके यादव को निर्देशित किया। तीन नामजद के खिलाफमुकदमा दर्ज किया गया। ध्रुव राज सिंह निवासी थाना गोसाईगंज, उमापति सिंह और जीत बहादुर सिंह निवासी धनपतगंज के विरूध अवैध हरे पेड़ों की कटान और ढुलाई मामले का मुकदमा दर्ज किया गया। धनपतगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत मझवारा गांव में हुए अवैध कटान के मामले में। वन दरोगा बृजेश यादव के प्रार्थना पत्र पर पुलिस ने शुरू की कार्रवाई। धनपतगंज कोतवाल ने अभियोग पंजीकरण की पुष्टि किया।

लंभुआ चेयरमैन का विरोध शुरू, बैठक में नहीं पहुंचे सभासद

सुल्तानपुर। लंभुआ में भाजपा के पाले में जा चुके नगर पंचायत अध्यक्ष का विरोध शूरू हो गया। उनका ये विरोध सभासदों द्वारा ही किया जा रहा है। यहां नगर पंचायत में बजट के लिए बुलाई गई बैठक का सभासदों ने बहिष्कार कर दिया तो बैठक निरस्त करना पड़ गई है। आरोप है कि बगैर सभासदों के राय मशवरा के अध्यक्ष विकास कार्य करा रहे हैं। वे स्वयं व अपने लोगों को काम दे रहे। इस सबको लेकर सभासदों में नाराजगी है।

नगर पंचायत में सभाकक्ष में बोर्ड की बैठक बुलाई गई थी। इसमें वार्षिक विकास कार्यों का लेखा जोखा तैयार करने के साथ बजट को भी मंजूरी मिलनी थी। 15 सदस्यीय बोर्ड में बैठक का कोरम पूरा करने के लिए न्यूनतम 5 सदस्यों की जरूरत थी। लेकिन बैठक में केवल वार्ड चार सभासद ही पहुंचे थे। बताया का रहा है इनमें वार्ड 1, वार्ड 4, वार्ड 5 और 10 के ही सभासद पहुंचे। काफी देर तक टकटकी लगाकर इंतजार के बाद अधिशासी अधिकारी ने बैठक निरस्त कर दी। अधिशाषी अधिकारी अमित कुमार सिंह ने बताया कि चार सभासद आए थे। बैठक का कोरम पूरा नहीं हो पाने के कारण कोई भी प्रस्ताव पारित नहीं किया जा सका। वही सोशल मीडिया पर एक पत्र भी सभासदों का एक भी वायरल हो रहा है जो नगर पंचायत अध्यक्ष के विरोध में देखा जा रहा है। वही कृष्णानगर सभासद राजेंद्र यादव कुछ देर के लिए नगर पंचायत पहुंचे थे लेकिन उन्होंने बैठक में हिस्सा नहीं लिया। उन्होंने ये अवश्य बताया कि कुछ विशेष प्रकरण पर वार्ता के लिए आए हुए थे। उन्होंने किसी रजिस्टर या अभिलेख पर हस्ताक्षर नहीं किए। उधर जब नगर पंचायत अध्यक्ष अवनीश कुमार सिंह अंगद से बातचीत की गई तो उन्होंने कहा हमारे कुछ सभासद इधर उधर कार्यों में व्यस्त थे वे आ नहीं सके। इसलिए बैठक निरस्त करना पड़ा। बाक़ी कोई विरोध या मनमुटाव नहीं है। एक दो जो हैं उन्हें मना लिया जाएगा।

राष्ट्रीय आविष्कार प्रतियोगिता में यूपीएस घोसियार के चंद्रशेखर रहे अव्वल

देवी आरती विद्यालय में ब्लॉक स्तरीय राष्ट्रीय आविष्कार कार्यक्रम का हुआ आयोजन

बलरामपुर। केंद्र सरकार के समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय राष्ट्रीय आविष्कार अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया यह कार्यक्रम देवी आरती विद्यालय कैंपस में आयोजित किया गया ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम में गणित विज्ञान क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें प्राथमिक एवं कंपोजिट स्कूल से कक्षा 6 से एक छात्र कक्षा 7 से 2 एवं कक्षा 8 से 33 बच्चों ने अपनी प्रतिभागिता दर्ज की है उनमें प्रथम स्थान यूपीएस घोशियार के चंद्रशेखर को मिला है।

कार्यक्रम सदर खंड शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार पाठक की निगरानी में आयोजित किया गया प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने शिक्षकों के साथ प्रतिभा किया है सदर खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि राष्ट्रीय अविष्कार अभियान कार्यक्रम

आयोजन का मुख्य उद्देश्य परिषदीय बच्चों के प्रतिभा को बढ़ाना है किसी के तहत गणित विज्ञान क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई प्रतियोगिता में यूपीएस घोशियार के चंद्रशेखर प्रथम स्थान पर रहे हैं द्वितीय स्थान पर कंपोजिट स्कूल सिंगाही के बृजेंद्र कुमार यादव एवं तीसरे स्थान पर यूपीएस घोशियार के मुकेश पासवान रहे हैं चौथे स्थान पर यूपीएस इमलिया की महेश्वर सिंह पांचवें स्थान पर यूपीएस फरेंदा की कोमल यादव छठवें स्थान पर यूपीएस घोशियार की सुंदरी मौर्य सातवें स्थान पर यूपीएस फरेंदा की कृतिका आठवीं स्थान पर यूपीएस घोशियार की लक्ष्मी पवन 90 स्थान पर कंपोजिट स्कूल ज्योंनार की ज्योति गौतम एवं दसवें स्थान पर यूपीएस खगई जोत के मनीष प्रजापति रहे हैं क्विज प्रतियोगिता के इस कार्यक्रम में प्रथम 10 स्थान पर आने वाले बच्चों को 1400 रुपए की नगद धनराशि एवं 14 सो रुपए जिला स्तर पर मॉडल प्रस्तुत करने के लिए नगद धनराज के साथ स्मृति चिन्ह विज्ञान किट प्रमाण पत्र मेधावी को दिया गया है ब्लॉक स्तर पर 10 चयनित बच्चों को प्रमाण पत्र के साथ विज्ञान किट भी नगद धनराज के साथ दिया गया है यह सभी पुरस्कार खंड शिक्षा अधिकारी के हाथों छात्रों को दिया गया है कार्यक्रम का संचालन जिला स्काउट मास्टर महमूद उल हक ने किया कार्यक्रम के सफल आयोजन में आरपी पंकज कुमार सीमा जायसवाल शैलेंद्र सिंह के साथ डॉ मीनाक्षी त्रिपाठी अखिलेश शुक्ला ज्योत्सना गुप्ता गुंजन गुप्ता आतिफ खान आदर्श श्रीवास्तव कृष्ण कुमार निश्चल श्रीवास्तव सुबह श्रीवास्तव अमित कुमार विजयलक्ष्मी प्रियंका द्विवेदी की विशेष सहयोग रहा है इसके अतिरिक्त अली जर्रारअनिल कुमार देवेश कुमार आदि शिक्षक भी सहयोगी रहे हैं।

जूनियर वर्ग में अस्मिता, सीनियर में आरती रही चैंपियन

मतदाता जागरूकता प्रतियोगिता में आठ इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राएं हुए शामिल

बलरामपुर। जिलाधिकारी के निर्देशन में लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में चार्ट पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें नगर क्षेत्र के आठ इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया है।

जिला विदाई निरीक्षक गोविंदराम की निगरानी में एमपीपी इंटर कॉलेज में लोकसभा निर्वाचन 2024 मतदाता जागरूकता अभियान के तहत चार्ट पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया इस प्रतियोगिता में सिटी मांटेसरी गर्ल्स डिग्री कॉलेज एमपीपी इंटर कॉलेज बलरामपुर बालिका इंटर कॉलेज सुंदर दास रामलाल इंटर कॉलेज एमडीके बालिका इंटर कॉलेज भगवती आदर्श विद्यालय बलरामपुर मॉडर्न इंटर कॉलेज एवं सिटी मांटेसरी इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभा किया है प्रतियोगिता दो चरण में आयोजित की गई जूनियर संवर्ग में बलरामपुर मॉडर्न स्कूल अस्मिता श्रीवास्तव प्रथम भगवती आदर्श विद्यालय की लक्ष्मी देवी द्वितीय बलरामपुर गर्ल्स इंटर कॉलेज की अमीन खान एवं सुंदर दास रामलाल इंटर कॉलेज केसिद्धार्थ साहू तीसरे स्थान पर रहे हैं वहीं सीनियर संवर्ग में सिटी मांटेसरी गर्ल्स इंटर कॉलेज की आरती विश्वकर्मा प्रथम स्थान बलरामपुर बालिका इंटर कॉलेज की प्रियंका श्रीवास्तव द्वितीय स्थान सिटी मांटेसरी गर्ल्स कॉलेज की छात्रा अनीता पाठक तीसरा स्थान पर रही है कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रधानाचार्य डॉ चंदन पांडे राकेश प्रताप सिंह गीता गौतम लेफ्टिनेंट शशांक नीतू श्रीवास्तव प्रगति श्रीवास्तव मानसी वर्मा अजीत विश्वकर्मा की विशेष भूमिका रही है।

स्कूल/कॉलेजों में छात्र/छात्राओं को मतदान हेतु किया गया जागरूक

सुल्तानपुर। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये निर्देश के अनुपालन में स्वीप योजनान्तर्गत मतदाता साक्षरता हेतु स्कूल/कॉलेजों में 11 मार्च, 2024 से 18 मार्च, 2024 तक निर्धारित तिथि के अनुसार श्वद्यद्गष्-ह्लह्म्शद्य स्ह्लह्लद्गह्लड्डष्4 ष्द्यह्वड्डह्य की वर्कशॉप दिनांक 14.03.2024 को पी0आर0इं0का0 सेमरी बाजार जयसिंहपुर, सुलतानपुर में आयोजित की गयी, जिसमें नोडल अधिकारी डॉ0 राधा कृष्ण मिश्रा पी0आर0इं0का0 सेमरी बजार जयसिंहपुर, सुलतानपुर की अध्यक्षता में आयोजित हुई, जिसमें निम्नवत् विद्यालयों के नोडल एवं छात्र/छात्राऐं प्रतिभाग किए। नोडल अधिकारी नोडल अधिकारी डॉ0 राधा कृष्ण मिश्रा पी0आर0इं0का0 सेमरी बजार जयसिंहपुर, सुलतानपुर द्वारा मतदान हेतु जागरूक किया गया। उन्होंने उक्त विद्यालयों के छात्र/छात्राओं को मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने हेतु जागरूक किया।

(फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय द्वितीय प्रतापगढ़
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
वाद सं0 285/2023
नाम फरीकेन श्रीमती नेहा तिवारी उम्र लगभग 23 पत्नी अनुराग तिवारी पुत्री गया प्रसाद पाण्डेय निवासी हाल पता ग्राम सरसतपुर रामनगर थाना पट्टी जनपद प्रतापगढ़
बनाम
अनुराग तिवारी उम्र लगभग 16 पुत्र अजय कुमार तिवारी निवासी ग्राम व पोस्ट सरैयामाफी थाना बल्दीराय जिला सुल्तानपुर
अन्तर्गत धारा 125 सीआरपीसी
तारीख पेशी 06.04.2024
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 06.04.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

गोरखपुर के डॉक्टर ने अपनी मां की याद में बनवाया मंदिर

धनपतगंज/सुल्तानपुर। गोरखपुर जनपद के डॉक्टर विजय कुमार श्रीवास्तव ने अपनी मां और पिता के स्मृति में सुल्तानपुर जनपद के ब्लॉक धनपतगंज स्थित ग्राम पूरे पंडित आचार्य (बड़नपुर) में मंदिर निर्माण करवाकर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दी है। डॉक्टर विजय कुमार श्रीवास्तव और उनकी पत्नी अंजनी श्रीवास्तव गोरखपुर जनपद के ग्राम गोपलापुर पोस्ट खजूरगांव के निवासी हैं। कई वर्ष पूर्व इनके माता पिता की मृत्यु हो गई थी। इन दोनों की स्मृति में डॉक्टर श्रीवास्तव ने अपने गुरुघराने में मंदिर बनवाने का निर्णय लिया और मंदिर बनवा कर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दी।इस अवसर पर मां काली धाम पर सुंदर काण्ड पाठ का आयोजन किया गया जिसमे समस्त ग्राम वासियों ने पूजन अर्चन किया और प्रसाद ग्रहण किया। उक्त अवसर पर पंडित जगदेव प्रसाद पांडेय शास्त्री, मुख्य पुजारी, काली माता धाम समिति सुल्तानपुर, द्वारिका प्रसाद पांडेय, श्रवण कुमार पांडेय, रामायणी, गंगा प्रसाद, जय प्रकाश, दुर्गा प्रसाद, संतोष पाण्डेय उप संपादक, सोनू, मोनू, अयोध्या प्रसाद आदि उपस्थित रहे।

शिक्षा के साथ-साथ बच्चों को स्वस्थ एवं फिट रहने के लिए योग जरूरी-हंसराज

शहीद वीर विनय स्कूल में एक दिवसीय योग शिविर का हुआ आयोजन

बलरामपुर। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी विभाग के साथ शहीद वीर विनय स्कूल कि संयुक्त तत्वाधान में योग शिविर का आयोजन किया गया योग शिविर में विद्यालय के बच्चों को प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने सहित विभिन्न आसन प्राणायाम एवं ज्ञान का अभ्यास कराया गया।

क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी विभाग के योग वैलनेस सेंटर प्रशिक्षक हंसराज वर्मा एवं योग सहायिका शिखा ने संयुक्त रूप से विद्यालय के बच्चों को रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए प्राणायाम आसन एवं ज्ञान का प्रशिक्षण दिया है योग प्रशिक्षक हंसराज वर्मा ने कहा कि योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति के माध्यम से तनाव अनिद्रा कब्ज सर दर्द उच्च रक्तचाप जैसी बीमारियों से निजात मिल सकती है क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉक्टर दिग्विजय नाथ के निर्देशन में प्रतिदिन योग शिविर का आयोजन विद्यालयों पार्क के सार्वजनिक स्थल पर कराया जा रहा है। अपने बच्चों को नियमित रूप से योग अभ्यास करके स्वस्थ एवं फिट रहने के टिप्स दिए हैं विद्यालय प्रधानाचार्य सुंदर श्याम शुक्ला ने कहा कि क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी विभाग के योग वैलनेस सेंटर की पहल छात्र हित में सराहनीय है शिक्षा के

साथ-साथ बच्चों को नियमित रूप से योगाभ्यास निश्चित तौर पर उन्हें स्वस्थ रखेगा उन्होंने योग प्रशिक्षक आभार जताते हुए सदैव अपेक्षित सहयोग देते रहने की अपील की है योग शिविर में विद्यालय के सत्यम सुधीर कुमार रागिनी श्रीवास्तव मोनिका वर्मा आदि ने उत्कृष्ट योगाभ्यास करके छात्रों को नियमित रूप से योग करने के लिए प्रेरित किया है।

सुसराल में रह रहे युवक ने लगाई फांसी पड़ोसी की प्रताड़ना से क्षुब्ध होकर उठाया कदम

सुल्तानपुर। जयसिंहपुर कोतवाली अंतर्गत होलेपुर गांव में बुधवार को संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक का शव कच्चे मकान में लगे लकड़ी के कुंडी में साड़ी के सहारे लटकता मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की पत्नी ने पड़ोसियों पर जमीनी विवाद में उसे मारने-पीटने का आरोप लगाया है।

जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के कटरा चंगघूपुर के सवादिया गांव निवासी श्यामू निषाद (26) की शादी भैरोपुर ग्राम पंचायत के होलेपुर गांव मे भोला की छोटी बेटी पूषा (24) से हुई थी। शादी के कुछ सालो बाद से ही श्यामू निषाद पत्नी और बच्चों के साथ अपने ससुराल होलेपुर में रहने लगा। बुधवार को दोपहर बाद कच्चे मकान में लगे लकड़ी के कुंडे में साड़ी के सहारे उसका शव संदिग्ध परिस्थितियों में लटकता मिला। पत्नी पूषा के चीखने-चिल्लाने पर गांव के लोग इकट्ठा हुए। पुलिस ने परिजनो को मौजूदगी में शव को नीचे उतार जांच पड़ताल शुरू की। मृतक की पत्नी पूषा ने बताया की सुबह जमीनी विवाद में पड़ोसियों ने उसे मारपीटा था। जिससे क्षुब्ध होकर उसने अपनी जान दे दी हैं। पुलिस ने पत्नी को तहरीर पर पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

अवैध रूप से संचालित क्लीनिक पर स्वास्थ्य विभाग और पुलिस टीम का छापा, सीज

लोकमित्र ब्यूरो

सुल्तानपुर। गुरुवार को स्वास्थ्य अधिकारी एक बार फिर एक्शन मूड में दिखाई दिए। यहां लंभुआ के दियरा रोड पर अवैध रूप से संचालित अंशिका बाल क्लीनिक पर स्वास्थ्य विभाग और पुलिस टीम ने संयुक्त रूप से छापेमारी की। अवैध रूप चल रही क्लीनिक को सीज किया गया है।

लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के दियरा रोड पर आज स्वास्थ्य विभाग ने अंशिका क्लीनिक पर छापेमारी करते हुएक्लीनिक संचालक से डाक्यूमेंट मांगे तो क्लीनिक संचालक दस्तावेज उपलब्ध नहीं करा सका। इसके बाद अस्पताल को डिप्टी सीएमओ ने सील कर दिया। अस्पताल में भर्ती किए गए सभी मरीजों को एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल शिफ्ट किया गया है। डिप्टी सीएमओ पी.डी त्रिपाठी ने बताया कि इस क्लीनिक की कई बार शिकायत की गई थी। शिकायत पर आज अंशिका बाल क्लीनिक पर छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान क्लीनिक संचालक के पास कोई वैध दस्तावेज न होने के कारण अस्पताल को सील कर दिया गया है। इस मौके पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉक्टर राघवेंद्र सिंह, लंभुआ कोतवाली के वरिष्ठ उपनिरीक्षक जसवीर सिंह मय दल बल के साथ उपस्थित थे।

6 आरोपियों के विरूद्ध गुण्डा एक्ट की कार्यवाही

चित्रकूटः पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अपराध एवं अपराधों की रोकथाम के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर रीता सिंह द्वारा जनता में आतंक फैलाकर गुंडागर्दी करने वाले दिल्ली उर्फ रामशरण, रिंकु उर्फ गया निवासीगण हनुआ, संगम निवासी सरैंया, विनीत सिंह उर्फ कल्लू, पप्पू उर्फ परेन्द्र निवासीगण गढ़चपा व सलीम उर्फ विनोद निवासी सरैंया के विरुद्ध मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की गयी।

कार्यालय ग्राम पंचायत भगवतपुर विकास खण्ड कर्वी, चित्रकूट

पत्रांक : मेमो/निविदा/2023-24 दिनांक 14.03.2024

निविदा सूचना

पंचमवित्त/पंद्रहवांवित्त योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत भगवतपुर द्वारा कराये जाने वाले निम्नलिखित कार्यों पर प्रयुक्त होने वाली सामग्री आपूर्ति हेतु अधोहस्ताक्षरी द्वारा व्यापार कर/आयकर में पंजीकृत फर्मो/सप्लायरों से दिनांक 18.03.2024 को अपराह्न 2.00 बजे तक निम्न विवरण के अनुसार निविदाएं आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन अपराह्न 3.30 बजे ग्राम पंचायत में तैनात निर्माण समिति द्वारा उपस्थित निविदा दाताओं के साथ खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र की बिक्री दिनांक 15.03.2024 से 18.03.2024 को अपराह्न 1.00 बजे तक ग्राम पंचायत से निविदा प्रपत्र मूल्य की अदायगी कर क्रय किये जा सकते हैं।

क्र0 सं0	कार्य का नाम	कार्य की कुल लागत	2%धरोहर धनराशि (रू0में)	निविदा मूल्य (रू0 में)
1	रामगरीब के घर से कमलेश के घर तक इंटरलॉकिंग खण्डजा निर्माण कार्य	1.95 लाख	3900	500
2	ओमप्रकाश के घर से संतोष के घर तक इंटरलॉकिंग रोड एवं L टाइप नाली निर्माण	7.10 लाख	14200	500
3	रामबहोरी यादव के घर से भगवानदीन यादव के घर तक इंटरलॉकिंग रोड एवं L टाइप नाली निर्माण	3.28 लाख	6560	500
4	बरमबाबा से रामसेवक के घर तक इंटरलॉकिंग रोड एवं L टाइप नाली निर्माण	4.99 लाख	9980	500

निविदा शर्तेः–
नोट : निविदा से सम्बन्धित शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय के पटल पर देखी जा सकती है।

संगीता देवी
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत भगवतपुर
वि0ख0–कर्वी, चित्रकूट

रामनारायण पाण्डेय
सचिव
ग्राम पंचायत भगवतपुर
वि0ख0–कर्वी, चित्रकूट

उत्तर रेलवे

खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक 15.04.2024 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुअल आफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुअल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

1	निविदा सूचना संख्या	02202024 दिनांक 13.03.2024
2	निविदा सख्या	01/ Sr. DEN-V/LKO/2024-25, 02/ Sr.DEN-V/LKO/2024-25, 03/ Sr.DEN-V/LKO/2024-25, 04/ Sr.DEN-V/LKO/2024-25
3	कार्य का नाम	1. सहायक मण्डल इंजीनियर/द्वितीय/लखनऊ के अधीन लखनऊ-कानपुर : प्रोजेक्ट 'मिशन रफ्तार' के तहत समपार संख्या 3/A और 8/C (मानक नगर-पिपरसण्ड) के बदले सड़क अधोमार्गी पुल (RUB) का प्रावधान/(दोहरी पैकेट प्रणाली)
		2. सहायक मण्डल इंजीनियर/द्वितीय/लखनऊ के अधीन लखनऊ-कानपुर : प्रोजेक्ट 'मिशन रफ्तार' के तहत समपार संख्या 19/C और 25/C (जैतीपुर-सोनिक) के बदले सड़क अधोमार्गी पुल (RUB) का प्रावधान/(दोहरी पैकेट प्रणाली)
		3. सहायक मण्डल इंजीनियर/द्वितीय/लखनऊ के अधीन लखनऊ-कानपुर : प्रोजेक्ट 'मिशन रफ्तार' के तहत समपार संख्या 30/C और 32/C (सोनिक-उन्नाव) के बदले सड़क अधोमार्गी पुल (RUB) का प्रावधान/(दोहरी पैकेट प्रणाली)
		4. सहायक मण्डल इंजीनियर/द्वितीय/लखनऊ के अधीन लखनऊ-कानपुर : प्रोजेक्ट 'मिशन रफ्तार' के तहत समपार संख्या 37/C (उन्नाव–मगरवारा) के बदले सड़क अधोमार्गी पुल (RUB) का प्रावधान/(दोहरी पैकेट प्रणाली)
4	अनुमानित लागत	1. Rs. 181292383.70 2. Rs. 181292383.70 3. Rs. 181208069.98 4. Rs. 90362910.52
5	धरोहर राशि	1. Rs. 1056500.00 2. Rs. 1056500.00 3. Rs. 1056100.00 4. Rs. 601800.00
6	कार्य की समापन अवधि	क्रम सं. 1 से 4 तक के लिए: स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से छः माह।
7	निविदा डालने का प्रारंभ	01.04.2024
8	निविदा बंद होने की तिथि एवं समय	15.04.2024 15:00 बजे
9	वेबसाइट	www.ireps.gov.in

नोट : निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 822/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे

ई– ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से सम्बंधित सूचना।

एडमिन यूनिट/जोन	लखनऊ–उ०रे०–मण्डल–वाणिज्य/उ०रे०
नीलामी सूची सं०/ लॉट सं०/	PnU-LKO-AYC-WRL-69-24-1 (Pay and Use-Lounges/Waiting/Retiring/Cloak Rooms)
कार्य का नाम	Management and Operation of cloak Rooms
नीलामी सूची प्रकाशन तिथि	08.03.2024
नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट)	23.03.2024 समय 10:00 बजे
नीलामी बन्द करने की तिथि व समय	23.03.2024 समय 10:30 बजे
नीलामी सूची सं०/ लॉट सं०/	PnU-LKO-AY-WRL-65-23-2 (Pay and Use- Lounges/Waiting/Retiring/Cloak Rooms)
कार्य का नाम	Management and Operation of cloak Rooms
नीलामी सूची प्रकाशन तिथि	08.03.2024
नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट)	23.03.2024 समय 10:00 बजे
नीलामी बन्द करने की तिथि व समय	23.03.2024 समय 10:40 बजे
वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है	E- Auction Module of www.ireps.gov.in

No: Va-Vi/Cloak Room AY/23/PK Dt:- 13.03.2024 811/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे

ई–ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

एडमिन यूनिट/जोन	लखनऊ–उ0रे0–मण्डल–वाणिज्य/उ0रे0
नीलामी सूची सं0/ लॉट सं0	Parking-LKO-JNH-TW-11-24-1 (Parking-Two Wheeler)
नीलामी सूची प्रकाशन तिथि	08.03.2024
नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट)	25.03.2024 समय 10:00 बजे
नीलामी बन्द करने की तिथि व समय	25.03.2024 समय 10:30 बजे
नीलामी सूची सं0/ लॉट सं0	Parking-LKO-RDL-MX-90-24-2 (Parking-Mixed)
नीलामी सूची प्रकाशन तिथि	08.03.2024
नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट)	25.03.2024 समय 10:00 बजे
नीलामी बन्द करने की तिथि व समय	25.03.2024 समय 10:40 बजे
नीलामी सूची सं0/ लॉट सं0	Parking-LKO-ZBD-MX-107-24-1 (Parking-Mixed)
नीलामी सूची प्रकाशन तिथि	08.03.2024
नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट)	25.03.2024 समय 10:00 बजे
नीलामी बन्द करने की तिथि व समय	25.03.2024 समय 10:50 बजे
नीलामी का प्रकार	Close Ended
वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है।	E-Auction Module of www.ireps.gov.in

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 828/2024

डीएम व एसपी ने राजनीतिक दलों के साथ की आदर्श आचार संहिता सम्बन्धी बैठक

चित्रकूटः जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द तथा पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की उपस्थिति में गुरूवार को राजनैतिक दलों के साथ लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के लिए एवं वेयरहाउस का आंतरिक निरीक्षण एवं आदर्श आचार संहिता के सम्बन्ध में बैठक कलेक्टरेट सभागार में हुई।

जिलाधिकारी ने सभी राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों से कहा कि आज आप लोगों के साथ यह बैठक इसलिए की जा रही है कि कभी भी आदर्श आचार संहिता लागू हो सकती है। चुनाव के दौरान अगर कोई समस्या या सुझाव हो तो उन्हें तथा पुलिस अधीक्षक एवं अपर जिलाधिकारी को बताएंगे, तत्काल उसमें अमल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची, मतदान केन्द्रों, बूथ की सूची एवं प्रशिक्षण का स्थान, पार्टियों के रवाना स्थल, मतगणना स्थल आदि की जानकारी के लिए आप लोगों को सूची दी गई है। सभी मिलकर चुनाव को निर्भीक निष्पक्ष संपन्न कराएंगे। सोशल मीडिया आदि में गलत खबर नहीं फैलाना है, उसमें सम्बन्धित जिम्मेदार अधिकारियों से वार्ता आवश्यक करें। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण व मतदान के लिए कौन सी ईवीएम मशीन दी जाएगी, इसके नंबरों की भी सूची आप लोगों को उपलब्ध कराई जाएगी। सभी पार्टियों के साथ समान व्यवहार किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि चुनाव की घोषणा होते ही आदर्श आचार संहिता का पालन प्रत्येक दशा में किया जाएगा। आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन अगर कोई पार्टी पदाधिकारी दल या प्रत्याशी द्वारा किया जाएगा तो उस पर कार्यवाही की जाएगी। इसके अलावा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जो दिशा निर्देश चुनाव संपन्न कराने के लिए दिए जाएंगे, उसकी जानकारी आप लोगों की दी जाएगी और उसका अनुपालन भी कराया जाएगा।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि चुनाव को संपन्न कराने के लिए पर्याप्त पुलिस फोर्स की व्यवस्था की गई है। चुनाव आचार संहिता जब से लागू की जाएगी, तत्काल पुलिस सक्रीय होकर चुनाव को सकुशल संपन्न कराने में सबकी मदद करेगी। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता का किसी भी दशा में उल्लंघन नहीं होने दिया जाएगा। आप लोगों को जो गाइडलाइन की प्रति दी गई है, उसमें जो भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अनुपालन दिया गया है उसको अच्छी तरह से अध्ययन करके अपने पार्टी पदाधिकारीयों से पालन सुनिश्चित कराएं।

अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चन्द्र ने कहा कि चुनाव के दौरान पोलिंग पार्टियां चित्रकूट इण्टर कॉलिज से दोनों विधानसभा की रवाना होगी। साथ ही मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षण भी चित्रकूट इण्टर कॉलिज में दिया जाएगा। मतदान समाप्ति के बाद स्ट्रांग रूम व मतगणना स्थल रामायण मेला परिसर सीतापुर में बनाया गया है। इसके पूर्व जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक सहित सभी पार्टी पदाधिकारियों ने ईवीएम वेयरहाउस का आंतरिक निरीक्षण भी किया।

इस मौके पर अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे वंदिता श्रीवास्तव, अपर उप जिलाधिकारी सतीश चन्द्र, समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव, अपना दल यश के जिलाध्यक्ष राम सिया सिंह, बसपा जिलाध्यक्ष शिव बाबू, कौंग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल, आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष संतोषी लाल शुक्ला, भाजपा के अखिलेश रैकवार आदि मौजूद रहे।

डीएम ने सुरक्षा की दृष्टि से खनन पट्टा धारको को दिए दिशा निर्देश

चित्रकूटः जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द तथा पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की उपस्थिति में गुरूवार को खनन पट्टा धारकों के साथ बैठक कलेक्टरेट सभागार में हुई।जिलाधिकारी ने खनन पट्टा धारकों से कहा कि श्रमिकों से पीपीई किट के बिना काम न कराया जाए। 18 साल से कम उम्र वाले व्यक्तियों से काम न करवाया जाए। सभी खदानों में फॉर्मन, मेट खनन कार्य ब्लास्टिंग के दौरान मौजूद रहना चाहिए। साथ ही खनन कार्य उनकी देख-रेख में होना चाहिए। ब्लास्टिंग का कार्य दिन के समय में होना चाहिए। धूल से बचाव के लिए बराबर अंतराल पर पानी का छिड़काव किया जाए। सीमा स्तंभ और संकेत बोर्ड लगा हुआ हो और सही हालात में रहे, गाड़ियों में ओवरलोडिंग नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि खनन कार्य खनन नीति के तहत किया जाए। श्रमिको को स्वच्छ पीने योग्य पानी और शौच के लिए शौचालय उपलब्ध कराया जाए। बेंच की स्थिरता को बनाए रखा जाए एवं सुरक्षित ढंग से कार्य किया जाए। मानक के अनुसार ट्रांसपोर्ट करें। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि किसी भी दशा में ओवर लोडिंग वाहनों पर नहीं होनी चाहिए, जो खनन पट्टा आप लोगों को किया गया है, उसी सीमा के अंतर्गत खनन कराया जाए। खदानों पर मैनेजर व सुपरवाइजर अवश्य सभी पट्टा धारक रखें। उन्होंने कहा कि जो जिला खनिज अधिकारी ने खनन कार्य के लिए कई बिंदुओं पर आप लोगों को जानकारी दी है, उसी के अनुसार आप लोग कार्य करें। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र, जिला खनिज अधिकारी सुधाकर सिंह आदि मौजूद रहे।

देशी बम के साथ आरोपी गिरफ्तार

चित्रकूटः पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अपराध एवं अपराधों की रोकथाम के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में चौकी प्रभारी शिवरामपुर सत्यमपति त्रिपाठी एवं आरक्षी श्याम, नरेन्द्र द्वारा शीबू निवासी काशीराम कालोनी को 6 देशी बम के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध थाना कोतवाली कर्वी में विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

अवैध शराब के साथ तीन महिला आरोपी गिरफ्तार

चित्रकूटः पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में चित्रकूट पुलिस ने 3 महिला आरोपियों के कब्जे से 1 क्विंटल लहन व 35 लीटर कच्ची शराब बरामद की गयी।

मऊ थाना प्रभारी निरीक्षक अजीत कुमार पाण्डेय ने बताया कि उप निरीक्षक इन्द्रजीत गौमत तथा आरक्षी राहुल पाण्डेय, महिला आरक्षी शानू द्विवेदी एवं आबकारी की टीम द्वारा दुवसिया निवासी घुरेहटा को 1 क्विंटल लहन व 15 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। इसी प्रकार सरधुवा थाना प्रभारी निरीक्षक आशुतोष त्रिपाठी ने बताया कि उप निरीक्षक मुन्नीलाल तथा आरक्षी ललित सोनी, महिला आरक्षी रचना प्रजापति द्वारा आरती देवी व गायत्री देवी निवासीगण बक्टा खुर्द को 10-10 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के विरुद्ध थाना सरधुवा में आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किये गये।

डीएम ने ली राजस्व तथा चकबंदी कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक

चित्रकूटः जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में गुरूवार को सीएम डैशबोर्ड से राजस्व कार्यों तथा कार्यकर्ता एवं चकबंदी कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक जिला कलेक्टरेट सभागार में हुई।

जिलाधिकारी ने व्यापार कर, खनन, स्टांप, परिवहन, आबकारी, विद्युत को निर्देशित किया कि 90 प्रतिशत से ऊपर वसूली कराएं। आरसी वसूली के सम्बन्ध में उन्होंने सभी तहसीलदारों को निर्देशित किया कि बैंकों की आरसी में विशेष ध्यान देकर वसूली कराएं। साथ ही बैंक देय में लक्ष्य को बढाएं। विद्युत बकाया में उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि तहसीलदारों से लगाकर राजस्व वसूली सुनिश्चित कराएं।

इसके बाद जिलाधिकारी ने सीएम डैश बोर्ड पर राजस्व कार्यो की भी समीक्षा की। डिजी शक्ति के अंतर्गत उन्होंने अपर जिलधिकारी वित्त एवं राजस्व को निर्देशित किया कि जिला विद्यालय निरीक्षक व स्कूल प्राचार्य से बात करें कि जब मोबाइल फेन व टैबलेट वितरित हो गया है, तो उसकी फीडिंग भी कराएं। उन्होंने खाद्य एवं विपणन अधिकारी से गेहूं खरीद की तैयारी व धान के भुगतान के सम्बन्ध में जानकारी ली। साथ ही निर्देशित किया कि भुगतान कराएं। उन्होंने एआरटीओ प्रवर्तन को निर्देशित किया कि ओवरलोडिंग गाडियों का चालान कराएं, किसी भी स्थिति में ओवरलोडिंग गाड़ियां नहीं चलनी चाहिए। उन्होंने जिला खनिज अधिकारी को निर्देशित किया कि लोकल गाड़ियों की भी जांच कराएं। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व को निर्देशित किया कि निवास, आय में पेंडिंग नहीं रहनी चाहिए, इसको सुनिश्चित कराएं। उन्होंने सभी उप जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि 1 वर्ष से अधिक पैमाईश पेंडिंग पर अभियान चलाकर कराएं। उन्होंने कहा कि पिछले दो-तीन साल की जो पत्थर गढी का आदेश हुआ था, उसको भी सुनिश्चित कराएं। उन्होंने सीएम डैशबोर्ड के राजस्व वसूली के सम्बन्ध में सभी सम्बन्धित विभागों को निर्देशित किया कि जो लक्ष्य दिया गया है, उसको प्राप्त करें।

इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम, उप जिलाधिकारी राजापुर प्रमोद कुमार झा, मानिकपुर सतीश चंद्र, कर्वी सौरव यादव, मऊ राकेश कुमार पाठक, अपर उप जिलाधिकारी मोहम्मद जसीम अहमद आदि मौजूद रहे।

परमार्थ न्यास चिकित्सा धाम सेवा की बनेगा मिसाल - रामस्वरूपाचार्य

शासन उपलब्ध कराएगा हर सुविधा – निषाद

चित्रकूटः मेजर रामकुमार शर्मा स्मृति परमार्थ न्यास मुरैना की नई शाखा का पवित्र तीर्थ स्थल चित्रकूट धाम में तृतीय मुखारबिंद के सामने लोकपर्ण हुआ। जिसमें उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री और वहां के कर्मचारियों सहित साधु संत और सेवक गण उपस्थित रहे।

मदन गोपाल ने कहा कि इस पूरे क्षेत्र में परिक्रमा मार्ग में ऐसी कोइ संस्था नही थी न ही कोई शासकीय ऐसी सेवा उपलब्ध थी। जहाँ दीन हीन स्वरूप में निशुल्क मरीजों का उपचार किया जा सके।

जल शक्ति मंत्री रामकेश निषाद ने कहा कि प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप ही यह कार्य हो रहा है। जहाँ लोगों को परिक्रमा मार्ग में निशुल्क उपचार उपलब्ध होगा, जो अभी तक नही था। देशभर से और विदेशों से भक्त, संत यहाँ कामतानाथ की परिक्रमा को आते हैं, उन्हे उपचार भी मिले और आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों में गरीब, दीन हीन स्वरूप में भगवान की चिकित्सा भी हो यह कार्य पूजा से भी श्रेष्ठ है। सांसद आरके सिंह पटेल ने कहा कि इस सेवा में सदैव जुडे रहेंगे। उन्होंने कहा कि इस स्थान को जितनी भी शासकीय मदद होगी उपलब्ध कराई जाएगी। अमावस्या सहित अन्य मेलों में यहाँ चिकित्सकों की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। सदस्य पिछड़ा वर्ग ने कहा कि इस स्थान पर जनऔषिधि केन्द्र खुलने से गरीबों को दवा मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि यह सेवा एक मिसाल बनेगी। जहाँ भक्ति एवं सेवा परोपकार की त्रिवेणी धारा बहेगी जिसका लाभ जनमानस को मिलेगा। पूर्व राज्यमंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय ने कहा कि सदैव इस सेवा में साथ रह कर सहयोग करेंगे। पूर्व मंत्री मध्य प्रदेश सरकार चौधरी राकेश सिंह ने कहा यह स्थान उनके लिए सदैव आस्था का केन्द्र रहेगा। वह सदैव सेवक बनकर सेवा प्रकल्पों में सहभागिता करेंगे।
परमार्थ न्यास के डॉ संजय शर्मा ने कहा कि चित्रकूट भूमि भगवान की 12 वर्ष की उपस्थिति का प्रमाण है और इसको उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश का सयुक्त रूप बनाया है। उन्होंने कहा कि यहाँ आने वाले संतों को और मरीजों को भगवान सीताराम के स्वरूप में आदर, भक्ति भाव और सेवा दी जाएगी। इसमे पवित्रता और सरलता के साथ उन्हे उपचार एवं अन्य सेवाए भी दी जाएंगी। पूर्व रिजनल हेल्थ डाइरेक्टर ग्वालियर के डॉ ऐ.के. दीक्षित ने अल्ट्रासाउंड मशीन प्रदान की जो जल्द ही यहां पर लग जाएंगी। जबलपुर के डॉ संजय चट्टानी ने डेंटल चेयर एवं ऐक्सरे मशीन दान की। साथ ही डॉ प्रमोद श्रीवास्तव भोपाल, डॉ एस.के. गुप्ता, डॉ बी.एल. राजपूत मुरेना, डॉ देवी शंकर शर्मा गुना, डॉ राजेंद्र शर्मा नेत्र रोग विशेषज्ञ, अनिता, सुचिता, रीता, जगदीश आनंद, संजय पाठक ग्वालियर का सम्मान किया गया।

सार्वजनिक सूचना

मैंने अपने पुत्र जावेद अहमद को अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य, कार्य अथवा लेनदेन से मेरा व मेरी संपत्ति का कोई लेना देना नहीं होगा।

राजिया बेगम
पत्नी स्व मोबीन
निवासी ग्राम ताला, थाना कंधई,
जनपद प्रतापगढ़।

सूचना

सार्वजनिक सूचना सर्वसाधारण को सूचना सूचित किया जाता है कि मेरी जीवन बीमा पॉलिसी संख्या 312146386 में श्री सूरत वर्मा पुत्र रामकरन वर्मा दर्ज हो गया है। जबकि मेरा नाम रामसूरत वर्मा पुत्र रामकरन वर्मा निवासी ग्राम पहाड़ मुरार पट्टी तहसील पट्टी जनपद प्रतापगढ़ अन्य सभी अभिलेखों में दर्ज है। उक्त दोनों नाम मेरे ही हैं।

सूचना

ग्रामोपयोगी शिक्षा प्रचारिणी समिति बाकरगंज गोराजू कौशांबी की साधारण सभा के सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि उक्त समिति द्वारा संचालित श्री दिलीप सिंह इंटर कॉलेज बाकरगंज गोराजू कौशांबी के प्रबंध समिति के निर्वाचन/ गठन हेतु दिनांक 17.03.2024 को नामांकन इत्यादि एवं दिनांक 31. 03. 2024 को मतदान समिति द्वारा संचालित विद्यालय श्री दिलीप सिंह इंटर कॉलेज बाकरगंज गोराजू कौशांबी में संपन्न होगा निर्वाचन संबंधी किसी भी जानकारी हेतु निर्वाचन अधिकारी श्री शिव सिंह से संपर्क किया जा सकता है उक्त जानकारी प्रबंधक श्री अवधेश सिंह ने दी है श्री शिव सिंह निर्वाचन अधिकारी का मोबाइल नंबर है 9936066793

मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के जरिए बढाएंगे मतदान का प्रतिशत - सीडीओ

चित्रकूटः मुख्य विकास अधिकारी नोडल अधिकारी स्वीप अमृतपाल कौर ने गुरूवार को मतदाता जागरूकता के सम्बन्ध में बीएलओ एवं नोडल अधिकारियों के साथ कलेक्टरेट सभागार में बैठक हुई। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि विगत विधानसभा चुनाव में 55 फीसदी से कम मतदान वाले दोनों विधानसभाओं के 115 बूथों को चिन्हित कर प्रत्येक 10 बूथ पर एक नोडल अधिकारी नामित किया गया है जो प्रत्येक बूथ के बीएलओ, उस क्षेत्र या गांव की आंगनबाड़ी, आशा, रोजगार सेवक, पंचायत सहायक, सफाई कर्मी आदि अन्य के साथ मिलकर एक बूथ पर प्रत्येक दिन डोर टू डोर जाकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिसमें लोगों को मत के महत्व की जानकारी प्रदान करते हुए लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में 70 फीसदी से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित करेंगे। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव की तिथियां घोषित होते ही यह जागरूकता कार्यक्रम 2 से 3 बार डोर टू डोर आयोजित किया जाएगा। सभी बीएलओ अपने बूथों की संपूर्ण जानकारी अपने पास रखें। उन्होंने निर्देश दिया कि वोटिंग कम होने का कारण भी जानने का प्रयास करें। साथ ही कहा कि अभी भी जिन मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में पंजीकृत होने से रह गया हो उन्हें पंजीकृत कराएं। यदि कोई मृत या शिफ्ट हो गया हो तो उनके नाम मतदाता सूची से नाम हटवाने का काम सभी बीएलओ करें। जिससे लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत में वृद्धि हो सके। इस मौके पर प्रशिक्षु उप जिलाधिकारी आलोक कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार मिश्र, शिक्षक सुरेश प्रसाद आदि मौजूद रहे।

नाबालिक लड़की के साथ दुराचार के आरोपी को 20 साल की कैद

चित्रकूटः नाबालिक लड़की को घर से बरगलाकर भगा ले जाने और दुराचार करने के मामले में दोष सिद्ध होने पर न्यायालय ने आरोपी को 20 वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 10 हजार रूपए अर्थदण्ड से दण्डित किया है। विशेष लोक अभियोजक तेज प्रताप सिंह ने बताया कि बरगढ़ थाने में एक व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस को दी गयी तहरीर में शिकायतकर्ता ने बताया कि वह बीती 19 जून 2017 को सबेरे 4:30 बजे बरगढ़ बाजार के पश्चिम वाले घर में अपनी पत्नी के साथ गया था। वहां से एक घण्टे बाद लौटा तो उनकी नाबालिक लड़की घर में नहीं मिली। अन्दर देखा तो पत्नी के गहने भी गायब थे। शिकायतकर्ता ने बताया कि आरोपी द्वारा हमेशा उसके घर पर नजर रखी जाती थी और पूर्व में भी आरोपी उसकी बेटी को बरगलाकर ले गए थे। जिसकी एफआईआर कराई थी और पूर्व में बीती 25 मई 2017 की घटना में एफआईआर दर्ज होने के बाद बयान भी हो चुके थे। जिसमें आरोपी द्वारा स्वयं को बचाने के लिए दोबारा उसकी लड़की को बहला फुसला कर भगा ले जाया गया है। पुलिस ने इस मामले में शिकायतकर्ता की तहरीर के आधार पर गोईयाकला निवासी मोहित उर्फ प्रधान के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत किया था। साथ ही आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद पीड़िता का चिकित्सीय परीक्षण कराया गया था। पीड़िता द्वारा दिए गए बयान के आधार पर पुलिस ने न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद गुरूवार को विशेष न्यायाधीश विनीत नारायण पाण्डेय ने निर्णय सुनाया। जिसमें दोष सिद्ध होने पर आरोपी मोहित उर्फ प्रधान को 20 वर्ष कठोर कारावास के साथ 10 हजार रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

सोनभद्र स्थानान्तरण पर क्षेत्राधिकारी नगर को दी गयी भावभीनी विदायी

चित्रकूटः पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह द्वारा क्षेत्राधिकारी राजापुर निष्ठा उपाध्याय, क्षेत्राधिकारी मऊ जयकरन सिंह की उपस्थिति में पुलिस अधीक्षक कार्यालय में क्षेत्राधिकारी नगर हर्ष पाण्डेय का जनपद से जनपद सोनभद्र स्थानान्तरण होने पर भावभीनी विदायी दी गयी। पुलिस अधीक्षक ने क्षेत्राधिकारी हर्ष पाण्डेय को मोमेण्टों प्रदान कर उज्जवल भविष्य की कामना की। साथ ही कहा कि क्षेत्राधिकारी हर्ष पाण्डेय ऊर्जावान अधिकारी है। इनकी कार्यप्रणाली उत्कृष्ट है। जनता एवं पुलिस में इनकी छवि बहुत ही अच्छी है। इस मौके पर वाचक पारितोष दीक्षित, प्रभारी एलआईयू निरीक्षक सूर्यकान्त अरुण राय, प्रभारी आंकिक समसुद्दीन, प्रधान लिपिक अनिल मोहन शुक्ला, प्रभारी सीसीटीएनएस निरीक्षक जे.पी. उपाध्याय, पीआरओ प्रदीप कुमार पाल, प्रभारी शिकायत प्रकोष्ठ जयलाल आदि मौजूद रहे।

चोरों ने सबमर्सिबल के मोटर समेत हजारों का सामान किया पार

लोकमित्र ब्यूरो
कसेंदा, कौशाम्बी। एयरपोर्ट कोतवाली क्षेत्र के भगवतपुर गांव की शालिनी देवी पत्नी कुलदीप कुमार ने बताया कि ब्लाक के समीप वह मकान का निर्माण करा रही हैं। मकान निर्माण के दौरान पानी के लिए उन्होंने वहां पर सबमर्सिबल बोर करवाया था। बुधवार की शाम काम बंद होने के बाद वह सभी घर चले गए। रात में चोरों ने दीवार फांद कर सबमर्सिबल की मोटर, पाइप, स्टार्टर और केबल उठा ले गए। गुरुवार की सुबह शालिनी देवी मजदूरों के साथ वहां पहुंची। वहां सबमर्सिबल का सामान गायब देखकर उनके होश उड़ गए। भुक्तभोगी ने थाने जाकर घटना की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस चोरों के सुराग में जुट गई है।

चित्रकूट जिले के महेंद्र सिंह बने बिहार में छात्र कल्याण के डीन

चित्रकूटः जिले के ऐंचवारा कस्बा निवासी सेवानिवृत वरिष्ठ लिपिक जीतनारायण सिंह व सेवानिवृत प्रधानाचार्य कुशुम देवी के छोटे पुत्र डॉ महेंद्र सिंह ने बिहार में अपनी शैक्षिक योग्यता से लहराया परचम। बिहार प्रांत के आरा जिले में स्थित मां अरण्या देवी डिग्री कॉलिज के प्राचार्य डॉ महेंद्र सिंह को छात्र कल्याण का डीन नियुक्त किया गया है। इसकी अधिसूचना आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय पटना ने जारी किया है। यह खबर सुनकर चित्रकूट के नागरिकों में खुशी का माहौल है। प्राचार्य डॉ महेंद्र सिंह ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता पिता, गुरुजनों एवं बडे भाई डॉ धर्मेंद्र सिंह को दिया।

गिट्टी लादने आए डंपर चालक की अस्पताल के बाहर मौत

चायल, कौशाम्बी। करारी कोतवाली क्षेत्र के सहाबदीपुर गांव निवासी लवकुश (40) पुत्र चिरौंजी लाल डंपर चालक है। वह गुरुवार को नगर पंचायत चायल के डीहा स्थित प्लांट पर गिट्टी लादने आया था। अचानक उसकी तबियत बिगड़ गई। हालत बिगड़ते देख वहां मौजूद लोग उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जा रहे थे। अस्पताल के बाहर ही उसकी मौत हो गई। जानकारी मिलने पर परिजनों के होश उड़ गये।वह रोते बिलखते मौके पर पहुंचे। परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बिना शव को घर ले जाकर अंतिम संस्कार कर दिया।

दुर्घटना कारित करने वाले आरोपी को अर्थदण्ड

कौशाम्बी। थाना कोखराज पर पंजीकृत गोविन्द नारायण, निवासी ग्राम दरवेशपुर थाना कोखराज को न्यायालय सीजेएम जनपद कौशाम्बी द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर आरोपियों को सजा दिलाने के क्रम में प्रभावी पैरवी कराते हुए मानिटरिंग सेल के माध्यम से आरोपी को 2500 रूपये के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्राणालय विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित व लोकमित्र कार्यालय आजाद नगर(निकट बड़ा शिवाला), मंझनपुर कौशाम्बी से प्रकाशित

सम्पादकः कृष्णानन्द त्रिपाठी

संकल्प पत्र के सुझाव के लिए मोदी गारंटी वैन घूम रही है गांव-गांव

लोकमित्र ब्यूरो

लालगंज रायबरेली। लोकसभा के चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी अपना संकल्प पत्र तैयार करने के लिए आम जनमानस से सुझाव एकत्र कर रही है। सरेनी विधानसभा में अब तक 2हजार लोगों ने मोदी गारंटी वैन की सुझाव पेटिका में अपने सुझाव डाले हैं। इसके लिए पार्टी के द्वारा विकसित भारत मोदी की गारंटी अभियान चलाया जा रहा है। मोदी गारंटी वैन के माध्यम से संचालित किए जाने वाले इस अभियान के तहत भाजपा के द्वारा प्रत्येक लोकसभा की विधानसभाओं में सुझाव पेटिका भेज कर लोगों के सुझाव एकत्रित किए जा रहे हैं ।वहीं लाभार्थी संपर्क योजना के तहत जहां कार्यकर्ता लोक कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों से मिल रहे हैं। इसके अलावा आमजन से

9638202024 मोबाइल नंबर पर मिस्ड कॉल करा अभियान से जोड़ने का काम कर रहे हैं। इसके अलावा भाजपा के नमो ऐप और पार्टी के वेबसाइट सरल ऐप पर भी सुझाव आमंत्रित किया जा रहे हैं, यह जानकारी देते हुए अभियान के जिला संयोजक पुष्पेंद्र सिंह, सहसंयोजक रत्नेश मिश्रा, विधानसभा संयोजक सुशील शुक्ला ने बताया कि सुझाव आपका संकल्प हमारा इस अभियान का मूल मंत्र है। भाजपा पदाधिकारियों ने बताया कि सरेनी विधानसभा से अब तक दो हजार सुझाव प्राप्त हो चुके हैं। मतदाता पार्टी की लोक कल्याणकारी योजनाओं से प्रभावित है। गुरुवार को सरेनी विधानसभा क्षेत्र के झावर हरदो पट्टी ,लालूमऊ, चिलौला , बाजपेईपुर, छिवलहा, रौतापुर, सरेनी आदि एक दर्जन स्थानों पर जहां मतदाताओं के साथ पार्टी कार्यकर्ताओं ने बैठक की ।वहीं पर मोदी गारंटी वैन के द्वारा लोगों को योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही सुझाव पत्रिका में जनमानस के सुझाव भी लिए गए। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष जगन्नाथ पांडे ,गोविंदा सविता, दिवाकर मिश्रा भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

रामलीला मैदान के सौंदर्यीकरण एवं बाउन्ड्रीवाल का हुआ शिलान्यास

नगर पंचायत नसीराबाद के रामलीला मैदान में कार्यक्रम का हुआ आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

नसीराबाद रायबरेली। नगर पंचायत नसीराबाद में उत्तर प्रदेश सरकार के पर्यटन विभाग द्वारा रामलीला मैदान के सुंदरीकरण एवं चहारदीवारी निर्माण के उपक्रम में गुरूवार को विधायक सलोन अशोक कोरी के द्वारा रामलीला मैदान पर भूमि पूजन कर कार्य की शुरुआत की गई।गुरूवार को दोपहर विधायक अशोक कोरी की अध्यक्षता में बाउंड्री वाल के भूमि पूजन शिलान्यास कार्यक्रम की ईंट रखकर शुरुआत की गई तत्पश्चात मैदान में ही रामलीला मेला कमेटी ट्रस्ट की ओर से एक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के तौर मौजूद विधायक अशोक कोरी की अध्यक्षता में कार्यक्रम की शुरूआत की गई। विधायक ने कहा रामलीला मैदान को सुंदरीकरण एवं इसकी बाउंड्री वाल का

प्रस्ताव सरकार उत्तर प्रदेश सरकार को भेजा गया था जो कि माननीय मुख्यमंत्री द्वारा इसे पर्यटन विभाग के माध्यम से बनाने का आदेश पारित हो हुआ। 130.82 लाख से इस मैदान का सुंदरीकरण एवं बाउंड्री वाल का निर्माण किया जाएगा स कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नगर पंचायत अध्यक्ष मो.अली (फाकिर) अधिशाषी अधिकारी राकेश कुमार सरोज,पर्यटन विभाग के कर्मचारी,रामलीला कमेटी के अध्यक्ष पवन कुमार श्रीवास्तव, गोविन्द प्रसाद मौर्य,मंशाराम मौर्य , मो.नासिर,आलोक,पिंटू चौरसिया,राम किशोर वैश्य समेत रामलीला कमेटी के पदाधिकारी मौजूद रहे।

राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय शिविर प्रारंभ

लोकमित्र ब्यूरो

लालगंज रायबरेली। बैसवारा इंटर कॉलेज लालगंज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर का शासन के निर्देशानुसार भव्य आगाज स्वयंसेवकों ने आलमपुर के शिव मंदिर से किया जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामवासी तथा समाजसेवी भी उपस्थित रहे। स्वयंसेवकों ने शिविर के पहले दिन मतदाता जागरूकता रैली निकाली जो दलित बस्ती से होते हुए मंदिर पर आकर समाप्त हुई। इसके पश्चात एक गोष्ठी का आयोजन किया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित लाल देवेंद्र बहादुर सिंह ने बच्चों से घर-घर जाकर वोट फॉर नेशन की अलख जगाने की अपील की । वहीं विशिष्ट अतिथि उमेश श्रीवास्तव ने स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों और कार्य प्रणाली पर प्रकाश डाला। प्रधानाचार्य डॉक्टर नरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना देश की युवा शक्ति को रचनात्मक दिशा प्रदान करती है जिससे समाज और राष्ट्र की सेवा हो सके। उन्होंने ग्राम वासियों को शिविर का उद्देश्य बताया। गोष्ठी में उपस्थित पूर्व एनएसएस प्रभारी अमरपाल सिंह ने स्वरचित शिव प्रार्थना सुनाई । कार्यक्रम में नव्या, मानसी द्वारा लक्ष्य गीत प्रस्तुत किया गया। आदित्य व राखी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया । गोष्ठी के अंत में कार्यक्रम अधिकारी वीरेंद्र कुमार शुक्ला ने सभी का आभार व्यक्त किया । गोष्ठी का सफल संचालन छात्रा विधि सिंह द्वारा किया गया। गोष्ठी में कनकलता, डॉक्टर शालिनी साहू तथा अतिदेव पांडे ,सदानंद, सौरभ, सुनील, रंजन त्रिवेदी आदि उपस्थित रहे।

सेवायोजन की छात्राओं ने सड़क जागरूकता अभियान चलाया

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली। इंदिरा गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय रायबरेली में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के साथ दिवसीय शिविर के तृतीय दिवस का शुभारंभ विद्यालय परिसर और मंदिर परिसर की स्वच्छता एवं प्रार्थना हे शारदे मां के साथ दिन की शुरुआत की।इसके पश्चात छात्राओं में लक्ष्य गीत उठे समाज के लिए उठे से स्वयं को उत्प्रेरित किया ।छात्राओं ने इस अवसर पर स्लोगन और पोस्टर भी बनाएं ।नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सब बस्तीवासियों एवं प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को सड़क सुरक्षा का संदेश दिया । एयरबड पहनकर गाड़ी ना चलाने , हेलमेट पहनने, गाड़ी चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करने आदि का संदेश दिया। द्वितीय सत्र में मुख्य वक्ता शिव कुमार सिंह जनसंपर्क अधिकारी आईटीआई लिमिटेड इकाई रायबरेली ने स्वयंसेवियों को सड़क सुरक्षा जागरूकता से संबंधित विभिन्न नियमों की जानकारी दी ।उन्होंने 10 स्वर्णिम गोल्डन रूल की चर्चा करते हुए कहा की हमें इन बिंदुओं को अपने जीवन में उतरना चाहिए ।गाड़ी की गति धीमी रखें, सीट बेल्ट लगायें, यातायात के चिनहों,के बारे में जानकारी रखें, गति सीमा का पालन करें, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग ना करें सड़क पर चलते हुए शराब पीकर गाड़ी

ना चलाएं, सड़क पार करते समय दोनों तरफ ट्रैफिक को ध्यान में रखें, पैदल पथ का प्रयोग करें और सड़क पर चलते समय ध्यान धैर्य और मानसिक संतुलन अपना बनाए रखें। उन्होंने कहा सड़क सुरक्षा जागरूकता में युवाओं की भूमिका सबसे बड़ी है ।वह सड़क पर चलते समय स्वयं नियमों का पालन करें और दूसरों को भी इसका पालन करने के लिए प्रेरित करें ।उन्होंने बताया कि यदि हम सुरक्षित रहेंगे तो दूसरों को भी सुरक्षित रख सकेंगे ।साथ ही उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना के इतिहास और उसके प्रतीक चिन्ह बैच आदि की भी चर्चा की ।इस अवसर पर विशिष्ट वक्ता के रूप में बोलते हुए डॉ उत्तम शुक्ला असिस्टेंट प्रोफेसर हिंदी में बताया की सड़क सुरक्षा जागरूकता में सर्वोच्च न्यायालय की भी बड़ी भूमिका रही है माननीय न्यायालय ने सड़क सुरक्षा के लिए कमेटी गठित करवाई । सड़क के किनारे शराब की दुकानों को हटवाने में सर्वोच्च न्यायालय की बड़ी भूमिका रही । सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार ही स्पीड सीमा निर्धारित करने, हेलमेट मानक के अनुरूप होने, सीट बेल्ट लगाने, आदि के लिए सरकारी को कार्य करने के लिए प्रेरित किया सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार राज्य सड़क सुरक्षा परिषद के गठन और सड़क सुरक्षा कोष की स्थापना उसके स्थापना सड़क सुरक्षा कार्य योजना अधिसूचित करना और जिला सड़क सुरक्षा समिति के गठन आदि और शैक्षणिक पाठ्यक्रम में सड़क सुरक्षा विषय को शामिल किए जाने के विषय में भी उन्होंने चर्चा की। उन्होंने कहा कि स्वीडन के सम्मेलन में 2030 तक शून्य सड़क दुर्घटना व्यवस्था को लागू करने की बात की गई है ।इस अवसर आशीर्वचन देते हुए प्राचार्य प्रोफेसर डॉक्टर सुषमा देवी ने कहा जीवन बहुमूल्य है। उसे बचाने का दायित्व हम सभी का है । गुड सेमरिटिन की अवधारणा को छात्राओं को समझाया और बताया कि सड़क दुर्घटना के समय यदि कोई व्यक्ति घायल की मदद करता है और उसे अस्पताल पहुंचता है तो पुलिस इसे कोई पूछताछ नहीं करेगी। उसे पुरस्कार ही दिया जाएगा। हमें ब्लाइंड मोड़ ध्यान रखना चाहिए । धैर्य बनाए रखते हुए क्रोध नहीं करना चाहिए। इसके पश्चात सड़क सुरक्षा विषय पर रैली का आयोजन किया गया।जन समुदाय को उसके माध्यम से प्रेरित करने का कार्य किया गया। कार्यक्रम के अंत में छात्राओं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत टोलियों के माध्यम से लोकगीतों का प्रस्तुतीकरण किया है।कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती शिखा मौर्य के द्वारा किया गया इस अवसर पर डॉ स्नेहा सिंह, रामकरन आदि मौजूद रहे।

भाजयुमो के विभिन्न प्रखंडों में मंडल अध्यक्ष मनोनीत

लोकमित्र ब्यूरो

महराजगंज रायबरेली। भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष निखिल पांडेय ने नगर सहित जिले के विभिन्न प्रखंडों में मंडल अध्यक्ष मनोनीत कर दिया है। जिसकी सूची जारी कर दी है। 177 बछरावां विधानसभा की सूची के अनुसार भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के महराजगंज मंडल अध्यक्ष के रूप में ओम प्रकाश सिंह उर्फ भोलू, बछरावां से शिवम मिश्रा, शिवगढ़ से रजत वर्मा, पहरेमऊ से अमित सिंह को बनाया गया। आपको बता दें कि, जिलाध्यक्ष निखिल पांडेय ने सभी मंडल अध्यक्षों को बधाई देते हुए कहा कि, चुनावी वर्ष में युवा मोर्चा का योगदान अहम रहेगा। आनेवाले 2024 लोकसभा चुनाव में प्रत्येक बूथ पर पार्टी काय्रकर्ताओं के साथ मिलकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा को पूर्ण बहुमत से जिताना है।नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष महराजगंज ओमप्रकाश सिंह उर्फ भोलू ने कहा कि, आने वाले लोकसभा चुनाव के लिए कार्यकर्ताओं को एकजुट करके संगठन के हित में कार्य करेंगे।इस दौरान महराजगंज ब्लॉक प्रधान संघ के अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह उर्फ दद्दू, डब्बू सिंह प्रधान, अग्रणी व्यवसाय राजकुमार सिंह उर्फ मोंगा, रणविजय सिंह एडवोकेट प्रधान प्रतिनिधि, दिलीप तिवारी प्रधान, लवलेश कुमार पांडेय प्रधानाध्यापक, शिवम पांडेय, ज्योति प्रकाश अवस्थी एडवोकेट, शैलेंद्र सिंह एडवोकेट, भाजपा नेता मनीष सिंह, जयभद्र सिंह, श्याम भवन सिंह चौहान, राजेश सिंह, अजीत सिंह, सतीश सिंह सहित सैकड़ो लोगों ने खुशी जताते हुए मुंह मीठा कराकर फूल मालाओं से लाद कर ऐतिहासिक स्वागत किया।

महाराजगंज इन्हौना रोड का होगा कायाकल्प- अजय अग्रवाल

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली। रायबरेली के पूर्व लोकसभा प्रत्याशी वरिष्ठ भाजपा नेता एवं सुप्रीम कोर्ट अधिवक्ता अजय अग्रवाल तथा क्षेत्रीय मंत्री दिलीप यादव आज पी डबल्यू डी प्रमुख सचिव अजय चौहान से लखनऊ में उनके कार्यालय में मिले तथा वर्षो से क्षतिग्रस्त पड़ी महाराजगंज मऊ सिमरौता रोड जिसे महाराजगंज से इन्होना रोड भी कहते हैं को नए सिरे से अविलंब बनाए जाने के संबंध में ज्ञापन सौंपा। इससे पूर्व भाजपा नेता अजय अग्रवाल ने विगत 20 फरवरी को दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से इस संबंध मैं भेंट की थी तथा ज्ञापन सौंपा

था जिस पर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने इसको उ. प्र. सरकार को भेजने का आदेश पारित किया था । भाजपा नेता अजय अग्रवाल ने बताया कि उनके उक्त पत्र के लखनऊ पहुंचते ही इस पर कार्रवाई हुई और उत्तर प्रदेश शासन की ओर से पूरे कार्य का सर्वे कराकर एस्टीमेट बनवाया गया। अजय अग्रवाल ने आगे बताया कि इस 17 किलोमीटर लंबी सड़क का नए सिरे से निर्माण होगा तथा जो नई सड़क बनेगी वह पहले से चौड़ी होगी तथा इसके निर्माण में 38 करोड रुपए की लागत आएगी, तथा इस पर बहुत ही जल्द कार्य शुरू होगा। इस पर स्वीकृति चुनाव आचार संहिता आने से पहले मिल जाए इस हेतु अजय अग्रवाल ने पी डब्लू डी प्रमुख सचिव अजय चौहान से बातचीत की तथा पत्रावली पर आज ही स्वीकृति लेने का निवेदन किया। भाजपा नेता अजय अग्रवाल ने बताया की पी डबल्यू डी प्रमुख सचिव अजय चौहान ने उन्हें आश्वासन दिया है कि वह आज रात तक उक्त सड़क के निर्माण की पत्रावली बनाकर मुख्यमंत्री कार्यालय को स्वीकृति हेतु प्रेषित कर देंगे तथा उसके बाद कल या परसों में इस संबंध में शासनादेश भी जारी कराने का भरसक प्रयास करेगें।

भाजपा नेता अजय अग्रवाल ने कहा है कि उक्त सड़क के बन जाने से क्षेत्र की लाखों जनता को राहत मिलेगी और उनकी वर्षो पुरानी मांग पूरी हो जायेगी तथा इस पूरे क्षेत्र का तीव्र गति से विकास होगा ।

सलोन बार एसोसिएशन के अधिकवक्ताओ का विरोध प्रदर्शन शुरू

लोकमित्र ब्यूरो

सलोन,रायबरेली। नवागन्तुक प्रशासनिक अधिकारियों के चार्ज लेते ही सलोन बार एसोसिएशन के अधिकवक्ताओ का विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया है।गुरुवार की दोपहर अधिवक्ताओ के समूह ने परिचय बैठक में कोर्ट चलाने को लेकर नायब तहसीलदार परशदेपुर और तहसीलदार के विरुद्ध मोर्चा खोल दिया।हालांकि तहसीलदार ने कहा है की अधिवक्ता द्वारा किसी तरह का प्रस्ताव नही रखा गया था।सलोन तहसील परिसर में बार एसोसिएशन मोहम्मद तारिक के नेतृत्व में अधिवक्ताओ ने तहसील प्रशासन के विरुद्ध विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। बार एसोशिएशन अध्यक्ष मोहम्मद तारिक ने कहा कि जब एसडीएम सलोन से साढ़े बारह बजे का समय फिक्स था तो अधिकारियों द्वारा क्यो कोर्ट चलाया गया।अधिवक्ता गिरजेश तिवारी ने बताया कि बार एसोसिएशन ने नवागन्तुक एसडीएम अभिषेक वर्मा से परिचयात्मक कार्यक्रम तहसील सभागार में रखने का निवेदन किया गया था।सभी अधिवक्ता अधिकारियों के इंतजार में सभागार बैठे थे।लेकिन नायब तहसीलदार अंकुर यादव कोर्ट चलाने में व्यस्त थे।तहसीलदार प्रज्ञा द्विवेदी कोर्ट सुनवाई शुरू करने जा रही थी। अधिवक्ताओ द्वारा निवेदन के बाद भी कोई अधिकारी सभागार में नही पहुँचा था।जिसके बाद विरोध प्रदर्शन शुरू किया गया।कहा कि कोर्ट चलाकर भ्र्ष्टाचार किया जा रहा।वही एसडीएम अभिषेक वर्मा ने बताया कि उन्हें इस तरह के किसी भी प्रदर्शन की जानकारी नही है।अगर अधिवक्ताओ में किसी बात की नाराजगी है तो उसे बैठकर समझ लिया जाएगा।

तहसीलदार प्रज्ञा द्विवेदी का कहना है कि अधिवक्ताओ द्वारा किसी तरह का प्रस्ताव नही रखा गया था।अगर वो पहले से बताते तो इस तरह की समस्या ही नही होती।मेरे द्वारा कोर्ट की सुनवाई शुरू करने की तैयारी ही हुई थी।विरोध प्रदर्शन के दौरान कौशल किशोर जोशी,ज्ञानेंद्र पांडे,विनय त्रिपाठी,सेवा लाल गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

होली मिलन समारोह के साथ महिला सम्मेलन का हुआ आयोजन

पुरानी पेंशन लागू न हुई तो 1 मई को होगा रेल का चक्का जाम

लोकमित्र ब्यूरो

लालगंज रायबरेली। लालगंज रेलवे स्टेशन पर नार्दन रेलवे मेंस यूनियन के संयोजक विकास मणि त्रिपाठी की अगुवाई व संगठन के तत्वाधान में महिला सम्मेलन और होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस महिला सम्मेलन में भारतीय रेल में महिलाओं की समस्याओं पर चर्चा हुई तथा रेल में भविष्य में आने वाली चुनौतियां के लिए प्रतिबद्ध होकर लड़ने के लिए योजना बनाई गई। शाखा युवा संयोजक विकास मणि त्रिपाठी ने बताया कि एआईआरएफ के 100 साल पूरे होने पर नई दिल्ली में संगठन के नाम का डाक टिकट महामंत्री

शिवगोपाल मिश्र और रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव के द्वारा जारी किया गया। कार्यक्रम में बोलते हुए विकास मणि त्रिपाठी ने कहा कि भविष्य की सबसे बड़ी चुनौती पुरानी पेंशन की है जिसकी लड़ाई लगातार चल रही है और यह तब तक चलती रहेगी जब तक हमको पुरानी पेंशन नहीं मिल जाती। अगर हमे पेंशन न मिली तो आने वाली 1 मई को भारतीय रेल का चक्का जाम हो जायेगा। महिला पदाधिकारी श्रीमती जगदेई ने कहा कि महिलाएं आने वाली हर चुनौतियों के लिए तैयार हैं। वह पुरुषों से कंधा मिलाकर हर चुनौतियों से लड़ेंगी । इस महिला सम्मेलन में श्यामलाल, अनीता ,विभा, प्रीति, सुमन, सोनी, सुनीता, लक्ष्मी,गीता, शालू, नीतू , योगेंद्र, विवेक ,गोपाल, कृष्णा ,बलराम , छेदा आदि कई कर्मचारी उपस्थित रहें।

30 मार्च तक चलेगा विशेष प्रवर्तन अभियान

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने कहा कि आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 तथा होली पर्व पर अवैध मादक पदार्थों के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी की संभावना के दृष्टिगत 13 से 30 मार्च 2024 तक विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया जाना है। जिसमें अवैध मदिरा के निर्माण एवं बिक्री तथा तस्करी तथा अवैध अल्कोहल के परिवहन पर अंकुश लगाये जाने हेतु समस्त तहसीलवार टीमो का गठन किया है।जिलाधिकारी ने आबकारी, पुलिस एवं राजस्व प्रशासन के अधिकारियों की संयुक्त टीम बनाकर प्रभावी प्रवर्तन कार्य सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये है। उन्होंने कहा कि पूरे जनपद में विशेष प्रवर्तन अभियान चलाकर अवैध शराब के निर्माण, तस्करी, परिवहन आदि पर प्रभावी अंकुश लगाया जाये। इस कार्य के लिए प्रत्येक तहसील में उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी तथा आबकारी निरीक्षक विशेष रूप से सक्रिय रहेंगे। पूरे जनपद में 6 प्रवर्तन दलों का गठन किया गया है।जिलाधिकारी ने कहा कि यह टीमें पूर्ण निष्ठा एवं गंभीरता से विशेष प्रवर्तन अभियान के दौरान अवैध मदिरा के कार्य में संलिप्त माफियाओंध्तस्करों की सूची के अनुसार उनके विरुद्ध स्थानीय पुलिस के सहयोग से नियानुसार गैंगस्टरध्गुण्डा एक्ट के अन्तर्गत कठोरतम कार्यवाही की जाये तथा उन पर सतत निगरानी की जाए। संदिग्ध वाहनों की सघनता एवं सूक्ष्मता से चेकिंग कराई जाएगी और राष्ट्रीयध्राज्य राजमार्ग पर स्थित ढाबो, जहां अल्कोहल के टैंकर प्रायः रूकते है, की भी संघ एवं आकस्मिक जांच करायी जाये। इन टीमों द्वारा जनपद में अवैध मदिरा के चिन्हित संदिग्ध स्थानों तथा अवैध मद्य निष्कर्षण के बिक्री के अड्डों से चेकिंग पर छापेमारी की कार्यवाही की जाये। आबकारी दुकानों एवं थोक अनुज्ञापनों का निरीक्षण चेकलिस्ट के अनुसार किया जाये। स्टाक के बारकोड व क्यू0आर0कोड की सूक्ष्मता एवं सतर्कतापूर्वक स्कैनिंगध्जांच की जाये। देशीध्विदेशी मदिराध्बियर एवं माडल शाप की फुटकर बिक्री की दुकानों पर ओवर रेट के सम्बन्ध में रैंडम टेस्ट परचेज की कार्यवाही भी की जाये।जिलाधिकारी ने कहा कि असेवित क्षेत्रों तथा ऐसे स्थानों जहां पर मदिरा की दुकानें अवयवस्थित है, अथवा मदिरा की दुकानें वहां से अन्यत्र स्थानांतरित कर दी गई है तो उन क्षेत्रों में मदिरा की अवैध कारोबार की सम्भावना को दृष्टिगत रखते हुए सतर्क निगरानी रखी जाए। अल्कोहल युक्त औषधियों एवं टिंचर का शराब के रूप में दुरुपयोग को रोकने के लिए ड्रग विभाग के सहयोग से ऐसे दुकानों का निरीक्षण कर नमूने आहरित किये जायें और जांच में सब-स्टैण्डर्ड पाये जाने पर उनका अनुज्ञापन निरस्त करने की कार्यवाही ड्रग विभाग द्वारा करायी जाये। जनपद में विशेष सतर्कता बरती जाए जिससे कि किसी भी दशा में अवैध मदिरा की तस्करी न होने पाये।

प्राथमिक विद्यालयों में आयोजित किया गया मतदान जागरूकता अभियान

लोकमित्र ब्यूरो

महराजगंज रायबरेली। 177 बछरावां विधानसभा क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय ज्योना, कंपोजिट विद्यालय मोन और प्राथमिक विद्यालय मऊ सर्की में बृहस्पतिवार को आयोजित मतदान जागरूकता अभियान एसडीएम महराजगंज राजितराम गुप्ता की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। एसडीएम ने लोकतंत्र निर्वाचन आयोग मतदान और मतदाताओं के अधिकार के संबंध में लोगों को जानकारी दी, और आने वाले लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करने की अपील की।आपको बता दें कि, एसडीएम ने कार्यक्रम में मौजूद आशा, एएनएम, समूह की सखियों, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, कोटेदारों, युवाओं, ग्राम प्रधानों एवं अन्य जनप्रतिनिधियों को इस अभियान से जुड़ने की अपील की। उन्होंने विद्यालयों के बच्चों को वोट का अधिकार समझते हुए कहा कि, लोकतंत्र में मतदाताओं को अपने

पसंद की सरकार चुनने का अधिकार है। देश के विकास में युवा वर्ग का अहम रोल होता है। एसडीएम ने गांव के लोगों को भी इस अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। सब ने हाथ उठाकर प्रतिबद्धता जताई। एसडीएम ने कहा कि, आने वाले 2024 के लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदान के दिन बुलावा टोली के माध्यम से लोगों को घर से लाकर वोट डलवाने का काम किया जाएगा, जिससे मतदान प्रतिशत को बढ़ाया जा सके। उन्होंने कहा कि, मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए जो लोग बेहतर कार्य करेंगे, उन्हें सम्मानित भी किया जाएगा। इस मौके पर पूर्व ब्लाक प्रमुख सत्येंद्र प्रताप सिंह ,तहसीलदार ज्ञान प्रताप सिंह, ग्राम प्रधान भोलई मौर्य, ज्योना ग्राम प्रधान उमेश कुमार उर्फ कुन्नू, खंड विकास अधिकारी वर्षा सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी राममिलन यादव, एडीओं पंचायत सतीश कुमार चतुर्वेदी, ग्राम विकास अधिकारी आदित्य, प्रधानाचार्य दयाशंकर अवस्थी, लेखपाल विवेक प्रताप सिंह, समेत शिक्षक-शिक्षिकाएं, समूह की सखियां, आंगनवाड़ी, आशा, आशा संगिनी, सहायक, स्वास्थ्य विभाग से बीसीपीएम शिवाकांत तिवारी, ग्रामीणों शुभम सिंह, ललित गुप्ता, विकास मिश्रा, काली प्रसाद आदि मौजूद रहे।

प्रभारी निरीक्षक श्याम कुमार का हुआ तबादला

लोकमित्र ब्यूरो

सलोन,रायबरेली। प्रभारी निरीक्षक श्याम कुमार पाल का शिवगढ़ तबादला हो गया।गुरुवार को कोतवाली में अधीनस्थ पुलिस कर्मियों के अलावा विभिन्न संगठनों ने भावभीनी विदाई दी। साथ ही स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।आयोजित विदाई समारोह में कार्यक्रम में निवर्तमान निरीक्षक श्याम कुमार पाल ने कहा कि वे सलोन कोतवाली के समस्त स्टाफका आभार व्यक्त करते हैं। जिन्होंने उनके कार्यकाल को सफल बनाने में उनका विशेष योगदान दिया है।इस मोके पर अपने सम्बोधन में सीओ वन्दना सिंह ने कहा की प्रभारी निरीक्षक के रूप में छ माह का कार्यकाल पूरा करने वाले श्याम कुमार पाल ने अपनी कार्यप्रणाली से सलोन में अमिट छाप छोडी है।इस मौके पर संजय शर्मा,पवन कुमार,बाल मुकुंद दुबे आदि लोग मौजूद रहे।

समर्थकों ने किया पंकज प्रताप सिंह का सम्मान

इफ्को प्रतिनिधि महासभा के डेलीगेट चुने जाने पर किया गया सम्मान

लोकमित्र ब्यूरो

मेजा (प्रयागराज)। संघर्षों के झंझावात से निकलकर किसी भी क्षेत्र में सक्रिय होने वाले व्यक्ति में निखार स्वाभाविक है। किसान नेता पंकज प्रताप सिंह ने राजनीति के प्रत्येक मोर्चे पर मुखर रहते हुए अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है।कृषि और किसानों से जुड़ी संस्था इफको की प्रतिनिधि महासभा के डेलीगेट चुनाव में जीत पर समर्थकों ने गुरुवार को उनका सम्मान किया है।

किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष पंकज प्रताप सिंह को इफ्को की प्रतिनिधि महासभा में डेलीगेट चुनाव में एक तरफा जीत के लिए समर्थकों ने उन्हें बधाई देते हुए गुरुवार को उनका सम्मान किया है।पंकज सिंह ने कहा कि इस जीत ने मुझे पंख दिए है।मैं

कृषि और किसान हित के लिए संघर्ष जारी रखूँगा।उंन्होने कहा कि सहकारी राजनीति में अभी बहुत संभावनाएं हैं।इफ्को प्रतिनिधि सभा का डेलीगेट होना, यह एक सीढ़ी मात्र है।मेरी कोशिश रहेगी कि किसान हित के लिए नई ऊँचाई छूने को लेकर और सक्रियता बढाने के साथ संघर्ष को तेज करना होगा।उंन्होने समर्थकों के प्रति आभार जताया है।

बधाई देने वालों में भाजपा जिलाध्यक्ष विनोद प्रजापति, मण्डल अध्यक्ष नैनी पंकज सिंह एवं सम्मानित करने वालों में पंकज द्विवेदी,अमित पांडेय,नागेस्वर निषाद,प्रदीप पांडेय,अजय सिंह,जिला महामंत्री राजेश शुक्ल,दिवाकर सिंह,विमलेश शुक्ल,रिंकू सिंह योगेंद्र सिंगज सहित कई लोग रहे।

मानस यादव बने सपा लोहिया वाहिनी के जिला सचिव

गौहनिया(प्रयागराज)। बारा विधानसभा के बसहरा तरहार के निवासी मानस यादव को समाजवादी पार्टी से लोहिया वाहिनी यमुनापार का जिला सचिव मनोनीत किया गया है।सपा लोहिया वाहिनी यमुनापार जिला अध्यक्ष पवन सिंघाल पटेल ने उनका मनोनयन किया है। उनके मनोनयन पर ब्लाक अध्यक्ष बलवीर सिंह पटेल,बिजय बागी, हरिकेश यादव, विनय यादव, विकास बारा, मनीष पटेल आदि ने बधाई दी है।

अवन्तिका विकास समिति की बैठक में कालोनी की ध्वस्त सफाई व्यवस्था आक्रोश

ब्लॉक स्तरीय कमेटियों का गठन कर होगा आन्दोलन

नैनी(प्रयागराज)। अवंतिका विकास समिति द्वारा ब्लांक स्तरीय समिति के गठन को लेकर चलाये जा रहे अभियान के तहत अवंतिका कालोनी के डी ब्लांक के सामाजिक कार्यकर्ताओं की एक बैठक बुधवार को महात्मा गांधी पार्क मे सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता कन्हैया लाल जायसवाल एवं संचालन सुनील श्रीवास्तव ने किया।

बैठक मे क्षेत्र की समस्यायों पर व्यापक चर्चा करते हुए वक्ताओं ने कहाकि नगर निगम में आने के बाद से कालोनी की सफाई व्यवस्था ध्वस्त हो गई है, खासकर निगम चुनाव के बाद से गलियों में झाड़ू लगना बिल्कुल ही बन्द हो गया है। ऐसे में समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु ब्लॉक स्तरीय कमेटियों के शीघ्र गठन का निर्णय लिया गया। वक्ताओं का मानना है कि बिना संगठित प्रयास के समसयाओं का

समाधान सम्भव नही हो सकता। इसी परिप्रेक्ष्य में अगली बैठक रविवार 17 मार्च को दूरवाणी नगर में ईई ब्लॉक के अग्रसेन पार्क मे होगी। बैठक में होली के पावन पर्व पर होलिकोत्सव समारोह के आयोजन पर भी विचार विमर्श किया गया तथा विगत वर्षो की भाति इस वर्ष भी आगामी 26 मार्च को शाम 5 बजे से शीतला माई पार्क मे हृदय मिलन समारोह आयोजित करने का निर्णय हुआ।

बैठक मे समिति के संयोजक गजेन्द्र प्रताप सिंह, बी बी दुबे, मीना जायसवाल, बिन्दू राठौड़, सुनील साहनी, अशोक जायसवाल, सुन्दर लाल अग्रवाल, रविशंकर द्विवेदी, विजय बहादुर श्रीवास्तव व विमल शुक्ला आदि समाजसेवी शामिल रहे।

प्रयाग विधि महाविद्यालय में छात्र छात्राओं को हुआ मोबाइल फोन वितरण

लोकमित्र ब्यूरो

नैनी(प्रयागराज)। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा युवाओं के लिये चलाये जा रहे कार्यक्रम स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति योजना के अंन्तर्गत आज प्रयाग विधि महाविद्यालय, नैनी के एल.एल.बी. (अंतिम वर्ष) एवं बी.ए.एल.एल.बी. (अंतिम वर्ष) के छात्र-छात्राओं को कुल 380 मोबाईल फोन का वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि करछना विधान सभा सदस्य पीयूष रंजन निषाद एवं विशिष्ट अतिथि प्रतिनिधि ब्लाक प्रमुख करछना कमलेश द्विवेदी एवं ग्राम प्रधान प्रतिनिधि पुरैनी, हाशिमपुर, करछना सुरेश कुमार पाण्डेय द्वारा किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जी ने कहा कि आधुनिक शिक्षा में तकनीकी का बहुत महत्वपूर्ण योगदान है जिसके ज्ञान के लिए छात्रों के पास सम्पूर्ण साधन उपलब्ध होना जरूरी है परन्तु इन संसाधनो का उपयोग करते हुये बहुत सावधानी की भी आवश्यकता है। विशिष्ट अतिथि श्री कमलेश द्विवेदी जी ने कहा कि समाज के कुछ छात्र ऐसे हैं जो धनाभाव के कारण टैबलेट/स्मार्ट फोन या कम्प्यूटर नहीं खरीद सकते ऐसे में सरकार द्वारा चलाई जा रही यह योजना अत्यन्त सराहनीय है और छात्रों को निश्चित रूप से इसका लाभ मिलेगा। श्री सुरेश कुमार पाण्डेय जी ने छात्र-छात्राओं को शुभकामनाये एवं बधाई देते हुये कहा कि तकनीक से साथ-साथ समय का सदुपयोग करना जरूरी है तभी सफलता प्राप्त होगी। अन्त में कार्यक्रम में आए हुए सभी अतिथियों का संस्था प्रबन्ध निदेशक इं. आशीष त्रिपाठी जी ने धन्यवाद एवं आभार ज्ञापित किया। प्राचार्य डॉ0 नागेन्द्र कुमार शर्मा जी द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया।

उक्त कार्यक्रम में छात्र छात्राओं के अतिरिक्त रजिस्ट्रार श्री अनुज शुक्ला, एडवोकेट सुशील कुमार शुक्ला, राम बाबू तिवारी, ज्योति सिंह, पंकज तिवारी, शिवानी जायसवाल, अंजना श्रीवास्तव, सुभाष पटेल एवं तकनीकी सहायक गौरव मालवीय, अनुभव शुक्ला, आशीष कुमार तिवारी आदि उपस्थित रहे।

शुआट्स में किसान जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

लोकमित्र ब्यूरो

नैनी(प्रयागराज)। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा ग्रामीण कृषि मौसम सेवा परियोजना कृषि संस्थान, सैमहिगिनबॉटम यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर, टेक्नोलॉजी एण्ड सांइसेज, प्रयागराज के तहत एकदिवसीय किसान जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन ग्राम- ददरी, ब्लाक-चाका में किया गया।ग्रामीण कृषि मौसम सेवा परियोजना क्रार्यक्रम कि अधयक्षता तकनीकी अधिकारी डा0 प्रवीन चरन ने की एवमं प्रसार निदेशालय के डॉ0 सर्वेन्द्र कुमार ने मुख्य अतिथि प्रो0 डा0 विश्वरुप मेहरा कार्यवाहक कुलपति एवमं नोडल अधिकारी का पुष्पगुछ देकर स्वागत किया। प्रो0 मेहरा ने बताया कि मै इस परियोजना से 2001 से जुडा हुआ हुँ । प्रो0 (डा0)एस0 बी0 लाल ने सन 2001 में इस परियोजना की आधारशिला रखी तथा उन्होने बताया कि किसान यदि इस परियोजना के यदि पुर्वानुमान के आधार पर कृषिसस्य क्रियायें करता है तो निश्चित आय में कृषि होगी उन्होने कहा किसान शहरो में नौकरी के लिए पलायन कर रहे है इसके लिये किसान और वैज्ञानिक एक मंच पर बैठ कर खेती कि समस्याओं का निदान करें तो खेती से आय बढेगी । डा0 प्रवीन चरन ने बताया कि इस परियोजना से लाखो कृषक लाभावित हो रहे है। डा0 प्रवीन चरन ने बताया कि शुआट्स के द्वारा सप्ताह में मौसम पूर्वानुमान दो बार घोषित किया जाता है तथा किसान पोर्ट्ल पर तथा अखबारों के माध्यम से एवं सोशल मीडिया द्वारा निरंतर मौसम पूर्वनुमान भेजा जाता है और किसान को की नई नई तकनीकी जानकारी भी दी जाती है तथा जैसा कि अनुमानित किया गया है कि मौसम लगभग पिछले कई वर्षो से परिवर्तन हो रहा है जिससे अधिक कार्बन का उर्त्सन हो रहा है मौसम में बदलाव आया है पिछले दिनों में वर्षा होने से फसलों को भारी नुकसान हुआ। प्रसार निदेशालय के वैज्ञानिक डॉ0 मुकेश पी मसीह ने ब्यवसायिक खेती के बारे में विस्तृत चर्चा करते हुए बताया कि फूलों एवमं सब्जी की खेती यदि कृतिम मौसम फसल के अनूसार पॉली हाउस में करते है तो खेती से अधिक लाभ प्राप्त कर सकते है।

सपाई घर घर संपर्क कर पीडीए को करें मजबूत- श्यामलाल पाल

होलागढ़ (प्रयागराज)। होलागढ़ स्थित समाजवादी पार्टी के कार्यालय पर गुरुवार को समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक विधान सभा फाफामऊ अध्यक्ष अमर सिंह यादव की अध्यक्षता में की गई।बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष श्याम लाल पाल ने कहा कि सभी लोग अपने अपने क्षेत्र के सभी दलित, कर्मी, पाल, विश्वकर्मा सहित पीडीए के लोगों से घर घर जाकर संपर्क करें और बताएं कि उनके हित और भविष्य की लड़ाई केवल सपा ही लड़ती है ऐसे में चुनाव में समाजवादी पार्टी को मजबूत करें। बैठक में जिला अध्यक्ष गंगापार अनिल यादव, खित्री लाल पासी,वरिष्ठ नेता दूधनाथ पटेल, जीत लाल पासी, जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र कैथवास,अमर सिंह यादव,राजाराम सरोज,बच्चा यादव, मोहम्मद कलीम, वसीम अहमद आदि मौजूद रहे।

परिषदीय स्कूलों की परीक्षा 20 मार्च से

होलागढ़ (प्रयागराज)। खंड शिक्षा अधिकारी होलागढ़ लालजी शर्मा के सूचनानुसार सभी परिषदीय स्कूलों के कक्षा एक से आठ तक की वार्षिक परीक्षा 20 मार्च से होगी।बताया की यह परीक्षा पहले 16 मार्च से होनी थी।जिस क्रम में सचिव बेसिक शिक्षा परिषद के नए आदेशानुसार अब 20 मार्च से होगी।इसके लिए सभी स्कूलों को प्रश्नपत्र आदि प्राप्त करा दिया गया है।

हिमांशु समेत नवनियुक्त पदाधिकारियो को सपाइयों ने दी बधाई

कोरांव (प्रयागराज)। आगामी होने वाले लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर समाजवादी पार्टी ने शीर्ष नेतृत्व के आदेश पर संगठन का विस्तार करते हुए हिमांशु सिंह को प्रदेश सचिव युवजन सभा सुधि कुमार जाटव विधानसभा अध्यक्ष बाबा साहेब वाहिनी कोरांव संतोष जैसल जाटव विधानसभा अध्यक्ष समाजवादी अनुसूचित सभा मुस्ताक अंसारी विधानसभा अध्यक्ष युवजन सभा सदानंद बिंद नगर अध्यक्ष समाजवादी युवजन सभा अविनाश सिंह पटेल ब्लॉक अध्यक्ष युवजन सभा गुलफाम खान जिला सचिव लोहिया वाहिनी समेत अन्य नेताओं का विभिन्न पदों पर मनोनयन होने पर सपाइयों में हर्ष व्याप्त है।इस मौके रविन्द्र जैसल जाटव महासचिव विधानसभा कोरांव समाजवादी पार्टी ने कहा की समाजवादी पार्टी हर वर्ग के लोगो का सम्मान करती है और समाज मे संघर्ष करने वाले लोगो को पहचान करते हुए क्रन्तिकारी लोगो का मनोनयन किया और इस मनोनयन से इंडिया गठबंधन की जीत इलाहाबाद लोकसभा से निश्चित हो गयी है।इसी क्रम में मेहताब खान नगर अध्यक्ष समाजवादी पार्टी ने हिमांशु सिंह समेत अन्य नवनियुक्त पदाधिकारियो को बधाई देते हुए कहा ऐसे लोगो को नियुक्त करने से संगठन को मजबूती मिलेगी।बधाई देने वालो में मुख्य रूप से सोमदत्त सिंह पटेल विधानसभा अध्यक्ष समाजवादी पार्टी एवम जिला पंचायत सदस्य प्रयागराज राजेश पाण्डेय जिला उपाध्यक्ष दिनेश पटेल जिला सचिव ललन सिंह पटेल जिला उपाध्यक्ष नौशाद अंसारी शिवदानी पाल अतुल बिंद मंगला कोल अशोक विद्यार्थी रवि धईकार विनय सोनकर हरि प्रसाद पाल मंगलदेव कोल राम गोपाल सिंह नीरज सिंह आशीष मिश्रा शहादत अली अश्वनी पटेल दीपक पटेल दीपू कुशवाहा बंशराज यादव कमलेश यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

हमारा आंगन-हमारे बच्चे उत्सव धूमधाम से आयोजित

कौंधियारा(प्रयागराज)। कौधियारा विकासखंड के ब्लॉक सभागार में %हमारा आंगन- हमारे बच्चें% कार्यशाला अध्यक्ष,प्रमुख संघ- प्रयागराज इन्द्रनाथ मिश्र की अध्यक्षता एवं खंड अधिकारी अरुण कुमार अवस्थी के कुशल नेतृत्व मार्गदर्शन में सभी नोडल शिक्षक संकुल, कक्षा-1 के सभी नोडल अध्यापक, प्रत्येक संकुल के को-लोकेटेड आंगनबाड़ी के दो तथा प्राथमिक विद्यालयों के तीन निपुण बच्चे व उनके अभिभावक, विकासखंड की समस्त को-लोकेटेड आंगनबाड़ी कार्यकत्री की उपस्थिति में संपन्न हुई। कार्यक्रम में पूर्व प्राथमिक शिक्षा, प्राथमिक शिक्षा, माता उन्मुखीकरण कार्यक्रम, आंगनबाड़ी केंद्र तथा प्राथमिक विद्यालयों द्वारा प्रदान की जाने वाली सुविधाएं, प्राथमिक विद्यालयों में स्कूल रेड़ीनेस प्रोग्राम, पूर्व प्राथमिक शिक्षा में अभिभावकों एवं समुदाय की सहभागिता, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 आदि बिंदुओं पर सभागार में उपस्थित अभिभावकों,शिक्षकों का उन्मुखीकरण एआरपी शत्रुघ्न प्रसाद शुक्ल, अनुराग पांडे, अनिल कुमार सिंह, विनोद कुमार मल्ल द्वारा किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी निपुण बच्चों व उनके अभिभावको को प्रमाण पत्र तथा स्टेशनरी प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रभारी बाल विकास परियोजना अधिकारी सुषमा देवी सिंह द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों द्वारा दी जा रही सुविधाओं की जानकारी दी गई।

खंड शिक्षा अधिकारी अरुण कुमार अवस्थी ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ती एवं प्राथमिक शिक्षकों के आपसी समन्वय से ही निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति संभव है। मुख्य अतिथि प्रमुख संघ अध्यक्ष इंद्रनाथ मिश्र ने कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु मुक्त कंठ से प्रशंसा की।

परीक्षा के पूर्व शिक्षक संघ छात्रों ने खेली होली

लोकमित्र ब्यूरो

लेड़ियारी(प्रयागराज)। देवभारती ऐकडमी जूनियर हाई स्कूल कैथवल में परीक्षा के एक दिन पूर्व शिक्षकों ने छात्रों के साथ होली का त्यौहार मनाया गया और होली खेली गई ।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अतुल कुशवाहा ने कहा कि शिक्षा ही दशा और दिशा तक करती है । जिससे परीक्षा के बाद भी शिक्षण कार्य करने में कोई कोताही न किया जाए । जबकि यही समाज को आइना दिखाती है ।

उन्होंने कहा कि लगन और मेहनत से परीक्षा में पेपर इमानदारी से पूरा करे । यही आगे भविष्य बनेगी । बिना शिक्षा के जीवन व्यर्थ होता है । एक ऐसी अमूल्य है इसे चोरी नहीं किया जा सकता है । जिससे सभी छात्र - छात्राओं को लग्न के साथ परीक्षा के पश्चात घर पर भी अध्ययन करे । एक अल्प्रैल से पुनः सुचारू रूप से शिक्षण कार्य प्रारंभ होगा ।

छात्र - छात्राओं ने एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली का पर्व मनाया गया । रंग का त्यौहार एक दूसरे को बुराइयों व शिकवा शिकायत को दूर किया जा सकता है । जिससे होली का त्यौहार मे किसी प्रकार से ऐसा कार्य करे । जिससे किसी को बुरा न लगे । सड़क पर हुड़दगई न करें । अनावश्यक रूप से किसी के कपड़े में रंग न डालें । स्वेच्छा अनुसार तथा निष्ठा का परिचय दे । जिससे किसी को विद्यालय का अभाव न पड़े । होली खेलने के बाद बच्चों को मिष्ठान वितरण किया गया । जिसे बच्चे प्रसाद रूप में ग्रहण किए । इस दौरान अरविंद कुमार, दीपू कुशवाहा, संगीता सिंह, नीलू कुशवाहा, आरती सिंह, साधना आदि लोग रहे ।

लोक सभा चुनाव को लेकर पयासी मिले रेवतीरमण से

कोरांव (प्रयागराज)। लोक सभा का चुनाव जैसे जैसे नजदीक आ रहा है वैसे वैसे प्रत्याशी व संभावित प्रत्याशी मैदान में उतर गए है और अपने अपने पक्ष में मैदान करने की अपील कर रहे है । हालांकि प्रयागराज व फूलपुर लोकसभा सीट अभी तक कोई भी दल अपने प्रत्याशियों को मैदान में नही उतारा है। गुरुवार को कुंवर रेवतीरमण सिंह के करीबी नेता प्रमोद मिश्र पयासी ने पूर्व प्रधान देवेंद्र सिंह पटेल, दिनेश पटेल अन्य समर्थकों के साथ पूर्व सांसद कुँवर रेवती रमण से मिलकर लोक सभा चुनाव को लेकर कई मुद्दों पर विस्तृत चर्चा किये। नेता प्रमोद मिश्र पयासी ने कहा रेवतीरमण पूरे प्रयागराज की जनता आपकी ओर आशा भरी निगाहों से देख रही है आज के समय कोई भी जनता का नेता जिसका दरवाजा आम आदमी के लिए खुला हो पूरे लोकसभा की आम जनता आपको सांसद बनाने को आतुर है। अगर कुँवर रेवतीरमण को टिकट दिया तो लाखों मतों से विजयी होंगे और प्रयागराज में विकास की गंगा बहेगी। उन्होंने कहा कि जब भी रेवती रमण सरकार में रहे विकास की पहिया चली है। क्षेत्र नेता विहीन होने के कारण गरीबों को थाना व तहसील के चक्कर लगाना पड़ रहा है। कुंवर साहब ने अपने कार्यकर्ताओं नेताओ चुनाव लडने का भरोसा दिया है और कहा है प्रयागराज के लोगो से मेरा रिश्ता परिवार घर जैसा है और जब तक सांस हैं हमेशा रहेगा।

बच्चों को खेल खेल में दी जाने वाली शिक्षा होती है प्रभावशाली-रणविजय सिंह

लोकमित्र ब्यूरो

कोरांव (प्रयागराज)। नौनिहालों का शत प्रतिशत नामांकन व ठहराव के साथ उन्हें भयमुक्त वातावरण में खेल खेल में सुगम शिक्षा उपलब्ध कराये जाने हेतु शासन द्वारा तमाम कवायदें अमल में लाई जा रही हैं। शिक्षा के केन्द्रों को आकर्षक व मनोहारी बनाए जाने के लिए सरकार द्वारा भारी धनराशि खर्च की जा रही है। शासन के मंशानुरूप 3 - 6 वर्ष के बच्चों को पूर्व प्राथमिक शिक्षा केन्द्र पर शत प्रतिशत नामांकन के साथ ठहराव सुनिश्चित करने के साथ उन्हें मनोहारी माहौल में शिक्षा दिए जाने की पहल जारी है। गुरुवार को बीआरसी कोरांव में हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन खंड शिक्षाधिकारी कोरांव मोहम्मद रिजवान खान की अध्यक्षता में किया गया जहां पर बतौर मुख्य अतिथि नायब तहसीलदार बड़ोखर रणविजय सिंह उपस्थित होकर प्रतिभागियों को संबोधित किया। कार्यशाला में मौजूद आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि रणविजय सिंह ने कहा कि शिक्षा केन्द्र का माहौल भयमुक्त व मनोहारी हो। भयमुक्त वातावरण में बच्चों को खेल खेल में दी जाने वाली सुगम शिक्षा प्रभावशाली होती है। संदर्भदाता एआरपी अवधेश मिश्रा व शैलेश पाण्डेय द्वारा उपस्थित प्रतिभागियों को बेहतर ढंग से प्रशिक्षित किया गया। खंड शिक्षाधिकारी मोहम्मद रिजवान खान व अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ कोरांव महेन्द्र सिंह द्वारा मुख्य अतिथि का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह गणेश शंकर तिवारी कृष्ण शंकर पाण्डेय रमा कान्त सिंह , आंगनवाड़ी कार्यकत्री अनीता देवी सीता सहित कई अन्य मौजूद रहे।

एडीएम सिटी ने किया केंद्रीय कारागार एवं जिला जेल का निरीक्षण

नैनी (प्रयागराज)। एडीएम सिटी मदन कुमार और एसीपी करछना संजय कुमार सिंह ने बुधवार को केंद्रीय कारागार एवं जिला जेल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने केंद्रीय कारागार में बंद हिस्ट्रीशीटर पूर्व सभासद मोहम्मद जावेद उर्फ पप्पू गंजिया से पूछताछ की गई। पप्पू गंजिया को हाई सिक्योर्टी बैरक में रखा गया है, जहां उससे पूछताछ की गई। इससे पहले अधिकारियों ने बैरकों में जाकर बंदियों से उनकी समस्याएं सुनी तथा साथ ही शक के आधार पर कुछ बंदियों के विस्तरों की अला पलटी कर तलाशी भी ली गई। इस दौरान वहां से कोई आपत्तिजनक सामान नहीं मिले। पाकशाला में जाकर बंदियों को परोसे जा रहे भोजन की जांच की। अस्पताल में भर्ती बंदियों के बारे में जानकारी हासिल की गई। इसके पश्चात नवनिर्मित जिला जेल में जाकर वहां की व्यवस्थाओं को देखा गया। वहां लगे सीसीटीवी कैमरे के संचालन को परखा। एसीपी करछना संजय सिंह ने बताया, कि यह रूटीन चेकिंग थी। सब कुछ सामान्य रहा।

सवेरा ग्रामीण फाउंडेशन के कंप्यूटर ट्रेनिंग सेंटर का शुभारंभ

नैनी (प्रयागराज)। यमुनापार क्षेत्र के रामपुर छोटी हल्दी मैं सोमवार को सवेरा ग्रामीण फाउंडेशन के तरफ से रईसा बेगम के द्वारा फीता काटकर कंप्यूटर ट्रेनिंग सेंटर का शुभारंभ किया गया। जिसमें शिक्षक व शिक्षकों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान लोगों ने बताया, कि यह संस्था पिछले कई सालों से जरूरतमंदों की मदद कर रही है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कर्नल मोहम्मद फारुक सिद्दीकी रहे। यह संस्था गरीब एवं असहाय लोगों के लिए भोजन, दवा एवं कपड़े का वितरण करते चली आ रही है। कोरोना महामारी जैसे जरूरतमंदों के लिए ऑक्सीजन ब्लू ऑक्सीमीटर मार्क्स व सैनिटाइजर की व्यवस्था कर इन दिनों काफी चर्चा में है। इस मौके पर रईसा बेगम, मुंगारी प्रधान अखिलेश प्रताप सिंह उर्फ दीपु सिंह, नोमान सिद्दीकी, मारूफ सिद्दीकी, मोहम्मद इमरान, रिजवान, नवाब महबूब, मकसूद अहमद, वसीम, अमरीन, आदि क्षेत्र के तमाम लोग मौजूद रहे।

पंजीकरण कराने वाले क्रिकेटर आज तक करें संपर्क

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) के सभी आयु वर्ग और रणजी ट्रॉफी ट्रायल के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करा चुके वह क्रिकेटर जिन्होंने अब तक एसीए कार्यालय में संपर्क नहीं किया है, उन्हें शुक्रवार (15 मार्च) तक इलाहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन के कार्यालय 02, कानपुर रोड (निकट सप्लाई डिपो, चौफटका पॉवर हाउस) प्रयागराज में दोपहर 12 से 2 बजे के मध्य शहज़ादे आलम अथवा संयुक्त संयोजक (प्रबंधन) सोमेश्वर पाण्डेय से अवश्य संपर्क करने को कहा गया है।इलाहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन के निदेशक ताहिर हसन के अनुसार प्रयागराज मण्डल में आने वाले चार जनपदों (इलाहाबाद, मिर्ज़ापुर, भदोही और चित्रकूट) के क्रिकेटर कहीं से भी ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन (https://www.upca.tv) करने के बाद रजिस्टर्ड मोबाइल नम्बर एवं शुल्क के साथ संपर्क कर सकते हैं।

झोलाछाप बन रहे ग्रामीणों के जीवन के लिए अभिशाप

नहीं पहुंचने देते अस्पताल

लोकमित्र ब्यूरो

जारी(प्रयागराज)। जिले के विकासखंड जसरा क्षेत्र में झोलाछाप डॉक्टर जोर शोर से सक्रिय हैं । जो बीमारियों की आड़ में क्षेत्र के हर गांव में लोगों का जीवन खतरे में डाल रहे हैं । प्रशासन की नाक के नीचे खुलेआम इलाज के नाम पर दुकानदारी चला रहे नीम हकीमों पर कोई कार्रवाई नहीं होने से लोग इनके चंगुल में फंस कर जान माल लुटा रहे हैं । क्षेत्र के हर गांव में ऐसे कथित डॉक्टरों का पूरा जाल फैला है जो ग्रामीण इलाकों में एएनएम और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की कमी का सीधा फायदा उठा रहे हैं । प्रत्येक गांव में दो से तीन डॉक्टर रोज दुकान खोलकर बैठे हैं , जहां भोले भाले ग्रामीणों को इलाज के नाम पर लूटने का काम कर रहे हैं । सूत्रों के

अनुसार इनकी संख्या ब्लॉक में सौ से ज्यादा पार कर गई है ।

जो अलग-अलग पध्दति की फर्जी डिग्री लेकर जगह-जगह इलाज की दुकान खोलकर बैठे हैं । गांव स्तर पर त्वरित उपचार की सुविधा मिलने के कारण इन्हें मरीज भी आसानी से मिल जाते हैं ।

मौसमी बीमारियों पर इनका इलाज कारगर साबित होता है ,जिसके कारण मरीज शासकीय अस्पतालों और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं तक नहीं पहुंच पाते । लेकिन इनके पास गंभीर बीमारी का इलाज कराने पहुंचे ,ग्रामीणों को लंबी राशि गंवानी पड़ती है और मरीजों की जान भी चली जाती है । डॉक्टर मामला बिगड़ने पर मरीज को स्वयं के व्यय पर रिश्तेदार बता कर शासकीय अस्पतालों या दूर के अस्पताल में भर्ती कर अपना काम निकाल लेते हैं । हाकिमों के कारण कई जाने जा चुकी हैं ।

राष्ट्रीय अविष्कार अभियान में प्राथमिक विद्यालय हरखपुर के बच्चों ने मारी बाजी

लोकमित्र ब्यूरो

मऊआइमा (प्रयागराज)। ज़िला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार तिवारी के निर्देशन में बीआरसी मऊआइमा के हरिसेन गंज में खण्ड शिक्षा अधिकारी विमलेश त्रिपाठी की अध्यक्षता में राष्ट्रीय अविष्कार अभियान का आयोजन किया। बीईओ ने बताया कि इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य है प्राथमिक,उच्च प्राथमिक व कंपोजिट विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं की रुचि विज्ञान, गणित व प्रौद्योगिकी क्षेत्र में रुचि बढ़ाना है। बच्चे क्विज में शामिल होकर व प्रदर्शनी के लिए माडल बनाकर अपने ज्ञान व कौशल का प्रदर्शन किए। वही प्राथमिक विद्यालय हरखपुर के पूरे ब्लॉक में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र अनुराग विश्वकर्मा कक्षा 8 को पुरुस्कार

व 2700 रुपए का चेक तथा अन्य स्थान पाने वाले आंचल, विपिन, अनुराग, अनुष्का राधा, हिमांशु, प्रदीप को पुरस्कृत किया गया। वहां की प्रधानाचार्या पूनम यादव व सहायक अध्यापिका मधु को उत्कृष्ट कार्य के उत्साहवर्धन किया गया। इस मौके पर एआरपी शरद मिश्रा, लालचंद वर्मा, प्रदीप यादव, भारत लाल, जगत लाल आदि मौजूद थे।

पहली बार मात्र नौ माह में किसी आयोग और बोर्ड ने पूरी की भर्ती प्रक्रिया -मुख्यमंत्री योगी

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नव चयनित 39 उपजिलाधिकारियों, 41 पुलिस उपाधीक्षकों एवं 16 कोषाधिकारी-लेखाधिकारियों को वितरित किये नियुक्ति पत्र

लखनऊ, (हि.स.)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मिशन रोजगार के तहत गुरुवार को अपने सरकारी आवास पांच कालिदास मार्ग पर उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग से चयनित 39 उपजिलाधिकारियों, 41 पुलिस उपाधीक्षकों एवं 16 कोषाधिकारी-लेखाधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित किये। इस दौरान नवचयनित अभ्यर्थियों ने अपने अनुभव साझा किये।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब सरकार ईमानदारी के साथ काम करती है तो परसेप्शन चेंज होता है। उन्होंने कहा कि पिछले 7 वर्षों में आपने देखा होगा कि जहां पहले प्रदेश के लोगों के सामने अपनी पहचान का संकट था। वहीं, आज वह सीना तान कर कहते हैं कि मैं उत्तर प्रदेश का हूं। यह सब सरकार के निर्णय के मेकैनिज्म से हुआ है।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नवचयनितों को संबोधित करते हुए कहा कि उनके पास 30 से 35 वर्ष का समय जनता जनार्दन की सेवा करने का है। उनकी दुआएं लेने का है, ताकि अपने भविष्य को उज्जवल बना सकें। उन्होंने कहा कि पहली बार किसी आयोग और बोर्ड ने मात्र नौ माह में चयन की प्रक्रिया पूरी की है। इसमें न किसी की सिफारिश की जरूरत पड़ी और न कोई हस्तक्षेप हुआ। वहीं जिन लोगों ने परीक्षा की शुचिता से खिलवाड़ करने की कोशिश की, वह लोग उसका खामियाजा भुगत रहे हैं। उनकी प्रॉपर्टी जब्त कर ली गई, उनके घर पर रेड पड़ी। इतना ही नहीं सरकार तय कर चुकी है कि युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों के साथ सख्ती से निपटा जाएगा।उन्होंने कहा कि हमारी कार्ययोजना का ही परिणाम है कि पिछले 7 वर्षों के अंदर करोड़ों युवाओं को रोजगार की सुविधा और नौकरी उपलब्ध करायी गयी है। इसी का परिणाम है कि आज पर कैपिटा इनकम और प्रदेश की जीडीपी में इजाफा हुआ है। इतना ही नहीं यूपी देश की दूसरी बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरकर सामने आया है। यह तब होता है जब सरकार ईमानदारी के साथ कार्य करती है।उन्होंने कहा कि आपको गवर्नमेंट के इंजन के रूप में अपनी भूमिका का निर्वहन करना है। आज टेक्नोलॉजी काफी इंप्रूव हो चुकी है। आप जब तक फील्ड में आएंगे तब तक हम राजस्व के सभी कार्यों को डिजिटाइज करने में सफल हो चुके होंगे। इसके बाद भी राजस्व संबंधी विवाद के मामले सामने आएंगे। ऐसे में इन मामलों को निपटाने के लिए आपको अपनी तहसील में रहकर फोकस करना होगा। साथ ही पेंडेंसी को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करना होगा।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि एक गरीब को न्याय देना हमारा दायित्व होना चाहिए। हमें गरीबों के साथ खड़े होना चाहिये। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के साथ राजस्व संबंधी मामलों के निस्तारण में डिप्टी एसपी का अहम रोल होता है। ऐसे में उन्हें थाने जाकर वहां की एक-एक गतिविधियों को वॉच करना होगा। इसके साथ ही पब्लिक से कैसा व्यवहार हो रहा है, चार्ज शीट की क्या स्थिति है आदि पर ध्यान देना होगा।नवचयनितों पर विश्वास जताते हुए सीएम योगी ने कहा कि वह ईमानदारी के साथ प्रदेश सरकार के कार्यों की स्पीड को आगे बढ़ाएंगे। साथ ही जनता जनार्दन के हितों का ध्यान रखें और त्वरित निर्णय लें ताकि अच्छे प्रशासन के अधिकारी के रूप में आपकी छवि बने। उन्होंने सभी नवचयनितों को प्रशासन का हिस्सा बनने पर बधाई दी।कार्यक्रम में वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, अपर मुख्य सचिव नियुक्ति डॉ. देवेश चतुर्वेदी, अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार, डीजीपी प्रशांत कुमार, प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद आदि मौजूद रहे।नवचयनित अभ्यर्थियों ने मात्र नौ माह में परीक्षा प्रक्रिया को पूरी पारदर्शिता से संपन्न कराने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताया। डिप्टी एसपी पद पर चयनित प्रयागराज के आकाश प्रियदर्शी ने कहा कि सरकार और लोक सेवा आयोग द्वारा निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से यह भर्ती प्रक्रिया पूरी कराई गई है। इसके लिए मुख्यमंत्री और लोक सेवा आयोग के चेयरमैन का बहुत आभारी हूं। डिप्टी एसपी पद के लिए चयनित संत कबीरनगर की प्रभा पटेल, डिप्टी एसपी पद के लिए प्रथम स्थान पर चयनित स्मृति राणा, डिप्टी एसपी पद पर चयनित कानपुर के अनुभव राजर्षि ने भी सरकार को धन्यवाद दिया।

गैर जमानती वारंट जारी होने के बाद मुरादाबाद न्यायालय में पेश हुई पूर्व सांसद जयप्रदा

मुरादाबाद (हि.स.)। पूर्व सांसद एवं फिल्म अभिनेत्री जयाप्रदा अभद्र टिप्पणी मामले में गैर जमानती वारंट जारी होने के बाद गुरुवार दोपहर में मुरादाबाद के एमपी एमएलए कोर्ट में पेश हुई। पिछली तारीखों पर पूर्व सांसद न्यायालय में लगातार अनुपस्थिति रही थीं जिसके चलते कोर्ट ने उनके खिलाफ कई बार गैर जमानती वारंट जारी किए थे। आज जयाप्रदा के हाजिर होने के बाद वारंटी रिकॉल हो गए और अब मामले में अगली सुनवाई 21 मार्च को होगी।वर्ष 2019 लोकसभा चुनाव के परिणाम आने के बाद मुरादाबाद के थाना कटघर क्षेत्र के मुस्लिम डिग्री कॉलेज में आयोजित सम्मान समारोह में रामपुर के पूर्व कैबिनेट मंत्री व पूर्व सांसद आजम खां, मुरादाबाद लोकसभा के सपा सांसद डा. एसटी हसन समेत अन्य सपा नेता शामिल हुए थे। आरोप है कि कार्यक्रम के दौरान रामपुर के पूर्व सांसद जयाप्रदा पर अभद्र टिप्पणी की गई थी। इस मामले में रामपुर निवासी मुस्तफा हुसैन ने पूर्व मंत्री आजम खां, डॉ. एसटी हसन, अब्दुल्ला आजम, फिरोज खां, आयोजक मोहम्मद आरिफ, रामपुर के पूर्व चेयरमैन अजहर खां के खिलाफ केस दर्ज कराया गया था।जयाप्रदा के अधिवक्ता अभिषेक भटनागर एडवोकेट ने बताया कि गुरुवार को अभद्र टिप्पणी के मामले में जयाप्रदा एमपी एमएलए कोर्ट में पेश हुई थी। पूर्व में स्वास्थ्य सही न होने के चलते अदालत ने उनके विरुद्ध एनबीडब्ल्यू जारी कर दिए थे। आज वारंट रिकॉल हो गए। अब मामले में अगली सुनवाई 21 मार्च को होगी।

राहुल गांधी के खिलाफ परिवाद में कोर्ट ने 30 तक परिवादी को साक्ष्य पेश करने के दिया आदेश

जयपुर,(हि.स.)। स्थानीय कोर्ट में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर जातिगत टिप्पणी करने को लेकर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के खिलाफ पेश परिवाद में परिवादी को 30 मार्च को अपने साक्ष्य पेश करने को कहा है। कोर्ट ने गुरुवार को यह आदेश अधिवक्ता विजय कलंदर के परिवाद में दिए हैं।महानगर मजिस्ट्रेट क्रम-11, महानगर द्वितीय ने परिवाद में कहा गया कि उसने गत नौ फरवरी को अखबार में पढ़ा कि राहुल गांधी ने अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान कहा कि मुख्यमंत्री नरेन्द्र मोदी जन्म से ओबीसी वर्ग के नहीं है, बल्कि गुजरात की भाजपा सरकार ने मोदी को ओबीसी बनाया है।

वे पिछड़ों के हक और हिस्सेदारी के साथ न्याय नहीं कर सकते। परिवाद में कहा गया कि भाजपा ने जब राहुल गांधी के इस बयान को झूठा बताया तो उन्होंने कहा कि मेरे सच पर मुहर लगाने के लिए धन्यवाद। राहुल गांधी का सार्वजनिक तौर पर दिया गया ऐसा बयान भारतीय नागरिकों के विभिन्न वर्गों और समुदाय के प्रति अपराध करने के लिए उकसाने के लिए दिया गया है। यह बयान देश में अशांति पैदा करने वाला व देश की सुरक्षा को खतरे में डालने के साथ ही देश की अखंडता के खिलाफ भी है।परिवाद में यह भी कहा गया कि सार्वजनिक तौर पर राहुल गांधी खुद को कश्मीरी कौल पंडित बताते हैं, जबकि उनके दादाजी फिरोज गांधी गैर हिन्दू परिवार के थे। कोर्ट पूर्व में कई फैसलों में कह चुकी है कि पिता की जाति ही उसे बच्चे की जाति होगी। जाति जन्म से होती है और उसे बदला नहीं जा सकता।

ऐसे में उन्होंने खुद की जाति छिपाकर बयान दिया है, जिससे परिवादी की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। परिवादी ने मामले में शास्त्री नगर थाना पुलिस को शिकायत दी, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। इसलिए मामले में कानून कार्यवाही की जाए। जिस पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने परिवादी को अपनी साक्ष्य पेश करने को कहा है।

शाहदरा इलाके में चार मंजिला इमारत में लगी भीषण आग, दो बच्चों समेत चार लोगों की हुई मौत

नई दिल्ली। शाहदरा के शास्त्री नगर इलाके में गुरुवार तड़के एक आवासीय इमारत में भीषण आग लगने के बाद दम घुटने से दो बच्चों और एक विवाहित जोड़े की मौत हो गई। एक अधिकारी ने बताया कि पीड़ितों की पहचान मनोज (30), उनकी पत्नी सुमन (28) और पांच और तीन साल की दो लड़कियों के रूप में की गई है।

पुलिस ने कहा कि उन्हें सुबह करीब 5:20 बजे शाहदरा के शास्त्री नगर इलाके में भीषण आग लगने की सूचना मिली। तुरंत दिल्ली अग्निशमन सेवा को सूचित किया गया। अधिकारी ने बताया कि एक स्थानीय पुलिस टीम, चार दमकल गाड़ियां, एम्बुलेंस और पीसीआर वैन को घटनास्थल पर भेजा गया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, 'हमें अस्पताल से जानकारी मिली कि दम घुटने से चार लोगों- दो बच्चों और एक विवाहित जोड़े की मौत हो गई। आगे की जांच जारी है।'

हिमंत बिस्व सरमा ने असम को देशभर में नयी पहचान दिलायी- राजनाथ सिंह

गुवाहाटी (असम) (हि.स.)। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने असम को देशभर में नयी पहचान दिलाई है। असम में जिस तेजी से कार्य किये जा रहे हैं, उसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती थी।रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह गुरुवार को बरपेटा में एनडीए के उम्मीदवार फणि भूषण चौधरी के समर्थन में आयोजित एक चुनाव रैली को संबोधित कर रहे थे। इसके बाद राजनाथ सिंह ने कोकराझाड़ में एक एनडीए के एक कार्यकर्ता सम्मेलन को भी संबोधित किया। बरपेटा की रैली में रक्षा मंत्री के साथ प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भवेश कलिता, असम सरकार के मंत्री जयंत मल्लबरुवा, चंद्र मोहन पटवारी, असम गण परिषद के अध्यक्ष अतुल बोरा, अगप उम्मीदवार फणि भूषण चौधरी समेत बड़ी संख्या में भाजपा के नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

उन्होंने कहा कि अभी हाल ही में 24 घंटे के अंदर प्रधानमंत्री ने पूर्वोत्तर में 72 हजार करोड़ रुपये की योजना का शिलान्यास और लोकार्पण किया, जिसकी कभी कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. सरमा के नेतृत्व असम इंफ्रास्ट्रक्चर, स्वास्थ्य, ऊर्जा से लेकर हर क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि असम के हर जिले में मेडिकल कॉलेज खोलने का मुख्यमंत्री हिमंत का संकल्प और देश के हर जिले में मेडिकल कॉलेज खोलने का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सपना पूरे देश की सूरत को बदल देगा। उन्होंने दावा किया कि केंद्र में चार सौ से अधिक सीटों के साथ तीसरी बार नरेन्द्र मोदी की सरकार बनेगी।बरपेटा में राजनाथ सिंह ने असमिया भाषा में सबसे पहले लोगों का अभिवादन किया। उन्होंने कहा कि कामरूप की सिद्ध धरती तथा सत्र नगरी बरपेटा में आकर वे अभिभूत हुए हैं। रैली में भीड़ देखकर उन्होंने कहा कि यह रैली नहीं बल्कि, समुद्र जैसा है। रक्षामंत्री ने कहा कि वह पहले भी चुनाव के मौके पर यहां कई बार आ चुके हैं, लेकिन वर्ष 2014 से पहले की स्थिति और आज की स्थिति में क्रांतिकारी परिवर्तन देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूर्वोत्तर के आठ राज्यों को सामान्य दृष्टि से नहीं देखा है, बल्कि अष्टलक्ष्मी के रूप में श्रद्धा भाव से पूर्वोत्तर राज्यों को देखा है। प्रधानमंत्री पूर्वोत्तर राज्यों के प्रति हमेशा ही अलग दृष्टि रखते हैं।बरपेटा में रैली को संबोधित करने के बाद राजनाथ सिंह कोकराझाड़ पहुंचे। यहां उन्होंने एनडीए के एक कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया। इस कार्यक्रम में रक्षा मंत्री के साथ बीटीसी प्रमुख प्रमोद बोड़ो, असम सरकार के मंत्री रंजीत कुमार दास, कोकराझार से यूपीपीएल के उम्मीदवार जयंत बसुमतारी, करण मोहन राय समेत कई वरिष्ठ नेता एवं पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद थे।कोकराझाड़ में कार्यकर्ताओं के सम्मेलन को संबोधित करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि चाहे वह भाजपा के कार्यकर्ता हों या असम गण परिषद के या यूपीपीएल के, सभी एकजुट होकर बड़े मन से कार्य करें। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी कहा करते थे, छोटे मन से कोई बड़ा नहीं हो सकता और टूटे मन से कोई खड़ा नहीं हो सकता। रक्षामंत्री ने कहा कि पूरा एनडीए एक परिवार है, चाहे चुनाव में कंडिडेट किसी भी पार्टी के हो, हम सभी को एकजुट होकर काम करना चाहिए। उन्होंने कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी एक परिवार को भगवान मानकर उसके ईर्द-गिर्द काम करती है।उन्होंने कहा कि एनडीए की सरकार अपनी चुनावी घोषणा को अक्षरशः पूरा करती रही है। जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटा दिया गया। देश से तीन तलाक हटा दिया गया। उन्होंने कहा कि हम समाज का गठन करने के लिए काम करते हैं। हिंदू-मुसलमान को हम विभाजित नहीं करते हैं। उन्होंने कहा कि हमने देश से भ्रष्टाचार को समाप्त किया है।

पुलवामा हमले पर बयान देकर फंसे एंटो एंटनी, मामले को बढ़ता देख दे डाली सफाई

तिरुवनंतपुरम। कांग्रेस सांसद एंटो एंटनी की पुलवामा हमले पर सवाल उठाने को लेकर लगातार आलोचना हो रही है। मामले को बढ़ता देख अब एंटनी ने सफाई दी है। उन्होंने कहा कि उनका यह कहना नहीं था कि इसमें पाकिस्तान की कोई भूमिका नहीं है।

एंटनी ने कहा कि उन्होंने बुधवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह नहीं कहा था कि हमले में पाकिस्तान की कोई भूमिका नहीं है। बल्कि वहां मौजूद एक पत्रकार ने पाकिस्तान की भूमिका के बारे में सवाल किया था, जिस पर उन्होंने कोई राय नहीं रखी थी। कहा जा रहा है कि बुधवार को जब एक रिपोर्टर ने पुलवामा हमले में पाकिस्तान की भूमिका का मुद्दा उठाया, तो पठनमथिट्टा के सांसद ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए पूछा था, 'पुलवामा विस्फोट में पाकिस्तान की क्या भूमिका थी?' कांग्रेस सांसद ने दावा किया था कि पुलवामा में आतंकी हमले की साजिश सरकार ने खुद रची थी। एंटो एंटनी ने आरोप लगाया था कि पुलवामा में 42 जवानों की शहादत के लिए सरकार जिम्मेदार है। उन्होंने कहा था, ऐसी जगह पर इतनी मात्रा में आरडीएक्स के साथ आप सरकारी मशीनरी की जानकारी के बगैर नहीं जा सकते। कश्मीर के तत्कालीन राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने भी कहा था कि 42 जवानों की शहादत के लिए सरकार जिम्मेदार है। एंटो ने कहा था, दिशा-निर्देशों का उल्लंघन किया गया था और उन्हें (जवानों को) जानबूझकर उस विशेष सड़क मार्ग से लाया गया और विस्फोट हुआ। उन्होंने पूछा था, क्या भाजपा द्वारा नियुक्त राज्यपाल ने यही नहीं कहा?

के सुरेंद्रन ने एंटो पर किया हमला

वहीं, भाजपा नेता ने कांग्रेस सांसद पर निशाना साधते हुए कहा था कि उन्होंने साबित कर दिया है कि वह फिर से संसद में पैर रखने के लायक नहीं हैं। इसी मुद्दे पर भाजपा नेता के सुरेंद्रन ने कहा था, पथनमथिट्टा के सांसद एंटो ने यह कहकर देश का अपमान किया है कि पुलवामा हमले में पाकिस्तान की कोई भूमिका नहीं थी। उन्होंने मांग की कि उन पर राजद्रोह का मुकदमा चलाया जाना चाहिए और उन्हें गिरफ्तार किया जाना चाहिए।

पूर्व राज्यपाल मलिक के बयान पर सहमति

के सुरेंद्रन के बयान पर सफाई देते हुए एंटनी ने कहा कि प्रेस कॉन्फ्रेंस में मौजूद लोगों ने अपनी सोच के अनुसार बयान को पेश किया है। उन्होंने दावा किया कि जम्मू-कश्मीर के तत्कालीन राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने एक साक्षात्कार में कहा था कि सीआरपीएफ के जवानों के बलिदान का राजनीतिक एजेंडे को पूरा करने के लिए इस्तेमाल किया गया। कांग्रेस नेता ने कहा कि उन्होंने मलिक के बयान पर अपनी सौ फीसदी सहमति दी।

उन्होंने पूछा, सत्यपाल मलिक ने सार्वजनिक आरोप लगाए हैं। उनके खिलाफ कोई मामला क्यों दर्ज नहीं किया गया? एंटनी ने दावा किया कि उन्होंने कहा था कि देश में शासन करने वाले राजनीतिक लाभ के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं। उन्होंने कहा, 'जहां तक मेरी बात है, मैंने जो कहा है, मैं उस पर कायम हूं।'

होटल में विदेशी महिला की रहस्यमयी मौत, पुलिस को हत्या का शक; फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा शव

नई दिल्ली। बेंगुलरु से एक बड़ी खबर सामने आई है। यहां के एक होटल में उज्बेकिस्तान की महिला की रहस्यमयी तरीके से मौत हो गई। पुलिस मामले की तफ्तीश में जुटी हुई है। आपको बता दें कि चार दिन पहले उज्बेकिस्तान की रहने वाली 37 साल की जरीना चार दिन पहले टूरिस्ट वीज़ा पर बेंगलुरु आई थी। वो सेशाद्रिपुरम क्षेत्र के होटल जगदीश के दूसरे फ्लोर में कमरा लेकर रह रही थी। पुलिस का कहना है कि 13 मार्च बुद्धवार शाम करीब 4.30 बजे होटल स्टाफ ने कमरे का दरवाजा खटखटाया। जब काफी देर तक महिला ने दरवाजा नहीं खोला तो होटल स्टाफ द्वारा मास्टर की से दरवाजा खोला गया। अंदर देखा तो सभी के होश उड़ गए क्योंकि कमरे में जरीना का शव पड़ा था। होटल स्टाफ द्वारा तुरंत पुलिस को सूचित किया गया। इसके बाद पुलिस ने रहस्यमयी मौत का केस दर्ज किया है।

'सीएए से पड़ोसी देशों से घुसपैठिए आएंगे, यह देश के लिए खतरनाक', केजरीवाल का अमित शाह को जवाब

नई दिल्ली। नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) को लेकर सीएम अरविंद केजरीवाल के बयान पर सियासत गरमाई हुई है। भाजपा जमकर केजरीवाल पर हमला बोल रहा है। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि केजरीवाल वोट बैंक की राजनीति कर रहे हैं। वहीं, नाराज हिंदू शरणार्थियों ने भी केजरीवाल के आवास के बाहर जमकर विरोध प्रदर्शन किया। सीएए को लेकर मचे घमासान के बीच केजरीवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि इससे भारी संख्या में पड़ोसी देशों से घुसपैठिए भारत आएंगे। मैंने बताया था कि सीएए कैसे खतरनाक है। बाहर से लोगों को लेकर उन्हें राशन कार्ड दिया जाएगा। हमारे लोगों को तो नौकरी मिल नहीं रही है, बाहर से आने वालों को कहां से देंगे। यह देश के लिए खतरनाक है।

सीएए पर अपने बयान पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की प्रतिक्रिया के जवाब में दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा, 'गृह मंत्री ने अपने बयान में मेरे द्वारा उठाए गए किसी भी सवाल का जवाब नहीं दिया, लेकिन उन्होंने कहा कि केजरीवाल भ्रष्ट हैं। मैं महत्वपूर्ण नहीं हूं। उनसे पूछिए- जब हम अपने ही लोगों को रोजगार देने में सक्षम नहीं हैं, तो पाकिस्तान से आए शरणार्थियों को रोजगार और आवास कैसे देंगे? सीएए के कारण जो पलायन होगा, वह विभाजन के दौरान हुए पलायन से भी बड़ा होगा।'

वोट बैंक की राजनीति कर रहे हैं केजरीवाल: शाह

एक इंटरव्यू के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, 'भ्रष्टाचार उजागर होने के बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री अपना धैर्य खो बैठे हैं (आपा खो बैठे हैं)। उन्हें नहीं पता कि ये सभी लोग पहले ही भारत में आ चुके हैं और रह रहे हैं। अगर उन्हें इतनी ही चिंता है तो वे क्यों बांग्लादेशी घुसपैठियों की बात नहीं करते, रोहिंग्याओं का विरोध क्यों नहीं करते? वह वोट बैंक की राजनीति कर रहे हैं। बांग्लादेशी घुसपैठियों और रोहिंग्याओं के बारे में तो ये नहीं बोलते। वे विभाजन की पृष्ठभूमि भूल गए हैं, उन्हें शरणार्थी परिवारों से मिलना चाहिए।'

क्या है नागरिकता संशोधन कानून?

नागरिकता संशोधन विधेयक से अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान से आए हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई अवैध प्रवासियों को नागरिकता के लिए पात्र बनाने के लिए नागरिकता अधिनियम, 1955 में संशोधन किया गया है।

नागरिकता संशोधन विधेयक 9 दिसंबर 2019 को लोकसभा में प्रस्तावित किया गया था। 9 दिसंबर 2019 को ही विधेयक सदन से पारित हो गया। 11 दिसंबर 2019 को यह विधेयक राज्यसभा से पारित हुआ था।

देश में 2016 के बाद से महिलाओं में स्तन कैंसर की बीमारी का बोझ बढ़ा, दिल्ली सहित चार राज्यों में अधिक

नई दिल्ली। दिल्ली सहित देश के चार राज्यों में महिलाओं में सबसे ज्यादा स्तन कैंसर का जोखिम देखा गया है। राष्ट्रीय रोग सूचना विज्ञान और अनुसंधान केंद्र (एनसीडीआईआर) ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी देते हुए बताया कि साल 2016 के बाद से महिलाओं में स्तन कैंसर की बीमारी तेजी से बढ़ी है। 2025 तक देश में 5.6 लाख से ज्यादा मामले सामने आ सकते हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, 2020 में कुल 13 लाख से ज्यादा कैंसर के मामले सामने आए हैं जिनमें 13.5 फीसदी स्तन कैंसर से जुड़े हैं। वहीं कैंसर से होने वाली कुल मौतों में इसकी हिस्सेदारी करीब 10 फीसदी है। 2012 से 2016 के बीच अलग अलग राज्यों की स्थिति पर चर्चा करते हुए रिपोर्ट में बताया गया कि देश में एक लाख महिलाओं में से 556 स्तन कैंसर की शिकार हो रही हैं। यह संख्या हर साल बढ़ती जा रही है। तमिलनाडु, तेलंगाना, कर्नाटक और दिल्ली में सबसे ज्यादा मामले दर्ज किए जा रहे हैं जबकि कुछ साल पहले तक यह बोझ सर्वाधिक पूर्वोत्तर राज्यों में देखने को मिल रहा है। हालांकि, इसके पीछे मुख्य कारण स्पष्ट नहीं है, लेकिन रिपोर्ट में स्तन कैंसर को लेकर 30 वर्ष की आयु के बाद महिलाओं में निगरानी बढ़ाने की सिफारिश की है।

महिला व पुरुष दोनों में हो सकती है बीमारी

दरअसल, स्तन कैंसर एक ऐसी बीमारी है जिसमें स्तन में कोशिकाएं असामान्य रूप से और अनियंत्रित तरीके से बढ़ती हैं और एक गांठ का रूप ले लेती हैं। इसे ट्यूमर कहा जाता है। स्तन कैंसर का इलाज किया जा सकता है, लेकिन यह वापस आ सकता है। स्तन कैंसर रक्त वाहिकाओं और लसीका वाहिकाओं के माध्यम से स्तन के बाहर फैल सकता है। जब स्तन कैंसर शरीर के अन्य भागों में फैल जाता है, तो इसे मेटास्टेसिस कहा जाता है। यह बीमारी महिला और पुरुष दोनों को हो सकती है। हालांकि, भारत में पुरुषों में स्तन कैंसर के मामले बेहद कम हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, महिलाओं में सबसे अधिक स्तन कैंसर की समस्या सामने आती है, प्रत्येक वर्ष 21 लाख महिलाएं स्तन कैंसर से प्रभावित हो रही हैं। साल 2018 में 6,27,000 (15%) महिलाओं की स्तन कैंसर से मृत्यु हुई।

मैं निर्दोष हूं' : रिश्वत लेकर प्रतियोगिता के परिणाम बदलने के आरोप में हुआ गिरफ्तार, जमानत पर निकल किया सुसाइड

नई दिल्ली। मार्गमकली प्रतियोगिता के जज, जिन्हें पिछले हफ्ते केरल यूनिवर्सिटी के यूथ फेस्टिवल में प्रतियोगिता का परिणाम बदलने के लिए रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया था, बुधवार की रात मृत पाए गए। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि 51 वर्षीय शाजी जमानत पर बाहर थे। वह बुधवार की रात करीब साढ़े सात बजे जहर खाने के बाद अपने कमरे में मृत पाए गए थे। अधिकारी ने आगे कहा, 'परिजनों ने उनका शव देखा और फिर हमें फोन किया।' उन्होंने बताया कि पूछताछ की कार्रवाई आज होगी। परिवार वालों को एक सुसाइड नोट भी मिला जिसमें मृतक ने दावा किया कि वह निर्दोष है और उसने कोई पैसा नहीं लिया है।

पुलिस ने बताया कि सुसाइड नोट में यह भी लिखा था कि उन्होंने योग्यता के आधार पर ही नंबर दिए थे। तिरुवनंतपुरम पुलिस ने शनिवार को रिश्वत लेने के आरोप में शाजी और दो ट्रेनर जोमेत और सूरज को गिरफ्तार किया था। हालांकि, इस विवाद के बाद प्रतियोगिता को रद्द कर दिया गया था।

भारत-अमेरिका के बीच मजबूत हुए रक्षा संबंध

नई दिल्ली। भारत और अमेरिका के रक्षा संबंधों में अविश्वसनीय रूप से सुधार देखने को मिल रहा है। पेंटागन के एक वरिष्ठ अधिकारी द्वारा कही गई ये बात दर्शाती है कि अमेरिका और भारत के बीच रक्षा संबंध बेहद मजबूत हो रहे हैं। पेंटागन के एक वरिष्ठ अधिकारी का कहना है कि अब भारत और अमेरिका के बीच प्रमुख मुद्दों पर मतभेदों के बजाय सुधार देखने को मिल रहे हैं।

हाल ही में सीयूटीएस इंटरनेशनल द्वारा एक गोलमेज सम्मेलन कराया गया था। इस सम्मेलन में रक्षा विभाग के सचिव (नीति) के कार्यालय, दक्षिण एशिया के निदेशक सिद्धार्थ अय्यर ने कहा कि 'पिछले 12 महीनों में भारत अमेरिका के रक्षा संबंधों में बेहद तेजी से प्रगति हुई है।' अय्यर ने कहा कि 'खासतौर पर तीन बातें साबित करती हैं कि भारत और अमेरिका के बीच रक्षा संबंधों में अविश्वसनीय गति देखने को मिली। पहला क्षेत्र तकनीकि का है।

'एक वर्ग के नागरिकों के लिए सफाई का काम बाकियों को गुलामी में ...', बॉम्बे हाईकोर्ट की सख्त टिप्पणी

मुंबई। बॉम्बे हाईकोर्ट ने नगर निकाय से जुड़े 580 कर्मचारियों को लेकर एक बड़ी राहत दी है। अदालत ने शहर के नगर निकाय विभाग को आदेश दिया है कि वह अपने 580 कर्मचारियों को स्थायी तौर पर रखे और उन्हें सभी लाभ मुहैया कराए। साथ ही टिप्पणी की कि कल्याणकारी राज्य में एक वर्ग के नागरिकों के लिए सफाई का काम बाकियों को गुलामी में फंसाकर नहीं किया जा सकता है।

न्यायमूर्ति मिलिंद जाधव की एकल पीठ ने पिछले साल नवंबर में एक आदेश दिया था, जो गुरुवार को उपलब्ध कराया गया। इस फैसले में कहा गया है कि पर्यावरण को स्वच्छ करने के नागरिकों के मौलिक अधिकार को कर्मचारियों के मौलिक अधिकारों को हल्के में लेकर हासिल नहीं कर सकते हैं। बॉम्बे हाईकोर्ट ग्रेटर मुंबई नगर निगम (एमसीजीएम) द्वारा दायर एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें औद्योगिक न्यायाधिकरण द्वारा पारित एक आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसमें 580 अस्थायी कर्मचारियों के लिए पदों के सृजन का निर्देश दिया गया था। अधिकरण ने निगम को 580 कर्मचारियों को स्थायी घोषित करने और उन्हें सभी लाभ देने का निर्देश दिया था। कर्मचारी संगठन 'कचर वाहतुक कर्मचारी संघ' ने नगर निगम से अपने 580 सदस्यों को स्थायी कर्मचारी बनाने की मांग की थी। वे सार्वजनिक सड़कों की सफाई और कचरे के संग्रह और परिवहन का काम करते हैं। हाईकोर्ट ने एमसीजीएम की याचिका रद्द कर दी। साथ ही कहा कि अगर न्यायाधिकरण का आदेश रद्द किया जाता है तो यह 'न्याय का उपहास' करना होगा।

संक्षेप

ट्रक की टक्कर से ट्रैक्टर पलटा, एक कि मौत अन्य घायल

लखीमपुर खीरी। थाना पढुआ क्षेत्र के बन्धा रोड पर सोठियाना के निकट तेज रफ्तार ट्रक ने ट्रैक्टर ट्राली में पीछे से टक्कर मार दी जिससे ट्रैक्टर पलट गया और ट्रैक्टर के नीचे दबकर बीस वर्षीय तेजाबी पुत्र राम खेलावन निवासी सोहरिया थाना शारदा नगर जनपद लखीमपुर खीरी की मौके पर ही मौत हो गयी। मृतक के परिजनों के मुताबिक मृतक अपने अन्य साथी करीब 11 लोगो के साथ ट्रैक्टर ट्राली लेकर गन्ना बुवाई के लिए खेत जा रहा था। हादसे में जहां तेजाबी की मौत हो गयी वहीं अन्य करीब 5 लोग घायल हो गए। घटना की सूचना पाकर तत्काल मौके पर पहुंची पढुआ पुलिस ने घायलों को अस्पताल भेजा वहीं मृतक युवक के शव को पी एम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।

15 मार्च को खीरी आएंगी कमिश्नर, करेंगी जनता दर्शन

लखीमपुर खीरी 14 मार्च। जनपद में आम जनमानस की मूलभूत सुविधाओं से जुड़े मामलों का गुणवत्तापूर्वक प्रभावशाली ढंग से निराकरण, अनुश्रवण एवं समन्वय के लिए आयुक्त, लखनऊ मंडल डॉ रोशन जैकब 15 मार्च को प्रात : 11 बजे से लेकर अपरान्ह 01 बजे के मध्य कलेक्ट्रेट सभागार में जनता दर्शन कर जनता की समस्याओं को सुनेगी। आयुक्त के जनता दर्शन में आमजन की दैनिक जीवन से जुड़ी विभिन्न समस्याएं यथा बिजली, पानी, सड़क, प्रधानमंत्री/मुख्यमंत्री आवास, जल निकासी, दैवी आपदा, वरासत, सार्वजनिक भूमि पर अनधिकृत कब्जा, भूमि विवाद, विभिन्न प्रकार की पेंशन, सार्वजनिक वितरण प्रणाली से मिलने वाले राशन आदि के मामलो की सुनवाई की जाएगी। इस दिवस का आयोजन प्रभावी ढंग से एवं उच्च कोटि की संवेदनशीलता के साथ आम जनमानस की मूलभूत समस्याओं के सफल समाधान के दृष्टिगत किया जाएगा। इस आयोजन में जिलाधिकारी, जनपद के सभी संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ स्वंय मौजूद रहेंगे।

बिना मापदंड के संचालित हो रहे अल्फा हॉस्पिटल को स्वास्थ्य विभाग ने किया सील

गंभीर अनियमिताओं में लखीमपुर के अल्फा हॉस्पिटल को एसीएमओ ने किया सीज

» जिले में स्वास्थ्य विभाग का कड़ा एक्शन, निजी हॉस्पिटल सील, नर्सिंग होम संचालकों में हड़कम्प



लोकमित्र ब्यूरो

लखीमपुर-खीरी। स्वास्थ्य विभाग ने अवैध रूप से संचालित निजी अस्पतालों पर शिकंजा कसते हुए एक निजी अस्पताल अल्फा हॉस्पिटल को सील कर दिया है हालांकि इस कार्यवाही के होने से नगर व क्षेत्र भर के कथित डाक्टरों में हड़कंप मचा हुआ है

मुख्य चिकित्साधिकारी व अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा लाल जी पासी को कस्बे में अवैध तरीके से संचालित किए जा रहे अल्फा हास्पटिल के मामले में पिछले कई दिनों से शिकायत की जा रही थी। सीएमओ के निर्देश में एसीएमओ डॉ लाल जी पासी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अवैध रूप से संचालित अल्फा हॉस्पिटल पर कार्रवाई के लिए टीम गठित पर बृहस्पतिवार को इसी कड़ी में निघासन रोड महेवागंज रोड पर स्थित अल्फा हास्पटिल पर छापा मारा वहां पर मरीज भर्ती पाए गए जांच टीम ने सम्बंधित दस्तावेज मांगे किन्तु निजी अस्पताल संचालक द्वारा किसी तरह के कागजात नहीं दिखा पाने के कारण विभाग हरकत में आया। टीम ने मौके पर अल्फा हास्पटिल को सील कर दिया।

जनपद वासियों के उत्तम स्वास्थ्य एवं बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करवाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी एवं मुख्य चिकित्सा के निर्देश पर अधोमानक अस्पतालों की धरपकड़ के लिये चलाये जा रहे अभियान के क्रम में लखीमपुर शहर में ही निघासन रोड महेवागंज में अधिकारियों को गुमराह कर फर्जी रूप से चलाये जा अस्पताल अल्फा हॉस्पिटल को स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा सीज कर दिया गया।

अल्फा हॉस्पिटल जाँच हेतु पहुँची टीम को अस्पताल पंजीकरण, कोई भी एलोपैथिक डिग्रीधारी डॉक्टर, बिना किसी पैरामेडिकल स्टाफ, ओटी टेक्नीशियन एवं फार्मासिस्ट के अवैध रूप से संचालित पाया गया। जाँच दल में शामिल अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अमित कुमार सिंह व डॉ लाल जी पासी डिप्टी सीएमओ की संयुक्त स्वास्थ्य टीम द्वारा तत्काल प्रभाव से अवैध अस्पताल को सीज कर दिया गया।

नियमों का पालन न करने वाले हॉस्पिटलों पर होगी कार्रवाई

मामले में अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ लाल जी पासी ने बताया कि अवैध तरीके से लापरवाही पूर्वक निजी हॉस्पिटल संचालित करने वालो को किसी भी सूरत मे बख्शा नहीं जाएगा। जो स्वास्थ्य विभाग के निर्देशों का पालन नहीं करेगा उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।
(उप मुख्य चिकित्साधिकारी, डॉ लाल जी पासी)

मदरसा गुलशन मुस्तफा निघासन में हुआ दस्तार बंदी कार्यक्रम का आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

निघासन-खीरी। कस्बा निघासन के मदरसा गुलशन ए मुस्तफा में हर साल की तरह इस साल भी दस्तार बंदी कार्यक्रम का आयोजन बड़ी धूमधाम से किया गया दस्तार बंदी के तीन नए हाफिज ए कुरान बच्चों को के सरों पर आले नबी सैयद एजाज अहमद हबीबी पलिया और मुफ्ती सगीर अहमद रिजवी जोखनपुरी के मुबारक हाथों से हुई मदरसे के संस्थापक अलहज कारी मोहम्मद अजमल खान को सैयद साहब और मुफ्ती साहब ने सिलसिले कादरिया व सिलसिले रजवीया की खिलाफत वी इजाजत भी अता फरमाई मुफ्ती साहब ने मुल्क में अमन और सलामती और शांति का पैगाम दिया कार्यक्रम के समापन पर उम्मत और मुल्क की भलाई हिंदुस्तान की तरक्की कामयाब भाईचारे की दुआ की गाई इस मौके पर सदर आज़म अली खजांची राजू अली व जावेद अली, ज़ैनुल आबेदीन, मोहम्मद अहमद कुरेशी, भूरे अली, साबिर अली, शमशाद अली और बहुत से गनमान्य लोग उपस्थित रहे।

सरयू सहकारी चीनी मिल बेलरायां के कर्मचारियों ने दिया प्रधान प्रबंधक को ज्ञापन

» महंगाई भत्ता न मिलने से कर्मचारियों ने चुनाव बहिष्कार का किया ऐलान

लोकमित्र ब्यूरो

निघासन-खीरी। उत्तर-प्रदेश सहकारी चीनी मिल एवं आसवानी कर्मचारी वेलफेयर एसोसिएशन के लखनऊ मंडल अध्यक्ष कौशल वर्मा महामंत्री उमेश वर्मा की अगुवाई में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन बेलरायां चीनी मिल जीएम विवेक कुमार यादव को सौंपा जिसमें बताया गया है कि कर्मचारी अधिकारी किसानों का गन्ना पेराई करते हुए चीनी का उत्पादन का अपनी सेवा दे रहे हैं जिनको मात्र 38 प्रतिशत ही महंगाई भत्ता दी जा रहा है जबकि सरकार द्वारा सार्वजनिक उपक्रमो एवं स्वशासी संस्थाओं निगमों के कर्मचारियों को बढ़ी हुई दर से 46 प्रतिशत महंगाई भत्ते का शासनादेश जारी किये गए हैं महगाई भत्ते का बकाया 8 प्रतिशत के शासनादेश चीनी मिलों में अभी तक शासन स्तर से नही भेजा गया है जो चीनी मिल में कार्यरत कर्मचारियों व अधिकारियों के साथ सौतेले व्यवहार किये जाने का आरोप भी लगाया है जीएम को दिए प्रार्थना पत्र में बताया है की दस दिन के अंदर समस्या का निस्तारण नही किया गया तो मिल कर्मचारी व अधिकारी एवं पूरे परिवार से लोकसभा चुनाव में मतदान प्रक्रिया में भाग नही लेंगे एवं अपने मताधिकार का प्रयोग नही करेंगे।ज्ञापन में सम्मलित कर्मचारी अमित वर्मा,अजीत मिश्रा,राजू यादव,तेज बहादुर यादव,पंकज मोदनवाल, आसिफ,संजय सिंह,कमाल अहमद,सुनील सिंह,सतेंद्र पाल सिंह,विजय कुमार आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

सरयू सहकारी चीनी मिल बेलरायां में कार्यरत कर्मचारियों के महगाई व भत्ता बकाया वेतन सुधार व सातवें वेतन आयोग की सिफारिश लागू करने को लेकर कर्मचारियों ने जीएम को दिया ज्ञापन।

रुद्रपुर मे आग से पीड़ितों को आवश्यक वस्तुएं वितरित कर डी एम व एस पी खीरी ने जाना हालचाल

श्रीकान्त सिंह शाक्य

लखीमपुर खीरी। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक खीरी द्वारा थाना खीरी क्षेत्रांतर्गत आग की घटना के पीड़ितो से मिलकर जाना हालचाल तथा मौके पर पीड़ितों को दैनिक मूलभूत आवश्यकताओं की वस्तुएँ वितरित करके,नियमानुसार पीड़ितों को आर्थिक सहायता हेतु मौके पर संबंधित को निर्देशित किया गया।

जिलाधिकारी महेन्द्र बहादुर सिंह एवं पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा द्वारा दिनांक 13/14.03.2024 की रात्रि को थाना खीरी क्षेत्रांतर्गत ग्राम रुद्रपुर में लगी आग के पीड़ितों से मिलकर उनका हाल जाना गया तथा तात्कालिक रूप से मौके पर पीड़ितों को दैनिक मूलभूत आवश्यकताओं वस्तुये वितरित की गई एवं आग से हुयी क्षति का मुल्यांकन करके नियमानुसार आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

दिनांक 13/14.03.2024 की रात्रि को थाना खीरी क्षेत्रांतर्गत ग्राम रुद्रपुर में आग लग गयी थी , जिससे 05 घर जल गए, आग लगने से एक परिवार के 05 लोग सोते समय झुलस गये, जिसमे से 01 बच्चे की मौके पर मृत्यु हो गई तथा 04 अन्य आग की चपेट में झुलस गये। पुलिस अधीक्षक खीरी के निर्देशन में थाना खीरी पुलिस एवं फायर ब्रिगेड की टीम द्वारा तत्काल मौके पर पहुँचकर आग पर काबू पाया गया तथा आग बुझा दी गयी। घायलों को तत्काल पुलिस की सहायता से जिला अस्पताल मोतीपुर ओयल भर्ती कराया गया। जहां उनका प्राथमिक उपचार हुआ, प्राथमिक उपचार के बाद तत्काल पिता व पुत्री 02 लोगों के अत्यधिक जल जाने के कारण केजीएमयू लखनऊ रेफर किया गया, जहां पर एक बच्ची की मृत्यु हो गई। एक अन्य घायल महिला को आज सुबह लखनऊ रेफर किया गया है। जो अभी सुरक्षित है पुलिस व प्रशासन द्वारा पीड़ितों को हर सम्भव मदद पहुंचाई जा रही है।

केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी ने वितरण किये स्मार्टफोन/ टैबलेट

लोकमित्र ब्यूरो

लखीमपुर-खीरी। जनपद लखीमपुर खीरी के युवराज दत्त महाविद्यालय में बृहस्पतिवार को आयोजित स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तीकरण योजना के अंतर्गत विद्यार्थियों को स्मार्टफोन/टैबलट वितरण कार्यक्रम में पहुँचे केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी। स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत मेधावी छात्रों को केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी ने स्मार्टफोन/ टैबलेट वितरण किये तथा शिक्षा के क्षेत्र में सरकार के द्वारा किए गए विकास कार्यों के बारे में बताया, स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना का शुभारंभ उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के द्वारा2023 मे किया गया। इस योजना के अंतर्गत अगले 5 वर्षों तक मेधावी छात्रों को स्मार्टफोन/टैबलेट वितरण किए जाएंगे, योजना का पूरा नाम स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना उत्तर प्रदेश है। स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत राज्य के युवाओं को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने के लिए निशुल्क स्मार्टफोन/टैबलेट उपलब्ध कराना है। इस योजना का शुभारंभ डिजिटल शिक्षा से जोड़ने के लिए किया गया। शिक्षा एक ऐसी प्रक्रिया है जो जीवनपर्यंत चलती रहती है। शिक्षा ही विकास का सर्वोत्तम आधार है।

अपरहण का आरोपी युवक पढुवा पुलिस से दूर, आरोपी को लगभग एक सप्ताह से तलाश कर रही पुलिस

धौरहरा-खीरी। थाना क्षेत्र पढुवा के एक गांव निवासी युवती को लगभग एक सप्ताह पूर्व गांव निवासी युवक द्वारा बहला-फुसलाकर कर भगा ले गया था पुलिस ने तहरीर के आधार पर नामजद आरोपी के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया था। लेकिन एक सप्ताह बीत जाने के उपरांत भी खीरी की स्मार्ट पुलिस आरोपी युवक व लडकी को बरामद करने में असमर्थ नजर आ रही है। प्राप्त विवरण के अनुसार थाना क्षेत्र पढुवा के ग्राम मोटेबाबा निवासी एक युवती को गांव निवासी एक युवक कौशल कुमार बहला-फुसलाकर कर 6.3.24 की रात भगा ले गया था पीड़ित पिता द्वारा 7.3.24 को दी गई तहरीर के आधार पर नामजद आरोपी के विरुद्ध पढुवा पुलिस द्वारा अपहरण की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। लेकिन एक सप्ताह बीत जाने के उपरांत भी पढुवा पुलिस के हाथ नामजद आरोपी युवक व युवती तक नही पहुंच सके है।

खैहरानी ग्राम प्रधान की मेहनत लाई रंग, खैहरानी में अस्थाई गोशाला का हुआ शुभारंभ

लोकमित्र ब्यूरो

निघासन-खीरी। विकास क्षेत्र की ग्राम खैहरानी में किसानों के लिए सबसे बड़ी समस्या आवारा पशुओं को लेकर ग्राम प्रधान के अथक प्रयासों के चलते अस्थाई गोशाला का गुरुवार को क्षेत्रिय विधायक ने फीता काट कर शुभारंभ किया।

बताते चले कि किसानों के लिए सबसे ज्यादा सिर दर्द आवारा पशु बने हुए थे।जिससे ग्राम प्रधान मधु गुप्ता काफी चिंतित थी,इस समस्या से निजात दिलाने के लिए दिन-रात एक कर अपनी ग्राम पंचायत में अस्थाई गोशाला की स्वीकृति कराकर गुरुवार को क्षेत्रिय विधायक शंशाक वर्मा विधि विधान पूजन कर फीता काट कर शुभारंभ किया।ग्राम प्रधान मधु गुप्ता की इस पहल को लेकर गांववासियों ने आभार व्यक्त किया। इस दरम्यान खण्ड विकास अधिकारी जयेश सिंह, प्रधान प्रतिनिधि धर्मेंद्र गुप्ता, आशीष गुप्ता, केके लोधी, देवेंद्र पाण्डेय, जगदीश राजपूत, पंचायत मित्र उत्तम चक्रवर्ती, निवर्तमान निघासन के प्रधान पति रामकुमार मौर्य सहित आदि ग्रामवासी मौजूद रहे।

तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित हुई कार्यशाला

श्रीकान्त सिंह शाक्य

लखीमपुर खीरी। तंबाकू उत्पादों से होने वाले नुकसान से आम जनमानस सहित सरकारी संस्थाओं और सरकारी विभागों से जुड़े कर्मचारी, प्रधानों व पुलिस कर्मियों को जागरूक करने के उद्देश्य से एक कार्यशाला का आयोजन ब्लाक मितौली सभागार में स्वास्थ्य विभाग एनसीडी सेल द्वारा सीएचसी अधीक्षक डॉ देवेंद्र सिंह के निर्देशन में आयोजित हुआ। जिसमें सभी को तंबाकू उत्पाद से होने वाले नुकसानों से अवगत कराया गया। जिला एनसीडी सेल एपिडेमियोलॉजी डॉ राकेश गुप्ता द्वारा बताया गया कि सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता के निर्देश पर तंबाकू उत्पादों से शरीर में कैंसर सहित तमाम अन्य बीमारियां होती हैं। साथ ही इन बीमारियों से शारीरिक तथा आर्थिक नुकसान भी होता है। ऐसे में इस कार्यक्रम का उद्देश्य आम जनमानस सहित सभी सरकारी कार्यालय वह संस्थानों में काम करने वाले लोगों को जागृत करना था। जिसके अंतर्गत ब्लाक मितौली में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में विभिन्न / संस्थाओं के प्रतिनिधियों व एडीओ पंचायत बीडीओ, प्रभारी चौकी इंचार्ज, ग्राम पंचायत सेक्रेटरी शैक्षिक संस्थानों के प्राचार्य /प्रधानाचार्य प्रधान व अन्य लोकसेवकों का उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया। काउंसलर राघवेंद्र सिंह ने बताया कि तंबाकू उत्पाद पुड़िया, पान, मसाला, गुटखा, खैनी, बीड़ी-सिगरेट, हुक्का, पिटनी व शराब आदि से शरीर के कई अंगों में कैंसर जानलेवा जैसी बीमारी हो जाती हैं, सिर्फ इतना ही नहीं सांस की बीमारी फेफड़ों में इन्फेक्शन लिवर में इन्फेक्शन, किडनी में समस्या, हड्डी और खून संबंधी तमाम रोग हो जाते हैं। इन सभी का इलाज भी बहुत महंगा है। साथ ही मानसिक और वित्तीय नुकसान बहुत ज्यादा है। लोगों को इस कार्यशाला के माध्यम से जागरुक कर आम जनमानस में इसे प्रचारित करने का उद्देश्य रखा गया है। इस दौरान बीडीओ अमित सिंह परिहार, बीपीएम मोहम्मद तैय्यब सिद्दीकी, एमसीडी लैब टेक्नीशियन आकाश वर्मा सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने किया सीएचसी में 20 शैय्या वार्ड का लोकार्पण

लोकमित्र ब्यूरो

लखीमपुर-खीरी। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष/धौरहरा सांसद रेखा अरुण वर्मा ने गुरुवार को सीएचसी बेहजम में 20 शैय्या बेड़ों के वार्ड व पीएचसी संडिलवा और ककरहा में 6-6 शैय्या अतिरिक्त बेड की व्यवस्था का लोकार्पण किया। इस दौरान उनके साथ एसीएमओ डॉ अनिल गुप्ता भी मौजूद रहे। सीएचसी बेहजम पर आयोजित 20 शैय्या अतिरिक्त बेड़ो के लोकार्पण समारोह में बोलते हुए राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी रेखा वर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश में डबल इंजन की सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं पर अधिक ध्यान दिया है। प्रधानमंत्री जन आरोग्य मंदिर करोड़ों रुपए की लागत से बनाए गए हैं। जिससे गांव में ही गांव के गरीब परिवारों को बेहतर इलाज मिल पाएगा। वहीं सीएचसी व पीएचसी पर आबादी के अनुरूप बेड़ो को बढ़ाया गया है। आज सीएचसी बेहजम में 20 अतिरिक्त बेड़ो को बढ़ाया गया है। जिससे गंभीर मरीजों को भर्ती किया जा सके। इसी तरह पीएचसी संडिलवा और पीएचसी ककरहा में 6-6 शैय्या अतिरिक्त बेड भी बढ़ाए गए हैं। आयुष्मान गोल्डन कार्ड से 5 लाख तक का निशुल्क इलाज, आभा आईडी से स्वास्थ्य निगरानी समेत गर्भवती माता का गांव-गांव तक टीकाकरण, नवजात बच्चों का टीकाकरण, और समय-समय पर विशेष स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन कर ग्रामीण अंचलों के लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराई जा रही हैं। जिले में मेडिकल कॉलेज की शुरुआत स्वास्थ्य सेवाओं में बड़ा इजाफा है। इस दौरान एसीएमओ डॉ अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि सांसद महोदया द्वारा टीवी के मरीजों को भी गोद लिया गया है और 80 लाख रुपए से स्वास्थ्य सेवाओं में इजाफा किया गया है। इस दौरान सीएचसी अधीक्षक डॉ अनिल वर्मा और समाजसेवी उपस्थित रहे।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेहजम में आशाओं को मिलने वाला मोबाइल हुआ डिब्बा

लखीमपुर-खीरी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेहजम में आशाओं को मिला एंड्रॉयड फोन सरकारी योजना लाभार्थियों तक आसानी से पहुंचाई जा सके इसलिए सरकार के द्वारा आशाओं को एक फोन की व्यवस्था की गई थी अभी आप फोन केवल बात करने के लिए ही सीमित है कुछ दिन पहले एक सी सिम भी आशाओं को प्राप्त हुआ था जिसमें सरकार के द्वारा रिचार्ज फ्री मिलता था और काम करने के लिए डाटा भी फ्री दिया जाता था अब इसमें डाटा नहीं मिल पा रहा जिससे आशाओं को काम करने के लिए दिक्कत हो रही है। उधर बीसीपीएम का कहना है कि सरकारी मोबाइल जो मिला है उसको फेंक दीजिए और नया मोबाइल लेकर काम करना है तो करिए हमें कुछ भी नहीं पता है इसके बारे में एक आशा ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि बीसीपीएम के द्वारा नवजात शिशु की देखरेख में जो विजिट किया जाता है उसमें भी पैसा मांगा जाता है अगर पैसा नहीं दिया जाता है तो वह पैसा आशाओं को नहीं प्राप्त होता है।

कौन सी विवशता हैं , नही तो अंकुश लगाने के ठोस कार्यवाही हो

लोकमित्र ब्यूरो

बाराबंकी। कभी न कभी तो समझोगें यें इशारा इस जग में जल, हवा, जंगल, जमीन सूर्य का प्रकाश और अन्य जीव जन्तु हमारे पर्यावरण के महत्त्वपूर्ण अंग है। प्रकृति जो हमें जीने के लिए स्वच्छ वायु, पीने को पानी खाने को कंद-मूल-फल उपलब्ध करार कराती रही है, लेकिन वहीं अब संकट में है। आज सोचनीय विषय ! उसी प्रकृति की सुरक्षा का सवाल उठ खड़ा हुआ है। चर्चा में समतलीकरण का दिखावा कर फलदार व औषधीय हरे वृक्षों का संहार किया जा रहा । अतीत में लगभग 100-150 साल पहले धरती पर घने जंगल थे। कल-कल बहती स्वच्छ नदियां थी । निर्मल झील, पवन झरने हमारे जंगल तरह-तरह के जीव जंतुओं से आबाद थे। लेकिन आज ये सब ढूंढे नहीं मिलते। राष्ट्रीय पक्षी मोर, हंस, कौए, गोरैया आदि पर संकट के बादल मंडरा रहे है। मैं नही, लोग कह रहे कि मानव ने अंधाधुंध पेड़ काटकर ये संकट के बादल संपूर्ण प्राणी जगत के लिए उत्पन्न किए है। वृक्षों के बिना जीवन संभव नहीं है। वृक्ष हमेशा देते

हैं, लेकिन लेते कुछ नहीं है। गौर करें कि पेड़ों से केवल लाभ ही होता है जो वातावरण में फैली दूषित वायु को शुद्ध करता है। हमारे वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने के साथ साथ ही हमारे स्वाथ्य और सेहत को बुरे प्रभावों धूल, गंदगी, प्रदूषण से बचाए रखतें हैं। वर्तमान में सबसे बड़ी मुसीबत ग्लोबल वार्मिंग की समस्या हैं तथा पेड़ों की अंधाधुंध कटाई होने से बारिश का अभाव बना हुआ है। इस समय सोशल मीडिया में चर्चा का विषय हराभरा एक बड़ा आम का पेड़ का काट डाला गया , ये कहीं दूर की बात नहीं देवा वन क्षेत्र विशुनपुर के पास का हैं । साथ में गूलर के पेडों को भी काट दिया हैं । आश्चर्य ! सूत्रों को माने तो विभाग जान कर भी अंजान, सवाल बड़ा क्यों काटे गये पेड ? क्या आसपास वासियों को ऑक्सीजन नहीं मिलती थी ? अभी तक क्या कार्यवाही हुई?

पहली बार मात्र 9 माह में किसी आयोग और बोर्ड ने पूरी की भर्ती प्रक्रिया: सीएम योगी

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। योगी सरकार की निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया लगातार जारी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मिशन रोजगार के तहत अब तक साढ़े 6 लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी उपलब्ध करायी है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को अपने सरकारी आवास पर उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित 39 उपजिलाधिकारियों, 41 पुलिस उपाधीक्षकों एवं 16 कोषाधिकारी-लेखाधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित किये। इस दौरान नवचयनित अभ्यर्थियों ने अपने अनुभव साझा किये। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब सरकार ईमानदारी के साथ काम करती है तो ओवरऑल परसेप्शन चेंज होता है। उन्होंने कहा कि पिछले 7 वर्षों में आपने देखा होगा कि जहां पहले प्रदेश के लोगों के सामने अपनी पहचान का संकट था। वहीं, आज वह सीना तान कर कहते हैं कि मैं उत्तर प्रदेश का हूं। यह सब

सरकार के निर्णय के मेकैनिज्म से हुआ है।

आज भर्ती में न किसी सिफारिश की जरूरत पड़ रही और न ही कोई हस्तक्षेप हो रहा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नवचयनितों को संबोधित करते हुए कहा कि उनके पास 30 से 35 वर्ष का समय जनता जनार्दन की सेवा करने का है। उनकी दुआएं लेने का है, ताकि अपने भविष्य को उज्जवल बना सकें। उन्होंने कहा कि पहली बार किसी आयोग और बोर्ड ने मात्र 9 माह में चयन की प्रक्रिया पूरी की है। इसमें न किसी की सिफारिश की जरूरत पड़ी और न कोई हस्तक्षेप हुआ। वहीं जिन लोगों ने परीक्षा की शुचिता से खिलवाड़ करने की कोशिश की, वह लोग उसका खामियाजा भुगत रहे हैं। उनकी प्रॉपर्टी जब्त कर ली गई, उनके घर पर रेड पड़ी। इतना ही नहीं सरकार तय कर चुकी है कि युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों के साथ सख्ती से निपटा जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारी कार्ययोजना का ही परिणाम है कि पिछले 7 वर्षों के अंदर करोड़ों युवाओं को नौकरी और रोजगार की सुविधा प्रदेश में उपलब्ध करायी गयी है। इसी का परिणाम है कि आज पर कैपिटा इनकम और प्रदेश की जीडीपी में इजाफा हुआ है। इतना ही नहीं यूपी देश की दूसरी बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरकर सामने आया है। यह तब होता है जब सरकार ईमानदारी के साथ कार्य करती है। उन्होंने कहा कि आपको गवर्नमेंट के इंजन के रूप में अपनी भूमिका का निर्वहन करना है। आज टेक्नोलॉजी काफी इंप्रूव हो चुकी है। उन्होंने कहा कि आप जब तक फील्ड में आएंगे तब तक हम राजस्व के सभी कार्यों को डिजिटाइज करने में सफल हो चुके होंगे। इसके बाद भी राजस्व संबंधी विवाद के मामले सामने आएंगे। ऐसे में इन मामलों को निपटाने के लिए आपको अपनी तहसील में रहकर फोकस करना होगा। साथ ही पेंडेंसी को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करना होगा।

थाने की एक-एक गतिविधियों को करना है वॉच

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि एक गरीब को न्याय देना हमारा दायित्व होना चाहिए। हमें गरीबों के साथ खड़े होना चाहिये। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के साथ राजस्व संबंधी मामलों के निस्तारण में डिप्टी एसपी का अहम रोल होता है। ऐसे में उन्हे थाने जाकर वहां की एक-एक गतिविधियों को वॉच करना होगा। इसके साथ ही पब्लिक से कैसा व्यवहार हो रहा है, चार्ज शीट की क्या स्थिति है आदि पर ध्यान देना होगा। उन्होंने नवचयनितों पर विश्वास जताते हुए कहा कि वह ईमानदारी के साथ प्रदेश सरकार के कार्यों की स्पीड को आगे बढ़ाएंगे। साथ ही जनता जनार्दन के हितों का ध्यान रखें और त्वरित निर्णय लें ताकि अच्छे प्रशासन के अधिकारी के रूप में आपकी छवि बने। उन्होंने सभी नवचयनितों को प्रशासन का हिस्सा बनने पर बधाई दी। कार्यक्रम में वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, अपर मुख्य सचिव नियुक्ति डॉ. देवेश चतुर्वेदी, अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार, डीजीपी प्रशांत कुमार, प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद आदि मौजूद रहे।

पारदर्शी और समयबद्ध परीक्षा प्रक्रिया पूर्ण कराने पर नव चयनितों ने जताया सीएम योगी का आभार

नवचयनित अभ्यर्थियों ने मात्र 9 माह में परीक्षा प्रक्रिया को पूरी पारदर्शिता से संपन्न कराने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताया। डिप्टी एसपी पद पर चयनित प्रयागराज के आकाश प्रियदर्शी ने कहा कि सरकार और लोक सेवा आयोग द्वारा निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से यह भर्ती प्रक्रिया पूरी कराई गई है। इसके लिए मुख्यमंत्री जी और लोक सेवा आयोग के चेयरमैन का बहुत आभारी हूं। इसी तरह, डिप्टी एसपी पद के लिए चयनित संत कबीरनगर की प्रभा पटेल ने भी सीएम योगी के प्रति सम्मान जताते हुए कहा कि समयबद्ध परीक्षा प्रक्रिया पूर्ण कराने के लिए धन्यवाद कहना चाहूंगी। सीएम योगी के मार्गदर्शन में परीक्षाएं पूरी शुचिता के साथ संपन्न कराई गईं। इसकी वजह से हम जैसे युवाओं को पुलिस सेवा में आकर लोगों के लिए कार्य करने का सुअवर प्राप्त हो रहा है। डिप्टी एसपी पद के लिए प्रथम स्थान पर चयनित स्मृति राणा ने कहा कि नियुक्ति पत्र प्रदान करने के साथ ही पारदर्शिता के साथ मात्र 9 माह में परीक्षा प्रक्रिया को पूर्ण कराने के लिए सीएम योगी की आभारी हूं। कानपुर के अनुभव राजर्षि भी डिप्टी एसपी पद पर चयनित हुए हैं। उन्होंने कहा कि इतने कम समय में परीक्षा प्रक्रिया पूर्ण होने के साथ ही आज नियुक्ति पत्र भी मिल गया है। सीएम योगी ने आज जो सफलता के मंत्र दिए हैं, उन्हें आत्मसात करने का पूरा प्रयास करूंगा।

अब टूर एवं ट्रेवेल व्यवसायियों को पर्यटन विभाग में कराना होगा पंजीकरण : पर्यटन मंत्री

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में टूर एवं ट्रेवल व्यवसाय करने वालों को कतिपय शर्तों के साथ पर्यटन विभाग में पंजीकरण कराना होगा। व्यवसायियों तथा पर्यटकों के हित में दूरगामी निर्णय लेते हुए पर्यटन विभाग ने दो श्रेणियों में पंजीकरण के लिए शर्तें निर्धारित की हैं। यह पंजीकरण 1ए और 1बी श्रेणी में होगा। पर्यटन विभाग में पहले टूर एवं ट्रेवेल्स आपरेटर का विवरण नहीं था। इसलिए उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा था। पंजीकरण के बाद पर्यटन नीति-2022 के तहत भविष्य में इन्हें आर्थिक लाभ भी प्राप्त होगा और दूसरे राज्यों और दूसरे देशों में पर्यटन के स्टालों पर अपना प्रचार प्रसार भी कर सकेंगे।

यह जानकारी बृहस्पतिवार को उ0प्र0 के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि फिलहाल दो श्रेणियों 1ए और 1बी में रजिस्ट्रेशन किया जा रहा है। 1 ए में स्टार्टअप और 1बी में अनुभव श्रेणी में पंजीकरण की व्यवस्था है। स्टार्टअप में पंजीकरण के लिए टूर-ट्रेवेल आपरेटर या उनके स्टाफ के पास पर्यटन में डिग्री, डिप्लोमा या पर्यटन क्षेत्र में काम करने का दो वर्ष का अनुभव होना चाहिए। यूपी में जीएसटी रजिस्ट्रेशन होनी चाहिए। अगर कार्यालय है तो ठीक वर्ना घर से भी कार्य किया जा सकता है। इनकी पंजीकरण फीस एक हजार रुपये है। शर्तें पूरी होने पर उत्तर प्रदेश पर्यटन तीन वर्ष के लिए प्रमाण पत्र देंगा। जयवीर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश पर्यटन के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण राज्य है। यहां टूर-ट्रेवेल का बड़ा व्यवसाय है। बड़ी संख्या में पर्यटक इस पर निर्भर हैं। पर्यटन विभाग में पहले इन आपरेटर्स का पंजीकरण नहीं था। कभी-कभी असुविधाओं का सामना करना पड़ता था। इसी समस्या को दूर करने के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू कराया गया है। अब तक 62 रजिस्ट्रेशन कराए जा चुके हैं। अनुभव श्रेणी में पंजीकरण के लिए प्रति वर्ष 10 लाख से ज्यादा का टर्नओवर, पर्यटन में डिग्री या डिप्लोमा, यूपी में जीएसटी रजिस्ट्रेशन और यूपी में कार्यालय होना चाहिए। ढाई हजार रुपये रजिस्ट्रेशन फीस देनी होगी। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा अनुभव श्रेणी में पांच वर्ष के लिए प्रमाण पत्र दिया जायेगा। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि पर्यटकों को सुरक्षा के साथ-साथ उच्च कोटि की सुविधाएं मिलेंगी, साथ ही व्यवसायियों को भी विभाग की ओर से दिए जाने वाले समस्त लाभ भी प्राप्त होंगे। पर्यटकों की सुविधा को देखते हुए यह कदम उठाया गया है, ताकि लोग उचित पैकेज दर पर सुरक्षित और आनंददायक भ्रमण कर सकें।

मेदांता हॉस्पिटल लखनऊ ने हासिल की सफल 200 किडनी ट्रांसप्लांट की उपलब्धि

लखनऊ। वर्ल्ड किडनी डे के अवसर पर मेदांता हॉस्पिटल लखनऊ ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करने की घोषणा की है। हॉस्पिटल ने अबतक 200 किडनी ट्रांसप्लांट सफलतापूर्वक किए हैं। मेदांता अस्पताल ने अपनी इस उपलब्धि को उन सभी अंगदाताओं को समर्पित किया है, जिन्होंने अपने अंगदान से अपने परिवार के सदस्यों को नया जीवन प्रदान किया। हॉस्पिटल ने उन सभी डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ का भी आभार व्यक्त किया है, जिन्होंने इस सफलता में अपना अमूल्य योगदान दिया। मेदांता हॉस्पिटल लखनऊ के किडनी ट्रांसप्लांट विभाग का नेतृत्व डॉ. आर.के. शर्मा और डॉ. राकेश कपूर करते हैं। दोनों डॉक्टरों के पास किडनी ट्रांसप्लांट के क्षेत्र में 20 से अधिक वर्षों का अनुभव है। उनकी टीम में अनुभवी डॉक्टरों और नर्सों का एक समूह शामिल है जो मरीजों को उच्चतम स्तर का इलाज और देखभाल प्रदान करते हैं।

गैस एजेंसियों, पेट्रोल पंप और राशन की दुकानों के माध्यम से भी मतदाता जागरूकता संबंधी प्रचार-प्रसार करें : मुख्य निर्वाचन अधिकारी

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने एवं अधिक से अधिक मतदान करने के लिए लोगों को जागरूक करने हेतु गठित राज्य स्तरीय स्वीप कोर कमेटी की बैठक गुरूवार को मुख्य निर्वाचन अधिकारी उ.प्र. श्री नवदीप रिणवा की अध्यक्षता में सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों के साथ की गयी। बैठक में मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों को सम्पादित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि स्वीप गतिविधियों को और तेजी से संचालित किया जाय, जिससे मतदाताओं को पंजीकरण तथा मतदान हेतु प्रेरित किया जा सके और प्रदेश में आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में प्रदेश का मतदान प्रतिशत 70 प्रतिशत से अधिक हो सके। वर्ष 2019 के लोकसभा निर्वाचन में यहाँ

का मतदान प्रतिशत लगभग 59.11 था। उन्होंने कहा कि नागरिकों को मतदाता बनने से लेकर वोटर आईकार्ड में संशोधन करने की सुविधायें आयोग की वेबसाईट एवं वोटर हेल्प लाईन एप के माध्यम से उपलब्ध करायी जा रही है। हेल्प लाईन 1950 का व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाय। सभी विभाग अपने वेबसाइट व पोर्टल पर मतदाता जागरूकता संबंधी स्लोगन, वीडियो, संदेश आदि प्रदर्शित करें। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा शिक्षा विभाग, डाक विभाग, इण्डियन बैंक एसोसिएशन के साथ एम0ओ0यू0 किया गया है, इन एम0ओ0यू0 के क्रम में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाकर अधिक से अधिक मतदाताओं को प्रेरित किया जाय। स्वीप गतिवधियों में आधुनिक तकनीकों का उपयोग कर प्रदेश भर में व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाय। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि उच्च व माध्यमिक शिक्षा विभाग प्रत्येक स्कूल व कॉलेज में निर्वाचक साक्षरता क्लब (ईएलसी) की क्रियाशीलता को सुनिश्चित करे। निर्वाचन प्रक्रियाओं पर शैक्षिक सामग्री का प्रचार-प्रसार कर स्वीप गतिविधियों का संचालन किया जाय। आवास विकास विभाग अपने अधीन समस्त सहकारी आवास समितियों और रेजिडेंट वेलफेयर सोसायटियों के माध्यम से, महिला कल्याण विभाग महिलाओं का मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु मतदाता जागरूकता कार्यक्रम गतिविधियां संचालित करते रहे। खाद्य एवं रसद विभाग, गैस एजेंसियों, पेट्रोल पंप और राशन की दुकानों के माध्यम से, एयरपोर्ट पर तथा रेलवे विभाग द्वारा रेलवे स्टेशन पर अनाउंसमेंट सिस्टम के माध्यम से मतदाता जागरूकता संबंधी प्रचार प्रसार किया जाय। उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग की बसों पर मतदाता जागरूकता से संबंधित पोस्टर व बैनर लगायें एवं स्थापित साउण्ड बाक्स पर अनाउंसमेंट सिस्टम के माध्यम से तथा नगर विकास विभाग द्वारा विभिन्न माध्यमों से जन जागरूकता का व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाय। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों, नुक्कड नाटक एवं कठपुतली प्रदर्शन के माध्यम से भी संस्कृति विभाग मतदाता जागरूकता अभियान में सहयोग करे। छावनी क्षेत्र के अंदर रहने वाले सैनिक परिवार, जिनका नाम मतदाता सूची में शामिल है, उनको मतदान के लिए प्रेरित किया जाय।

पंचायतीराज एवं अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ व हज मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने विभागीय कार्य एवं दायित्वों को ग्रहण किया

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के पंचायतीराज तथा अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने आज विधान सभा के मुख्य भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष सं0-62 में विभागीय कार्य एवं दायित्वों को ग्रहण किया।

इस दौरान पंचायतीराज एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे, जिसमें अपर मुख्य सचिव पंचायतीराज मनोज कुमार सिंह, अपर मुख्य सचिव अल्पसंख्यक कल्याण मोनिका एस. गर्ग, निदेशक पंचायतीराज अटल कुमार राय उपस्थित रहे।

पंचायतीराज मंत्री ने इस अवसर पर विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि विभागीय कार्यक्रमों एवं योजनाओं का लाभ लोगों को मिले इसका पूरे मनोयोग से प्रयास किया जाए। प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री के नेतृत्व में आमजन गरीबों, महिलाओं, बुर्जुगों के कल्याण के लिए कृत संकल्पित है। इसके लिए विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं चलायी जा रही है।

अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री ने विभागों के उच्च अधिकारियों से विभागीय कार्यक्रमों एवं योजनाओं की प्रगति पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की मंशानुरूप विभागीय योजनाओं के लक्ष्य को पूरा करने का हर संभव प्रयास किया जाए। योजनाओं के प्रगति के संबंध में नियमित मॉनीटरिंग की जाए, जिससे कि कोई भी पात्र लाभार्थी योजना के लाभ से वंचित न रहे।

उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को 3500 से लेकर 4400 रूपये तक दिया जायेगा प्रोत्साहन : दयाशंकर सिंह

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने होली के पर्व पर अत्यधिक बसों की व्यवस्था कराने एवं प्रोत्साहन योजना के संबंध में निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि होली पर्व से कुछ दिन पूर्व एवं इसके बाद तक देश एवं प्रदेश के अन्य हिस्सों से अपने घर लोग पर्व मनाने जाते हैं। 22 मार्च से 01 अप्रैल तक अतिरिक्त बसों की सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। जिससे कि यात्रियों को होली पर्व के दौरान यात्रा में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। परिवहन मंत्री ने कहा कि गाजियाबाद/दिल्ली एवं पश्चिमी क्षेत्रों से लोग ज्यादा यात्रा करते हैं, जिसके दृष्टिगत इन क्षेत्रों में बसों एवं कर्मचारियों की संख्या आवश्यकतानुसार निर्धारित करते हुए पहले से ही तैयारी कर ली जाए। उन्होंने कहा कि प्रारम्भिक प्वाइंट से 60 प्रतिशत यात्री लोड मिलता है तो सभी पूर्वी क्षेत्र के अधिकारी होली पर्व अवधि में अतिरिक्त सेवाओं के संचालन की व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शत-प्रतिशत निगम बसों को आनरोड किया जाए व निरन्तर चलाये जाने की व्यवस्था यथा आवश्यतानुसार सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निर्देश दिये कि पर्व अवधि में अनुबंधित बसों को अवकाश न दिया जाए। वाहन स्वामी अपने वाहनों की मरम्मत कार्य कराकर संचालन के लिए अपनी बसें उपलब्ध करायें। परिवहन मंत्री ने निर्देश दिये कि जाम/दुर्घटना के फलस्वरूप अवरूद्ध संचालन को क्षेत्रीय प्रबंधक सुचारू बनाये रखने की तैयारी कर लें और तत्काल यात्रा सुनिश्चित करायें, जिससे कि यात्रियों को कोई असुविधा न हो। प्रवर्तन दल निरन्तर क्षेत्र में ड्यूटी पर उपलब्ध रहें और चालकों/परिचालकों का ब्रेथ एनलाइजर टेस्ट किया जाए, जिससे कि यात्रियों को सुरक्षित यात्रा उपलब्ध हो। बसों के कल-पुर्जे, खिड़कियों के शीशे इत्यादि लगे होने के साथ सीटों की स्थिति अच्छी होनी चाहिए। साथ ही फायर सेफ्टी उपकरण भी बसों में मौजूद हो। परिवहन मंत्री ने कहा कि पर्व अवधि में ऐसे चालक/परिचालक जिसमें संविदा तथा आउटसोर्सिंग के चालक/परिचालक शामिल होंगे, को निर्धारित औसत कि0मी0 का संचालन करने पर रू0 350 प्रति दिवस की दर से विशेष प्रोत्साहन राशि का भुगतान किया जायेगा। इन्हें प्रोत्साहन अवधि में औसतन 300 कि0मी0 प्रतिदिन संचालन करना होगा। यदि ऐसे कार्मिक 11 दिन की सम्पूर्ण प्रोत्साहन अवधि तक कुल ड्यूटी करते है और निर्धारित कि0मी0 के उपरोक्त मानक को पूर्ण करते हैं तो रू0 400 प्रतिदिन की दर से प्रोत्साहन देय होगी। इसके अतिरिक्त संविदा/ वाह्य स्रोत चालकों /परिचालकों को प्रोत्साहन अवधि में उपरोक्त निर्धारित मानक से अधिक कि0मी0 अर्जित करने पर अतिरिक्त कि0मी0 पर प्रति कि0मी0 55 पैसे का अतिरिक्त मानदेय दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि पर्व अवधि में 11 दिन लगातार ड्यूटी करने वाले डिपो कार्यशाला एवं क्षेत्रीय कार्यशाला में कार्यरत कार्मिकां जिसमें आउटसोर्स कर्मी भी शामिल हैं को एक मुश्त 1800 रू0 प्रदान किया जायेगा तथा इस अवधि में 10 दिन की ड्यूटी करने वाले कार्मिकों को एक मुश्त 1500 रूपया प्रदान किया जायेगा। प्रोत्साहन अवधि में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों/उपाधिकारियां को क्षेत्रीय समिति की संस्तुति के अनुसार प्रोत्साहन राशि प्रदान करने के लिए समस्त क्षेत्रीय प्रबंधकों को 10,000 हजार रूपये एवं सेवा प्रबंधकों को 5000 रूपये की राशि भी दी जायेगी। सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक डिपो को रू0 50 प्रति निगम एवं अनुबंधित बस के आधार पर आगणित धनराशि उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों/ उपाधिकारियों में वितरित करेंगे।

यूपी में 32 हजार मेगावाट तक जा सकती है बिजली की मांग, केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण ने जारी किया अनुमान

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में सितंबर 2024 में 31917 मेगावाट से अधिक बिजली की जरूरत पड़ सकती है। उत्तर प्रदेश पहला राज्य होगा, जहां सितंबर माह में इतनी अधिक संख्या में बिजली की जरूरत पड़ेगी। यह अनुमानित लक्ष्य केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण ने लगाया है।

केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण हर साल विभिन्न राज्यों की सर्वाधिक बिजली मांग का अनुमान लगाता है। प्राधिकरण की 2024 -25 के लिए जारी पूर्वानुमानित रिपोर्ट में कहा गया है कि महाराष्ट्र में मार्च 2025 में 32640 मेगावाट की मांग हो सकती है। इसी तरह उत्तर प्रदेश में सितंबर 2024 में 31917 मेगावाट की मांग हो सकती है। इसी तरह अप्रैल में 25379 मेगावाट, मई में 28291 मेगावाट, जून में 29853 मेगावाट, जुलाई में 30581 मेगावाट, अगस्त में



31585 मेगावाट की जरूरत पड़ने का अनुमान है। पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल का कहना है कि वह 32 हजार मेगावाट का लक्ष्य लेकर तैयारी कर रहे हैं।

उत्तर प्रदेश राज्य उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा का कहना है कि उपभोक्ताओं के हितों को ध्यान में रखते हुए पावर कारपोरेशन प्रबंधन को हर स्तर पर तैयारी शुरू कर देनी चाहिए। बिजली की उपलब्धता बनाना ही केवल पर्याप्त नहीं है, बल्कि उपभोक्ता तक बिजली पहुंचाने की चुनौती स्वीकार करनी होगी।

प्रदेश में ई ऑटो रिक्शा की ड्राइविंग सीट संभालेंगी महिलाएं

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। रोडवेज बसों के बाद अब उत्तर प्रदेश की महिलाएं आम पब्लिक ट्रांसपोर्ट की भी ड्राइविंग सीट पर नजर आने वाली हैं। प्रदेश की महिलाओं को सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के साथ-साथ आत्मनिर्भर बनाने के मिशन में जुटी योगी सरकार मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को स्वरोजगार उन्मुख ई रिक्शा प्रशिक्षण कार्यक्रम से जोड़ रही है। इसके माध्यम से सरकार न सिर्फ महिलाओं को निशुल्क ई रिक्शा प्रशिक्षण दिला रही है, बल्कि ड्राइविंग लाइसेंस के साथ ही सस्ती ब्याज दरों पर ई रिक्शा दिलाने का भी प्रबंध कर रही है। यही नहीं, ई रिक्शा पर 50 हजार रुपए तक की सब्सिडी भी प्रदान की जा रही है। प्रत्येक जनपद से 250 महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। सरकार की इस पहल से अब प्रदेश भर में सड़क पर प्रशिक्षित महिला ड्राइवर्स उच्च गुणवत्ता वाले ई रिक्शा चलाती नजर आएंगी। इससे उनकी आय का प्रबंध भी होगा और रोड एक्सीडेंट जैसी घटनाओं पर भी अंकुश लगेगा।

यूपीकॉन के एमडी प्रवीण सिंह ने बताया कि मिशन शक्ति योजना के अंतर्गत ई रिक्शा प्रशिक्षण कार्यक्रम एमएसएमई विभाग द्वारा संचालित एवं यूपीकॉन द्वारा क्रियान्वित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत प्रत्येक जनपद से एक हजार महिलाओं को प्रशिक्षित किए जाने का लक्ष्य है। मिशन शक्ति के तहत दो पार्ट में ट्रेनिंग आयोजित की गई है। पहले चरण में 56200 महिलाओं (प्रति जनपद 750) को 6 दिन का प्रशिक्षण दिया गया था। इसमें तीन दिन महिलाओं के वर्क प्लेस से संबंधी सेफ्टी, सिक्योरिटी, और सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिंग दी गई थी। इसके बाद तीन दिन उनको उद्यमिता विकास की ट्रेनिंग कराई गई थी। फेज 2 में 250 महिलाएं प्रति जनपद के हिसाब से 18750 महिलाओं को ई रिक्शा ट्रेनिंग दी जा रही है। ड्राइविंग डोमेन में स्वरोजगार उन्मुख प्रशिक्षण की अवधि 6 माह की है। प्रशिक्षण के लिए महिलाओं का चयन मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना की गाइडलाइंस के तहत किया जा रहा है। इसमें 10वीं पास 18 से 40 वर्ष की महिलाएं पात्र हैं। साथ ही उनके पास आधार और पैन कार्ड होना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि यह एक लाइवलीहुड प्रोग्राम है। इसके तहत हमने 250 महिलाएं प्रति जनपद का लक्ष्य निर्धारित किया है। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के तहत 250 महिलाओं का चयन करेंगे और फिर उनको ई रिक्शा स्वरोजगार उन्मुख करेंगे। चयन के बाद महिलाओं को ट्रेनिंग दी जा रही है। इसमें क्लास रूम ट्रेनिंग भी है जिसमें उन्हें ई रिक्शा और ड्राइविंग रूल्स के विषय में बताया जा रहा है। इसके बाद उनको प्रैक्टिकली ई रिक्शा चलाना सिखाया जा रहा है। महिलाओं को ई रिक्शा की पिंक ड्रेस भी दे रहे हैं एवं सेफ्टी किट और स्टेशनरी किट भी प्रदान की जा रही है। इसके बाद महिलाओं को आरटीओ के सहयोग से ड्राइविंग लाइसेंस भी दिलाने में मदद की जा रही है। फाइनली उनको बैंक तक ले जाने का प्रॉसेस भी हम करा रहे हैं। इसमें सुनिश्चित किया जा रहा है कि मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना का जो लाभ है वो महिलाओं को मिल सके, जिसमें बैंक से आसान लोन भी शामिल है। प्रवीण सिंह ने बताया कि योजना के तहत ई रिक्शा की स्टैंडर्ड कॉस्ट 1.98 लाख रुपए निर्धारित की गई है। हमने जेम पोर्टल के माध्यम से ई रिक्शा कंपनीज का चयन किया है।

878 करोड़ रूपये के एमओयू से 17 लाख से अधिक युवाओं को मिलेगा कौशल प्रशिक्षण

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व व प्रभावी मार्गदर्शन में प्रदेश के सर्वागींण विकास मे तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक शिक्षा व कौशल विकास महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। वर्तमान परिदृष्य में नित्य प्रति हो रहे प्रोद्योगिकी प्रगति एवं औद्योगिक आवश्यकताओ की पूर्ति हेतु न्यू एज कोर्सेज के ज्ञान से परिपूर्ण कुशल तथा प्रशिक्षित युवा शक्ति को रोजगारपरक व आत्मनिर्भर बनाये जाने के उद्देश्य से प्राविधिक शिक्षा तथा उपभोक्ता मामले मंत्री आशीष पटेल तथा व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल की उपस्थिति में प्रदेश सरकार, प्राविधिक विश्वविद्यालयो व निजी क्षेत्र के संस्थाओ के मध्य पारस्परिक सहयोग की भावना के साथ 10 समझौता ज्ञापन (एमओयू) हस्ताक्षरित हुये। प्रदेश के प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व मे युवाओं के स्कील डेवलपमेंट पर फोकस किया जा रहा है। देश-विदेश में उत्तर प्रदेश के मैनपावर पर भरोसा जताया जा रहा है। प्रधानमंत्री के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में उत्तर प्रदेश महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश को विकसित प्रदेश बनाया जा रहा है। उन्होंने एमओयू करने आये कम्पनियों के अधिकारियों को भरोसा दिलाया कि उत्तर प्रदेश सरकार पूरी तरह उनका सहयोग करेगी। एमओयू वर्चुवल इनटर्नशिप कार्यक्रम, आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, डेटा एनालिटिक्स सहित विविध प्रकार के क्षेत्रो को कवर करते है, जो आज के प्रौद्योगिकी परिदृष्य में कैरियर डेवलपमेन्ट और नवाचार के लिये महत्वपूर्ण है। एमओयू के फलस्वरूप 878 करोड़ रूपये के कौशल विकास व प्रशिक्षण प्राप्त होंगे जिसके फलस्वरूप तकनीकी एवं कौशल क्षेत्र से जुड़े लगभग 17 लाख 11 हजार छात्र व छात्राएं एवं युवा लाभान्वित होंगे। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश शिक्षा के गुणवत्ता को बेहतर किया गया है। आज प्रदेश की दो यूनिवर्सिटी को नैक ग्रेडशन मिल चुका है। युवाओं को सिर्फ किताबी ज्ञान पर नही बल्कि प्रेटिकल पर फोकस किया जा रहा है।

प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में युवाओं को हुनरमंद बनाकर उन्हे रोजगार व स्वरोजगार से जोड़ा जा रहा है। प्रधानमंत्री के देश को तीसरी अर्थव्यवस्था तक ले जाने तथा प्रदेश की अर्थव्यवस्था को 1 ट्रिलियन डालर तक ले जाने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। उन्होंने कहा कि युवाओं को आधुनिक तकनीकों एवं उद्योगों के अनुरूप कोर्स संचालित कर उन्हें कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है, जिससे युवाओं को रोजगार के लिए भटकना नही पड़ रहा है। इसी के अन्तर्गत विभिन्न कम्पनियों के साथ एमओयू हस्ताक्षर हुये है। ये कम्पनियां लगभग 17 लाख से अधिक युवाओं का कौशल विकास एवं प्रशिक्षण प्रदान करेंगी। समझौता ज्ञापन (एमओयू) से प्रदेश की युवा शक्ति को उद्योगो की मांगो के अनुरूप तकनीकी क्षेत्र एवं कौशल विकास के क्षेत्र में शिक्षित व प्रशिक्षित कर प्रदेश की अर्थव्यवस्था की गति बढ़ाये जाने में महत्वपूर्ण लाभ प्राप्त होंगे। मुख्यमंत्री सलाहकार के. वी. राजू ने कहा कि प्रदेश को वन ट्रिलियन डालर इकोनॉमी की अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में प्रभावी तथा सकारात्मक प्रयास करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। उन्होंने उपस्थित संस्थाओ को प्रदेश के विकास में उनकी भूमिका व सहयोग की सराहना की।

संक्षेप

मामूली विवाद में बुजुर्ग के पेट में मारा चाकू

मुरादनगर। दिल्ली मेरठ मार्ग पर प्रिया सिनेमा के पास ठेली से पहले फल खरीदने को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। ठेली से चाकू उठाकर युवक ने बुजुर्ग के पेट में मारकर उसे लहूलुहान कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। एसीपी नरेश कुमार ने बताया कि ब्रजविहार कॉलोनी निवासी राधेश्याम(60)बुधवार शाम करीब साढ़े चार बजे दिल्ली मेरठ मार्ग पर ठेली से फल खरीदने गया था। इसी बीच ठेली पर कुटी रोड निवासी राजू भी आ गया। पहले फल खरीदने को लेकर राधेश्याम व राजू के बीच कहासुनी हो गई, मामला गाली-गलौज से मारपीट तक पहुंच गया। आरोप है कि राजू ने ठेली से चाकू उठाकर राधेश्याम के पेट में मारकर उसे घायल कर दिया। बताया गया कि दोनों शराब के नशे में थे। घायल राधेश्याम को स्थानीय सरकारी अस्पताल से गाजियाबाद रेफर किया। हालत गंभीर होने पर उसे दिल्ली रेफर किया गया। एसीपी ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी राजू को गिरफ्तार कर लिया है।

03 एनबीडब्ल्यू वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है

एटा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह के निर्देशन में वारन्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत। थाना कोतवाली देहात से गंगासिंह पुत्र भोपत सिंह निवासी नगला कंचन थाना कोतवाली देहात एटा, पवन पुत्र रमेश निवासी मानपुर कालौनी थाना कोतवाली देहात एटा, और थाना नयागांव से पूरनलाल पुत्र गयासुरपाल निवासी कस्बा सराय अगहत गुरुवार को जनपदीय पुलिस द्वारा विभिन्न थाना क्षेत्रों से 03 एनबीडब्ल्यू वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है।

प्रतिभा का सम्मान,संस्कृति को जगाना-डॉ अर्जुन पाण्डेय

अमेठी। गुरुवार को पूर्व विधायक बैजनाथ सिंह के शिक्षण संस्थान श्री शिवप्रताप इंटर कालेज के परिसर में समारोह आयोजित किया गया। जिसमे पूर्व प्राचार्य राधेश्याम तिवारी के संयोजकत्व में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में सफलता हासिल करने वाले 45 छात्र- छात्राओं के साथ शिक्षको ,प्रबन्धकों को गायत्री मिशन का प्रमाण पत्र,अंगवस्त्र एवं युग ऋषि की पुस्तकें भेंटकर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह की अध्यक्षता अवधी साहित्य संस्थान अमेठी के अध्यक्ष डॉ अर्जुन पाण्डेय ने किया।उन्होंने कहा कि प्रतिभा का सम्मान करे। जो हमारी संस्कृति को जागरूक करने का करेगी।सभ्यता से संस्कार का जन्म होगा। इस समारोह में रामशंकर पाठक, समर बहादुर सिंह,टी पी सिंह , सुरेन्द्र बहादुर सिंह, प्रदीप तिवारी, डॉ रमेशचन्द्र शुक्ल,अनिल कुमार सिंह एवं जितेन्द्र सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

निर्वाचन कार्यालय का किया स्थलीय निरीक्षण, डीएम दिए आवश्यक दिशा निर्देश

अमेठी। आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट निशा अनंत ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट स्थित जिला निर्वाचन कार्यालय का स्थलीय निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने निर्वाचन कार्यालय में पटल सहायकों से उनके कार्यों एवं दायित्वों के बारे में जानकारी ली तथा पत्रावलियों को सुव्यवस्थित ढंग से रखने के निर्देश दिए, गोदाम का निरीक्षण कर निर्वाचन आयोग द्वारा भेजी गई सामग्री का अवलोकन किया एवं आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट मोहम्मद असलम, प्रतीक्षा पांडेय सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

नवनिर्मित कलेक्ट्रेट भवनका जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

अमेठी। जिलाधिकारी निशा अनंत ने गुरुवार को नवनिर्मित कलेक्ट्रेट भवन के संचालन को लेकर स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यदायी संस्था द्वारा नवनिर्मित कलेक्ट्रेट भवन में स्थापित किया जा रहे फर्नीचर, उपकरण एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया एवं कार्यदायी संस्था को शीघ्र अति शीघ्र सभी कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त उन्होंने कलेक्ट्रेट में सभी कक्षों का गहनता से निरीक्षण किया एवं आवश्यकतानुसार लगाए जाने वाले फर्नीचर व उपकरण इत्यादि को सुव्यवस्थित ढंग से लगाने को कहा। इसके साथ ही उन्होंने जनता दर्शन में आने वाले लोगों के लिए उचित बैठने का स्थान, पीने के पानी आदि व्यवस्थाओं को भी सुनिश्चित करने को कहा। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, संबंधित कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

एसएसपी ने पोलिंग बूथों पर पुलिस बल एंव अर्द्धसैनिक बल के ठहराव हेतु व्यवस्थाओं का लिया गया जायजा

एटा। आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत एसएसपी एटा द्वारा थाना कोतवाली देहात, थाना पिलुआ एवं थाना मिरहची क्षेत्र में पोलिंग बूथों पर पुलिस बल एंव अर्द्धसैनिक बल के ठहराव हेतु आवश्यक व्यवस्थाओं का लिया गया जायजा, सम्बंधित को दिए आवश्यक दिशा निर्देश, साथ ही आमजन से वार्ता कर शांतिपूर्ण मतदान करने की की अपील। साथ ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा के निर्देशन में समस्त प्रभारी निरीक्षक एंव थाना प्रभारियों द्वारा, अपने अपने थाना क्षेत्र के पोलिंग बूथों का निरीक्षण कर, व्यवस्थाओं का जायजा लिया जा रहा है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत गुरुवार को अपर पुलिस अधीक्षक धनंजय सिंह कुशवाहा एवं प्रभारी निरीक्षक कोतवाली देहात निर्दोष सिंह सेंगर, थानाध्यक्ष पिलुआ दिनेश कुमार, थानाध्यक्ष मिरहची कृष्णकांत लोधी, एवं पुलिस बल सहित थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय गिरौरा, पूर्व माध्यमिक विद्यालय असरोली व थाना पिलुआ क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय पुठिया, प्राथमिक विद्यालय सुन्ना, राजकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज, प्राथमिक विद्यालय भदुआ, प्राथमिक विद्यालय भदवास, जनता इंटर कॉलेज पिलुआ एवं थाना मिरहची क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय नगला ख्याली, श्रीमती कृष्णा यादव बालिका इण्टर कॉलेज, राष्टीय इण्टर कॉलेज जिन्हेरा, प्राथमिक विद्यालय जिन्हेरा, प्राथमिक विद्यालय मिरहची. आदि पोलिंग बूथों पर पुलिस बल एंव अर्धसैनिक बल के ठहराव हेतु आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया तथा संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए, एवं आमजन से संवाद स्थापित कर शांतिपूर्ण मतदान करने हेतु अपील की गई। इसी क्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा के निर्देशन में समस्त प्रभारी निरीक्षक एंव थाना प्रभारियों द्वारा, अपने अपने थाना क्षेत्र के पोलिंग बूथों का निरीक्षण कर, व्यवस्थाओं का जायजा लिया जा रहा है।

गवाही देना पड़ा भारी, प्रधान ने परिजनों संग गवाह के घर पर बोला हमला

लोकमित्र ब्यूरो

जलेसर/एटा। एक जमीनी विवाद में गवाही देना एक व्यक्ति को इतना भारी पड़ गया। ग्राम प्रधान और उसके परिजनों द्वारा घर पर किये गए हमले से सुरक्षा पाने के लिये एसएसपी एटा को कॉल कर सुरक्षा की गुहार लगानी पड़ी। एसएसपी के आदेश पर मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस द्वारा घर मे कैद गवाह की बीबी और बेटियों को बाहर निकाल कर कोतवाली लाया गया। जहाँ पीड़ति गवाह द्वारा कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर सुरक्षा की गुहार लगाई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जनपद हाथरस के थाना सासनी क्षेत्र के गांव बाँधनू निवासी सौरानी उर्फ पुष्पा पत्नी उल्फत सिंह लगभग दस वर्ष पूर्व गांव गोपालपुर निवासी अपने पूर्व पति और दो पुत्रों को छोड़ कर चली गयी थी। और फिर उसने हाथरस जनपद के सासनी थाना क्षेत्र के गांव बाँधनू निवासी उल्फत सिंह से शादी कर ली थी। कुछ समय पहले सौरानी के पूर्व पति की मृत्यु हो गयी थी। पत्नी द्वारा पति को छोड़कर दूसरी शादी कर लेने पर मृतक की जमीन में उसके दौनो बेटों के नाम दर्ज किये जाने की प्रक्रिया चकबन्दी विभाग तहसील जलेसर में चल रही थी। आरोप है कि इसी बीच ग्राम प्रधान ने मृतक की जमीन को हड़पने की नियत से सौरानी पत्नी उल्फत सिंह के फर्जी कागजात बनबा कर आपत्ति लगबा दी गयी थी। गत 13 मार्च 2024 को सौरानी अपने बयान देने चकबन्दी कार्यालय आयी थी। बुधवार को ही उक्त केस के गवाह राकेश पुत्र गोदी सिंह की भी एक अलग केस में सुनवाई थी। तभी राकेश को अकेला देख ग्राम प्रधान द्वारा सोरानी उर्फ पुष्पा देवी पत्नी उल्फत सिंह निवासी बांधनू, (शिकोहाबाद)थाना सासनी

जिला हाथरस व अंजली पत्नी नामालूम जो सोरानी की लडकी है से चप्पलों से पिटबा दिया गया था। आरोप है कि 14 मार्च 2024 को ग्राम प्रधान देवेन्द्र पिटाई के इस वीडियो को गाँव वालो को दिखा रहा था तभी राकेश की बेटी अनीता वहां होकर गुजर रही थी। कहासुनी होने पर देवेन्द्र प्रधान ने पैर से जूता उतार कर अनीता को अश्लील गाली देने लगा।और उस पर हमला करने को दौड़ा। तभी अनीता ने घर मे घुस दरबाजा बन्द कर लिया। इतने में ही प्रधान का भाई महेश, व पवन पुत्र साहब सिंह व शिवा पुत्र पवन व युवती पत्नी सादय सिंह व महेश की पत्नी व आरि साथ घर पर हमला बोल दिया। अनीता ने घटना की जानकारी फोन पर राकेश को दी। राकेश ने तत्काल 112 नंबर पर डायल किया मगर बात नही हो सकी। फिर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक को भी कॉल की मगर उनसे भी कोई बात नही हुई। इसके बाद राकेश ने एसएसपी एटा को काल कर घटना की जानकारी दी। एसएसपी के आदेश पर जलेसर कोतवाली पुलिस तत्काल गोपालपुर स्थित राकेश के घर पहुंची और घर मे कैद राकेश की पत्नी और बेटियों को बाहर निकाला। उधर पुलिस की गाड़ी देखते ही प्रधान और उसके परिजन मौके से भाग गये। पुलिस द्वारा राकेश और उसके परिजनों को घर लाया गया। जहाँ राकेश ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुए ग्राम प्रधान और उसके परिजनों पर बेटियों के साथ अनहोनी की आशंका जताते हुए बेटियों सहित परिजनों की सुरक्षा की गुहार लगाते हुए आरोपियों के विरुद्ध अभियोग दर्ज कराये जाने की गुहार लगाई है।

खेत में ज्यादा पोटाश लगाना हानिकारक

लोकमित्र ब्यूरो

अलीगंज/एटा। खेतों में लगातार बढ़ रही पोटाश की मात्रा को कम करने के लिए प्रशासन अब पोटाश की बिक्री पर रोक लगाने को जुट गया है। जहां गुरुवार को एडीओ कृषि सुखबीर सिंह ने खाद एवं बीज भंडार की दुकानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अलीगंज कस्बा स्थित सुरेश खाद भंडार, श्याम बाबू खाद भंडार सहित कई दुकानों का निरीक्षण करते हुए पोटाश की अब तक हुई बिक्री के बारे में दुकानदारों से जानकारी ली और दुकानदारों को पोटाश से नुकसान और फायदे के बारे में जानकारी दी।

एडीओ कृषि सुखबीर सिंह ने बताया कि कस्बा की दुकानों का आज निरीक्षण किया है जहां दुकानदारों को पोटाश के नुकसान के बारे में बताया गया है। खेतों में साल-दर-साल पोटाश की मात्रा बढ़ रही है। उच्च स्तर का नाइट्रोजन, फास्फोरस निरंतर घट रहा है। हालात यह हैं कि उर्वरक तत्व 10 फीसदी से भी कम हो चुके हैं। विशेषज्ञ इसके पीछे रासायनिक खाद के उपयोग को प्रमुख कारण बता रहे हैं। उनका कहना है 10 साल में हालात और भी खराब हो सकते हैं। धीरे-धीरे जमीन बंजर होने लगेगी।

जर्मन शेफर्ड ने बुजुर्ग को काट कर किया लहूलुहान, गिरकर हुए घायल

लोकमित्र ब्यूरो

कौशांबी। थाने के पास बुधवार सुबह जर्मन शेफर्ड ने बुजुर्ग पर हमला कर दिया। कुत्ते ने उन्हें हिप पर काटकर जख्मी कर दिया। वह कुत्ते के हमले से सड़क पर गिरकर घायल हो गए। उन्होंने कौशांबी थाने में महिला के खिलाफ धमकी देने और कुत्ते से कटवाने की शिकायत दी है।

वैशाली सेक्टर-एक में रहने वाले मंगल सिंह रावत ने बताया कि रोजाना की तरह सुबह की सैर पर निकले थे। वह रोजाना वैशाली से कौशांबी थाने तक सैर करते हुए जाते हैं। उनका आरोप है कि सुबह जब वह थाने के पास पहुंचे तो वहां एक महिला जर्मन शेफर्ड समेत तीन कुत्ते घुमा रही थी। जिसमें जर्मन शेफर्ड कुत्ते ने उन पर अचानक हमला कर हिप पर काट लिया। वह खुद को बचाने के लिए चिल्लाते रहे लेकिन महिला ने मदद नहीं की। इतना ही नहीं, बुजुर्ग जब सड़क पर गिर गए और सिर से खून निकलने लगा। तब भी महिला के सामने कुत्ते ने कमर और अन्य जगह पर पंजे मारकर उनको जख्मी कर दिया। उनका आरोप है कि महिला ने उन्हें घायल देखकर भी मदद करने के बजाय विवाद शुरू कर दिया। पुलिस में शिकायत करने पर धमकी दी कि उन्हें जो करना है वह कर लें। उसका कुछ नहीं होगा। वह घायल हालत में कौशांबी थाने पहुंचे और पुलिस को शिकायत देने लगे लेकिन वहां पुलिसकर्मी ने उन्हें सबसे पहले इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया। उनके मुताबिक, वैशाली के निजी अस्पताल में इलाज करने के बाद उन्होंने कौशांबी पुलिस को महिला के खिलाफ लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। बुजुर्ग का आरोप यह भी है कि महिला तीनों कुत्तों को खुले में बिना मजल के घूमा रही थी जो नियम विरुद्ध है। उन्होंने नगर निगम अधिकारियों से भी महिला पर कार्रवाई की मांग की है।

डिप्टी सीवीओ ने अलीगंज ब्लॉक में की जांच, नहीं पाए गए पशुपालकों के पास 68 गोवंश

पशुपालक सरकार की महत्वपूर्ण योजना योजना को लगा रहे पलीता

» पशुपालकों के पास गोवंश नहीं मिलने पर की जाएगी कार्रवाई: एसडीएम अलीगंज

लोकमित्र ब्यूरो

अलीगंज/एटा। यूपी में गोवंश को पशुपालकों द्वारा आवारा छोड़ने की 'अन्ना कुप्रथा' के कारण गोवंश के संरक्षण की समस्या उपजी थी इससे निपटने के लिए योगी सरकार ने 'मुख्यमंत्री सहभागिता योजना' शुरू की थी जिसमें योगी सरकार द्वारा प्रति गोवंश 30 रुपए प्रतिदिन यानी कि महीने के 900 रूपये गौवंश पलकों को दिए जा रहे थे लेकिन इस योजना में सरकार द्वारा बढ़ोतरी करते हुए 30 रूपये प्रति गोवंश की जगह 50 रूपये प्रति गोवंश यानी कि महीने के 1500 रूपये गौवंश पालकों को दिए जा रहे है। लेकिन ठीक इसके विपरीत गौवंश पालक सहभागिता योजना के तहत प्रति माह 1500 रूपये तो ले रहे हैं लेकिन गोवंश नहीं पाल रहे। यूपी की योगी सरकार ने सड़कों पर घूमती बेसहारा गायों के संरक्षण के लिए अनूठी योजना शुरू की थी। गोवंश के संरक्षण एवं उनके भरण पोषण के लिए चलाई जा रही सहभागिता योजना के अंतर्गत कोई भी व्यक्ति किसी भी गौशाला से गोवंश लेकर उनका भरण पोषण करें. उसके एवज में सरकार गौ-वंश का संरक्षण करने वाले व्यक्ति को 50 रुपए प्रतिदिन के हिसाब से उपलब्ध कराएगी यानी कि महीने में एक पशु पर 1500 रुपए की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराएगी। इसके अलावा अन्ना कुप्रथा के कारण बेसहारा हुई गायों के लिए सरकार ने पूरे प्रदेश में 'निराश्रित गोवंश आश्रय स्थल' भी बनाए हैं। विकासखंड अलीगंज में मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के अंतर्गत सुपुर्दगी में अलीगंज ब्लॉक में डिप्टी सीवीओ अलीगंज डॉ. रविकांत द्वारा ब्लॉक में पशुपालकों की जांच व सत्यापन किया गया जिसमें उनको 57 गोवंश पशुपालकों के यहां मिले लेकिन 68 गोवंश नहीं पाए गए जो मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के अंतर्गत मिलने वाली सहायता राशि का लाभ उठा रहे हैं। अलीगंज ब्लॉक में 30 सितंबर तक 233 गौवंश पशुपालकों को दिए गए थे। डिप्टी सीवीओ डॉ रविकांत द्वारा जांच कर अपनी रिपोर्ट विकासखंड अधिकारी गोपाल गोयल को सौंपी है। उप जिलाधिकारी अलीगंज प्रतीक त्रिपाठी ने बताया कि टीम द्वारा जांच कराकर जो गोवंश नहीं पाए गए हैं उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

क्या कहते हैं अधिकारीगण

डिप्टी सीवीओ अलीगंज डॉ रविकांत ने बताया कि अलीगंज ब्लॉक में जांच की गई जिसमें 30 सितंबर तक 233 गोवंश पशुपालकों को दिए गए थे। जिसमें 57 गोवंश पशुपालकों के यहां मिले वहीं 68 गोवंश पशुपालकों के यहां नहीं मिले हैं। जांच उपरांत रिपोर्ट विकासखंड अधिकारी को अग्रेषित कर दी गई है।
बीडीओ अलीगंज गोपाल गोयल ने बताया कि डिप्टी सीवीओ डॉ रविकांत द्वारा जांच कर रिपोर्ट दी गई है जिस रिपोर्ट को उच्च अधिकारी को अग्रेषित कर दी गई है जल्दी कार्रवाई की जाएगी।

धूम्रपान से होने वाले नुकसान के प्रति किया आगाह

लोकमित्र ब्यूरो

नोएडा। धूम्रपान निषेध दिवसर (नो स्मोकिंग डे) के उपलक्ष में बृहस्पतिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिसरख पर तम्बाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ और शारदा विश्वविद्यालय के मनोचिकित्सक विभाग की ओर से निशुल्क शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आशा कार्यकर्ताओं के लिए गोष्ठी का आयोजन किया गया और लोगों को धूम्रपान से होने वाले नुकसान के प्रति आगाह किया गया।

गोष्ठी में जिला तम्बाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ की प्रभारी डॉ. श्वेता खुराना ने कहा कि आशा कार्यकर्ता गृह भ्रमण करतीं है। वह इस दौरान घर-घर जाकर यह संदेश दें कि तम्बाकू का किसी भी रूप में सेवन हानिकारक है। उन्होंने बताया कि धूम्रपान न केवल सेवन करने वाले के लिए हानिकारक है बल्कि पास में बैठे व्यक्ति के लिए भी हानिकारक है। उन्होंने कहा महिलाओं को विशेषकर गर्भवती को धूम्रपान से बचना चाहिए, यह उनके और गर्भ में पल रहे शिशु के लिए घातक हो सकता है।

शारदा विश्वविद्यालय के छात्रों ने केंद्र पर आए लाभार्थियों को धूम्रपान के नुकसान बताने के लिए नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया। नाटक के माध्यम से धूम्रपान सहित नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाली हानियों से अवगत कराया गया। सभी छात्रों ने हस्ताक्षर अभियान में प्रतिभाग किया और उन्हें तम्बाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ की ओर से सर्टिफिकेट दिए गए। कार्यक्रम में शारदा अस्पताल के मेडिकल सुपरिटेंडेंट आरएम शर्मा , डॉ. नज़रुल, डॉ. कुणाल, डॉ. परिका और प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. सचिन्द्र मिश्र उपस्थिति रहे।

गौरतलब है कि हर वर्ष 13 मार्च को धूम्रपान निषेध दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष की थीम ₹तम्बाकू नहीं, फल खाएं, सेहत सुरक्षित रखें" थी। बुधवार को तम्बाकू नियंत्रण के लिए जिला तम्बाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ की ओर से मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय तथा जिला संयुक्त चिकित्सालय में आने वालों को तम्बाकू से होने वाली हानियों जैसे गले का कैंसर, हृदय का कैंसर, मुख का कैंसर तथा हृदय रोग आदि के बारे में जागरूक किया गया। तम्बाकू का सेवन न करने के लिए हस्ताक्षर अभियान तथा शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। आईटीएस डेंटल कालेज, ग्रेटर नोएडा में नुक्कड़ नाटक, हस्ताक्षर अभियान, गोष्ठी, शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनपद में संचालित स्वास्थ्य केन्द्रों पर इस अवसर पर हस्ताक्षर अभियान, गोष्ठी, तथा तम्बाकू की लत से पीड़ित व्यक्तियों को काउंसलिंग के माध्यम से जागरूक किया और तम्बाकू का सेवन न करने के लिए प्रेरित किया गया। जनपद के शैक्षणिक संस्थान में भी तम्बाकू नियंत्रण जागरूकता कार्यक्रम तथा शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन करते हुए बच्चों को तम्बाकू से होने वाली हानियों के प्रति जागरूक किया गया।

अवैध सामान कोरियर से ताइवान भेजने का डर दिखाकर 13 लाख ठगे

लोकमित्र ब्यूरो

गाजियाबाद। अवैध सामान कुरियर से ताईवान भेजने का डर दिखाकर ठगों ने इंदिरापुरम निवासी एक दंपती को डिजिटल अरेस्ट कर लिया। इसके बाद खाते में संदिग्ध गतिविधि नहीं होने के संबंध में सत्यापन के नाम पर रुपये ट्रांसफर कराकर 13 लाख रुपये ठग लिए। मामले में इंदिरापुरम वैभव खंड निवासी अंकुर श्रीवास्तव ने साइबर अपराध थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। अंकुर श्रीवास्तव का कहना है कि उनके पास मुंबई से एक कुरियर कंपनी से कॉल आई। कॉलर ने उनसे कहा कि उनके आधार कार्ड की डिटेल पर एक कुरियर ताईवान भेजा जा रहा है जिसमें संदिग्ध सामान है। कॉलर ने इसके बाद कॉल मुंबई पुलिस बताकर ट्रांसफर कर दिया। इसके बाद उस व्यक्ति ने खुद को इंस्पेक्टर विक्रम बताया और वीडियोकॉल पर लिया। कॉलर ने उनकी पत्नी को भी वीडियो कॉल पर लेने को कहा और काफी देर तक वीडियो कॉल पर ही रखा। कुछ

और काम करने से मना कर दिया। एडीसीपी अपराध सच्चिदानंद ने बताया कि मामले में टीम जांच कर रही है। शातिरों को ट्रेस करने का प्रयास किया जा रहा है।

इंस्पेक्टर के बाद उनसे डीसीपी बनकर एक व्यक्ति ने बात की। उसने उनसे कहा कि उनके बैंक खाते में कोई संदिग्ध गतिविधि तो नहीं हो रही है। इसका सत्यापन करना है। आरबीआई की नियमानुसार खाते में जमा रकम की 88 फीसदी रकम भेजनी होगी। सत्यापन के बाद वापस कर दी जाएगी। ऐसे में उन्होंने उन्हें 13 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। उन्होंने उनसे वीडियो कॉल से हटने का आग्रह किया तो शातिर ने कॉल काट दी। इसके बाद संपर्क करना बंद कर दिया ।

वर्षो से कब्जा कर बनवा ली थी बाउंड्री वाल! तहसीलदार ने दबगों से खुलवाया रास्ता

लोकमित्र ब्यूरो

अलीगंज/एटा। अलीगंज क्षेत्र के थाना जैथरा के एक ग्राम में दवंग लोगों ने जमीन पर कब्जा कर रखा था यहाँ तक कि चारों तरफ से चारदीवारी उठवाकर रास्ता भी बन्द कर दिया था।कई बार ग्रामीणों व सरकार ने प्रयास किया शिकायत भी की गयी लेकिन रास्ता नही खुल सका। गुरुबार को मिली जानकारी के अनुसार थाना जैथरा क्षेत्र के ग्राम नगला बीच जिरोलिया में दवंग लोगों ने आम रास्ता बंद कर दिया था। और कब्जे धारकों ने बाउंड्री बाल को बनवा दिया था। बताते चले अजवीर सिंह पुत्र बालक राम ओमपाल उरफ़ अंकित पुत्र रामनाथ अजहर सिंह पुत्र रामनाथ निवासी ग्राम उपरोक्त ने 335 हेक्टेयर भूमि पर कब्जा कर लिया था। इस भूमि पर ग्रामीणों के निकलने के लिये आम रास्ता था। विगत दो वर्ष पूर्व् लेखपाल ने धारा 115/67/1की कार्यवाही की थी कार्यवाही करने के बाद भी दबंगों ने कब्जा नही छोड़ा था। पीड़ति ग्रामीणों ने रास्ते को लेकर एसडीएम तहसीलदार से लगातार शिकायत करते रहे लिखित रूप से कार्यवाही भी चलती रही दवगो के द्वारा डाली गई तहसील कोर्ट तहसीलदार ने खारिज कर दिया था।इसके बाद रेस्टोरेशन भी डाला गया उसको भी तत्कालीन तहसीलदार ने खारिज कर दिया। दबंगों से कब्जा के लिये तहसीलदार राकेश कुमार नायव तहसीलदार सतीश कुमार लेखपाल जलज राजीव व भारी मात्रा में जैथरा कोतवाली का फ़ोर्स लेकर मौके पर पहुँचे। जेसीवी की सहायता से वर्षो से की गयी बाउंड्री वाल को ध्वस्त करवा दिया। इस कार्यवाही से ग्रामीणों में ख़ुशी की लहर दौड़ गयी।

एसडीएम ने बूथों का किया निरीक्षण कैला बूथ पर बाउंड्री हेतु किया निर्देश

अलीगंज/एटा। लोक सभा चुनाव को लेकर सभी प्रशासनिक अधिकारी सक्रिय हो गए।जोनल मजिस्ट्रेट सेक्टर मजिस्ट्रेट सहित उप जिला निर्वाचन अधिकारी/एसडीएम लोकसभा चुनाव में जिन विद्यालयो में बूथ बने है। चुनाव के समय कोई समस्या न हो इसके लिये लगातार बूथों का भृमण जारी है। गुरुबार को एसडीएम अलीगंज प्रतीत त्रिपाठी ने लोकसभा चुनाव को मद्देनजर रखते हुए दर्जनों बूथों का औचक निरीक्षण किया निरीक्षण के कुछ बूथों पर कमियां पायी गयी वहाँ पर शीघ्र ही कमियां दूर की जाये।उन्होंने प्राथमिक वि.असदपुर प्राथमिक वि.कैला नगला गुलाल रामनगर पहरा सहित अन्य ग्रामीण क्षेत्रो में भृमण किया। निरीक्षण के दौरान पेयजल शौचालय चारदीवारी साफ सफाई शौचालय क्रिया शील है या नही बिधुत व्यवस्था व फर्नीचर की व्यवस्था देखी। वही उन्होंने प्राथमिक विद्यालय कैला का निरीक्षण किया ।

अधिकारी ने ग्राहक बनकर जुटाई जानकारी, बिल्डर की फर्म से पकड़ी 1.32 करोड़ की जीएसटी चोरी

लोकमित्र ब्यूरो

गाजियाबाद। राज्यकर विभाग ने एक नामचीन बिल्डर के इंदिरापुरम और नोएडा के तीन ठिकानों पर छापामारी कर 1.32 करोड़ की जीएसटी चोरी पकड़ी है। राज्यकर विभाग के जोन-दो के अधिकारियों ने पहले ग्राहक बनकर जानकारियां जुटाई और फिर 16 अधिकारियों की तीन टीमों ने छापामार कार्रवाई की है। नोएडा और गाजियाबाद में तीन व्यावसायिक प्रोजेक्ट बना रहे बिल्डर ने दिल्ली और आसपास की कई बोगस फर्मों से बिल्डिंग मेटेरियल और अन्य सामान की फर्जी खरीद दर्शाकर टैक्स चोरी की। राज्यकर विभाग की टीम ने कार्रवाई के बाद बिल्डर से फिलहाल प्रारंभिक जांच के बाद 1.32 करोड़ की रकम जमा करा ली है। राज्यकर विभाग के जोन दो के अपर आयुक्त ग्रेड-1 दिनेश कुमार मिश्रा ने बताया कि बिल्डर की ओर से पूर्व में दाखिल की गई वार्षिक और मासिक जीएसटी रिटर्न के आंकडों में मिलान नहीं हो रहा था। टैक्स चोरी के लिए बिल्डर ने वार्षिक रिटर्न में टर्न ओवर भी कम दिखाया था। इसके बाद अधिकारियों ने आंकड़ों की जांच की तो कई और खामियां पाई गई। उन्होंने बताया कि अपर आयुक्त (एसआईबी) ओपी तिवारी के नेतृत्व में संयुक्त आयुक्त विशाल पुंडीर, विशेष अनुसंधान शाखा के उपायुक्त अनुराग बरोलिया समेत 16 अधिकारियों की तीन टीम गठित कर वैभव खंड इंदिरापुरम समेत बिल्डर के तीन स्थलों पर एक साथ छापे की कार्रवाई की गई।

पंकज उधास श्रद्धांजलि गीत संपन्न

लोकमित्र ब्यूरो

नोएडा। गाजियाबाद केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के तत्वावधान में महान गीतकार 'पंकज उधास' को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए गीत माला का ऑनलाइन आयोजन किया गया। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने कहा कि कलाकार कभी मरते नहीं अपितु सदैव यादों में जीवित रहते हैं,पंकज उधास महान कलाकार थे उन्होंने लोगों को आत्मिक शांति और जीवन प्रदान किया। गायिका प्रवीण आर्या 'पिंकी' ने 'चांदी जैसा रंग है तेरा', नरेंद्र आर्य सुमन ने 'चिट्ठी आई है', नरेश खन्ना ने 'चिट्ठी न कोई संदेश₹ आदि गीत सुना कर याद किया।

रविन्द्र गुप्ता, दीप्ति सपरा, जनक अरोड़ा, रचना वर्मा, रजनी गर्ग, सुदेश आर्य, के एल मल्होत्रा, प्रतिभा खुराना आदि ने उनके गीत गाकर भाव विभोर कर दिया। प्रांतीय महामंत्री प्रवीण आर्य ने कहा कि पद्मश्री पंकज उधास हिंदुस्तानी संगीत में गजल की वो आवाज रहे,जिन्होंने

गजल को जटिल परंपरा से बाहर निकाल कर उसे हर आदमी तक पहुंचाया।पंकज उधास ने न केवल गली-मोहल्लों,चौक- चौराहों,छोटी जगह के लोगों के दिलों को गजल के सुकून से परिचित कराया,बल्कि आम आदमी के दुख-दर्द को पहचानने वाली आवाज भी बने।एक दौर था जब 'चिट्ठी आई है' जैसी गजल गाकर पंकज उधास ने बेशुमार लोकप्रियता कमाई और वे उस दौर में रेडियो के माध्यम से हर घर में गूंजने वाली आवाज बन गए।पंकज उधास देश-परदेस में रहने वाले और अपने देश को छोड़कर काम काज करने वाले व्यक्ति के दर्द की आवाज थे।आज पंकज उधास हमारे बीच नहीं रहे,लेकिन उनकी आवाज हमेशा हमारे दिलों पर राज करती रहेगी। परिषद अध्यक्ष अनिल आर्य ने कुशल संचालन किया।प्रवीण आर्य ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

श्रृंगवेरपुर धाम को तीर्थ क्षेत्र घोषित करने के कार्य ने पकड़ी रफ्तार

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। महाकुंभ के पहले प्रदेश की योगी सरकार कुंभ नगरी प्रयागराज को एक और बड़ी सौगात देने की तैयारी में है। अयोध्या में भगवान श्री राम के मंदिर के निर्माण और गर्भ ग्रह में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद प्रभु राम के अनन्य भक्त निषादराज की स्थली श्रृंगवेरपुर को तीर्थ क्षेत्र घोषित करने की तैयारी है।

पर्यटन विभाग और संस्कृति मंत्रालय की तरफ से इसे लेकर प्रयास तेजी से चल रहे हैं।

योगी सरकार से पहले उपेक्षित रहे प्रयागराज के श्रृंगवेरपुर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नई पहचान दी है। योगी सरकार सामाजिक समरसता के प्रतीक इस स्थान को धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन के साथ जोड़ कर विकसित कर रही है।

प्रयागराज की क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अपराजिता सिंह बताती हैं कि प्रयागराज में गंगा नदी के तट पर स्थित श्रृंगवेरपुर धाम का कायाकल्प किया जा रहा है जिसका 70 फीसदी काम पूरा हो चुका है। इसके अंतर्गत यहां ₹3132.06 लाख की लागत से निषाद राज पर्यटन पार्क स्थल का निर्माण कार्य दो फेज में किया जा है। निषादराज पार्क (फेज-1) के निर्माण हेतु ₹ 1313.16 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति हुई थी जिसमे अब तक ₹ 842.99 लाख की धनराशि अवमुक्त की गयी है। इसमें निषादराज एवं भगवान श्रीराम मिलन की मूर्ति की स्थापना व मूर्ति के पैडेस्टल का कार्य, पोडियम का कार्य, ओवर हेड टैंक, बाउण्ड्रीवाल, प्रवेश द्वार का निर्माण, गार्ड रूम आदि कार्य सम्मिलित हैं।

श्रृंगवेरपुर धाम में निषादराज पार्क (फेज-2) के पर्यटन विकास हेतु ₹ 1818.90 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति हुई थी जिसमे अबतक ₹454.72 लाख की धनराशि अवमुक्त की गयी है। इस परियोजना में भगवान श्रीराम के निषादराज मिलन से सम्बन्धित चित्रांकन, ध्यान केन्द्र, केयरटेकर रूम, कैफेटेरिया, पॉथ-वे, पेयजल व टॉयलेट ब्लॉक, कियास्क, पार्किंग, लैण्डस्केपिंग एवं हॉर्टीकल्चर, आउटर रोड, सोलर पैनल, मुक्ताकाशी मंच आदि कार्य सम्मिलित किये गये हैं।

निषादराज गुह्य सांस्कृतिक केंद्र की स्थापना

प्रयागराज। श्रृंग्वेरपुर में निषादराज गुह्य सांस्कृतिक केन्द्र की स्थापना हेतु संस्कृति विभाग की तरफ से की जा रही है। इसके लिए ₹ 2034.80 लाख की लागत के सापेक्ष ₹ 1957.61 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति मिल चुकी है। इसकी कार्यदायी संस्था .प्र.प्रोजेक्ट कारपोरेशन लि.है।

कुंभ नगरी प्रयागराज के तीर्थाटन विकास के लिए भगवान प्रभु राम से जुड़े स्थलों को चिह्नित करने के बाद उन्हें रामायण सर्किट के रूप में पर्यटन के मानचित्र पर स्थान दिया जा रहा है। योगी सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना राम वन गमन पथ इसी का एक हिस्सा है जो धीरे -धीरे मूर्त रूप लेने लगी है।अयोध्या से वन गमन को चले भगवान श्रीराम के पग जहां-जहां पड़े थे, अब वहां राम वन गमन पथ बनाया जा रहा हैं।

राम वन गम पथ बनाने की तैयारी पूरी हो गई है। पांच चरणों में 177 किलोमीटर का फोरलेन राम वन गमन पथ का निर्माण कार्य शुरू हो चुका है। इस पथ के बनने से भगवान राम से जुड़े 37 स्थलों का विकास होगा और रामभक्तों को वहां तक पहुंचना आसान होगा। अयोध्या में राम जन्मभूमि पर मंदिर के निर्माण की शुरुआत होने के बाद ही राम वन गमन पथ पर काम शुरू हो गया है।

ट्रैक्टर ने बाइक सवार को मारी टक्कर, वृद्ध की मौत

मऊआइमा (प्रयागराज)। प्रतापगढ़ के थाना पट्टी के ग्राम रामपुर बेला पट्टी निवासी राजाराम चौरसिया (58) पुत्र पूदन अपने भतीजे की बाइक पर बैठ कर प्रयागराज की ओर जा रहा थे। बताते हैं कि मऊआइमा के सकरामऊ एक ढाबे के पास पीछे से ट्रैक्टर ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे राजाराम चौरसिया 58 की मौके पर मौत हो गई। जबकि उनका भतीजा बाल बाल बच गया। पुलिस ने ट्रैक्टर को थाने में खडी करा कर राजाराम चौरसिया के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उक्त घटना गुरुवार सुबह लगभग दस बजे की है।

लोकसभा चुनावों को निष्पक्ष ढंग से सम्पन्न कराये जाने की तैयारी

पलोकमित्र ब्यूरो

यागराज। जिलाधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी नवनीत सिंह चहल की अध्यक्षता में गुरूवार को संगम सभागार में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सकुशल ढंग से सम्पन्न कराये जाने हेतु तैयारियों के सम्बंध में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी नोडल, सहायक नोडल अधिकारियों एवं निर्वाचन कार्य से जुड़े हुए अधिकारियों और कर्मचारियों को अपने दायित्वों का अच्छे ढंग से निर्वहन करते हुए निर्वाचन कार्य को सकुशल ढंग से सम्पन्न कराये जाने हेतु कहा। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा दिए जाने वाले दिशा-निर्देशों की पूर्ण रूप से जानकारी रखते हुए उसका शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किए जाने हेतु निर्देशित किया है।

जिलाधिकारी ने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेटों एवं उपजिलाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों का भ्रमणकर मतदान केन्द्रों पर सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित किए जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि मतदान केन्द्रों पर बिजली, पानी, रैम्प, शौचालय सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थायें पूर्ण रूप से सुनिश्चित करा ली जाये। जिलाधिकारी ने निर्वाचन से सम्बंधित शिकायतों को शीर्ष प्राथमिकता पर निस्तारित किए जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम को प्रभावशाली ढंग से क्रियान्वित करते हुए लोगो को मतदान के प्रति जागरूक करने एवं मतदान प्रतिशत को बढ़ाये जाने हेतु कहा है।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार, अपर जिलाधिकारी प्रशासन पूजा मिश्रा, अपर जिलाधिकारी नजूल प्रदीप यादव, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व विनय सिंह, अपर जिलाधिकारी आपूर्ति राजेश सिंह, नगर मजिस्ट्रेट विनोद सिंह सहित उपजिलाधिकारीगण, सभी नोडल अधिकारीगण उपस्थित रहे।

अपनी विशेषताओं की सौग़ात की वजह से खास अहमियत रखता है माहे रमज़ान

माहे रमजान के तीन रोजे मुकम्मल, पहला जुम्मा आज

प्रयागराज। माहे रमज़ान की खासियत यह है कि लोगों द्वारा रमज़ान के मुबारक महीने की तय्यारी माहे शाबान से ही शुरू हो जाती है। रमज़ान का महीना अपनी विशेषताओं की वजह से खास अहमियत रखता है जिसमें इंसान की ज़िंदगी और आखेरत दोनों को संवारा जाता है। मौलाना आमिरुर रिज़्वी ने बताया की गफलत वह बीमारी है जो हमारे हर तरहां के मानवीय और रुहानी फायदे को हम तक पहुंचने से रोक देती है या कम पूरी तरहा से फायदा हासिल नहीं करने देती है। इसीलिए इमामों ने इस मुबारक महीने की तय्यारी के सिलसिले में कुछ आदाब (नियम) बयान किए हैं जिनको हमे ओलमाओं की संगत में बैठ कर सुन्ना व समझना चाहिए।

धीरे धीरे कर गुरुवार को माहे मुक़द्दस रमज़ान के तीन रोज़े मुकम्मल हो गए। बड़ों के साथ बच्चों ने भी अपने बड़ों से ज़िद कर रोज़ा रखा।एक साथ सहरी के साथ दिन भर भूख प्यास की शिद्दत को बर्दाश्त किया और मग़रिब की अज़ान के साथ रोज़ा खोला।

घर की महिलाओं ने तरह तरह की इफ्तारी के इन्तज़ाम किए तो वहीं आस पड़ोस के घरों व मस्जिदों में सेनी सजा कर इफ्तारी भेजी गई। उम्मुल बनीन सोसायटी के महासचिव सैय्यद मोहम्मद अस्करी के अनुसार आज शुक्रवार को माहे मुक़द्दस रमज़ान का पहला जुमा है। चौक कोतवाली की जामा मस्जिद, नूर उल्ला रोड की शाह वसी उल्ला मस्जिद, खानकाहे दायरा शाह अजमल की मस्जिद, धोबी घाट की हरी मस्जिद, करैली की अबू बकर मस्जिद, अटाले की बड़ी मस्जिद चक की शिया जामा मस्जिद, करैली की बीबी खदीजा शिया जुमा मस्जिद समेत शहर भर की सभी छोटी बड़ी मस्जिदों में बड़ी संख्या में माहे रमज़ान के पहले जुमे पर नमाज़ियों की भीड़ उमड़ने की संभावना है।

हंडिया में की जा रही थी अफीम की खेती

कोनरा में दस विस्वा खेत मे लहलहा रही अफीम की खेती

लोकमित्र ब्यूरो

हंडिया, प्रयागराज। पुलिस चौकी इमामगंज से सटे गाँव में काफी वर्षो से अफीम की हो रही थी। क्षेत्र के नोनरा मे अफीम की खेती किया जा रहा था मुखबिर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे पूरी तरह नष्ट कर दिया । वही अफीम के पौधे पर किसी की नजर न पड़े इसके लिए खेत की घेराबंदी साड़ी प्लास्टिक की पन्नी लगा दी गई है। दावा है कि कई वर्षो से अफीम की खेती होती थी। वहीं पुलिस चौकी से कुछ ही दूरी पर इस तरह के नशे के कारोबार चल रहा था।

नोनरा गांव में विजय कुमार मोर्य पुत्र राममिलन मौर्य के द्वारा 10 बिस्वा खेत में अफीम की खेती की गई थी. मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर थाना प्रभारी ब्रिज किशोर के द्वारा विशेष अभियान चला कर के अफीम की खेती का पर्दाफाश किया गया और अफीम की खेती करने वाले किसान को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के द्वारा बुधवार रात से ही खेत के चारों ओर पहरा लगाया गया और सुबह सूचना मिलने पर एसीपी हंडिया पंकज लवानिया आबकारी इंस्पेक्टर पारूल चौधरी तहसीलदार हंडिया आकांक्षा मिश्रा थाना प्रभारी हंडिया ब्रिज किशोर राजस्व टीम और इमामगंज व बरौत चौकी की पुलिस मौके पर पहुंची अफीम के पेड़ों को काटकर के कब्जे में ले लिया है।

जहां मौके पर पहुंचे तहसीलदार हंडिया आकांक्षा मिश्रा ने बताया कि विजय कुमार मौर्य के द्वारा लगभग 10 विस्वा जमीन में अफीम की खेती की गई थी जिसमें लगभग 900 से अधिक अफीम के पौधे पाए गए जिन्हें काटकर पुलिस अपने कब्जे में ले ली है और विधिक कार्रवाई की जा रही है।

प्रदीप तिवारी ने वरिष्ठ उपाध्यक्ष के लिए किया नामांकन

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन चुनाव में नामांकन दाखिल करने का अंतिम दिन हाईकोर्ट के अधिवक्ता प्रदीप कुमार तिवारी ÷आसरा÷ ने वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। प्रदीप तिवारी ने अपना नामांकन के हाईकोर्ट 12 बजकर 10 मिनट पर बार एसोसेशन के कार्यालय में जमा किया।

प्रदीप तिवारी का नामांकन में सहयोग और अपना समर्थन देने के लिए कोर्ट नंबर 9 के पास से आना शुरु किए जो कुछ ही समय में अधिवक्ताओं के बहुत बड़े हुजूम मे परिवर्तित हो गया।अपने समर्थक अधिवक्ताओं के जनसैलाब के साथ हाईकोर्ट परिसर में सभी अधिवक्ताओं से मिल कर उनका आशीर्वाद लेते हुए बार के कार्यालय पहुंचकर अपना नामांकन प्रपत्र दाखिल किया। इस दौरान समर्थकों में अपने साथी प्रत्याशी प्रदीप तिवारी को माला पहनाकर स्वागत करने और जीत का आश्वासन देने का उत्साह देखा गया।

आशीष के शतक से चौधरी नौनिहाल क्लब 'ए' जीता

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। आशीष रत्नम के शतक (109 रन, 53 गेंद, 12 चौके, आठ छक्के) की बदौलत चौधरी नोनियल सिंह क्लब %ए% ने विराट स्पोर्ट्स क्लब को 6 विकेट से हराकर प्रोफेसर अनादि प्रसाद भटनागर अंडर-23 क्रिकेट लीग में पूरे अंक प्राप्त किये।

केपी कॉलेज मैदान पर गुरुवार को खेले गए मैच में विराट स्पोर्ट्स क्लब ने 39.4 ओवर में 186 रन (बालकेश कुमार 39, सूर्य प्रकाश सिंह 30, शुभम बिंद 26, सुमित पाण्डेय 2/25, शुभ शर्मा 2/39) बनाए। जवाब में चौधरी ननिहाल सिंह क्लब %ए% ने 17.2 ओवर में चार विकेट पर 189 रन (आशीष रत्नम 109, मयंक दुबे 30 नाबाद, शिवांश यादव 26, अशफाक अहमद 2/08, ओम प्रकाश 2/45) बना लिए। मैच में हितेश श्रीवास्तव व राहुल सिंह अंपायर एवं प्रितेश सोनकर स्कोरर रहे।

विवाहिता ने फांसी के फंदे के सहारे झूल मौत को गले लगाया

घटना से पहले पूजा सिंह ने अपने पति से की थी वीडियो कालिंग

लोकमित्र ब्यूरो

कोरांव (प्रयागराज)। कोरांव के नेवढ़िया 42 गांव में बुधवार की रात को एक विवाहिता सीलिंग गाटर के हुक में साड़ी के फंदे के सहारे झूल कर खुदकुशी कर ली जिसकी जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार मांडा के सोनाई मोनाई गांव निवासी फूलेश्वर सिंह ने अपनी पुत्री पूजा सिंह (30 वर्ष) की शादी 2017 में कोरांव के नेवढ़िया 42 गांव स्थित सुभाष सिंह पुत्र जगतधारी सिंह के साथ बड़े ही धूमधाम से की थी। शादी के बाद सब कुछ ठीक चल रहा था और पूजा सिंह को एक पुत्र अंशुमान सिंह (6) व एक पुत्री बिट्टू (3) पैदा हुए। बीती बुधवार की मध्य रात्रि के आसपास पूजा सिंह दो तल्ले मकान के निचले कमरे में सीलिंग गाटर के हुक से साड़ी के फंदे के सहारे झूल कर खुदकुशी कर ली। जैसे ही परिजनों को पता चला तो घर में कोहराम मच गया। मृतका के ससुर जगतधारी सिंह ने रात में ही इलाकाई पुलिस को घटना की जानकारी दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों के समक्ष मृत बाडी को फंदे से नीचे उतरवाकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। ज्ञात हो कि मृतका के पति सुभाष सिंह व पिता फूलेश्वर सिंह दोनों लोग वर्तमान में महाराष्ट्र प्रदेश के मुंबई शहर में रहकर काम कर रहे हैं। मामले की जानकारी मृतका के पति व पिता को दी गई जो वहां से घर के लिए निकल पड़े हैं। चर्चाओं पर गौर करें तो बुधवार की रात को मृतका पूजा सिंह अपने परदेशी पति सुभाष सिंह से फोन पर वीडियो कालिंग बात की थी जिसमें दोनों के बीच काफी नोंक झोंक भी हुई थी। कोरांव पुलिस ने बताया कि मामले में परिजनों से तहरीर मिलने पर नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। घटना के संबंध में मृतका के पिता द्वारा तहरीर सास ससुर जेठ जेठानी व पति कुल पांच लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न दहेज हत्या के संबंध में तहरीर दी गई है।

जोनल अधिकारी तथा सफाई एवं खाद्य निरीक्षक से मांगा स्पष्टीकरण

नगर आयुक्त का किया विभिन्न क्षेत्रों का औचक निरीक्षण

प्रयागराज। नगर आयुक्त नगर निगम प्रयागराज चन्द्र मोहन गर्ग द्वारा आज नगर की सफाई व्यवस्था सुदृढ़ किये जाने के तथा आगामी कुम्भ मेला के दृष्टिगत शहर के विभिन्न क्षेत्र कोठापार्चा, आर्यकन्या स्कूल, मुटठीगंज, गऊघाट, कल्याणी देवी क्षेत्र तथा खुल्दाबाद, खुशरूबाग नूरउल्ला रोड अकबरपुर की आंतरिक गलियों का औचक निरीक्षण किया गया।

इस दौरान पार्कों तथा गलियों में जगह-जगह कूडा, पॉलीथीन फैला तथा नालियों में शिल्ट भरी पायी गयी। जिसे देख नगर आयुक्त द्वारा रोष व्यक्त करते हुए सफाई एवं खाद्य निरीक्षक को कड़ी फटकार लगायी गयी, साथ ही जोनल अधिकारी मदन गोपाल, मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक ज्ञानेन्द तथा सफाई एवं खाद्य निरीक्षक प्रमोद कुमार को स्पटीकरण जारी करने के निर्देश के साथ सम्पूर्ण गलियों की समुचित साफ-सफाई कराते हुए की फोटो के उपस्थित होने के निर्देश दिये गये।

इसी के साथ ही नगर आयुक्त जोन 03 कटरा के अन्तर्गत कामर्शियल क्षेत्र तथा वेन्डिंग जोन मेडिकल चौराहा वेन्डिंग जोन, भारद्वाज पार्क वेन्डिग जोन का निरीक्षण किया गया इस दौरान भी कई दुकानों के समने डस्टबिन नही पायी गयी साथ जगह-जगह कूडा, पॉलिथीन पाये जाने पर सफाई एवं खाद्य निरीक्षक को कड़ी फटकारी लगायी गयी। नगर आयुक्त द्वारा कड़ी फटकार लगाते हुए सम्पूर्ण गलियों की समुचित साफ-सफाई कराते हुए कामर्शियल क्षेत्रों में डस्टबिन रखवाने हेतु लोगो को प्रेरित करे साथ नियमित रूप से चालान आदि कार्यवाही के निर्देश दिये गये। सम्पूर्ण निरीक्षण के दौरान नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा0 अभिषेक सिंह, जोनल अधिकारी मदन गोपाल, दिलीप श्रीवास्तव तथा मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक तथा क्षेत्रीय सफाई एवं खाद्य निरीक्षक उपस्थित रहे।

छात्र-छात्राओं ने मतदाता जागरूकता के तहत लोगों को किया जागरूक

लोकमित्र ब्यूरो

बरौत,प्रयागराज। हंडिया तहसील क्षेत्र के पूरे भनई के अर्चना गर्ल्स डिग्री कॉलेज के छात्र छात्राओं ने एन एस एस के साथ दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन मतदाता जागरूकता रैली निकालकर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया। रैली का शुभारंभ कॉलेज के प्रबंधक विजय नाथ मौर्या ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम अधिकारी विजय शंकर मौर्य के निर्देशन में मतदाता जागरूकता रैली निकालकर लोगों को शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए छात्र-छात्राओं ने हाथ में तख्तियां बैनर लेकर नब्बे चौराहा चंदेलपुर रसार सहित तमाम ग्राम सभा में रैली निकालकर मतदान करना हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है हम लोकतंत्र के सिपाही हैं। सबसे पहले मतदान करो उसके बाद दूसरा काम करो आदि के नारे लगाए। वही हरिजन बस्ती पूरेभनई में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को अपने मताधिकार के लिए प्रेरित किया। जिसमें ग्रामीणों ने अपना सहयोग रहा। कार्यक्रम में डॉक्टर कमलाकांत चंचल ने लोकगीत के माध्यम से मतदान के प्रति ग्रामीणों को जागरूक किया। अंत में कार्यक्रम अधिकारी विजय शंकर मौर्य व अवधेश कुमार मौर्य ने स्वयं सेवकों व ग्रामीणों को मतदान का महत्व महत्व पर जोर देते हुए कहा कि अपना अमूल्य मत जरूर दे। किसी के बहकावे में आने की जरूरत नहीं है। इस दौरान सुनील मौर्या धर्मेंद्र कुमार वीरेंद्र बिना सुभाष चंद्र अनिल यादव सहित तमाम शिक्षक व ग्रामीण उपस्थित रहे।

करंट से मरे युवक का शव उठाकर मां बेटे ने खेत में फेका

लोकमित्र ब्यूरो

हंडिया ,प्रयागराज। उतरांव थाना क्षेत्र के आराकलां गाँव में बुधवार की शाम करंट से मरे एक युवक शव उठाकर मां बेटे खेत में छुपा दिया। पुलिस ने मां बेटे समेत चार के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया । आरा कलां गांव के मजरा बरईपुर गाँव निवासी दलित सुशील कुमार 26 पुत्र कृष्ण मुरारी बुधवार दोपहर एक निजी नलकूप से गेहूं की सिंचाई करने के लिए घर से निकला लेकिन वह काफी देर तक घर नहीं लौटा तो घर के लोग खोजबीन शुरू किया। युवक सुशील का शव खेत में पाया गया शरीर पर करंट से जले का निशान है। लेकिन काबिले गौर बात तो यह है कि जहां पर सुशील का शव पाया गया है वहां पर बिजली का तार भी नहीं गिरा है। सवाल यह उठता है कि आखिर सुशील को करंट कैसे लगा। उनकी मौत कैसे हुई। बहरहाल सूचना पर उतरांव पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अधिवक्ता की मौत पर परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। युवक वकालत की पढ़ाई कर रहा था। भाई अवधेश की तहरीर पर नलकूप संचालक रमाशंकर यादव की पत्नी और बेटे विवेक तथा दो अज्ञात निवासीगण बहूपुर सराय ममरेज के खिलाफ धारा 304 का मुकदमा दर्ज किया गया है।

शास्त्री ब्रिज का रोलर खिसकने से दूसरे दिन भी लगा रहा भीषण जाम

झूंसी,प्रयागराज। शास्त्री ब्रिज के पिलर में दरार आने से एक लेने पर आवागमन पूरी तरह से बंद कर दिया गया है। जिसके चलते दूसरे दिन भी वाहनों की लंबी कटारे लगी रही जाम का सिलसिला सुबह से शुरू हुआ तो देर शाम तक जारी रहा। जैसे तैसे लोग अपने गंतव्य की ओर पहुंचने के प्रयास में लगे रहे। तमाम लोग तो आज भी माघ मेला क्षेत्र में बनाए गए पंटन पुल से होकर अपने गंतव्य तक पहुंचे। जिम्मेदार विभागीय अधिकारी पुल में आयी खराबी को ठीक करने के लिए दिन-रात एक किए हुए हैं।

महेशा देवी गर्ल्स इंटर कॉलेज में छात्र-छात्राओं ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की रैली निकाली

थरवई ,प्रयागराज। महेशा देवी गर्ल्स इंटर कॉलेज हरीरामपुर बहमलपुर मे गुरुवार को कॉलेज के डायरेक्टर एम डी यादव ने हरी झंडी दिखाकर रैली की शुरुआत कराई। रैली विद्यालय से निकलकर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत छात्र-छात्राओं ने संयुक्त रूप से हरीरामपुर डिहवा 40 नंबर गोमती डाल तिवारी का पूरा बहमलपुर पंडिला आदि गांव मे जन जागरूकता रैली निकाली गई । जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने गांव शहर में अलख जगाये बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ आदि का नारा लगाते हुए जागरूकता रैली निकाली गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य सुशील मिश्रा संजू यादव श्वेता श्रीवास्तव अर्चना यादव इंद्रजीत सिंह अर्चना भट्ट ममता पाल सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

पांडेश्वर नाथ धाम पंडिला में गरजा बुलडोजर

लोकमित्र ब्यूरो

थरवई ,प्रयागराज। पांडेश्वर नाथ धाम पडिला में चल रहे सुंदरीकरण के चलते मंदिर के मुख्य द्वार के सामने अतिक्रमण कर बनाए गए मकान व दुकानों को पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में बुलडोजर लगाकर ढहा दिया गया। नायब तहसीलदार विवेक कुमार शुक्ला राजस्व टीम और बुलडोजर के साथ गुरुवार की शाम पहुंचकर पैमाइश कराई और जद में आने वाले दुकान को जमीदोज कराया।

इस मौके पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त मात्रा में स्थानीय पुलिस मौजूद रही।

कबूतर बाजी के चक्कर में लूट रहे हैं युवा बेरोजगार

प्रतापपुर ,प्रयागराज। उतरांव थाना क्षेत्र के दर्जनों गांवों में युवा बेरोजगार कबूतर बाजी के चक्कर में खुलेआम लूटें जा रहे हैं। जिसकी थाने पर आये दिन युवाओं की शिकायतें आ रही है। लेकिन युवाओं के साथ धोखाधड़ी करने वालों पर कार्रवाई नहीं हो रही है। जिससे मनबढ़ धोखाधड़ी करने वाले कथित ठेकेदार आए दिन घटनाओं को अंजाम देने से नहीं चूक रहे हैं। बताते चलें कि प्रयागराज जनपद का उतरांव थाना करेली थाने के बाद दूसरा ऐसा थाना है जहां के भारी संख्या में युवा खाड़ी देशों में रह रहे हैं। देखा जाए तो हाई स्कूल इंटर करने के बाद यहां के युवाओं को विदेश जाने की जुनून सा है। इसीलिए थाने में भारी संख्या में लोग पासपोर्ट रिपोर्ट लगवाने के लिए देखे जाते हैं। क्षेत्र में कोई भी ऐसा परिवार बाकी नहीं है जिस परिवार के लोग विदेश में न रह रहे हो। क्षेत्र के पुरुषोत्तमपुर, बरेठी, उतरांव, मोहम्मद जिया, भोपतपुर, मोहम्मदाबाद ,यासीनपुर, बसगित, मोतिहां, चका, दमगढ़ा, नीमिथरिया, भूसंड, भौथर आदि गांवों में कथित तौर पर एजेंट युवाओं को खाड़ी देशों में भेज रहे हैं। खाड़ी देशों में भेजने के नाम पर उनसे मनचाहा रुपया ऐठ रहे हैं। लेकिन इन्ही गांवों में कई जालसाज ठेकेदार युवाओं को खाड़ी देशों में भेजने के नाम पर मोटी रकम वसूल कर फर्जी तरीके से टिकट और वीजा भी बांट रहे हैं। थाना क्षेत्र में कबूतर बाजी कराने के चक्कर में युवाओं को लूटने का एक रैकेट चल रहा है। लुटे पिटे युवा आए दिन थाने में पहुंचकर कथित तौर पर ठेकेदारों की शिकायत कर रहे हैं। लेकिन कथित ठेकेदारों पर पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। जिससे मनबढ़ कथित ठेकेदार आए दिन युवाओं को चूना लगाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। क्षेत्र के समोधीपुर गाँव निवासी एक युवक बुधवार को थाने पर पहुंचकर आपबीती बताई कहा कि सैदाबाद के निमहरा रोड का एक कथित ठेकेदार ने उसका लगभग 6 लाख रुपए लेकर फर्जी टिकट और वीजा दिया था। पैसा मांगने पर गाली और जान मारने की धमकी दे रहा है।

लूट का नाटक रचकर बेच डाला गया व्यापारी का एक ट्रक धान

लोकमित्र ब्यूरो

हंडिया ,प्रयागराज। उतरांव थाना अंतर्गत महुआ कोठी बाजार के एक व्यापारी का लूट का नाटक रच कर एक ट्रक धान को बेच डाला गया। मामले में व्यापारी ने दो चालकों समेत ट्रांसपोर्टर के खिलाफ केस दर्ज कराया गया है। लेकिन एक महीना होने को है इसके बावजूद भी अभी तक मामले का खुलासा नहीं हो पाया है।

महुआ कोठी बाजार निवासी हरिश्चंद्र जायसवाल गल्ला व्यवसायी है। बताया कि 21 फरवरी को एक डीसीएम में 270 बोरी धान लाद कर चालक सुभाष यादव महुआ कोठी बाजार से कानपुर के लिए चला। डीसीएम ट्रक खराब होने पर दूसरे डीसीएम ट्रक में धान लोड किया गया। लेकिन डीसीएम ट्रक चालक सुभाष यादव , प्रमोद कुमार दुबे और ट्रांसपोर्टर पप्पू यादव की मिली भगत से लूट का नाटक रच कर धान को बेच डाला गया। मामले की कौशांबी जनपद के कोखराज थाने में तीनों के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज कराया गया है। लेकिन लगभग एक माह बीतने को है अभी तक मामले का पर्दाफाश कोखराज पुलिस नहीं कर सकी है। जिससे पीड़ित व्यापारी न्याय के लिए दरबदर भटक रहा है। पीड़ित व्यापारी ने बताया कि आरोपित तीनों को पुलिस पकड़ कर कड़ाई से पूछताछ करती तो अब तक घटना का खुलासा हो गया होता। धान की कीमत सवा तीन लाख बताई जा रही है।

धार्मिक क्षेत्र में हरे भरे बृक्षो के अंधा धुंध कटान से क्षेत्र का बिगड़ रहा पर्यावरण संतुलन

वन विभाग की सह पर लकड़ी माफिया हरे भरे आम और नीम सहित प्रतिबंधित प्रजाति के बृक्षों को खुले आम काट कर बना रहे रेगिस्तान

लोकमित्र ब्यूरो

सीतापुर । वन विभाग सहित जिले के आला अधिकारी भले ही वृक्षारोपण के लिए लोगों को प्रेरित कर रहे हों । लेकिन वन रेंज मिश्रित में तैनात अधिकारी व कर्मचारी इस धार्मिक क्षेत्र में फलदायी व अन्य प्रतिबंधित प्रजाति के हरे भरे वृक्षो खुले आम को कटाकर प्रदेश शासन को मुंह चिढ़ा रहे है । आप को बता दें कि मिश्रित वन रेंज क्षेत्र के ग्राम आंट और मीरापुर गांव के बीच में स्थित भगवान तुरन्तनाथ महादेव प्रचीन मंदिर के पास राधाकृष्ण पुत्र श्यामलाल आदि सभी भाइयों की बाग गाटा संख्या 953 0.567 हेक्टेयर स्थित थी ।

जिसमें भारी भरकम आम के बृक्ष व नीम , शीशम , जामुन के बृक्ष खड़े थे । बीते दिवस लकड़ी माफिया नजर नामक ठेकेदार ने कलमी बृक्षों के नाम पर प्रभागीय वन निदेशक को फर्जी प्रार्थना पत्र देकर बिना परमिट निर्गत कराए ही दो दिन में खुले आम कटाकर साफ करा दिया । जब कि इस बाग में नीम और शीशम के वृक्ष खड़े थे । लकड़ी माफिया ठेकेदार नजर ने दो नीम व तीन शीशम के बृक्ष बिना परमिट के कटाकर साफ कर दिया । ठेकेदार नजर व्दारा मिश्रित नैमिषारण्य क्षेत्र में हरे भरे फलदार व प्रतिबंधित प्रजाति के बृक्षों को खुले आम कटाकर इस धार्मिक क्षेत्र को रेगिस्तान बनाने पर तुले हुए है । वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी सब कुछ जान कर भी अंजान बने हुए है । इस सम्बंध में रेंजर दिनेश गुप्ता से बात की गई तो उन्होने बताया है । कि कलमी आम के 50 बृक्षों का परमीशन दिया गया है । अन्य नीम व शीशम और जामुन आदि के बृक्षों का परमीशन नही दिया गया है । अगर मौके पर कलमी की जगह तुकमी आम के बृक्ष है । और शीशम नीम के बृक्षों को काटा गया है । तो मौके की जांच कराकर ठेकेदार नजर के विरुध्द सख्त कार्यवाही की जाएगी है ।

85 वर्ष की आयु वर्ग से ऊपर के मतदाताओं को मतदान करने के लिए पोस्टल बैलेट की सुविधा उपलब्ध

प्रयागराज। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी नवनीत सिंह चहल ने बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग के नवीनतम् दिशा-निर्देशानुसार 85 वर्ष की आयु वर्ग से ऊपर के मतदाताओं को मतदान करने के लिए पोस्टल बैलेट की सुविधा उपलब्ध करायी गयी है। 85 वर्ष की आयु वर्ग से ऊपर के मतदाताओं को सूचित किया जाता है कि वे स्वेच्छा से पोस्टल बैलेट के माध्यम से निवास स्थान पर मतदान करने हेतु निर्धारित फार्म-12डी में आवेदन कर अपने निवास स्थान पर मताधिकार का उपयोग कर सकते है। जिलाधिकारी ने बताया कि उपरोक्त फार्म-12डी अधिसूचना जारी होने के 5 दिवसों के अंदर सम्बन्धित विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के बी0एल0ओ0 द्वारा घर-घर जाकर 85 वर्ष की आयु वर्ग से ऊपर के मतदाताओं को उपलब्ध कराया जाएगा तथा भरा हुआ फार्म-12डी0 प्राप्त किया जाएगा।

राष्ट्रीय अविष्कार अभियान क्विज प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

महमूदाबाद,सीतापुर। ब्लाक स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन ब्लाक संशाधन केन्द्र महमूदाबाद में बीईओ सीमा चौहान की उपस्थिति में किया गया। राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत गुरुवार को क्विज प्रतियोगिता प्रभारी एआरपी की देखरेख में शिक्षा क्षेत्र महमूदाबाद के उच्च प्राथमिक एवं कम्पोजिट विद्यालयों से विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।लगभग 300 विद्यार्थियों को प्रथम चरण की परीक्षा में सम्मिलित किया गया।जिसमे 100 बच्चो का चयन हुआ। द्वितीय चरण में 100 बच्चों में से 25 बच्चो का चयन किया।और तृतीय चरण में 25 बच्चो में से पांच बच्चों को चयन किया गया।जिनका मौखिक इंटरव्यू लिया गया जिनमे से 5 बच्चों का चयन जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता के लिए किया गया। इन पाँच बच्चों में से प्रत्येक को 2100 रुपये और और सभी 300 विद्यार्थियों को कापी, पेन, ज्यामेट्री बाक्स,लांच पैकेट एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गये। सम्मानित होने के बाद बच्चों सहित अभिभावक एवं शिक्षक शिक्षिकाओं के चेहरों पर खुशी की लहर देखी गया।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महमूदाबाद उपजिलाधिकारी शिखा शुक्ला और विशिष्ट अतिथि सीता ग्रुप आफ एजुकेशन के चेयरमैन आर0 के 0वाजपेयी के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर मां सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण कर शुभारम्भ किया,वही राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की तरफ से मुख्य अतिथि को बैच एवं मेमोन्टो देकर सम्मानित किया, इस कार्यक्रम में नवागत बीईओ सीमा चौहान का काफी सहयोग रहा,इस कार्यक्रम में संदीप वर्मा राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ अध्यक्ष, शकील अहमद वरिष्ठ उपाध्यक्ष राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ,पुनीत वर्मा महामंत्री राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, प्रंजना मिश्रा, राहुल सिंह, सिराज अहमद, एआरपी दिनेश वर्मा, अवन्तिका गुप्ता, सपना शर्मा, आशीष वर्मा, मनोज यादव, सबनम वर्मा, ममता वर्मा, वंदना गुप्ता, सना रिज़वी, अर्चना वर्मा, विजय वर्मा, नवीन दुवे बीआरसी लेखाधिकारी, धीरेन्द्र, विमल वर्मा, अनुज वर्मा, मो0 अहमद, शोभित रस्तोगी, उमेश वर्मा, हंसराज वर्मा, नाहिद जहीर सिद्दीकी, जावेद, एवं छात्र छात्राओं अभिभावकों सहित शिक्षक शिक्षिकायें मौजूद रहीं।

बिजली के तार से छप्पर में लगी आग हजारों की संपत्ति हुई जलकर हुई राख

महमूदाबाद, सीतापुर। तहसील महमूदाबाद के ब्लाक पहला के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत न्यामतपुर लबरहा के गांव बारातीपुर में सुबह करीब 4ः00 बजे के बिजली के तार से छापर में अचानक तार से तार टच हुआ जिससे आग लग गई।वीरेंद्र कुमार गौतम पुत्र हरिनाम लखनऊ मजदूरी करने गए थे केवल रात में उनकी बीबी व छोटे छोटे बच्चे को लेकर रात में सो रही थी किसी तरह अपनी व अपने बच्चो को बाहर निकाला एक छोटी बच्ची अंदर ही रह गई थी तेज आवाज देने पर पड़ोसी व गांव वालो ने बच्ची को घर से निकाला आग तेज होने पर गैस सिलेंडर फट

गया वीरेंद्र के घर में एक दिन का खाने का निवाला तक नही बचा है 30 रुपये नगदी सहित घर की खाद्य सामग्री व कपड़े जलकर राख हो गयी।

सीट नहीं तो जीत नहीं -सुधीर कश्यप

सीतापुर । पिसावां क्षेत्र के महम्मदापुर में निषाद पार्टी कार्यकर्ता बैठक सम्पन्न हुई ।मुख्य अतिथि प्रदेश सचिव श्री राजेश कश्यप ने कहा मछुआ समुदाय की आबादी 18./. है 2019 से लगातार भारतीय जनता पार्टी के साथ गठबंधन है निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री संजय निषाद के साथ पूरे प्रदेश में मछुआ समुदाय एक तरफ से लामबंद है इसलिए 2019 लोकसभा और 2022विधानसभा का चुनाव एनडीए गठबंधन प्रचण्ड बहुमत के साथ जीत कर प्रदेश और देश में सरकार बनाने काम किया।

जिला अध्यक्ष सुधीर कश्यप ने कहा कि अब समय बदल गया पिछली सरकारे बिना हिस्सा दिये वोट लेकर हमारे समाज की नोट नौकरी अधिकार

पर कब्जा कर लिया अक्रामक रवैया अख्तियार करते हुए कहा कि अगर भाजपा निषाद पार्टी को सीट नहीं तो जीत नहीं मूल मंत्र पर काम करेंगे। इस मौके पर धर्मेन्द्र कश्यप जिला अध्यक्ष ऋहश्वक्क अतुल कश्यप ब्लाक अध्यक्ष महोली, अतुल सिंह कश्यप ब्लाक अध्यक्ष पिसावा बृजेन्द्र कश्यप जिला पंचायत सदस्य बब्ली कश्यप,गुड्डी कश्यप कार्य क्रम आयोजक अरविंद कश्यप तथा तमाम कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित रहे।

किसान नेता व पूर्व ब्लॉक प्रमुख का आकस्मिक निधन

लहरपुर, सीतापुर। किसान नेता पूर्व ब्लाक प्रमुख, प्रमुख समाजसेवी प्रेमनाथ वर्मा 83 वर्ष निवासी ग्राम ढखेरा के आकस्मिक निधन पर क्षेत्र में शोक की लहर। शोक व्यक्त करने वालों का लगा तांता। ज्ञातव्य है कि स्वर्गीय प्रेम नाथ वर्मा क्षेत्र के एक प्रमुख समाजसेवी ,अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा के संरक्षक, राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के संरक्षक,किसान नेता के साथ-साथ विभिन्न राजनीतिक दलों से भी जुड़े रहे। प्रेमनाथ वर्मा के निधन का समाचार मिलते ही सांसद राजेश वर्मा, पूर्व मंत्री नरेंद्र सिंह वर्मा, पूर्व मंत्री रामहेत भारती, मास्टर प्रमोद वर्मा, ब्लाक प्रमुख उमाशंकर वर्मा एडवोकेट, पूर्व प्रमुख आनंद वर्मा, पूर्व ब्लाक प्रमुख परमेश्वर भार्गव, सपा विधायक प्रतिनिधि अतुल वर्मा, डॉ सुल्तान अली खान, कन्हैया मेहरोत्रा, बृजेंद्र शुक्ला, शीलू शुक्ला, पूर्व प्रधान संघ अध्यक्ष सुधाकर मिश्रा, सपा नेता डॉक्टर सद्दन खान, दिनेश पटेल विधानसभा अध्यक्ष अपना दल यस सहित भारी संख्या में लोगों ने शोक संतृप्त परिवार को सांत्वना देकर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। तथा मुखाग्नि उनके सबसे छोटे पुत्र अजय अमित नाथ नीपू भैया ने दी।

रामकृष्ण मिशन ने पूर्व माध्यमिक विद्यालय में अध्यनरत छात्र-छात्राओं को ड्रेस वितरित किया

लोकमित्र ब्यूरो

थरवई ,प्रयागराज। विकास खंड सोरांव के पूर्व माध्यमिक विद्यालय मटियारा में 225 अध्यनरत छात्र-छात्राओं को निशुल्क वस्त्र वितरण किया गया।

छात्रों को शर्ट छात्राओं को सलवार कुर्ता का वितरण रामकृष्ण मिशन के स्वामी अक्षयानंद द्वारा किया गया। वस्त्र पाकर छात्र-छात्राओं के चेहरे खिल गए । इस मौके पर विद्यालय की प्रधानाचार्य नफीस फातिमा आशा पटेल सीमा देवी वासुदेव यादव रामचंद्र यादव भोला यादव लक्ष्मीकांत प्रजापति आदि लोग मौजूद रहे।

कलश यात्रा के साथ सिराथू में शुरू हुई श्रीमद् भागवत कथा

लोकमित्र ब्यूरो

सिराथू, कौशाम्बी। सिराथू कस्बे के एक गेस्ट हाउस में गुरुवार को भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ किया गया।

कलश यात्रा गेस्ट हाउस से शुरू हुई और धाता रोड से होते ब्लॉक रोड से होते हुए वापस गेस्ट हाउस में पहुंचकर संपन्न हुई। यात्रा में बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालु पीत वस्त्र पहन कर व सिर पर कलश धारण कर शामिल हुई। इससे पूर्व कथा स्थल पर हवन पूजन किया गया। कथा का शुभारंभ करते हुए कथावाचक अनुराग शरण महाराज ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा, ऐसी कथा है,

जो जीवन के उद्देश्य एवं दिशा को दर्शाती है। इसलिए जहां भी भागवत कथा होती है, इसे सुनने मात्र से वहां का संपूर्ण क्षेत्र दुष्ट प्रवृत्तियों से खत्म होकर सकारात्मक उर्जा से सशक्त हो

जाता है। उन्होंने कहा कि कथा की सार्थकता तभी सिद्ध होती है, जब इसे हम अपने जीवन और व्यवहार में धारण करें। श्रीमद्भागवत कथा के श्रावण से जन्म जन्मांतर के विकार नष्ट होकर प्राणी मात्र का लौकिक व आध्यात्मिक विकास होता है। इस अवसर पर मुख्य यजमान हरिमोहन वर्मा , उर्मिला वर्मा , डा राहुल केसरवानी , बबलू श्रीवास्तव , अशोक केसरवानी , रमेश केसरवानी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे

गांव में बन रही पानी की टंकी में लगाई जा रही खराब सामग्री

महमूदाबाद सीतापुर। जनपद सीतापुर की तहसील महमूदाबाद के विकासखंड रामपुर मथुरा क्षेत्र की ग्राम पंचायत सिरकुंडा में प्राथमिक विद्यालय के सामने पूर्व की तरफ बन रही पानी की टंकी जल जीवन मिशन के तहत बनाई जा रही है ढ्ढ जिसमे मानक विहीन कार्य किया जा रहा है ग्रामीणों का आरोप है कि जब इसका विरोध करते है तो मुंशी सुनील कहते है की पीला ईट लगा रहे हैं और लगाएंगे जो करना है करो किसी से डरते नही है ठेकेदार मुंशी मानक विहीन कार्य करवा रहें हैं सामग्री भी सही नही लग रही है अभी भी मौके पर दो चट्टे पीला ईट लगे है ठेकेदार और जेई की मिली भगत से निर्माण कार्य मानक विहीन हो रहा है ढ्ढ कमीशन के चक्कर में सरकार की योजनाओं पर लगा रहे पलीता जेई और ठेकेदार दोनों मिलकर भ्रष्टाचार कर रहे हैं ऐसा ग्रामीणों का कहना है ग्रामीणों ने बताया की जो पीला ईट लगा है इसको हटाया जाए

और यह जो चट्टे लगे है ईट के उनको यहां से वापस किया जाए और ऐसे लोगो पे कार्यवाही होना चाहिए वही सरकार हर घर जल पहुंचाने का कार्य रही है कार्य कर रहे ग्रामीणों ने बताया की बाढ़ की वजह से यहां पानी भर जाता है जिससे पानी की टंकी मजबूत नही रहेगी जल्द ही सरकार का पैसा पानी में बह जाएगा लेवर मिस्त्री ने बताया की हमसे जो कहा जाता है वही करते है मुंशी सुनील ने कहा की यही पीला ईट लगाओ। हमको तो मजदूरी मिलती है कोई तिवारी है ठेकेदार नाम नही पता है मुंशी सुनील देखभाल करते हैं अब देखना यह है इन भ्रष्ट ठेकेदारों और जेई पर क्या कार्यवाही होगी ? या कुछ ऐसे ही चंद अफसर सरकार को घुमाते रहेंगे । जहां एक तरफ भ्रष्टाचार करने वाले पर अधिकारियों ने लगाम लग रही है वहीं दूसरी तरफ कुछ चांद अफसर और ठेकेदार सरकार को चूना लगा रहे हैं ।

उप जिलाधिकारियों, तहसीलदारों, नायब तहसीलदारों एवं खण्ड विकास अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को निष्पक्ष एवं सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए उदयन सभागार में समस्त उप जिलाधिकारियों, तहसीलदारों, नायब तहसीलदारों एवं खण्ड विकास अधिकारियों को सामान्य प्रशिक्षण दिया गया। ट्रेनर राकेश कुमार सिंह, अशोक कुमार सिंह एवं विकास पाण्डेय द्वारा अधिकारियों को सामान्य प्रशिक्षण के अन्तर्गत पीठासीन अधिकारी के कार्य एवं दायित्व, मतदान अधिकारी प्रथम, द्वितीय, तृतीय के कार्य एवं दायित्व, चेक लिस्ट से मिलान करके सामाग्री प्राप्त करने,वास्तविक मतदान तिथि के एक दिन पूर्व की जाने वाली कार्यवाही, मॉक पोल, विशेष परिस्थितियॉ आने पर की जाने वाली कार्यवाही आदि की जानकारी दी गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी राजेश कुमार राय, मुख्य विकास अधिकारी प्रभारी अधिकारी कार्मिक डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी, अपर जिलाधिकारी प्रबुद्ध सिंह एवं अरूण कुमार गोंड उपस्थित रहें।

भाई संग भैंस चराने गए बालक की गंगा नदी में डूबने से हुई मौत

सैनी, कौशाम्बी । कोखराज थाना क्षेत्र के हिसामपुर परसखी गांव का ज्ञानचंद पटेल मजदूरी कर परिवार का पालन पोषण करता है। गुरुवार की दोपहर करीब 12 बजे उसका बेटा सचिन 10 साल और गोलू 6 साल भैंस लेकर गंगा की कछार मजरा सुखऊ का पूरा की तरफ चराने ले गए। भैंस चराते चराते बड़ा भाई गांव के किनारे से बह रहे गंगा के बीच धारा से आगे निकल गया। छोटा भाई वही पर खड़ा रह गया। काफी देर बाद जब बड़ा भाई भैंस लेकर वापस आया तो छोटे को वहां पर न देखकर घबरा

गया। सचिन ने घर आकर स्वजनों को जानकारी दी। जिसके बाद स्वजन ग्रामिणो के साथ मौके पर पहुंचकर नदी में खोजबीन करने लगे। इस बीच पिता की सूचना पर शहजादपुर चौकी पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। गांव के गोताखोर ननकू, दिनेश कुमार, अंकित कुमार सरोज, कारण सिंह, शुभम पटेल ने घंटो खोजबीन के बाद जाल के माध्यम से बच्चे का शव बाहर निकाला। शव को देख स्वजनों में रोना पिटना मच गया। इनके अलावा ज्ञानचंद्र के दो और बच्चे हिमांशु 12 साल और नैना सात साल हैं।

सामुदायिक शौचालय से चोरी का आरोप

सुवंसा (प्रतापगढ़)। फ़तनपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत रामापुर गोसेपुर निवासिनी निर्मला सरोज शौचालय के एक केयर टेकर के पद पर कार्यरत है आरोप है कि गांव के ही रहने वाले एक व्यक्ति ने सामुदायिक शौचालय से वायरिंग से छेड़छाड़ की तथा उसमें रखे बाल्टी झाड़ू आदि सामान उठाकर लेकर चले गए। आरोप है कि गालियां देता एवं अभद्रता भी करता है पीड़िता ने इस संबंध में फ़तनपुर थाने में तहरीर देकर वैधानिक कार्रवाई की मांग की है पुलिस मामले की पड़ताल कर रही हैं।

एंटीरोमियो टीम ने महिलाओं व छात्राओं को किया जागरूक

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। पुलिस अधीक्षक व अपर पुलिस अधीक्षक तथा क्षेत्राधिकारी सिराथू व थाना प्रभारी के कुशल नेतृत्व में एंटीरोमियो टीम उ0नि0 योगेश कुमार यादव व म0का0 रंजिता व म0का0 सुष्मिता द्वारा एंटीरोमियो चेकिंग की गई तथा शक्ति दीदी ,मिशन शक्ति के तहत देवीगंज में भ्रमणशील रहकर संदिग्ध व्यक्तियों को चेक किया गया ब नाम पता मो व न व नोट कर हिदायत देकर छोड़ा गया, महिलाओ और बालिकाओ को साइबर अपराध व महिला सशक्तिकरण के लिए शासन द्वारा चलाए गए सभी हेल्पलाइन नंबर को विस्तृत तरीके से समझा कर जागरूक किया गया तथा मिशन शक्ति, नारी शक्ति, नारी सम्मान, नारी सुरक्षा, नारी स्वावलंबन, अभियान के तहत हेल्पलाइन नंबर 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1076 माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वीमन पावर हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन 1930,साइबर अपराध हेल्पलाइन,

181 महिला हेल्पलाइन, और महिला हेल्पडेस्क,एंटीरोमियो टीम के कार्य तथा थाना के सीयूजी नंबर के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया।

पुलिस अधीक्षक व अपर पुलिस अधीक्षक तथा क्षेत्राधिकारी व थाना प्रभारी के कुशल नेतृत्व में एंटीरोमियो टीम म0आ0 पूनम रावत द्वारा एंटीरोमियो चेकिंग की गई तथा शक्ति दीदी, मिशन शक्ति के तहत मंझनपुर चौराहा में भ्रमणशील रहकर संदिग्ध व्यक्तियों को चेक किया गया। नाम पता मो0न0 नोट कर हिदायत देकर छोड़ा गया, महिलाओ और बालिकाओ को साइबर अपराध व महिला सशक्तिकरण के लिए शासन द्वारा चलाए गए सभी हेल्पलाइन नंबर को विस्तृत तरीके से समझा कर जागरूक किया गया तथा मिशन शक्ति, नारी शक्ति, नारी सम्मान, नारी सुरक्षा, नारी स्वावलंबन, अभियान के तहत हेल्पलाइन नंबर 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1076 माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वीमन पावर हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन 1930,साइबर अपराध हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन और महिला हेल्पडेस्क,एंटीरोमियो टीम के कार्य तथा थाना के सीयूजी नंबर के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया।पुलिस अधीक्षक व अपर पुलिस अधीक्षक तथा क्षेत्राधिकारी मंझनपुर के कुशल निर्देशन मे प्रभारी निरीक्षक महिला थाना मय हमराह एंटीरोमियो टीम द्वारा एंटीरोमियो चेकिंग की गई तथा शक्ति दीदी, मिशन शक्ति के तहत स्कूल के समय भ्रमणशील रहकर महिलाओ और बालिकाओ को साइबर अपराध व महिला सशक्तिकरण के लिए शासन द्वारा चलाए गए सभी हेल्पलाइन नंबर को विस्तृत तरीके से समझा कर तथा मतदान के प्रति जागरूक किया गया और मिशन शक्ति, नारी शक्ति, नारी सम्मान, नारी सुरक्षा,

नारी स्वावलंबन, अभियान के तहत हेल्पलाइन नंबर 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1076 माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वीमन पावर हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन 1930,साइबर अपराध हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन और महिला हेल्पडेस्क,एंटीरोमियो टीम के कार्य तथा थाना के सीयूजी नंबर के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया।

पुलिस अधीक्षक व अपर पुलिस अधीक्षक तथा क्षेत्राधिकारी व थाना प्रभारी के कुशल नेतृत्व में एंटीरोमियो टीम म वआ व गीतांजलि व म0आ0 पूनम द्वारा एंटीरोमियो चेकिंग की गई तथा शक्ति दीदी, मिशन शक्ति के तहत मूरतगंज चौराहा में भ्रमणशील रहकर संदिग्ध व्यक्तियों को चेक किया गया। नाम पता मो0न0 नोट कर हिदायत देकर छोड़ा गया। महिलाओ और बालिकाओं को साइबर अपराध व महिला सशक्तिकरण के लिए शासन द्वारा चलाए गए सभी हेल्पलाइन नंबर को विस्तृत तरीके से समझा कर जागरूक किया गया तथा मिशन शक्ति, नारी शक्ति, नारी सम्मान, नारी सुरक्षा, नारी स्वावलंबन, अभियान के तहत हेल्पलाइन नंबर 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1076 माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वीमन पावर हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन 1930,साइबर अपराध हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन और महिला हेल्पडेस्क,एंटीरोमियो टीम के कार्य तथा थाना के सीयूजी नंबर के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया।